www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, रविवार, 30 मार्च 2025 ■ वर्ष – 66 ■ अंक –341 ■ पृष्ठ –12 ■ मूल्य – 4.00 रु.

प्रेस पंजीयन– 6072/59 डाक पंजीयन–सीजी/रायपुर संभाग/19/2021–23





# श्री नरेंद्र मोदी जी

## माननीय प्रधानमंत्री के करकमलों से

## ₹ 33,700 करोड़+

की जन कल्याणकारी परियोजनाओं का

## लोकार्पण, शिलान्यास एवं कार्य प्रारंभ

छत्तीसगढ़ के विकास और समृद्धि की दिशा में बढ़ते कदम

दिनांक 30 मार्च 2025

कार्यक्रम स्थल मोहभट्ठा ग्राउंड, बिल्हा, बिलासपुर समय दोपहर 12:30 बजे

### लोकार्पण ₹2,830 करोड़

- रेलवे की 3 परियोजनाएँ ₹1,188 करोड़
- अभनपुर-मंदिर हसौद खंड में MEMU ट्रेन का शुभारंभ (वीडियो लिंक के माध्यम से)
- छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क का 100% विद्युतीकरण
- सड़क अवसंरचना की 2 परियोजनाएँ ₹954 करोड़
- ऊर्जा क्षेत्र की 3 परियोजनाएँ ₹568 करोड़
- विद्या समीक्षा केंद्र, छत्तीसगढ़ का शुभारंभ ₹5 करोड़
- छत्तीसगढ़ में 130 पीएम श्री स्कूलों का शुभारंभ ₹114 करोड़

### गृह प्रवेश

- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 3,00,000 लाभार्थियों का गृह प्रवेश

### शिलान्यास ₹15,117 करोड़

- रेलवे की 7 परियोजनाएँ ₹1,507 करोड़
- सड़क अवसंरचना की 1 परियोजना ₹322 करोड़
- ऊर्जा क्षेत्र की 1 परियोजना ₹9,791 करोड़
- तेल एवं गैस अवसंरचना की 2 परियोजनाएँ ₹3,497 करोड़

### कार्य प्रारंभ ₹15,800 करोड़

- छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन (2x660 मेगावाट) SCTPP, कोरबा ₹15,800 करोड़




CMYK


मा. विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री
(छत्तीसगढ शासन)
भारत के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रधानमंत्री
माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी
का छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर पधारने पर
वंदन.....वंदन.....
हार्दिक अभिनंदन
अरूण साव
उप मुख्यामंत्री
लोक निर्माण, पीएचई, विधि एवं नगरीय प्रशासन विभाग
(छत्तीसगढ शासन)
विनित : लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छत्तीसगढ शासन - (SHRI-KATLAM)



सत्यमेव जयते
भारत सरकार



# छत्तीसगढ़
## निवासियों की प्रगति एवं सशक्तिकरण हेतु
## ₹ 33,700 करोड़ से अधिक की
## विद्युत, तेल, गैस, रेलवे, सड़क, शिक्षा और आवास से जुड़ी विकास परियोजनाओं का उपहार

# श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
के कर कमलों द्वारा

रविवार, 30 मार्च, 2025 | 12:30 बजे | मोहभट्ठा, बिलासपुर छत्तीसगढ़

### शिलान्यास

**एनटीपीसी सीपत सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, स्टेज-III (1X800 मेगावाट)**
समुदायों के सशक्त भविष्य के लिए विश्वसनीय और सस्ती विद्युत आपूर्ति

**विशाख रायपुर पाइपलाइन परियोजना – एचपीसीएल**
**कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर और सरगुजा जिलों में शहरी गैस वितरण परियोजना – बीपीसीएल**
स्वच्छ ऊर्जा की उपलब्धता बढ़ाने हेतु गैस व पेट्रोलियम उत्पाद वितरण का विस्तार

**7 रेलवे परियोजनाओं में अतिरिक्त ट्रैक (कुल 108 किमी)**
**एनएच-130डी के कोंडागांव-नारायणपुर खंड का 2 लेन के साथ पेव्ड शोल्डर उन्नयन (48 किमी)**
निवासी और व्यापार के लिए सुविधाजनक, आरामदायक और तेज कनेक्टिविटी

### कार्य प्रारंभ

**छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (2X660 मेगावाट) एससीटीपीपी स्टेज-IV कोरबा पश्चिम**
औद्योगिक विकास और लोगों की प्रगति के लिए राज्य की विद्युत आपूर्ति को मजबूती

### राष्ट्र को समर्पण

**पश्चिमी क्षेत्र विस्तार योजना के तहत 3 पावर ट्रांसमिशन परियोजनाएँ – पीजीसीआईएल**
जीवन को बेहतर बनाने और व्यवसाय विकास को गति देने के लिए निरंतर ऊर्जा प्रदान करना

**3 रेलवे परियोजनाएँ – कुल 111 किमी | छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण**
**एनएच 43 और एनएच 930 पर 2 सड़क परियोजनाएं – कुल 112 किलोमीटर, 2 लेन के साथ पेव्ड शोल्डर**
सुगम यात्रा और आर्थिक विकास के लिए स्थानीय परिवहन को समृद्ध बनाना

**विद्या समीक्षा केंद्र – रायपुर**
**29 जिलों में 130 पीएम श्री स्कूल**
छात्रों के लिए उच्च-गुणवत्ता, समग्र और समावेशी शिक्षण वातावरण को बढ़ावा

### गृहप्रवेश

प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण

**प्रधानमंत्री आवास योजना – ग्रामीण (PMAY-G) के तहत 3 लाख लाभार्थी**
ग्रामीण परिवारों के लिए उचित आवास तथा स्वास्थ्य, सुरक्षा और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार

### हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ (वीडियो लिंक के माध्यम से)

**अभनपुर – रायपुर खंड के बीच मेमू ट्रेन सेवा (वाया मंदिर हसौद)**
क्षेत्र में आवागमन की सुविधा को बढ़ावा

### गरिमामयी उपस्थिति

**श्री रमेन डेका**
राज्यपाल, छत्तीसगढ़

**श्री विष्णु देव साय**
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**श्री नितिन जयराम गडकरी**
केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

**श्री शिवराज सिंह चौहान**
केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री

**श्री मनोहर लाल**
केन्द्रीय विद्युत तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री

**श्री धर्मेंद्र प्रधान**
केन्द्रीय शिक्षा मंत्री

**श्री अश्विनी वैष्णव**
केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**श्री हरदीप सिंह पुरी**
केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री

**श्री तोखन साहू**
केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री

**श्री अरूण साव**
उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**श्री विजय शर्मा**
उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

DD NEWS पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें

# देश

**उवाच**



अगले छह महीने तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह को सिर्फ बिहार दिखेगा। केंद्र की हर योजना की घोषणा बिहार से होगी। बिहार में बेरोजगारी की बात होगी लेकिन बिहार के प्रति उनका प्यार सिर्फ चुनाव तक ही दिखेगा।

–प्रशांत किशोर,जन सुराज के सूत्रधार

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| दिल्ली | 28.0 | 16.0 |
| मुंबई | 32.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 35.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 36.0 | 26.0 |

# आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत सौंपना नैतिक जिम्मेदारी : मुर्मु

## राष्ट्रपति मुर्मु ने पर्यावरण-2025 पर राष्ट्रीय सम्मेलन को किया संबोधित

**नई दिल्ली,** 29 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत सौंपना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को यहां 'पर्यावरण-2025' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि पर्यावरण से जुड़े सभी दिवस यह संदेश देते हैं कि हमें उनके उद्देश्यों और कार्यक्रमों को ध्यान में रखकर यथासंभव अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सभी की भागीदारी पर आधारित सतत सक्रियता से ही पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन संभव होगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि बच्चों और युवा पीढ़ी को व्यापक स्तर पर पर्यावरण परिवर्तन का सामना करना होगा और उसमें योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों के स्कूल, कॉलेज और करियर की चिंता के साथ-साथ यह यह भी सोचना होगा कि बच्चे कैसी हवा में सांस लेंगे, उन्हें कैसा पानी पीने को मिलेगा, वे पक्षियों की मधुर आवाज सुन पाएंगे या नहीं, वे हरे-भरे जंगलों की खूबसूरती का अनुभव कर पाएंगे या



**जागरूकता और सभी की भागीदारी पर आधारित सतत सक्रियता से ही पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन संभव होगा : द्रौपदी मुर्मु**

नहीं। उन्होंने कहा कि इन विषयों के आर्थिक, सामाजिक और वैज्ञानिक पहलू हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सभी विषयों से जुड़ी चुनौतियों का एक नैतिक पहलू भी है। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें पर्यावरण के प्रति जागरूक और संवेदनशील जीवनशैली अपनानी होगी ताकि पर्यावरण न केवल संरक्षित हो बल्कि संवर्धित भी हो और पर्यावरण अधिक जीवंत बन सके। स्वच्छ पर्यावरण और आधुनिक विकास के बीच संतुलन बनाना एक अवसर और चुनौती दोनों है। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने देश के पर्यावरण शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने पर्यावरण न्याय या जलवायु न्याय के क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभाई है।

एनजीटी द्वारा दिए गए ऐतिहासिक निर्णयों का जीवन, स्वास्थ्य और पृथ्वी के भविष्य पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने पर्यावरण प्रबंधन पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़ी संस्थाओं और नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि देश और पूरे विश्व समुदाय को पर्यावरण के अनुकूल मार्ग पर चलना होगा। तभी मानवता वास्तविक प्रगति करेगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत ने अपनी हरित पहलों के माध्यम से विश्व समुदाय के सामने कई अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए हैं।

### भारतीय विरासत का आधार पोषण : राष्ट्रपति

पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि प्रकृति एक मां की तरह हमारा पोषण करती है और हमें प्रकृति का सम्मान और संरक्षण करना चाहिए। विकास की भारतीय विरासत का आधार पोषण है, शोषण नहीं; संरक्षण है, उन्मूलन नहीं। इसी परंपरा का पालन करते हुए हम विकसित भारत की ओर आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि पिछले एक दशक में भारत ने अंतरराष्ट्रीय समझौतों के अनुसार अपने निर्धारित योगदान को समय से पहले पूरा किया है। उन्होंने कहा कि हम सभी को वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, जहां हवा, पानी, हरियाली और समृद्धि पूरे विश्व समुदाय को आकर्षित करती है। एनजीटी द्वारा आयोजित 'पर्यावरण-2025' पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाकर पर्यावरणीय चुनौतियों पर चर्चा करना, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना और सतत पर्यावरण प्रबंधन के लिए भविष्य की कार्य योजनाओं पर सहयोग करना है।

# नक्सलवाद को हम 31 मार्च 2026 से पहले खत्म करने को संकल्पित : शाह



**नई दिल्ली,** 29 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को छत्तीसगढ़ में 16 नक्सलियों को ढेर किए जाने पर सुरक्षा बलों को बधाई देते हुए शनिवार को संकल्प व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म कर दिया जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा कि हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान में 16 नक्सलियों को ढेर कर दिया है और स्वचालित हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हथियार रखने वालों से अपील की है कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता। केवल शांति और विकास ही बदलाव ला सकता है।

# राजस्थान के नव निर्माण की दिशा में लें संकल्प : ओम बिरला




- मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन को किया संबोधित
- शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में की प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना

**कोटा,** 29 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि राजस्थान दिवस केवल इतिहास और परंपराओं का उत्सव नहीं है बल्कि विकसित राजस्थान के संकल्प को दोहराने का अवसर है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे राजस्थान के नव निर्माण और आत्मनिर्भरता की दिशा में संकल्प लें।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला राजस्थान दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रमों की कड़ी में शनिवार को कोटा के दशहरा मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन में बोल रहे थे। शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान स्किल पॉलिसी, युवा रोजगार प्रोत्साहन योजना और युवा नीति 2025 युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कोटा में प्रस्तावित स्किल इंस्टीट्यूट आधुनिक शिक्षा और अनुसंधान का केंद्र बनेगा। एयरपोर्ट, एयरो सिटी, स्पोर्ट्स सिटी, एजुकेशन सिटी और मेडिकल टूरिज्म हब के निर्माण से यहां औद्योगिक और शैक्षिक क्रांति का नया दौर शुरू होगा। इस अवसर पर ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारतीय नववर्ष पर राजस्थान दिवस मनाए जाने की विशेष पहल की है। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में परीक्षाओं में पेपरलीक की घटनाओं से युवा ठगा सा महसूस करते थे। शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से भर्ती परीक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित करते हुए युवाओं के सपनों को साकार कर रही है।

## सार संक्षेप

### मुंबई के डीसीपी पठारे की सड़क दुर्घटना में मृत्यु

**हैदराबाद।** मुंबई पुलिस के पोर्ट जोन में पदस्थ पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सुधाकर पठारे की शनिवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। वह हैदराबाद प्रशिक्षण के लिए गए थे। सूत्रों के अनुसार पठारे शनिवार अपराह्न 12 बजे अपने एक रिश्तेदार के साथ तेलंगाना के श्रीशैलम से नगरकुरलुन जा रहे थे, तभी उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई और उनकी और उनके रिश्तेदार की मौके पर ही मौत हो गई। वह ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए जा रहे थे। घटना की जानकारी मुंबई पुलिस को भी दी गई है। पठारे 2011 बैच के आईपीएस के अधिकारी थे। पठारे की कुछ ही दिनों में पुलिस महानिदेशक (डीआईजी) के पद पर पदोन्नति होने वाली थी।

### त्रिपुरा में गर्म मौसम की पीली चेतावनी जारी

**अगरतला।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने त्रिपुरा में अगले तीन दिनों के लिए वातावरण के गर्म होने की पीली चेतावनी जारी की है, जिसमें लगातार गर्म और आर्द्र मौसम रहने का अनुमान है। आईएमडी के बयान के अनुसार, आंशिक रूप से बादल छाए रहने, तीव्र सौर विकिरण और गर्म पश्चिमी हवाओं के कारण राज्य के कुछ इलाकों में दिन का तापमान 36 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहने का अनुमान है।

### केरल के पलक्कड़ में कुबेर मंदिर को किया गया सील

**पलक्कड़।** केरल के पलक्कड़ जिले में एकमात्र कुबेर मंदिर को पलाट परिवार के सदस्यों द्वारा 10.20 करोड़ रुपए का ऋण न चुका पाने के कारण सील कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शोरनूर सहकारी बैंक के अधिकारियों ने शनिवार को जिले के चेरपुलसेरी के पास चलावारा में पलाट परिवार के सदस्यों द्वारा ब्याज सहित 10.20 करोड़ का ऋण न चुकाने पर उनकी संपत्ति कुर्क कर दिया व कुबेर मंदिर (धन के देवता) को सील कर दिया है।

### तेदेपा की लोगों के दिलों में अमिट छाप है : नायडू

**विजयवाड़ा।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को पार्टी के 43वें स्थापना दिवस पर, पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि तेदेपा ने लोगों के दिलों में एक अमिट छाप छोड़ी है। नायडू ने कहा कि हम सत्ता या पद के लिए नहीं, बल्कि तेलुगु समुदाय को सबसे आगे ले जाने के एकमात्र उद्देश्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं और जनता को पहले स्थान पर रखना है। मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया कि तेदेपा पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के कारण ही दिन-प्रतिदिन मजबूत होती गई है। पीला झंडा एक प्रेरणा है। तेलुगु समुदाय को तेदेपा के गठन से पहले और बाद में देखा जाना चाहिए।

# जामिया में शब-ए-कद्र व जुमात-उल-विदा की नमाज पर प्रतिबंध

**श्रीनगर,** 29 मार्च (एजेंसियां)। मुत्ताहिदा मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) ने शनिवार को यहां ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में शब-ए-कद्र और जुमात-उल-विदा की नमाज की अनुमति नहीं देने और कश्मीर के प्रमुख मौजवी मीरवाइज उमर फारूक को घर में नजरबंद किये जाने की कड़ी निंदा की और इसे क्षेत्र में मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों में खुला हस्तक्षेप बताया। एमएमयू जम्मू-कश्मीर में 45 धार्मिक संगठनों का प्रतिनिधि मंच है, जिसका नेतृत्व मीरवाइज उमर फारूक करते हैं। एमएमयू ने एक बयान में कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है कि जहां युद्धग्रस्त क्षेत्रों और संघर्ष क्षेत्रों सहित दुनिया के हर हिस्से में लोगों को इन पवित्र प्रार्थनाओं को शांतिपूर्वक करने के लिए इकट्ठा होने की अनुमति दी गयी थी, वहीं केवल कश्मीर में मुसलमानों की सबसे बड़ी सभा को जानबूझकर प्रशासन ने अनुमति नहीं दी और इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इससे लोगों की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है और यह जम्मू-कश्मीर के मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों में हस्तक्षेप करने और उन पर अंकुश लगाने की नीति को प्रदर्शित करता है। एमएमयू ने बयान में यह भी कहा कि ईद-उल-फितर के अवसर पर जम्मू-कश्मीर के इमाम अपने उपदेशों में सामूहिक रूप से प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ आवाज उठाएंगे, जिसे केंद्र की सरकार संसद में पेश करने वाली है। एमएमयू ने दोहराया कि यह विधेयक मुस्लिम समुदाय के हितों के खिलाफ है और उनके धार्मिक और सामुदायिक संस्थानों को कमजोर करता है। एमएमयू ने कहा कि हम एक स्वर में सरकार और देश की संसद से इस विधेयक को पारित न करने तथा जम्मू कश्मीर और देश के मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों एवं हितों का सम्मान करने की अपील करेंगे।

**एमएमयू ने की निंदा**

# सहायक उर्दू अनुवादकों की संख्या होगी दोगुनी : नीतीश

## मुख्यमंत्री ने 715 सहायक उर्दू अनुवादकों को किए नियुक्ति पत्र प्रदान

**पटना,** 29 मार्च (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि राज्य में सहायक उर्दू अनुवादकों के पद को दोगुना बढ़ाकर 3306 कर दिया गया है और रिक्त पड़े पदों पर शीघ्र बहाली की जाएगी। नीतीश कुमार ने शनिवार को यहां मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में आयोजित कार्यक्रम में 715 सहायक उर्दू अनुवादकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2005 से पहले सहायक उर्दू अनुवादकों के मात्र 449 पद थे, जो जरूरत के हिसाब से काफी कम थे।

वर्ष 2018 में 1204 नए पद स्वीकृत किए गए और सहायक उर्दू अनुवादकों की संख्या को बढ़ाकर 1,653 कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इसी के तहत शनिवार को 715 सहायक उर्दू अनुवादकों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है तथा शेष पदों पर बहाली की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब



हमने तय कर दिया कि सहायक उर्दू अनुवादकों के पदों को बढ़ाकर दो गुना कर दिया जाए। इससे सहायक उर्दू अनुवादकों की संख्या बढ़कर 3306 हो जाएगी। जो सहायक उर्दू अनुवादकों की वर्ष 2005 से पहले की संख्या के सात गुना से भी अधिक हो जाएगी। हमने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि खाली पदों एवं नए पदों पर तेजी से बहाली की जाए। कुमार ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि 715 सहायक उर्दू अनुवादकों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। इनमें से 50 सहायक उर्दू अनुवादकों को यहां से नियुक्ति-पत्र दिया जा रहा है, शेष युवाओं को सभी जिलों में नियुक्ति-पत्र वितरित किया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मोहतरमा शना, मोहम्मद फिरोज आलम, मोहतरमा फातमा नूरी, अनु कुमारी, मोहम्मद मासूम आलम, मोहतरमा गुलशन फिरदौस, मोहम्मद शाहिद रसी, राजकुमार आजाद को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो. जमा खान आदि मोजूद रहे।

**सहायक उर्दू अनुवादकों की संख्या बढ़कर 3306 हो जाएगी : नीतीश**

### नवनियुक्त सहायक उर्दू अनुवादकों को दी बधाई

नीतीश कुमार ने सभी नवनियुक्त सहायक उर्दू अनुवादकों को बधाई दी। उर्दू अनुवादक, उर्दू निदेशालय के अंतर्गत कार्य करते हैं, जो मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अधीन आता है। यह कर्मी जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरों के कार्यालयों में उर्दू लिखने-पढ़ने एवं उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार का कार्य करते हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को धन्यवाद दिया।

# बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर : भाकपा

## भ्रष्टाचार रोकने में बिहार सरकार को बताया विफल

**पटना,** 29 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राज्य सचिव रामनरेश पांडेय ने आरोप लगाया है कि भ्रष्टाचार रोकने में राज्य सरकार विफल साबित हुई है। पाडेय ने शनिवार को कहा कि बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। जांच एजेंसियों के द्वारा बिहार सरकार के जिस लोक सेवक के यहां छापेमारी की जाती है, उसके यहां से रिश्वत के करोड़ों करोड़ रुपये मिल रहे हैं। रुपए गिनने के लिए मशीन मंगवानी पड़ती है। दो दिन पहले भवन निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (उत्तर) तारिणी दास सहित आठ लोकसेवकों के यहां छापेमारी की गई, जिसमें 11.64



करोड़ रुपए, आपत्तिजनक दस्तावेज और संपत्ति से जुड़े हुए कागजात मिले हैं। इससे पहले आईएएस संजीव हंस सहित अन्य अधिकारियों के यहां हुई छापेमारी में करोड़ों रुपए मिले।

इससे स्पष्ट होता है कि नीचे से ऊपर तक लूट मची हुई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रतीक्षा सूची में नाम शामिल करने के लिए रिश्वत की मांग की जाती है। जो रिश्वत देते हैं उसका नाम शामिल किया जाता है और जो नहीं देते हैं उसका नाम शामिल नहीं किया जाता है।

### भ्रष्टाचारियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त

भाकपा राज्य सचिव ने आरोप लगाया कि कि भ्रष्टाचारियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। मुख्य अभियंता तारणी दास को सेवानिवृति के बाद दो वर्षों का सेवा विस्तार दिया गया। इससे प्रमाणित होता है कि भ्रष्टाचारी सत्ता के संरक्षण में लूट मचाए हुए हैं। बिहार में कोई भी कार्य बिना रिश्वत का नहीं होता है। प्रखंड सह अंचल कार्यालय और थाना भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा हुआ है। कल्याणकारी योजनाओं में लूट मची हुई है।

# संसद में चर्चा बाधित कर रही सरकार : प्रियंका

**वायनाड/केरल,** 29 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव एवं केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जांच से बचने के लिए संसद में चर्चा को जानबूझकर बाधित कर रही है। वाड्रा ने यहां दिशा बैठक में भाग लेने के बाद कलपेट्टा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी संसद में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सक्रिय रूप से बाधित कर रही है और यह हमारे (सांसदों के) लिए बहुत



दुखद है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि सत्तारूढ़ सरकारों की नीति लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करना है। आमतौर पर ऐसी धारणा है कि विपक्ष पर संसद की प्रक्रिया को बाधित करने का आरोप लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह घटना सरकार की ओर से एक नये प्रकार की है और मैंने संसद के पिछले कुछ सत्रों में ऐसा देखा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब विपक्ष सरकार के खिलाफ विरोध करने आया तो उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) राहुल गांधी का रास्ता भी विभिन्न तरीकों से बाधित किया।

# राणा सांगा पर आपत्तिजनक टिप्पणी गलत : दिग्विजय सिंह

**ग्वालियर,** 29 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने राणा सांगा पर की गई टिप्पणी का विरोध करते हुए कहा कि उन पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी गलत है, टिप्पणी करने वाले व्यक्ति पर हमला करने का किसी को अधिकार नहीं है।

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में राष्ट्रीय मजदूर इंटक के कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि राणा सांगा जैसे वीर हमारे इतिहास में कम हुए हैं, जिसके अंग-अंग पर चोट थी, सौ से ज्यादा घाव थे। उन पर अगर आपत्तिजनक टिप्पणी की जाती है, तो गलत है और अगर किसी ने टिप्पणी की है तो उसके घर पर हमला करने का किसी को अधिकार नहीं है। पिछले दिनों सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने राणा सांगा को लेकर टिप्पणी की थी, उसके बाद कुछ लोगों ने उनके आवास पर भी हमला किया था। उसी पर सिंह ने अपनी राय जाहिर की। देश और प्रदेश में मजदूरों के हितों का संरक्षण नहीं हो रहा है। गांव के मनरेगा के मजदूरों का भुगतान नहीं हो रहा है, उन्हें काम नहीं मिल रहा है, पलायन हो रहा है और कोई सुनने वाला नहीं है। मजदूरों के जो कानून थे, वह इन्होंने बदल दिए गए हैं और राष्ट्रीय मजदूर की जो नीति होनी चाहिए थी, वह जिनेवा इंटरनेशनल कन्वेंशन के अनुरूप होना चाहिए।



- टिप्पणी करने वाले व्यक्ति पर हमला करने का किसी को अधिकार नहीं

**दावा** *सुरक्षाबलों का वैष्णो देवी में नवरात्रों पर सुरक्षा प्रबंध चाक चौबंद का दावा*

# नवरात्रों पर गुफा मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने के संकेत

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 29 मार्च (देशबन्धु)। वैष्णो देवी के तीर्थस्थल के बेस कैम्प कटड़ा में भी लोगों की भीड़ यह संकेत दे रही है कि इस बार नवरात्रों में आने वालों की संख्या सारे रिकार्ड तोड़ डालेगी। लेकिन इन सबके बीच सुरक्षाबल लोगों को डराने में अपनी मुख्य भूमिका जरूर निभा रहे हैं।**

अगर सेना कहती है कि आतंकी हमलों के खतरे को देखते हुए सेना के अतिरिक्त जवानों को कटड़ा में इस स्थिति से निपटने के लिए तैनात किया गया है तो अन्य सुरक्षा बलों का दावा है घुसपैठ कर मुठभेड़ों में भाग जाने वाले आतंकियों के कारण वैष्णो देवी की गुफा पर खतरा बढ़ गया है। सुरक्षाधिकारियों के बकौल 'विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक, आतंकी वैष्णो देवी की गुफा या फिर कटड़ा में इस दौरान हमले



- गुफा के आसपास तथा कटड़ा कस्बे में सुरक्षाबलों के जवान तैनात

कर सनसनी फैलाने के इरादे रखते हैं। अतः उनके हमलों से निपटने के लिए सुरक्षाबलों के अतिरिक्त जवानों को गुफा के आसपास तथा कटड़ा कस्बे में तैनात कर गश्त तेज की गई है।' सुरक्षाधिकारी आगे कहते हैं कि उसने इन सूचनाओं को अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ भी बांटा है और उन्हें आगाह किया है कि वे आतंकियों पर नजर रखें तथा घटना को टालने के लिए एतिहात बरतें। इतना जरूर है कि उनकी इन सूचनाओं के बाद अन्य खुफिया एजेंसियां चेती हैं या नहीं लेकिन उन लोगों में दहशत अवश्य फैल गई है जो वैष्णो देवी के तीर्थस्थान पर आना चाहते हैं। असल में उनकी दहशत के पीछे का कारण यह भी है कि वे सेना की बातों पर विश्वास करते हैं। वैसे दावा यह भी है कि चैत्र नवरात्र के दौरान माता वैष्णो देवी मंदिर में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के मकसद से एआई से लैस सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन सहित भारी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। चौत्र नवरात्र 30 मार्च से शुरू हो रहा है और इस नौ-दिवसीय उत्सव के दौरान अधिकारियों को गुफा मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। कठुआ जिले में संदिग्ध पाक आतंकवादियों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ के बाद ये कदम और भी महत्वपूर्ण हो गए हैं, इस मुठभेड़ में 2 आतंकवादी ढेर हुए और चार पुलिसकर्मी शहीद हो गए।

गुफा मंदिर के आधार शिविर कटरा की सुरक्षा जांच करते हुए रियासी के कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कहते थे कि सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त कि गए हैं, हम देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले सभी श्रद्धालुओं को आश्वस्त करते हैं कि उन्हें पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना था कि हमने कटरा शहर में कई स्थानों पर सुरक्षा जांच की है और रणनीतिक स्थानों पर अतिरिक्त तैनाती की योजना बना रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और पुलिस की संयुक्त टीम के साथ-साथ त्वरित प्रतिक्रिया टीम को भी तैनात किया गया है और वे सतर्क हैं।

SUNDAY
रायपुर, रविवार, 30 मार्च 2025
वर्ष - 66 | अंक -341 | पृष्ठ - 12
मूल्य - 4.00 रु.
www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...
प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु

नवरात्रि आज से
मड़ई
चढ़व निसयनी
पृष्ठ 6

खेल
जीत के पटरी पर लौटना चाहेगी हैदराबाद
मनीषा ने पहला स्वर्ण जीता, अंतिम ने वापसी पर कांस्य पदक जीता
पृष्ठ 11

# सुकमा के उपमपल्ली मुठभेड़ में 17 नक्सली ढेर

## सभी के शव बरामद, 25 लाख का इनामी दरभा डिवीजन सचिव एसजेडसीएम कुहड़ामी जगदीश उर्फ बुधरा भी मारा गया

**सुकमा**, 29 मार्च (देशबन्धु)। शनिवार को नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में अब तक का सबसे बड़ा नक्सल एनकाउंटर हुआ जिसमें सुरक्षा जवानों ने 11 महिला समेत 17 माओवादी मारे गए हैं। मारे गए माओवादियों के कब्जे से भारी संख्या में हथियार व विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया। मारे गए माओवादियों में 7 की शिनाख्ती पुलिस ने कर ली है। अन्य माओवादियों के शिनाख्ती की कार्यवाही जारी है। मुठभेड़ में दरभा डिवीजन सचिव डीकेएसजेडसी कुहरामी जगदीश उर्फ बुधरा भी मारा गया जिसके ऊपर 25 लाख रुपये का ईनाम घोषित था। वहीं डीआरजी सुकमा के तीन व सीआरपीएफ के एक जवान समेत कुल 4 जवान घायल हो गए जिन्हें बाहर निकालने में भारतीय वायु सेना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईजी सुन्दरराज पी ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि शुक्रवार को जिला सुकमा के थाना केरलापाल क्षेत्रान्तर्गत गोगुंडा, नेन्डुम ,उपमपल्ली आसपास के क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति कीसूचना पर डीआरजी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



■ मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में एके-47, एसएलआर,इंसास राइफल, 303 राइफल, रॉकेट लांचर, बीजीएल लांचर हथियार समेत विस्फोटक मिले









**7 नक्सलियों की हुई पहचान-** पुलिस ने बताया कि प्रारम्भिक तौर पर अब तक 7 नक्सलियों की पहचान हुई है, जिनमें 25 लाख इनामी दरभा डिवीजन सचिव (स्पेशल जोनल कमेटी मेम्बर) कुहड़ामी जगदीश उर्फ़ बुधरा, एसीएम रोशन उर्फ भीमा पोडियम, केरलापाल एरिया कमेटी डीएकेएमएस अध्यक्ष (एसीएम) सलवम जोगी, डिवीजन सीएनएम अध्यक्ष (एसीएम) माड़वी देवे, सुरक्षा दलम कमांडर (एसीएम) दसरी कोवासी, पार्टी सदस्या हूँगी, प्लाटून मेडिकल टीम प्रभारी (पीएम) हिड़मे के रूप में हुआ है। मुठभेड़ में मारे गए अन्य माओवादियों के शव की शिनाख्तगी जारी है।

### हथियार व हिंसा से नहीं, शांति और विकास से ही बदलाव संभव : अमित शाह



**रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि नक्सलवाद पर एक और प्रहार! हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान में 17 नक्सलियों को ढेर कर दिया है और स्वचालित हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं। हथियार रखने वालों से मेरी अपील है कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता,केवल शांति और विकास ही बदलाव ला सकता है।

### नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक मोड़ पर छत्तीसगढ़ : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुकमा जिले के केरलापाल थाना क्षेत्र के उपमपल्ली में आज सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता प्राप्त होने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री साय ने इस साहसिक कार्रवाई को सुरक्षाबलों की बहादुरी, रणनीति और संकल्पशक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि मानवता विरोधी नक्सलवाद को समाप्त करने की दिशा में हमारे सुरक्षाबल नक्सलियों की मांद में घुसकर उन्हें जड़ से खत्म करने का कार्य कर रहे हैं। यह सफलता हमारे वीर जवानों के अद्वितीय साहस और समर्पण का परिणाम है। मैं उनकी वीरता को नमन करता हूं। उल्लेखनीय है कि मुठभेड़ में 16 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है, जबकि जिला रिजर्व गार्ड के 2 जवान घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घायल जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्रवाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सलवाद मुक्त भारत की दिशा में हो रहे प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने दोहराया कि हमारा लक्ष्य 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने चैत्र नव वर्ष, नवरात्रि, गुड़ी पड़वा उगादी एवं चेटीचण्ड पर्व पर दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चैत्र नव वर्ष, नवरात्रि, गुड़ी पड़वा, उगादी एवं चेटीचण्ड के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### मुर्मु ने चैत्र शुक्लादि, गुडी पड़वा की दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को चैत्र शुक्लादि, उगाड़ी, गुड़ी पड़वा, चेती चांद, नवरेह और साजिबु चेरोबा की पूर्व संध्या पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। ये उत्सव सामाजिक एकता और आपसी सम्बंधों को नया आयाम देते हैं। इन त्योहारों पर नई फसल की खुशी में हम उत्सव मनाते हैं और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा, मेरी कामना है कि ये सभी त्योहार हमारे समाज में सौहार्द और एकता की भावना को मजबूत बनाएं और हम सब मिलकर नव-ऊर्जा के साथ देश के विकास में अपना योगदान दें।

### कुणाल कामरा पर तीन नए मामले दर्ज

**मुंबई।** मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। इन तीनों मामलों में महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों से जीरो एफआईआर के तहत शिकायतें मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में ट्रांसफर की गई हैं। यह एफआईआर बुलढाना, नाशिक और ठाणे जिलों से दर्ज की गई थीं और अब इनकी जांच मुंबई के खार पुलिस स्टेशन द्वारा की जा रही है।

### दिल्ली जीत गए, अब बिहार की बारी है: नड्डा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसने का आह्वान करते हुए कहा कि दिल्ली जीत गए हैं, अब बिहार की बारी है।। श्री नड्डा ने दिल्ली में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' स्नेह मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजद के नेता लालू यादव पर तीखा प्रहार किया।

# पीएम मोदी के आर्थिक सुधारों से भारत बनी दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : साय

### मुख्यमंत्री साय ने बैंक ऑडिट एंड एआई विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला को किया संबोधित



■ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के निर्माण में बनें अग्रणी भागीदार

**रायपुर**, 29 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यापक आर्थिक सुधारों के कारण भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। जीएसटी और कर सुधारों ने टैक्स व्यवस्था को सरल बनाया है और राजस्व संग्रहण को मजबूत किया है।चार्टर्ड अकाउंटेंट्स भारत की इस विकास यात्रा में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पाने में भी उनकी भागीदारी अहम होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर में इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन बैंक ऑडिट एंड एआई को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने सीए छत्तीसगढ़ के विशेष लोगो का भी विमोचन किया।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य का सबसे बड़ा औजार**

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बौद्धिक वर्ग हमेशा नई तकनीकों को अपनाता है और एआई ऐसी ही एक गेम-चेंजर तकनीक है। उन्होंने माना कि एआई न केवल सीए पेशे को और सशक्त करेगा, बल्कि इस क्षेत्र की गुणवत्ता व गति को भी बढ़ाएगा। उन्होंने एआई से जुड़ी संभावनाओं और चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला।

मुख्यमंत्री साय ने आईसीएआई की स्थापना को भारतीय अकाउंटिंग क्षेत्र की ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि 1949 में 1600 लोगों के साथ शुरू हुआ यह संस्थान आज चार लाख से अधिक सदस्यों का मजबूत संगठन बन चुका है, जो देशभर में आर्थिक उत्तरदायित्व निभा रहे हैं।

**नई औद्योगिक नीति से बढ़ा निवेश, प्रदेश को 4 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त**– मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति की चर्चा करते हुए कहा कि यह नीति निवेशकों के लिए आकर्षक है और सभी वर्गों का ध्यान रखती है। अब तक 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लिथियम जैसे दुर्लभ खनिज की उपलब्धता और सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री की स्थापना से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई उड़ान मिलेगी। उन्होंने कहा कि पिछले 15 महीनों में राज्य सरकार ने कई दूरदर्शी फैसले लिए हैं, जिससे प्रदेश में तेज़ी से विकास हो रहा है और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन नागरिकों के आर्थिक सशक्तिकरण में सहायक सिद्ध हो रहा है।

**छत्तीसगढ़ विज़न डॉक्यूमेंट 2047 : विकसित भारत में प्रदेश की महती भूमिका**– मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ विज़न डॉक्यूमेंट 2047 का ज़िक्र करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विकसित ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# म्यांमार में भूकंप से अब तक 1000 लोगों की मौत

**यांगून**, 29 मार्च (एजेंसियां)। शुक्रवार को 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई है। भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए थे।

रॉयटर्स के मुताबिक म्यांमार की सैन्य सरकार ने कहा है कि मरने वालों का आंकड़ा 1,002 हो चुका है, जबकि 2400 से ज्यादा लोग घायल हैं। उधर, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर गई है। इसमें 10 लोगों की मौत हुई है। रेड क्रॉस के अनुसार, म्यांमार में 1.9 करोड़ से अधिक लोगों को मानवीय सहायता की तत्काल आवश्यकता है। भूकंप की तीव्रता और गहराई के आधार पर पूर्वानुमानात्मक विश्लेषण करते हुए अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने अनुमान लगाया है कि 10,000 से अधिक लोगों की मौत की आशंका है। नुकसान देश के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो सकता है।

**10,000 से अधिक लोगों की मौत की आशंका**

### भारत ने मानवीय सहायता की पहली खेप भेजी

**नई दिल्ली।** भारत ने भूकंप से बुरी तरह प्रभावित म्यांमार के लोगों के लिए मानवीय सहायता की पहली खेप भेजी है। विदेश मंत्री डॉ जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा, वायु सेना का सी-130 विमान कंबल, तिरपाल, स्वच्छता किट, स्लीपिंग बैग, सोलर लैंप, भोजन के पैकेट और रसोई सेट लेकर जा रहा है।

# कोयला घोटाले में कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल आए लपेटे में

### रानू साहू के आईएएस पति का भी जुड़ा नाम

**रायपुर**, 29 मार्च (देशबन्धु)। पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल के चर्चित कोयला घोटाले का दायरा बढ़ता जा रहा है। प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को विशेष अदालत में कोयला घोटाले में शामिल नौ और आरोपितों के खिलाफ पूरक चालान पेश किया है।

पूरक चालान में में कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल समेत रायपुर जेल में बंद निलंबित आइएएस रानू साहू के पति आइएएस जयप्रकाश मौर्य, कोयला फर्म के मालिक जोगिंदर सिंह, शेख मोइनुद्दीन, हेमंत जायसवाल, वीरेंद्र जायसवाल, एडवोकेट पीयूष भाटिया, पारिख कुर्रे व राहुल शामिल हैं। अवैध कोल लेवी मामले में ईडी पहले ही कोरबा की पूर्व कलेक्टर रानू साहू, निलंबित आइएएस समीर बिश्नोई, पूर्व सीएम भूपेश बघेल की उप सचिव रही सौम्या चौरसिया, कोयला कारोबारी सूर्यकांत तिवारी, सुनील अग्रवाल, कोयला कारोबारी हेमंत जायसवाल और कोरबा निवासी उसके भाई वीरेंद्र जायसवाल समेत करीब 20 आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है।

छत्तीसगढ़ में कथित 500 करोड़ रुपए के कोयला घोटाला मामले में लेवी वसूली का मामला ईडी की रेड में सामने आया था। आरोप है कि कोयला परिवहन के दौरान कोयला व्यापारियों से वसूली करने के लिए ऑनलाइन मिलने वाले परमिट को ऑफलाइन कर दिया गया था। खनिज विभाग के ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ वकीलों का प्रदर्शन

**वाराणसी**, 29 मार्च (एजेंसियां)। केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के इलाहाबाद हाई कोर्ट में ट्रांसफर की मंजूरी के बाद वाराणसी में वकीलों ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। वाराणसी सेंट्रल बार के अध्यक्ष मंगलेश दुबे ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के पास एक मौका था, जिसमें वह दिखाते कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी जीरो टॉलरेंस की नीति है। लेकिन, जस्टिस यशवंत वर्मा के मामले में ऐसा देखने को नहीं मिला। कोई स्टैंड लेने के बजाय, सर्वोच्च न्यायालय अपने फैसले पर अड़े रहा और दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया। लोकतांत्रिक प्रणाली में वकीलों के अधिकार छीन लिए गए। उन्होंने कहा कि हम भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं और इसलिए आज काम नहीं होगा। इस दौरान वाराणसी कचहरी में वकीलों ने जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर कथित तौर पर नोटों की अधजली गड्डियां मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने उनका तबादला इलाहाबाद हाई कोर्ट करने की सिफारिश की थी। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को इस सिफारिश पर अपनी मुहर लगा दी।

# मुख्यमंत्री ने सौगात-ए-मोदी के तहत मुस्लिम बहनों को बांटी खुशियाँ

**रायपुर**, 29 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में मुस्लिम समाज की जरूरतमंद बहनों को सौगातें भेंट कर सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल सौगात-ए-मोदी के तहत मुख्यमंत्री श्री साय ने गरीब महिलाओं को गिफ्ट पैकेट वितरित किए जिसमें लेडीज़ सूट का कपड़ा, सेवइयां, खजूर और मिठाइयां शामिल थीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा कि ईद का पर्व प्रेम, सद्भाव और एकजुटता का प्रतीक है। डॉ. सलीम राज ने बताया कि इसके पहले रायपुर में अल्प संख्यक मोर्चे और छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 500 महिलाओं को गिफ्ट पैकेट वितरित किए गए। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद, एम. इकबाल, संजय श्रीवास्तव, शाहिद खान, रजिया खान, आबिदा खान सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे।

# 1 लाख तक के सामान की ट्रांसपोर्टिंग पर मिली ई-वे बिल में छूट

रायपुर, 29 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार ने व्यापारियों को बड़ी राहत देते हुए 1 लाख तक के सामान की ट्रांसपोर्टिंग में ई-वे बिल में छूट दी है। इस संबंध में आज नोटिफिकेशन जारी किया गया है। नोटिफिकेशन में बताया गया कि पान मसाला, तम्बाकू और तम्बाकू उत्पाद, विनियरिंग शीट्स, लेमिनेटेड शीट, पार्टिकल बोर्ड, फाइबर बोर्ड, प्लाईवुड, आयरन एंड स्टील, आयरन एंड स्टील के सामान और कोयला को 50 हजार रुपए की श्रेणी में रखा गया है। इसके अलावा अन्य सामान की ट्रांसपोर्टिंग 1 लाख रुपए से अधिक होने पर ई-वे बिल देना पड़ेगा।

**व्यापारियों ने सरकार से की थी मांग**–चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी ने बताया कि चेंबर और कैट ने छोटे व्यापारियों को राहत देने के लिए सरकार से मांग की थी, जिस पर अब सरकार ने अमल किया है। हम सरकार के इस कदम की सराहना करते हैं।

# मोदी सरकार ने बैंकों को कलेक्शन एजेंट बनाया: खरगे

**नई दिल्ली**, 29 मार्च (देशबन्धु) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एटीएम से पैसे निकालने पर शुल्क बढ़ाने के सरकार के निर्णय को जन विरोधी करार देते हुए कहा है कि सरकार बैंकों के माध्यम से देश की जनता को लूटने का काम कर रही है। श्री खरगे ने कहा कि बैंक एटीएम, केवाईसी, व्हाट्सएप पर निकासी तथा जमा संबंधी संदेश देने, ग्राहक का अपने खाते का विवरण हासिल करने आदि पर पैसे वसूल कर आम लोगों को लूटने में लगी है। पहले बैंक इसका डाटा देते थे, लेकिन अब सरकार यह कहते हुए डाटा देने से इनकार कर दिया कि रिजर्व बैंक डाटा नहीं रखता है।

**रुपया वेंटिलेटर पर, लेकिन मोदी खामोश**

उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो एक डॉलर के मुकाबले उस समय रुपये की कीमत 60 थी और वह कहते थे रुपया आईसीयू में चला गया है, लेकिन आज डॉलर की तुलना में रुपया 89 पर है। रुपया वेंटिलेटर पर लेकिन श्री मोदी खामोश हैं।

**सरकार के कुप्रबंधन ने बैंकिंग क्षेत्र को बर्बाद किया : राहुल**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि नियामक कुप्रबंधन तथा सरकार के नजदीकी पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने वाले कदमों के कारण देश के बैंकिंग सिस्टम को बर्बाद कर दिया है और बैंक गंभीर संकट में आ गए हैं। बैंकों में भाई-भतीजावाद चल रहा है और सरकार के करीबी उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए उनका ऋण माफ किया जा रहा है।

## रेल परियोजना

### 4 परियोजनाओं को करेंगे राष्ट्र को समर्पित, अभनपुर-रायपुर के बीच मेमू ट्रेन का भी शुभारंभ

# पीएम आज रखेंगे 2695 करोड़ की 7 रेल परियोजनाओं की आधारशिला

**रायपुर/बिलासपुर, 29 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 7 रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और 4 परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जिनकी कुल लागत 2,695 करोड़ रुपए है।**



*इसके अलावा, प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मोहभट्टा, बिलासपुर कार्यक्रम स्थल से अभनपुर-रायपुर के बीच मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। ये परियोजनाएं राज्य में रेल परिवहन को मजबूत करेंगी, जिससे यात्री और माल परिवहन दोनों को लाभ होगा।*

*आधारशिला रखी जाने वाली 7 रेलवे परियोजनाओं में खरसिया-झाराडीह (पांचवी लाइन)-6 किमी (लागत-80 करोड़), सरगबुंदिया-मड़वारानी (तीसरी एवं चौथी लाइन)- 12 किमी (लागत-168 करोड़), दाधापारा-बिल्हा-दगोरी (चौथी लाइन)-16 किमी (लागत-256 करोड़), निपनिया-भाटापारा-हथबंद (चौथी लाइन)- 23 किमी (लागत-347 करोड़), भिलाई-भिलाई नगर-दुर्ग लिंक केबिन (चौथी लाइन)- 12 किमी (लागत-233 करोड़), राजनांदगांव-डोंगरगढ़ (चौथी लाइन)- 31 किमी (लागत-328 करोड़) और करगी रोड-सल्का रोड (तीसरी लाइन)- 8 किमी (लागत-95 करोड़) शामिल है।*

*राष्ट्र को समर्पित की जाने वाली रेलवे परियोजनाओं में राजनांदगांव-बोरतलाव (तीसरी लाइन)- 48 किमी (राजनांदगांव-नागपुर तीसरी लाइन परियोजना का भाग, कुल 228 किमी) (लागत-747 करोड़), नई रेल लाइन - मंदिर हसौद-केन्द्री-अभनपुर - 26 किमी (लागत-353 करोड़), दुर्ग-रायपुर (ऑटोमैटिक सिग्नलिंग) -37 रेल किमी (लागत-88 करोड़), छत्तीसगढ़ राज्य में शत-प्रतिशत रेलवे लाइन का विद्युतीकरण शामिल है। वहीं अभनपुर-रायपुर, व्हाया-मंदिर हसौद मेमू ट्रेन सेवा का भी शुभारंभ किया जाएगा।*



CMYK

**हाना**

हाथी घूमय गांवन गांव,
जेकर हाथी तेकर नांव।
हाथी ह कोनो मेंर घूमत रहय ओकर परवाह नइये जेकर हाथी हे तेकरे नाव रइही।

**शब्द अरथ**

1. छंदइया–छानने वाला। फंसाने वाला, बांधने वाला
2. छदई – छानने, फंसाने या बांधने की क्रिया या भाव
3. छदउनी– छानने, फंसाने या बांधने का खर्च या पारिश्रमिक
4. छंदना– छानने के लिए प्रयुक्त वस्तु फंसना, बंधना
5. छदनी–छदना
6. छंदल– छना हुआ,फंसा हुआ
7. छंदवइ्या– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने वाला
8. छदवई– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने की क्रिया या भाव
9. छदवउनी– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने का खर्च या पारिश्रमिक
10. छदवा– छाना हुआ, शुद्ध किया हुआ, फंसा हुआ, बंधा हुआ।

## खोवत नाव हबीब तनवीर

हबीब तनवीर के जनम रायपुर के छोटापारा म एक सितम्बर सन् उन्नीस सौ तेइस म होय रहिस हे। ओखर एक झन बेटी भर हावय। वहू ह नाटक ले जुड़े हावय। आज ये घर खंडहर होगे हावय। छत्तीसगढ़ राज्य बने के बाद ओमन भोपाल चल दिन। उहां नौ जून दू हजार नौ करे उंखर निधन हो गे। विश्व रंगमंच दिवस के दिन ऊंखर सुरता अइस।

एक रंगमंच के इतिहास गंवा गे। हबीब तनवीर छत्तीसगढ़ के लोक नाट्य ल विश्व स्तर तक पहुंचाये रहिस हे। 50 बछर के अपन रंगमंच के लम्बा यात्रा म हबीब जी ह 100ले अधिक नाटक मन के मंचन करिस। उंखर कला जीवन बहुआयामी रहिस हे। जतका बढ़िया अभिनेता, निर्देशक अउ नाट्य लेखक रहिस हे ओतके बढ़िया गीतकार, कवि, गायक अउ संगीतकार घलो रहिस हे। फिल्ममन के अउ नाटकमन के बहुत बढ़िया समीक्षा घलो करंय। उंखर नाटक म लोकगीत, लोक धुन, लोक संगीत अउ नृत्य के सुन्दर प्रयोग दिखथे। कई बछर ले देश भर के गांव मन म घूम–घूम के लोक संस्कृति अउ लोक नाट्य शैली मन के गहन अध्ययन करे हावय। बहुत अकन लोक गीत के संकलन घलो करे रहिस हे।

साठ के दशक के शुरुआत म नई दिल्ली म हबीब तनवीर के नाट्य संस्था 'नया थियेटर' के स्थापना होइस। देश के सर्वश्रेष्ठ नाट्य संस्था राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय तीर आज जतका लोकप्रिय अउ मधुर गीत मन के संकलन हावय ओखर ले ज्यादा संकलन 'नया थियेटर' तीर हावय। एच.एम.वी. सरिख बड़े संगीत कंपनी मन हबीब तनवीर के नाटक मन के गीत के कई आडियो कैसेट तैयार करे हावय जेन मन बहुत लोकप्रिय हावंय।

आगरा बाज़ार (1954),शतरंज के मोहरे (1954), लाला शोहरत राय (1954), मिट्टी की गाड़ी (1958),गांव के नाम ससुराल मोर नाम दामाद (1973),चरणदास चोर (1975), पोंगा पण्डित,द ब्रोकन ब्रिज (1995),ज़हरीली हवा (2002),राज रक्त नाटक के मंचन करे रहिस हे (2006)।

छत्तीसगढ़ के कलाकार मन ल मंच देय के बाद भी अन्तरराष्ट्रीय स्तर के कलाकार बन के भी आज ओखर नाम ले कुछु नइये। छत्तीसगढ़ म आज हबीब तनवीर ल सुरता करने वाला कोनो नइये। कोई थियेटर घलो नइये। आज मुक्ताकाशी मंच म कभू–कभू नाटक या गीत संगीत होवत रहिथे। रंग मंदिर म आज भी नाटक होथे फेर ओला नवा बनाये के जरुरत हावय। महाकोशल कला विथिका, टाऊन हॉल मन ल घलो बचाये के जरूरत हावय। आज रिहर्सल बर जगह नइये। कलाकार के कमी घलो दिखथे। जब कलाकार मन उठहीं तब तो सरकार कुछु करही। सन् 2022 म हबीब तनवीर के नाम ले पुरस्कार के घोषणा करे गे रहिस हे। कोई अइसना कलाकार तो होवय जेन ल हबीब तनवीर के नाम के पुरस्कार देय जाये। मंचीय कलाकार के कमी आज छत्तीसगढ़ बर पीड़ादायक हे। चँदैनी गोंदा के जन्मदाता रामचन्द्र देशमुख के जाये के बाद ओ स्तर के कोई मंच नई अइस। अभी पी सी लाल ,गंडई के दूधमोंगरा ह देखे के लइक हे। येखर कलाकार मन मंचीय नाटक नइ करंय। अतेक बड़ छत्तीसगढ़ म कोई कलाकार नइये, कोनो मंच नइये का? सब मिल के प्रयास करव के एक बेर फेर हमर नाट्यमंच हबीब तनवीर के मंच सरिख होवय। सरकार ल एक आडिटोरियम बनाना चाही। बने के बाद कुछ तो कलाकार जनम लिही।

**–सुधा वर्मा**

## देखव, हमर नवा पीढ़ी ल

धरती मा पांव अउ सपना अगास के
चाहथे सबो जिनिस बिना परयास के
हाथ ले मोबाइल थोरकुन नइ छूटत हे,
सुरुज के चढ़े बाद मा उठत हे।
खटिया मा बइठ के चाय गोहरावत हे,
देखो, हमर नवा पीढ़ी ल कोन डहर जावत हे।
ककरो बात ल सुने नहीं
बने गिनहा गुने नहीं,
धोबी कस कुकुर घूमत हे,
माते हाथी कस झूमत हे।।
छोटे–बड़े ल पहिचाने नहीं,
बात–बात मा खखुवावत हे।
देखो, हमर नवा पीढ़ी ल कोन डहर जावत हे।।
घर मा रेंद करके
ऑनलाइन जिनिस नापत हे,
इंकर फटफटी के रफ्तार देख के
देखइया के पोटा कांपत हे।
कुकरा चुंदी कटाये हे,
दाढ़ी–मेंछा बढ़ाये हे;
इंकर रंग–ढंग ल देख के
दाई–ददा धुकपुकावत हे।
देखो, हमर नवा पीढ़ी ल कोन डहर जावत हे।।
गांजा–सिगरेट ल लुका–लुका के धूंकत हे,
दारू ल पी के कुकुर कस भूंकत हे;
जवान टुरा के रज नइहे,
अपन भविस के जज नइहे;
बिहनिया के निकले संझौती घर आवत हे।
देखो, हमर नवा पीढ़ी ल कोन डहर जावत हे।।
दूसर के देखा–देखी नवा–नवा रीत,
बिहाव के मंडप मा होली,जंवारा के गीत;
नागिन धुन मा हाथ–गोड़ ल अंटियावत हे,
उज्जर कपड़ा ल चेन्द्री बनावत हे;
लफरहा संगी मन के का पूछना,
झूम–झूमके ताली बजावत हे।
देखो, हमर नवा पीढ़ी ल कोन डहर जावत हे।।
काम के न कौड़ी के दंउरी मा बजरंगा,
समझौती बात मा घलो गजब पंगा;
पुरखा मन दुख झेलिन हे,
जांगर टोर धन सकेलिन हे;
इंकर मन के काय हे,
फोकट मा पाय हे;
दोस्ती के नांव मा पार्टी मनावत हे।
देखो, हमर नवा पीढ़ी ल कोन डहर जावत हे।।
परजीवी अमरबेल, एक दिन सुखाथे,
चेत तभे चढ़थे, जब खुद ठोकर खाथे;
टल्ला मारे मा तो पुरखौती धन नइ पूरे,
बिना आगी के भात नइ चूरे,
बेरा रहत सुधरो, 'कुमार' ह समझावत हे।
देखो, हमर नवा पीढ़ी ल कोन डहर जावत हे।।

**— राम कुमार चन्द्रवंशी, बेलरगोंदी ( छुरिया )**

# चढ़व निसयनी

**कहिनी**

**आज मैंहर अपन आप म गरब करत हवव के मोर जिनगी म शिक्षा के अतना उदिम ले , पढ़ई ले सिरतोन नियाव होगे जेखर सेती मोर जिनगी सवंरगे। आज मैंहर अपन गांव के इस्कूल म एक ठन आदर्श शिक्षिका कहावत हवव। मोर कक्षा के लइकामन मोला अपन आदर्श मानथे। वोमन कहिथे मेडम हमन तको आपमन जइसन बहन जी बनबों। इही लइका मन के गोठ म मैंहर मोहाय अपन मंजिल ल पा डरे हव**

रददा रेंगत–रेंगत बनथे। पहिली कोनो नइ रेंगे तेन रददा म कभू न कभू कोनो ल रेंगे ल परथे। नइ रेंगबे त का जानबे? आगू ओला काय मिलही? फेर हमर कोनो पुरखा इही रद्दा म रेंगे त झन रेंगे, मेंहर त , रेंगबे करहूं। मोला दाई तेहर, इस्कूल भेज दे। बिरादरी के गोठ ल झन सुन दाई, मेंहर पढ़हुं। मोला पढ़ई –लिखई ,अब्बड़ बने लागथे। तोर काम बूता ल घलो करहुं दाई,आठवी कच्छा ल पढ़ाये, तईसने आगू मोला पढ़न दे दाई। अईसना गोठ ल गोठियात गीता हर अपन दाई फूलमति तीर रोम दिस।

फूलमति गीता ले किहिस–ज्नोनी हमर बिरादरी मा जादा कोनो पढ़े –लिखे नइये। जादा पढ़ाबों त बिहाव बर मुस्किल हो जाही। हमर गोतियार म मनखेमन पढ़े–लिखे नई हवय। फेर पढ़ई –लिखई इही करा थोरकुन हवय। पढ़ई –लिखई म खर्चा तको लागथे। हमर मन के बस के गोठ नइये पढ़ई –लिखई नोनी। अभी कुन त कक्षा पहली ले कक्षा आठवी तक सरकार डहार ले मुफत म शिक्षा रिहिस। जेमा खाय पिये के कोनो फिकर नई रिहिस। मुफत म मध्यान्ह भोजन रिहिस। पढ़ई–लिखई–खवई के कोनो चिन्ता –फिकर नई रिहिस। अब आगू तोर पढ़ई–लिखई के खरचा ल कोन उठाही। तोर ददा ल देखत हस जतका बढ़ई के काम बूता म कमाथे त सफ्फा दारू पियई म सिरा जथे। नोनी तुंहर चारो लइका के पोसेबर मैंहर अब्बड़ उदिम करे हवव, त तुमन अतका बड़ बाढ़े हवव। फेर गोतियार सगा संबंधी के कोनो परवाह नई करहुं, अउ तोला पढ़ाहूंत तोर पढ़ई के फीस ल कहां ले लानहुं अउ कहां ले पाहुज्ज।

गीता किहिस –दाई तेंहर फीस के कोनो चिन्ता –फिकर झन कर,मेंहर तोर संग म घर के बुता ल करहुं। बिहिनिया मुधहरहा चरबजी उठ के तोर सरी काम बूता ल करहुं, तोर संगे– संग बूता म जाहुं अउ दाई तयं जानथस नवमी कक्षा म इस्कूल म साइकिल तको नोनी मन ल सरकार हर देवत हवय। पुस्तक तको फोकट म मिलही अउ स्कालरशिप तको पढ़े बर मिलही,दाई तेहर मोला इस्कूल पढ़े बर भेज दे। अभेकुन तेहर दु घर काम बूता करत हस। अब पांच घर बूता करबों। मोर फीस बर अब संसों झन कर ,मेंहर बूता ल खोज डरे हौंव। बिहिनिया टाइम म अपन स्कूल जाके, अपन पढ़ई–लिखई ल कर डारहुं। मैंहर पढ़ई बर सब्बो दुख ल झेल लेहुं, फेर पढ़े ल नइ छोड़व, दाई तेंहर भइगे हाहो कहि देज्ज। फूलमति अपन नोनी के गोठ ल सुन के ओखर लगन अउ मेहनत ल देख के पढ़ाये बर तियार होगे अउ कहिस – नोनी तोला मोर संगे काम–बूता म जाय के कोनो जरुरत नइ हवय, मैंहर तोर पढ़ई बर अतका त करे सकत हवव ,जा नोनी तैंहर इस्कूल म भर्ती हो जा। गीता हर खुस होके दाई ल पोटार लिस।

पहाती सुकुवा ल देख के मुंधरहा ले गीता ह उठ के पढ़ई ल करे, विषय ल सुरता राखे बर लिख –लिख के पढ़ई ल करे अउ बने सुरता रहे बिचार के भगवान ल सुमिरन तको करे। बिहिनिया पांच बजे घर काम बूता ल कर डरे। बिहिनिया एके घंटा म अपन बूता ल करके नहा –खोर के थोरकुन पढ़ई–लिखई ल करय अउ इस्कूल बर तियार हो के बासी खा के इस्कूल डहार रेंग दे।

गीता अपन कक्षा म अब्बड़ हुसियार रहाय। सब्बो बहन जी मन ओला मया करे। एक घाव कक्षा बहन जी सब्बोझन लइका मन तीर प्रश्न पूछिस– तुमन पढ़ लिख के का बनना चाहू? लइकामन अपन–अपन बिचार ल राखिन। कोनो डॉक्टर त कोनो नर्स त कोनो वकील, त कोनो दुकानदार, त कोनो पुलिस कहिन। त गीता हर किहिस–बहन जी मैंहर पढ़ लिख के बहनजी, मेडम बनहू, काबर टीचर मन सब्बो लइकामन के हिदय म रहिथे। जइसे मोला आपमन बने लागथो, आपमन के गोठ हर मोला नीक लागथे। आपमन के ग्यान ले मोर अग्यान हर मिट जथे। तइसने महू टीचर बनके सब्बो लइकामन के अउ समाज के अग्यान ल दूर करहूंज्ज। गीता के गोठ ल सुन के बहन जी हर अब्बड़खुस होगे,कहिस–ज्गीता तेहर सिरतोन मेडम बनबे, तोर गोठ म अब्बड़ सच्चई हवय।

इही सब्बो गोठ हर गीता के आंखी म झूलत रहाय। इही गोठ ल गुनत बिचार करत खुरसी म बइठे अपन पढ़ई–लिखई बर भोगे अतका दुख के दिन ल सुरता करत,अपन इस्कूल के कक्छा के लइका मन ल देखत रहाय अउ मन म गुनत रहाय। आज के समे म शिक्षा बर चारों डहार सुघ्घर बेवस्था हवय। आज समाज हर कतका उन्नति कर डरे हवय. गांव, सहर ,जंगल, आदिवासी छेत्र म तको पढ़ई –लिखई के गोठ हर गूंजत हवय। कुछु दिखे त झन दिखे, प्राथमिक स्कूल हर सिरतोन सब्बो डहार दिख जथे। आज जम्मो बबा, ददा, महतारी मन अपन लइका ल पढ़ाये बर तइयार हवय। फेर लइका मन बने पढ़त नइये। आज त कक्षा पहली ले आठवी तक जम्मो पुस्तक, कापी, बस्ता, इस्कूल डिरेस, दार भात खाय बर तको फोकट म मिलथे इस्कूल म। हाई इस्कूल तको गांव–गांव म खुलगे हे। थोरकुन पोठ गांव होगे त हायर सेकेन्डरी इस्कूल तको खुलगे। इहीचो पुस्तक हर फोकट म मिलथे, फीस तको बहुत कम हवय। आज शिक्षा के चारो कोती पुछारी बाढ़गे हे, फेर आज नोनीमन पढ़ई म जादा धियान देवत हवय। वोमन त आगू बढ़े के ठान ले हवय,काबर माई लोगन मन तको अब अपन नोनी के पढ़ई म धियान देवत हवय।

मैंहर त अपन गरीब मजूरी करइया दाई–ददा के बड़की नोनी रहेव,फेर मोर शिक्षा के बड़ उदिम अउ मंसूबा ले मोर भाई बहिनी मन तको सोझ रददा म रेंगना सीख गिन। मैंहर आज पढ़–लिख के शिक्षिका को बन गे हवव। मोर आगू पढ़े अउ बढ़े के अब्बड़ जिद रिहिस, आगू बढ़के जिनगी अउ समाज म कछु कर दिखाय के, नवा अंजोर लाये के जिद रिहिस। अबला ल सबला बनाय के जिद रिहिस, तेन हर आज पूरा होगे। आज मैंहर अपन छोटे भाई –बहिनिमन के आगू–आगू रददा बतइया बन गे हवव। पढ़ई लिखई ले आज मोर दुनों भाई मन पुलिस म आरक्षक बन के देस अउ समाज के सेवा करत हवय। बहिनीहर टेलरिंग के बूता म लग गे हवय,आनी बानी के, रंग–रंग के बिलाउज अउ सलवार, कुरता ल सिलथे। वोहर आज ससक्त होगे हे,काखरो आगू हाथ फैलाये के जरूरत नइये। अपन खरचा– पानी पूरा करके घर म तको खरचा बर देथे। हमर घर म अब जम्मो सुख –सुभिता होगे हवय। परोसी मन तको जरत–भुंनत हवय,के पढ़ई –लिखई ले अतका उन्नति कर डारे हवय।

आज मैंहर अपन आप म गरब करत हवव के मोर जिनगी म शिक्षा के अतना उदिम ले , पढ़ई ले सिरतोन नियाव होगे जेखर सेती मोर जिनगी सवंरगे। आज मैंहर अपन गांव के इस्कूल म एक ठन आदर्श शिक्षिका कहावत हवव। मोर कक्षा के लइकामन मोला अपन आदर्श मानथे। वोमन कहिथे मेडम हमन तको आपमन जइसन बहन जी बनबों । इही लइका मन के गोठ म मैंहर मोहाय अपन मंजिल ल पा डरे हव अउ अब्बड़ खुस हव। शिक्षा ले मोर जिनगी म उजियारा आगे। मोर दाई–ददा के जिनगी म तको सुरूज के किरन बनगे हव। अपन दाई –ददा के सबले दुलारी नोनी बन गेव हवव। बाबू मोला अपन बड़का बेटा कहिथे । मोर घर परिवार म खुसहाली आगे। इही हाना हर सिरतोन होगे–

स्कूल आ पढ़े बर, जिनगी ल गढ़े बर।
चढ़व निसयनी शिक्षा के, जिनगी संवरही शिक्षा ले।

इही सफ्फा गोठ ल गुनत गीता हर सिरतोन चमक गिस। इस्कूल के घंटी हर जोर ले बाजिस। बड़े रिसेस खतम होगे। पांचवा पिरियेड सुरू होगे, कक्षा पांचवी म हिन्दी विसय लिहेबर कक्षा के भीतरी नींगगे। लइका मन के सुघ्घर जिनगी ल गढ़े बर ।

**– डॉ.जयभारती चंद्राकर, रायपुर**

## नवरात म जंवारा बोए के परंपरा अउ महत्व

हिन्दू धरम के हरतिहार म कइ रीति रिवाज़ हे फेर एकर मनाए के पाछु सब के अपन अपन मानता होथे।

गहूँ अउ जवा के बोथे जंवारा–नवरात म करसा के आगू गहूं अउ जवा के जवारा माटी के बर्तन म बोए रहिथे। सांझा–बिहिनिया दोनों बेरा ए कर पूजा पाठ करथे। नवरात म जवारा बोए के ये परमपरा चले आवथे। फेर ए कर असल उद्देश्य के बारे म कइ झन मन नइ जानय फेर मानता रहिथे।

त आवव जानथन नवरात म जवारा बोए के परमपरा ह, पुरखा ले चलें आथे। फेर जवारा बोए के अलगेच महत्व आए। किसम–किसम के मानता एकर पाछु जुड़े हवय।

माता के सेवा बर नवरात के नौ दिन हअ ब्बड़ महत्व रखथे। ये नौ दिन म माता के नौ रूप के पूजा पाठ विधि विधान ले करें जाथे। ऐ समय म जेन मनखेमन नवरात म उपास रहि थे अउ दुर्गा सप्तशती के पाठ करथे वो मनखेमन माटी के बरतन म जवारा बोथे।

प्रतिपदा के दिन बोथे जवारा–नवरात के पहिली दिन प्रतिपदा के दिन करसा स्थापित करें के संग–संग जवारा ल घलो बोथे। जवारा म हर दिन माता के पूजा पाठ करें के बेरा म सांझा बिहिनिया पानी देय ल परथे। जवारा ल दक्षिण दिशा डहर मुहु करके नइ रखे जाय । एखर पाछु मानता हे कि दक्षिण दिशा हर यम के दिशा आय। ये दिशा मनहि करसा रखे जाथे अउ नहि जवारा बोए जाथे।

बने मुहूरत म बोथे जवारा ल– जवारा ल बने मुहुरत म माता के आसन मेरा माटी के करसा म जवारा ल बोथे अउ ओकर सेवा जतन नवरात भर करथे। नवरात के सिराय ले जवारा ल विधि विधान ले पूजापाठ करके नदिया,तरिया म ठंडा कर देथे।

नवरात म बोए जवारा हर कोन्हो दो या तीन दिन म जरई आ जथे त ये हर जातक मन बर शुभ संकेत माने जाथे। 2 या 3 दिन म कहुजरई नई आए ले अशुभ संकेत माने जाथे।

कई घाव करसा म जवा ल बने नइ बोए ले घलोक ऐसना किस्सा हो जथे । एकरे सेत ीजवारा बोए बेरा म अब्बड़ सावधानी बरते ल परथे।

जवारा ले शुभ अशुभ के संकेत मिलथे–नवरात म बोए जवारा के रंग ले घलोक शुभ अशुभ संकेत मिलथे। जवारा के ऊपर डहर ह हरियर अउ खाल्हे डहर ह कोनो पीयर रहे ले एह अवइया साल ह हमर मन बर केसना रही एखर बात ल बताथे। ऐसना जवारा होय ले आधा बछर ह सुख शांति म बितही अउ आधा बछर हा दु:ख, दरद म बीते के संकेत देथे।

सबो जवारा हर कसकस ले घना अउ हरियर हे त सुख शांति रहे के संकेत आय। बाढ़, अकाल नइ होए के संकेत देथे। मातारानी के दया अउ आशीर्वाद मिलेथे। मानता इहु हे कि जइसे–जइसे जवारा हर बाढ़े लागथे। माता के आशिर्वाद हर मिले ल लागथे। हरियर हरियर दिखत जवारा ल अच्छा माने जाथे काबर कि हरियर जवारा माता के खुशिहाली के चिन्हा आय।

जवा धरती के पहिली अन्न आय–जवा ल धार्मिक ग्रन्थ म ब्रह्मा माने गेहे के हे जाथे कि आदिकाल ले पूजा पाठ के बेरा म हवन में जवा के आहुति देय के परम्परा चलें आथे।

एखर अलावा जवा पूजा पाठ म काम घलो आथे। जवा अनाज आय अउ ब्रह्मा के रूप आय एकर सम्मान करना चाहि। सृष्टि के रचना जब होइस तब जवा पहिली फसल आय जोन हर धरती में उगिस। एकर सेती जवारा के बने जागे अउ नइ जागे ले आवइया समय हर केसना रहीथे कर पूर्वानुमान लगाय जाथे।

## जय हो दुर्गा दाई

सगा बरोबर तंय ह दाई आथस चइत कुंवार म
चउंक पुरा के दियना जलाएंव गली खोर दुवारी म!!
नौ दिन बरतंय आथस दाई कर के बघवा सवारी
संझा बिहिनिया तोर सेवा गावंय जम्मों नर–नारी!!
चइत महीना बड़ मनभावन पाख़ हवय अंजोरी
जगमग जगमग जोत जलत हे दाई तोर दुवारी!!
नाक म सुग्घर नथनी सोहे अउ पऊरी पैजनिया
माथ म चमकत तोर टिकली,कनिहा म करधनिया!!
तंय दुर्गा तयं काली कहावस तही खर खप्परधारी
दानव मन के नास करइया जय हो दुर्गा महतारी!!
हाथ जोर के बिनती करत हवं सुन ले मोर महामाई
भगतन मन के भाग जगा देय झोली ल भर दे दाई!!

**–प्रीतम कुमार साहू, गुरुजी, लिमतरा,धमतरी**

**पुरखा के सुरता**

## नाचा के सियान : मंदराजी दाऊ

धान के कटोरा छत्तीसगढ़ के लोक कला अउ संस्कृति के अलग पहचान हवय। हमर प्रदेश के लोकनाट्य नाचा, पंथी नृत्य, पण्डवानी, भरथरी, चन्देनी के संगे संग आदिवासी नृत्य के सोर हमर देश के साथ विश्व मा घलो अलगे छाप छोड़िस हे। पंथी नर्तक स्व. देवदास बंजारे ,पण्डवानी गायक झाड़ू राम देवांगन, तीजन बाई, ऋतु वर्मा, भरथरी गायिका सुरुज बाई खांडे जइसन कला साधक मन हा छत्तीसगढ़ अउ भारत के नाम ला दुनिया भर मा बगराइस हवय. रंगकर्मी हबीब तनवीर के माध्यम ले जिहां छत्तीसगढ़ के नाचा कलाकार लालू राम (बिसाहू साहू),भुलवा राम, मदन निषाद, गोविन्द राम निर्मलकर, फिदा बाई मरकाम, माला बाई मरकाम हा अपन अभिनय क्षमता के लोहा मनवाइस। ये नाचा के नामी कलाकार मन हा एक समय नाचा के सियान मंदराजी दाऊ के अगुवाई मा काम करे रिहिन ।मंदराजी दाऊ हा नाचा के पितृ पुरुष हरय. वो हा एक अइसन तपस्वी कलाकार रिहिस जउन हा नाचा के खातिर अपन संपत्ति ला सरबस दांव मा लगा दिस।

नाचा के सियान मंदराजी के जनम संस्कारधानी शहर राजनांदगांव ले 5 किलोमीटर दूरिहा रवेली गांव मा एक माल गुजार परिवार मा 1 अप्रैल 1911 मा होय रिहिन ।मंदरा जी के पूरा नांव दुलार सिंह साव रिहिन ।1922 मा ओकर प्राथमिक शिक्षा हा पूरा होइस ।दुलार सिंह के मन पढ़ई लिखई मा नई लगत रिहिन ।ओकर धियान नाचा पेखा डहर जादा राहय । रवेली अउ आस पास गांव मा जब नाचा होवय तब बालक दुलार सिंह हा रात रात भर जाग के नाचा देखय ।एकर ले

ओकर मन मा घलो चिकारा, तबला बजाय के धुन सवार होगे. वो समय रवेली गांव मा थोरकिन लोक कला के जानकार कलाकार रिहिस ।ऊंकर मन ले मंदराजी हा चिकारा, तबला बजाय के संग गाना गाय ला घलो सीख गे ।अब मंदरा जी हा ये काम मा पूरा रमगे ।वो समय नाचा के कोई बढ़िया से संगठित पार्टी नइ रिहिस ।नाचा के प्रस्तुति मा घलो मनोरंजन के नाम मा द्विअर्थी संवाद बोले जाय ।येकर ले बालक दुलार के मन ला गजब ठेस पहुंचे ।वोहा अपन गांव के लोक कलाकार मन ला लेके 1928–29 मा रवेली नाचा पार्टी के गठन करिन ।ये दल हा छत्तीसगढ़ मा नाचा के पहिली संगठित दल बनगे ।वो समय खड़े साज चलय ।कलाकार मन अपन साज बाज ला कनिहा मा बांधके अउ नरी मा लटका के नाचा ला प्रस्तुत करय ।

मंदराजी के नाचा डहर नशा अब्बड़ लगाव ला देखके वोकर पिता जी हा अब्बड़ डांट फटकार करय ।अउ चिन्ता करे लगगे कि दुलार हा अइसने करत रहि ता ओकर जिनगी के गाड़ी कइसे चल पाही ।अउ एकर सेती ओकर बिहाव 14 बरस के उमर मा दुर्ग जिले के भोथली गांव (तिरगा) के राम्हिन बाई के साथ कर दिस ।बिहाव होय के बाद घलो नाचा के प्रति ओकर रुचि मा कोनो कमी नइ आइस ।शुरु मा ओकर गोसइन हा घलो एकर विरोध करिन कि सिरिफ नाचा ले जिनगी कइसे चलही पर बाद मा

वोकर साधना मा बाधा पड़ना ठीक नइ समझिस ।अब वोकर गोसइन हा घलो वोकर काम मा सहयोग करे लगिन अउ उंकर घर अवइया कलाकार मन के खाना बेवस्था मा सहयोग करे लगिन ।



सन् 1932 के बात हरय ।वो समय नाचा के गम्मत कलाकार सुकलू ठाकुर (लोहारा –भर्रीटोला) अउ नोहर दास मानिकपुरी (अछोली, खेरथा) रिहिस ।कन्हारपुरी के माल गुजार हा सुकलू ठाकुर अउ नोहर मानिकपुरी के कार्यक्रम अपन गांव मा रखिस। ये कार्यक्रम मा मंदरा जी दाऊ जी हा चिकारा बजाइन। ये कार्यक्रम ले खुश होके दाऊ जी हा सुकालू अउ नोहर मानिकपुरी ला शामिल करके रवेली नाचा पार्टी के ऐतिहासिक गठन करिस। अब खड़े साज के जगह सबो वादक कलाकार बइठ के बाजा बजाय लागिस।

सन् 1933–34 मा मंदराजी दाऊ अपन मौसा टीकमनाथ साव ( लोक संगीतकार स्व. खुमाम साव के पिताजी )अउ अपन मामा नीलकंठ साहू के संग हारमोनियम खरीदे बर कलकत्ता गिस ।ये समय वोमन 8 दिन टाटानगर मा घलो रुके रिहिस ।इही 8 दिन मा ये तीनों टाटानगर के एक हारमोनियम वादक ले हारमोनियम बजाय ला सिखिस ।बाद मा अपन मिहनत ले दाऊजी हा हारमोनियम बजाय मा बने पारंगत होगे ।अब नाचा मा चिकारा के जगह हारमोनियम बजे ला लगिस ।सन् 1939–40 तक रवेली नाचा दल हमर छत्तीसगढ़ के सबले प्रसिद्ध दल बन गे रिहिस ।

सन् 1941–42 तक कुरुद (राजिम) मा एक बढ़िया नाचा दल गठित होगे रिहिस ।ये मंडली मा बिसाहू राम (लालू राम) साहू जइसे गजब के परी नर्तक रिहिन। 1943–44 मा लालू राम साहू हा कुरुद पार्टी ला छोड़के रवेली नाचा पार्टी मा शामिल होगे ।इही साल हारमोनियम वादक अउ लोक संगीतकार खुमान साव जी 14 बरस के उमर मा मंदराजी दाऊ के नाचा दल ले जुड़गे ।खुमान जी हा वोकर मौसी के बेटा रिहिन ।इही साल गजब के गम्तिहा कलाकार मदन निषाद (गुंगेरी नवागांव), पुसूराम यादव अउ जगन्नाथ निर्मलकर मन घलो दाऊजी के दल मा आगे ।अब ये प्रकार ले अब रवेली नाचा दल हा लालू राम साहू, मदन लाल निषाद, खुमान लाल साव, नोहर दास मानिकपुरी, पंचराम देवदास, जगन्नाथ निर्मलकर, गोविन्द निर्मलकर, रुप राम साहू, गुलाब चन्द जैन, श्रीमती फिदा मरकाम, श्रीमती माला मरकाम जइसे नाचा के बड़का कलाकार मन ले सजगे ।

नाचा के माध्यम ले दाऊ मंदराजी हा समाज मा फइले बुराई छुआछूत, बाल बिहाव के विरुद्ध लड़ाई लड़िन अउ लोगन मन ला जागरुक करे के काम करिन ।नाचा प्रदर्शन के समय कलाकार मन हा जोश मा आके अंग्रेज सरकार के विरोध मा संवाद घलो बोलके देश प्रेम के परिचय देवय ।अइसने आमदी (दुर्ग) मा मंदराजी के नाचा कार्यक्रम ला रोके बर अंग्रेज सरकार के पुलिस पहुंचगे रिहिस ।

वोहर मेहतरीन, पोंगा पंडित गम्मत के माध्यम ले छुआछूत दूर करे के उदिम, ईरानी गम्मत मा हिन्दू मुसलमान मा एकता स्थापित करे के प्रयास, बुढ़वा बिहाव के माध्यम ले बाल बिहाव अउ बेमेल बिहाव ला रोकना, अउ मरानिन गम्मत के माध्यम ले देवर अउ भौजी के पवित्र रिश्ता के रुप मा सामने लाके समाज मा जन जागृति फैलाय के काम करिस ।

1940 से 1952 तक तक रवेली नाचा दल के भारी धूम रिहिन । सन् 1952 मा फरवरी मा मंड़ई के अवसर मा पिनकापार (बालोद )वाले दाऊ रामचंद्र देशमुख हा रवेली अउ रिंगनी नाचा दल के प्रमुख कलाकार मन ला नाचा कार्यक्रम बर नेवता दिस ।पर ये दूनो दल के संचालक नइ रिहिन। अइसने 1953 मा घलो होइस ।ये सब परिस्थिति मा रवेली अउ रिंगनी (भिलाई) हा एके मा शामिल (विलय) होगे ।एकर संचालक लालू राम साहू बनिस ।मंदराजी दाऊ येमा सिरिफ वादक कलाकार के रुप मा शामिल करे गिस ।अउ इन्चे ले रवेली अउ रिंगनी दल के किस्मत खराब होय लगिस ।रवेली अउ रिंगनी के सब बने बने कलाकार दाऊ रामचंद्र देशमुख द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ देहाती कला विकास मंडल मा शामिल होगे ।पर कुछ समय बाद ही छत्तीसगढ़ देहाती कला विकास मंडल के कार्यक्रम सप्रे स्कूल रायपुर मा होत रिहिस ।ये कार्यक्रम हा गजब सफल होइस ।ये कार्यक्रम ला देखे बर प्रसिद्ध रंगककर्मी हबीब तनवीर हा आय रिहिन ।वोहर उदिम करके रिंगनी रवेली के कलाकार लालू राम साहू, मदन लाल निषाद, ठाकुर राम, बापू दास, भुलऊ राम, शिवदयाल मन ला नया थियेटर दिल्ली मा शामिल कर लिस ।ये कलाकार मन हा दुनिया भर मा अपन अभिनय ले नाम घलो कमाइस अउ छत्तीसगढ़ के लोकनाट्य नाचा के सोर बगराइस ।पर इंकर मन के जमगरहा नेंव रवेली अउ रिंगनी दल मा बने रिहिन ।

एती मंदरा जी दाऊ के घर भाई बंटवारा होगे ।वोहर अब्बड़ संपन्न रिहिन ।वोहर अपन संपत्ति ला नाचा अउ नाचा के कलाकार मन के आव –भगत मा सिरा दिस ।दाऊ जी हा अपन कलाकारी के सउक ला पूरा करे के संग छोटे छोटे नाचा पार्टी मा जाय के शुरु कर दिस ।धन दउलत कम होय के बाद संगी साथी मन घलो छूटत गिस ।वोकर दूसर गांव बागनदी के जमींदारी हा घलो छिनागे ।स्वाभिमानी मंदरा जी कोनो कुछ नइ काहय ।

मंदराजी दाऊ ला नाचा मा वोकर अमूल्य योगदान खातिर जीवन के आखिरी समय मा भिलाई स्पात संयंत्र के सामुदायिक विकास विभाग द्वारा मई 1984 मा सम्मानित करिस ।अंदर ले टूट चुके दाऊ जी सम्मान पाके भाव विभोर होगे ।

सम्मानित होय के बाद सितंबर 1984 मा अपन दूसर गांव बागनदी के नवापारा( नवाटोला) मा पंडवानी कार्यक्रम मा गिस ।इहां वोकर तबियत खराब होगे ।वोला रवेली लाय गिस ।24 सितंबर 1984 मा नाचा के ये पुजारी हा अपन नश्वर शरीर ला छोड़के सरग चल दिस ।

स्व. मंदरा जी दाऊ हा एक गीत गावय –

दौलत तो कमाती है दुनिया पर नाम कमाना मुश्किल है.दाऊ जी हा अपन दउलत गंवा के नांव कमाइन।

मंदराजी के जन्म दिवस 1 अप्रैल के दिन हर साल 1993 से लगातार मंदरा जी महोत्सव आयोजित करे जाथे ।1992 मा ये कार्यक्रम हा कन्हारपुरी मा होय रिहिस ।जन्मभूमि रवेली के संगे संग कन्हारपुरी मा घलो मंदराजी दाऊ के मूर्ति स्थापित करे गेहे ।वोकर सम्मान मा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लोक कला के क्षेत्र मा उल्लेखीन काम करइया लोक कलाकार ला हर साल राज्योत्सव मा मंदराजी सम्मान ले सम्मानित करे जाथे ।नाचा के सियान मंदराजी दाऊ जी ला उंकर जयंती म शत् शत् नमन हे। विनम्र श्रद्धांजलि।

**–ओमप्रकाश साहू 'अंकुर'**
**सुरगी ( हाई स्कूल के पास )**

## यूरोप अमेरिका के समर्थन के बिना यूक्रेन में सेना नहीं भेज सकता : स्वीडन

**वाशिंगटन।** स्वीडन के रक्षा मंत्री पाल जॉनसन ने कहा है कि यूरोपीय नेता इस बात पर सहमत हैं कि सुरक्षा गारंटी प्रदान करने के लिए यूक्रेन में सेना भेजना अमेरिका के समर्थन के बिना संभव नहीं होगा। श्री जॉनसन ने समाचार पत्र 'ली फिगारो' से कहा कि यह हमारे द्वारा निकाले गए निष्कर्षों में से एक है।सेना भेजने पर चर्चा प्रारंभिक चरण में है क्योंकि यूक्रेन और रूस शांति समझौते पर नहीं पहुंचे हैं। श्री जॉनसन ने कहा कि हमारी चर्चा का एक महत्वपूर्ण पहलू इस तरह के मिशन के लिए सख्त नियमों को परिभाषित करना है। स्पष्टता की अभी भी आवश्यकता है।

# देश विदेश

# म्यांमार की मदद के लिए भेजा जाएगा फील्ड अस्पताल : विदेश मंत्रालय



**नई दिल्ली,** 29 मार्च, (एजेंसियां)। म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत अपने पड़ोसी की सहायता करने की हर संभव कोशिश कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत नई दिल्ली ने पड़ोसी देश में दो नौसैनिक जहाज भेजे हैं, जबक इसी दिन बाद एक फील्ड अस्पताल को एयर लिफ्ट कर म्यांमार भेजा जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक ब्रीफिंग में कहा कि इस मानवीय सहायता अभियान के तहत दो और भारतीय नौसैनिक जहाज वहां पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि विमान के जरिए भेजी जा रही मानवीय सहायता के अलावा, आगरा से 118 सदस्यों वाला एक फील्ड अस्पताल के शनिवार को बाद में रवाना होने की उम्मीद है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से बात की। उन्होंने कहा कि भारत इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।एक्स पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा कि म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में हुई मौतों पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

## म्यांमार की मदद के लिए तैयार है एनडीआरएफ : पीयूष आनंद



**कोलकाता।** म्यांमार और थाईलैंड में शुक्रवार को आए उच्च तीव्रता वाले भूकंप के कारण जानमाल का काफी नुकसान हुआ है। म्यांमार में ही एक हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। इस आपदा को देखते हुए भारत की एनडीआरएफ की टीमें भी सक्रिय हो गई हैं। एनडीआरएफ के डीजी ने कोलकाता स्थित सेकेंड बटालियन का दौरा किया। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के महानिदेशक पीयूष आनंद ने कहा कि टीमें तैयार हैं और जब भी सरकार आदेश देगी, तो हम यहां से कूच करेंगे। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के महानिदेशक पीयूष आनंद ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि मैं कोलकाता के दौरे पर हूं और यहां अधिकारियों से मुलाकात की और जो ऑपरेशन चलाए गए उसका रिव्यू किया है। पिछले दो दिनों का यह दौरा काफी सकारात्मक रहा है और कई चीजें भी देखने को मिली हैं। एफएम/

## द. कोरिया का 20 लाख डॉलर की मानवीय सहायता का ऐलान

**सोल।** दक्षिण कोरिया ने विनाशकारी भूकंप से प्रभावित म्यांमार के लोगों की मदद के लिए 20 लाख डॉलर की सहायता देने की योजना बनाई। सोल के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि हमने म्यांमार में भूकंप से हुई क्षति की जल्द भरपाई के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन के जरिए 20 लाख डॉलर की मदद देने का फैसला किया है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, मंत्रालय ने कहा कि वह म्यांमार की स्थिति के आधार पर, अगर जरूरत पड़ी तो और मदद देने पर विचार करेगा। म्यांमार की राज्य प्रशासन परिषद की सूचना टीम के अनुसार, म्यांमार में आए भूकंप में कम से कम 1,002 लोग मारे गए, 2,376 घायल हुए और 30 लोग लापता हैं।

## नेपाल में कर्फ्यू हटा, हिंसा के बाद 51 राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

**काठमांडू,** 29 मार्च (एजेंसियां)। नेपाल के बानेश्वर-टिंकुने और आसपास के इलाकों में शनिवार को तनाव कम होने के बाद कर्फ्यू हटा लिया गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अब तक 51 लोगों पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया गया है, जिनमें अधिकतर शीर्ष राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारी हैं। इनमें राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा, महासचिव धवल शमशेर राणा, स्वागत नेपाल, शेफर्ड लिम्बू, संतोष तमांग और कुछ अन्य नेता शामिल हैं। नेपाल की पुलिस ने काठमांडू के तिनकुने में हुए राजशाही समर्थक प्रदर्शनों के बाद गिरफ्तारियां तेज कर कर दी हैं।

राजशाही समर्थक प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में शुक्रवार को लोगों की मौत हुई, निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और आगजनी की गई। नेपाल के गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने काठमांडू पोस्ट को बताया कि आगजनी, बर्बरता, हत्याओं के कारण राजतंत्रवादियों के प्रति जनता की सहानुभूति और समर्थन में काफी कमी आई। अधिकारी ने कहा कि हिंसा के बाद विभिन्न हिंदू समर्थक और राजतंत्र समर्थक समूहों के बीच गहरे मतभेद की आशंका है। लेकिन, हम उनकी गतिविधियों को रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे। बता दें शुक्रवार को जिला प्रशासन



■ नेपाल पुलिस ने काठमांडू के तिनकुने में हुए राजशाही समर्थक प्रदर्शनों के बाद गिरफ्तारियां तेज की

की ओर से कर्फ्यू लगाया गया था, क्योंकि सुरक्षाकर्मियों और राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पों में दो लोगों की मौत हो गई थी और 45 अन्य घायल हो गए थे। प्रदर्शनकारी नेपाल में समाप्त राजशाही की बहाली की मांग कर रहे थे।

## सुडोकू 6867


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | 2 | 7 | 3 | |
| | | 1 | | 9 | | | | |
| 5 | | | | | 4 | 1 | | |
| 8 | | | 6 | | | | | 2 |
| | 3 | 4 | | | | 6 | 7 | |
| 7 | | | | | 1 | | | 8 |
| | | 9 | 7 | | | | | 3 |
| | | | | 1 | | 8 | | |
| | 8 | 2 | 4 | | | | 5 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6867



**बायें से दायें:-**

१. समय सारिणी (टाईम टेबल)
४. तकलीफदेह
६. किसी वस्तु का टूटा हुआ भाग
७. राजा, हुकूमत करने वाला
८. परखने वाला, जांचने वाला, रवैया, रीति-रिवाज
११. शाश्वत, सत्य, नित्य, अनादि, प्राचीन
१३. सुबह, भोर
१४. सशक्त, तीव्र
१५. दोष, ऐब, बुराई
१७. टिकना, ठहरना, स्थायी रूप से निवास करना
१९. समूह, संघ, दल, सभा समिति विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघहित संस्था, एकत्र होना
२१. पानी में पैदा होने वाला
२२. नकल उतारने वाला (उर्दू)
२४. नकार देने या हुंकार करने योग्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. वह स्थान जहां से यंत्रों आदि की सहायता से ग्रहों आदि का पर्ववेक्षण किया जाता है
२. अशक्त होना, विवश होना (मुहावरा)
३. कड़वी और अप्रिय बात
४. कठोरता,
५. आंखों के सामने
९. कतराना, बचकर किनारे से निकल जाना (मुहावरा)
११. प्राणवान, जानदार
१२. युवक, जवान
१३. मांग, चाह, इच्छा (उर्दू)
१४. मूर्ति
१५. जिसका निवारण न किया जा सके, अदद, अत्यावश्यक
१६. पूज्य, पुरुष, बड़ा, बुजुर्ग
१८. कामयाब
१९. विहान, भोर
२०. जन्मदाता
२३. चित्कार (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6866



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6867 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 8 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 | 9 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 9 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 9 | 3 | 8 | 7 | 4 | 1 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 | 9 | 2 |
| 9 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 6 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 8 |
| 4 | 6 | 9 | 7 | 8 | 5 | 2 | 1 | 3 |
| 3 | 5 | 7 | 2 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 |
| 1 | 8 | 2 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 | 7 |

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 30 मार्च, 2025 चैत्र शुक्ल पक्ष 1

### राशिफल

मेष - कम समय में अधिक लाभ पाने के विचार में आप फंस सकते हैं। कोर्ट-कचहरी के विषय में न पड़ने की सलाह आपको दी जाती है। स्थायी संपत्ति के काम भी टालना होंगे। मानसिक रूप से आप की एकाग्रता में कमी रहेगी।

वृषभ - गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। कोई नए दोस्त मिल सकते हैं। व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। दोपहर के बाद रिश्तों में ज़रा संभलकर चलें।

मिथुन - आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। व्यापार में लाभ होगा।

कर्क - आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा।

सिंह - आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा।

कन्या - सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है।

तुला - आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें।

वृश्चिक - मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हो। विद्यार्थी आज अभ्यास और कॅरियर के मामले में सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

धनु - पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। माता का स्वास्थ्य खराब रहेगा। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। दोपहर के बाद आप के स्वभाव में भावुकता बढ़ सकती है।

मकर - आज कोई महत्वपूर्ण डिसीजन आप ले पाएंगे। मित्रों और प्रियपात्र के साथ मुलाकात सुखद होगी। कोई छोटी यात्रा का आयोजन हो सकता है। भाइयों के साथ संबंधों में निकटता आएगी।

कुंभ - आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। नकारात्मक विचार से आपका मन दुखी हो सकता है।खान-पान में भी संयम बरतें। दोपहर के बाद आप वैचारिक स्थिरता के साथ सभी कार्यों को आसानी से पूरा कर पाएंगे।

मीन - आज आपके घर में धार्मिक कार्य होंगे। परिवार में आनंदमय वातावरण रहेगा। काम में सफलता मिलेगी। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नए काम के लिए दिन शुभ है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## द. कोरिया के दक्षिण-पूर्वी इलाकों में फिर भड़की आग, मरने वालों की संख्या 30

**अंडोंग,** 29 मार्च (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में लगी आग रात में फिर भड़क उठी। अग्निशमन अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आग बुझाने के लिए अग्निशमन हेलीकॉप्टर भेजे गए हैं। ग्योंगबुक फायर सर्विस मुख्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि सियोल से लगभग 190 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में उत्तरी ग्योंगसांग प्रांत में स्थित अंडोंग में शुक्रवार रात करीब 10 बजे धुआं उठने की खबरें आनी शुरू हो गई थीं। वन अधिकारियों का मानना है कि शनिवार सुबह करीब 3 बजे आग फिर से भड़क उठी। कोरिया एक्सप्रेसवे कॉरपोरेशन ने सुबह 5 बजे पास के एक राजमार्ग के एक हिस्से को बंद कर दिया और सुबह 9 बजे से ठीक पहले इसे फिर से खोल दिया। वाहन पहाड़ी इलाकों तक नहीं पहुंच पा रहे थे, इसलिए आग पर काबू पाने के लिए 11 हेलीकॉप्टर बुलाए गए। अधिकारियों ने बताया कि अंडोंग के दक्षिण में स्थित यूइसोंग सहित प्रांत के अन्य हिस्सों में भी आग फिर से भड़क गई है।



## बलूचिस्तान में पाक सरकार के खिलाफ आयोजित में रैली में विस्फोट, 6 घायल

■ पुलिस ने महरंग बलूच और सम्मी दीन बलूच सहित कई बीवाईसी नेताओं को हाल ही में गिरफ्तार किया है



**बलूचिस्तान,** 29 मार्च (एजेंसियां)। बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में शनिवार को की बलूचिस्तान नेशनल पार्टी (बीएनपी) की रैली में हुए आत्मघाती विस्फोट में कम से कम छह लोग घायल हो गए। पार्टी ने आरोप लगाया कि यह पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ उनके विरोध को दबाने का एक 'असफल प्रयास' था। इस बीच, बीएनपी के 250 से अधिक कार्यकर्ताओं को भी गिरफ्तार किया गया, जो बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) के नेताओं और कार्यकर्ताओं की अवैध हिरासत के खिलाफ क्वेटा तक शांतिपूर्ण लंबे मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। बता दें पुलिस ने महरंग बलूच और सम्मी दीन बलूच सहित कई बीवाईसी नेताओं को हाल ही में गिरफ्तार किया है। धमाके की निंदा करते हुए बीएनपी प्रमुख अख्तार मेंगल ने एक्स पर लिखा, हमारे विरोध को एक बार फिर नाकाम बनाने का असफल प्रयास। अल्हमदुल्लाह, मैं सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सुरक्षित हूं। विस्फोट में कई लोग घायल हो गए, जिनमें हमलावर का पीछा करने वाले लोग भी शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। उनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने स्थानीय मीडिया को बताया कि हमलावर अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल पर आया था।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**सुकमा के उपमपल्ली मुठभेड़ में ...**

सुकमा एवं सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना हुई थी। इस दौरान शनिवार को सुबह 8 बजे से माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच लगातार फायरिंग हुई द्य जिसमे 11 महिला समेत 17 माओवादी मारे गए। मारे गए माओवादियों के कब्जे से भारी संख्या में हथियार व विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया। मारे गए माओवादियों में 7 की शिनाख्ती पुलिस ने कर ली है। अन्य माओवादियों के शिनाख्ती की कार्यवाही जारी है। इस दौरान डीआईजी दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन, पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण, एसपी दंतेवाड़ा गौरव राय, डीआईजी सीआरपीएफ आनंद सिंह, एएसपी उमेश गुप्ता मौजूद रहे।

एके-47, एसएलआर समेत अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद- पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से घटना स्थल से 2 एके-47, 2 इंसास रायफल, 1 एसएलआर रायफल, 4 भरमार, 1 सिंगल शॉट, 1- 0.22 हथियार व 1 देशी कट्टा, बीजीएल सेल, कारतूस, मैगजीन सहित अन्य भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया है।

**87 दिनों में कुल 117 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद :आईजी**

आईजी सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि सरकार के मंशा के अनुसार और जनता की इच्छा के अनुसार पुलिस मुख्यालय के मार्गदर्शन में बस्तर रेंज में तैनात डीआरजी/एसटीएफ/बस्तर फाइटर/कोबरा/सीआरपीएफ/बीएसएफ/आईटीबीपी/सीएएफ एवं अन्य समस्त सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2025 में बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध माओवादी विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप बस्तर संभाग के विभिन्न मुठभेड़ों में साल 2024 में 217 माओवादियों के शव और 2025 के 87 दिनों में कुल 117 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये। उल्लेखनीय है कि सुकमा जिले में वर्ष 2025 में विभिन्न मुठभेड़ों के बाद कुल 22 नक्सली शव बरामद किए गए थे।

**नक्सलवाद के विरुद्ध ...**

को पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त करना है। यह निर्णायक मोड़ है, और हम तेजी से इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ जल्द ही नक्सलवाद के दंश से पूरी तरह मुक्त होगा।मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति, विकास और विश्वास बहाली के लिए संकल्पबद्ध है।

**पीएम मोदी के आर्थिक सुधारों से ...**

भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएगा। प्रदेश के 3,000 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स इसमें भागीदार बनेंगे। आईसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने संस्था की स्थापना (1949) से लेकर अब तक की विकास यात्रा की जानकारी दी। उन्होंने चार्टर्ड एकाउंटेंट के कार्य से जुड़ी चुनौतियों और दायित्वों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि देश के सभी सीए मिलकर प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के सपनों को साकार करने में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी सीए अमित चिमनानी, सीए पंकज शाह, सीए अभय छाजेड़, सीए विकास गोलछा सहित आईसीएआई के रायपुर, भिलाई, बिलासपुर और रायगढ़ ब्रांच के सदस्य उपस्थित थे।

**कोयला घोटाले में ...**

तत्कालीन संचालक आईएएस समीर बिश्नोई ने इसके लिए 15 जुलाई 2020 को आदेश जारी किया था। इसके लिए सिंडिकेट बनाकर वसूली की जाती थी। पूरे घोटाले का मास्टरमाइंड कोयला व्यापारी सूर्यकांत तिवारी को माना गया था।

**NECC**

| 30.03.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 450 | 68 | 175 |
| चिल्हर | 6 | 90 | 200 |

डिलीवरी 465 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

## आज का इतिहास

1030- गजनवी वंश के पहले स्वतंत्र शासक सुल्तान महमूद का निधन।
1598- अमेरिका में पहली बार थियेटर का आयोजन।
1789- जॉर्ज वॉशिंगटन सर्वसम्मति से अमेरिका के पहले राष्ट्रपति चुने गए।
1870- भारतीय सिनेमा के पितामह धुंदीराज फाल्के उर्फ दादा साहब फाल्के का जन्म।
1908- खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर में किंग्सफोर्ड के मजिस्ट्रेट की हत्या करने के लिए बम फेंका, लेकिन दो बेगुनाह बम की चपेट में आकर मारे गए।
1945- जर्मन तानाशाह हिटलर एवं उसकी पत्नी इवा ब्राउन ने आत्महत्या की।
1956- अमेरिका के पूर्व उप राष्ट्रपति एल्बेन बार्कली की वर्जीनिया में एक भाषण के दौरान मौत।
1973- अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने देश के राष्ट्रपति के नाते वॉटरगेट कांड की ज़िम्मेदारी ली हालांकि उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वह निजी तौर पर इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं।
1975- वियतनाम युद्ध का अंत हुआ। तीन दिन के सत्तारूढ़ राष्ट्रपति दुओंग वैन मिन्ह ने अपनी सेनाओं से समर्पण करने और उत्तरी वियतनामियों से हमले रोकने को कहा।
1991- बांग्लादेश में भीषण चक्रवात में सवा लाख से अधिक लोगों की मौत और 90 लाख लोग बेघर।
1993- जर्मनी के हैम्बर्ग शहर में एक मैच के दौरान उस समय की दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी मोनिका सेलेज़ को छुरा मारकर घायल कर दिया गया।
2008- चालक रहित विमान 'लक्ष्य' का ओडिशा के बालासोर जिले के चांदीपुर समुद्र तट से सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।
2020- अभिनता ऋषि कपूर का निधन।

**आफत** *कई छोटे शहरों में 100 से ज्यादा घर बाढ़ में डूबे*

## ऑस्ट्रेलिया के सुदूर इलाकों में बाढ़, लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया

**सिडनी, 29 मार्च (एजेंसियां)। उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में भारी बाढ़ आई है और इस स्थिति में लोगों को हवाई जहाज से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। रिकॉर्ड तोड़ बारिश के कारण क्वींसलैंड राज्य के बाहरी इलाकों में ब्रिस्बेन से 1,000 किलोमीटर पश्चिम में स्थित कई छोटे शहरों में 100 से ज्यादा घर बाढ़ में डूब गए हैं। मौसम विज्ञान ब्यूरो (बीओएम) ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण बाढ़ चेतावनी जारी की। इसमें बताया गया कि उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के इस क्षेत्र में बाढ़ का जलस्तर 1974 के रिकॉर्ड को पार कर चुका है।**

बाढ़ के कारण सड़क मार्ग से संपर्क टूट जाने के बाद, अडावले और जुंडाह के छोटे शहरों के लोग और कई दूरदराज के इलाके के लोग हवाई जहाज से सुरक्षित स्थानों पर भेजे गए। मवेशीपालक ज्योफ लॉयड उनके घर से हवाई जहाज से निकाला गया था। उन्होंने नाइन नेटवर्क को बताया कि इस क्षेत्र में होने वाला नुकसान 'भयावह' है। उन्होंने कहा कि मैं 30 सालों से उस नदी पर नाव चलाता और रहता हूं, और यह ऐसा हालात हैं जो हमने कभी नहीं देखे। यह क्षेत्र ऑस्ट्रेलिया के सबसे महत्वपूर्ण पशुपालन क्षेत्रों में से एक है। लॉयड ने कहा कि स्थानीय हेलीकॉप्टर पायलट लोगों और मवेशियों की जान बचाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे, लेकिन उनके पास विमानन ईंधन की कमी हो रही थी। ब्रिस्बेन में आम चुनाव अभियान के दौरान बोलते हुए



**मैं 30 सालों से उस नदी पर नाव चलाता रहता हूं, और यह ऐसे हालात हैं जो हमने कभी नहीं देखे : ज्योफ लॉयड, मवेशीपालक**

प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित मवेशियों के लिए हवाई मार्ग से चारा गिराने के लिए संघीय और राज्य सरकारों ने 2.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (1.57 मिलियन डॉलर) की राशि आवंटित की है। उन्होंने कहा कि हम ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल सहित जो भी संसाधन उपलब्ध होंगे, उनका उपयोग करेंगे, यह संभव है कि वे कुछ कार्यों में सहायता करें। शनिवार सुबह तक, क्षेत्र की आठ नदियों और दो खाड़ियों के लिए बड़ी बाढ़ की चेतावनी जारी कर दी थी। प्रभावित क्षेत्र के लोगों से हवाई मार्ग से निकासी की व्यवस्था करने के लिए अधिकारियों से संपर्क करने का आग्रह किया गया है।

## दुनिया को जानें

### यूरोप अमेरिका के समर्थन के बिना यूक्रेन में सेना नहीं भेज सकता : स्वीडन

**वाशिंगटन,** 29 मार्च (एजेंसियां)। स्वीडन के रक्षा मंत्री पाल जॉनसन ने कहा है कि यूरोपीय नेता इस बात पर सहमत हैं कि सुरक्षा गारंटी प्रदान करने के लिए यूक्रेन में सेना भेजना अमेरिका के समर्थन के बिना संभव नहीं होगा। श्री जॉनसन ने समाचार पत्र 'ली फिगारो' से कहा कि यह हमारे द्वारा निकाले गए निष्कर्षों में से एक है।सेना भेजने पर चर्चा प्रारंभिक चरण में है क्योंकि यूक्रेन और रूस शांति समझौते पर नहीं पहुंचे हैं। श्री जॉनसन ने कहा कि हमारी चर्चा का एक महत्वपूर्ण पहलू इस तरह के मिशन के लिए सख्त नियमों को परिभाषित करना है। स्पष्टता की अभी भी आवश्यकता है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को पेरिस में, 'इच्छुक गठबंधन' के शिखर सम्मेलन की मेज़बानी करने के बाद कहा कि कई देशों ने यूक्रेन में 'निरोधक बल' के रूप में सैनिक भेजने की इच्छा जताई है, और ब्रिटेन-फ्रांसीसी पहल न तो यूक्रेनी सैनिकों का विकल्प होगी, न ही शांति सैनिकों की ताकत होगी।इसका लक्ष्य रणनीतिक स्थानों पर सेना तैनात करके रूस को रोकना होगा। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने ग्यारह मार्च को कहा था कि यूक्रेन में शांति सैनिकों की संभावित तैनाती का प्रस्ताव यूक्रेनी अधिकारियों को बचाने का प्रयास प्रतीत हो रहा है।

# कलेक्टर ने गुजरा पहुंच शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानी



**धमतरी, 29 मार्च (देशबन्धु)।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज कुरूद विकासखण्ड के गुजरा गांव पहुंचकर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानी। उन्होंने जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव, ग्राम सरपंच दुर्गेश्री और अन्य अधिकारियों के साथ पैदल ही गांव का चक्कर लगाया और गांव में शासकीय योजनाओं का लाभ लेने वाले हितग्राहियों से तक पहुंचकर जानकारी ली। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे मकानों के हितग्राहियों से भी मुलाकात की। उन्होंने इस योजना के तहत अब तक मिली राशि की जानकारी हितग्राहियों से ली। कलेक्टर ने निर्माणाधीन मकानों को जल्द से जल्द पूरा कराने के लिए आवास मित्रों और अधिकारियों को हितग्राहियों का सहयोग करने को कहा। अधिकारियों ने कलेक्टर को बताया कि गांव में स्वीकृत आवासों में से 15 आवासों का काम पूरा हो गया है। जल्द ही इनके परिजनों को गृह प्रवेश के लिए भी सहायता दी जाएगी। अधिकारियों ने यह भी बताया कि गांव में लगभग पांच मकानों का काम पूर्णता की ओर है। प्लास्टर और फिनिशिंग का काम लगभग एक सप्ताह में पूरा हो जाएगा।

- **प्रधानमंत्री आवास का काम तेज करने के लिए निर्देश**
- **ऊंची जगहों पर बने मकानों में भी पहुंचेगा नल से पानी**

गांव के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पीने के पानी की आपूर्ति, निस्तारी की व्यवस्था और जल जीवन मिशन के तहत किए गए कामों की जानकारी ली। मौजूद सरपंच दुर्गेश्री ने बताया कि गांव में 546 मकानों में नल लगाए जा चुके हैं और इनमें पर्याप्त मात्रा में सुबह-शाम पानी की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने गांव के ऊंचे जगहों पर बने लगभग 40-45 घरों में लगे नलों में पानी नहीं आने की भी जानकारी दी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने मौके पर मौजूद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को इन जगहों पर तकनीकी जांच कर सभी घरों में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सरपंच ने यह भी बताया कि गांव में 80 किलोलीटर और 40 किलोलीटर की दो टंकियों के माध्यम से पानी की आपूर्ति घर-घर की जा रही है।

कलेक्टर ने गांव में ही प्रधानमंत्री मुद्रा लोन से लाभान्वित हितग्राहियों से भी चर्चा की। उन्होंने मुख्य सड़क पर स्थित साहू होटल की संचालक से बात की और उनसे व्यवसाय में आने वाली परेशानियों की जानकारी ली। संचालिका ने बताया कि सरकारी लोन पर यह होटल शुरू की थी। धीरे-धीरे करके लोन की किश्त पटा दी गई हैं। मुख्य सड़क पर होने के कारण होटल से चाय, नाश्ता, समोसा आदि का अच्छा व्यवसाय हो जाता है। कलेक्टर ने होटल संचालिका को अपनी शुभकामनाएं दीं। श्री मिश्रा ने गुजरा में ही मुद्रा लोन लेकर सीमेंट पोल और पॉट निर्माण इकाई लगाने वाले महिला समूह की सदस्यों से भी मुलाकात की। उन्होंने महिलाओं से उनके व्यवसाय के बारे में पूछा। महिलाओं ने बताया कि मुद्रा लोन से सीमेंट पोल बनाने का काम शुरू करने के बाद जीवन शैली बेहतर हुई है। खेतों में फेंसिंग करने से लेकर रोडकिनारे लगाने और अन्य दूसरे लोगों द्वारा भी सीमेंट के पोल खरीदे जाते हैं। सीमेंट के गमले और पॉट की भी धमतरी, भखारा, कुरूद, रायपुर तक अच्छी मांग है। कलेक्टर ने इन महिलाओं का भी हौसला बढ़ाया और उनका व्यवसाय बढ़ाने के लिए हरसंभव मदद करने के निर्देश आजीविका मिशन के अधिकारियों को दिए।

# निरई माता दर्शन करने लाखों पुरुषों का कल लगेगा मेला

**मगरलोड, 29 मार्च (देशबन्धु)।** धमतरी जिला के विकासखंड मगरलोड से 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पैरी नदी के तट पर सुदूर वनांचल ग्राम मोहेरा के आश्रित ग्राम निरई में प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्रि के प्रथम रविवार को दुर्लभ पहाड़ी में विराजमान माता निरई का बिना ज्योत जलाये अपने आप दिव्य ज्योति का दर्शन करने यहां पर लाखों पुरुषों का मेला प्रतिवर्ष लगता है सुबह 4 बजे से 10 बजे तक मां का दिव्य ज्योति का दर्शन किया जा सकता है यहां महिलाओं का आना पूर्णत-वर्जित है एवं शराबियों पर मधुमक्खियां हमला करते है



पूजा स्थल पर कोई प्रतिमा नहीं है मां का अदृश्य रूप ही श्रद्धालुओं के लिए विश्वास के साथ उसकी हर मनोकामना पूर्ण होता है यहां कई वर्षो से मान्यता है की पूजा स्थल पर गुलाल बंधन नहीं चढ़ाया जाता यहां माता को चढ़ाए गए सोने चांदी को भी किसी के द्वारा नहीं ले जाया जाता चैत्र नवरात्रि के प्रथम रविवार को यहां लाखों पुरुषों का मेला लगता है एवं इस जगह पर छत्तीसगढ़ के कोने-कोने जिसमें बस्तर जगदलपुर कांकेर धमतरी महासमुंद बालोद रायपुर गरियाबंद बागबाहरा उड़ीसा से भी लोग इस निरई मां की दिव्य ज्योति के दर्शन के लिए उमड़ पड़ते हैं और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण कर मनवांछित फल को प्राप्त करते हैं यहां बिना तेल के मां का दिव्य ज्योति अपने आप प्रज्वलित होती है यह अदृश्य शक्ति अपने आप में आज तक रहस्य बना हुआ है यहां का प्रसाद महिलाओं को नहीं दी जाती इस स्थल में महिलाएं बिल्कुल प्रवेश वर्जित है मां का दिव्य ज्योति दर्शन करने के बाद नीचे स्थान पर भेंट पूजा लोग अपनी अपनी मन्नत के अनुसार चढ़ाते हैं निरई माता के नाम पर मोहेरा के मालगुजार द्वारा 5 - 6 एकड़ की जमीन दान दी गई है जिससे उसके पूर्वजों द्वारा माता की पूजा अर्चना में आमदनी का खर्च की जाती है इस स्थल पर आज तक मंदिर नहीं बनाया गया है मेला स्थल को ध्यान में रखते हुए मगरलोड पुलिस पूरी सुरक्षा के लिए तैनात रहते हैं साल में एक बार चैत्र नवरात्रि के प्रथम रविवार को यह दिव्या दरबार खुलने के कारण लाखों पुरुषों का मेला इस स्थल पर लगता है और लोग अपनी-अपनी श्रद्धा अनुसार मनोकामना पूर्ण करते हैं।

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RATNA KUMARI D/O MAHAVIR PRASAD resident of VILLAGE DHARAMPURA, BEHIND HOUSING SOCIETY DHARAMPURA KRISHAKNAGAR RAIPUR (C.G.) 492012 have changed my old name RATNA KUMARI D/O MAHAVIR PRASAD so in future I should be recognized by my new name that is ANANDA RATNADIIPA D/O MAHAVIR PRASAD in all Government and other documents.

**ANANDA RATNADIIPA**
VILLAGE DHARAMPURA, BEHIND HOUSING SOCIETY DHARAMPURA KRISHAKNAGAR RAIPUR (C.G.) 492012

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RANBIR SINGH S/O GURUSEVAK SINGH resident of CH- 352 VEER SAVARKAR NAGAR HIRAPUR RAIPUR (C.G.) have changed my old name RANBIR SINGH S/O GURUSEVAK SINGH so in future I should be recognized by my new name that is RANVEER SINGH GONDARA S/O GURUSEVAK SINGH GONDARA in all Government and other documents.

**RANVEER SINGH GONDARA**
CH- 352 VEER SAVARKAR NAGAR HIRAPUR RAIPUR (C.G.)

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I NEEL AGRAWAL S/O VISHWASH AGRAWAL resident of 888 LAKHE NAGAR NEAR CHHAPAN BHOG HOTEL RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name NEEL AGRAWAL S/O VISHWASH AGRAWAL so in future I should recognized by my new name that is NEEL AGRAWAL S/O VISHWAS AGRAWAL in all government and other documents.

**NEEL AGRAWAL**
888 LAKHE NAGAR NEAR CHHAPAN BHOG HOTEL RAIPUR (C.G.) 492001

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर
### फर्द-बंटवारा

रा.प्र.क्र./202501116400002/अ-27/2024-2025
ग्राम देवपुरी प.ह.नं. 73, रायपुर, दिनांक 20.03.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक स्वरूपचंद रात्रे पिता बुधुराम रात्रे निवासी महिन्द्रा शोरूम के पीछे देवपुरी थाना टिकरापारा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम देवपुरी प.ह.नं. 73 रा.नि.मं. रायपुर 10 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 237/4 रकबा 0.0570 हे. एवं खसरा नंबर 238/3 रकबा 0.0170 भूमि आवेदक एवं अनावेदक के नाम पर संयुक्त रूप से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक एवं अनावेदक आपस में दोनों सगे भाई है, आवेदक एवं अनावेदक दोनों के बीच सम्पत्ति में विवाद का कारण बना हुआ है और भविष्य में विवाद न रहे इसलिए अपने हक के भूमि के बराबर-बराबर भाग में बंटवारा करवाना चाहता है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का खाता विभाजन किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। उपरोक्त संदर्भित विषयांतर्गत ग्राम देवपुरी प.ह.नं. 73 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 237/4 रकबा 0.0570 हे. एवं खसरा नंबर 238/3 रकबा 0.0170 हे. के खाता विभाजन हेतु हल्का पटवारी ग्राम देवपुरी द्वारा आवेदकगण पक्ष के बताए अनुसार खाता विभाजन किया गया। उपरोक्तानुसार फर्द बंटवारा निम्नानुसार है:-

ग्राम-देवपुरी प.ह.नं. 73 रा.नि.मं. रायपुर-10 तहसील व जिला रायपुर छ.ग., खसरा नंबर 237/4 रकबा हे. 0.0570, 2383 रकबा हे. 0.0170, फर्द बंटवारा पश्चात खातेदारों का नाम-स्वरूपचंद रात्रे, योगेश्वर रात्रे दोनों पिता स्व. बुधुराम रात्रे भूमिस्वामी कृषि भूमि, खसरा नंबर 237/4 का भाग रकबा हे. 0.285, 238/3 का भाग रकबा हे. 0.0085, 237/4 का भाग रकबा 0.0285, 236/3 का भाग रकबा 0.0085, फर्द बंटवारा पश्चात खातेदारों का नाम पक्ष क्रमांक 01 स्वरूपचंद रात्रे पिता स्व. बुधुराम, पक्ष क्रमांक 02. योगेश्वर रात्रे पिता-स्व. बुधुराम टीप- 01. खसरा नंबर 237/4 रकबा 0.0570 हे. में एक तरफ बाउन्ड्रीवाल तथा खसरा नंबर 2383 रकबा 0.0170 हे. में मकान निर्मित है। 02. दोनों पक्षकारों की सहमति से फर्द बंटवारा बनाया गया है।

अतः आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 15.04.2025 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 20.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं निशिता वर्मा पिता सुन्दर सिंह वर्मा पता-प्लाट नं. 692, शिशिर कुंज, सुंदर नगर रायपुर (छ.ग.)-492013 यह शपथ करती हूं कि मैं विवाह पश्चात् अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम निशिता सिंह वर्मा पति पृथ्वी सिंह पता-प्लाट नं. 692, शिशिर कुंज, सुंदर नगर रायपुर (छ.ग.)-492013 रख ली हूं।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम निशिता सिंह वर्मा पति पृथ्वी सिंह के नाम से ही जाना पहचाना जावे।

**शपथकर्ती**
**निशिता सिंह वर्मा**
पता-प्लाट नं. 692, शिशिर कुंज, सुंदर नगर रायपुर (छ.ग.)-492013

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
### ईश्तहार

**पत्र क्र./18536/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025**
**रायपुर, दिनांक 25.03.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 18536**
**वार्ड का नाम- 55-रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651D00049 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SONALI GUPTA पिता/पति श्री/श्रीमती SANDEEP GUPTA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SANDIP GUPTA पिता/पति श्री/श्रीमती S/o SHRI RAM MOHAN GUPTA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन (10)**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपूर्वा वर्मा सुपुत्री डॉ. अनूप वर्मा निवासी पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.), विवाहोपरान्त अब मेरा नाम अपूर्वा श्रीवास्तव W/o श्री अभिनव श्रीवास्तव, म.नं. 69 सेक्टर-2, गीतांजली नगर, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) हो गया है। अतः आज से ही समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मुझे मेरे नये नाम अपूर्वा श्रीवास्तव, पति अभिनव श्रीवास्तव से ही जाना पहचाना जाये।

**अपूर्वा श्रीवास्तव**
**म. नं. 69. सेक्टर-2**
**गीतांजली नगर,**
**पिन 492007, रायपुर (छ.ग.)**

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
### विविध कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

**क्र.सं. (1) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-09-25-26, दिनांकः 20.03.2025**

**कार्यः** बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता /पूर्व/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत चिन्हित स्थानों पर हैवी ड्यूटी हाईट गेजों का प्रावधान। **निविदा मूल्य (रू.): 76,35,056/-, अमानत राशि (रू.): 1,52,700/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह।**

**क्र.सं. (2) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-10-25-26, दिनांकः 20.03.2025**

**कार्यः** बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता /पूर्व/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत मेंन लाइन में मुख्य पुल संख्या 46 डाउन एवं 54 अप तथा ब्रांच लाइन में मुख्य पुल संख्या 63 अप एवं 63 डाउन पर सीएफआरपी (कार्बन फाइबर प्रबलित पॉलीमर) प्रदान करके टूटे हुए खंभो को मजबूत करना।
**निविदा मूल्य (रू.): 6,96,85,983/-, अमानत राशि (रू.): 4,98,400/-, कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह। **निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः** दिनांक 31.03.2025 से, **निविदा जमा की अंतिम तिथिः** दिनांक 14.04.2025 के 11:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

*मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)*
*सीपीआर/10/581 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर*
South East Central Railway @secrail

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-2 तहसील रायपुर, जिला रायपुर
### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम हीरापुर उर्फ जरवाय प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. रायपुर-2 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि के संबंध में आवेदक मो. आसिन पिता मो. युसूफ पिता/पति निवासी मौदहापारा रायपुर के द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 281/115, 781/116 एवं 781/116 रकबा का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय नायब तहसीलदार रायुपर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त न्यायालय नायब तहसीलदार 02 रायपुर के रा.प्र.क्र./अ-12/वर्ष 2024-2025 आदेश दिनांक 10.03.2025 के परिपालन में दिनांक 07.04.2025 को 4 पूर्वाहन पश्चात किया जाना नियत है।

अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर हल्का पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर, दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जाने।
**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-2**

## कार्यालय रा.नि.मं. चंदखुरी तहसील मंदिर हसौद, जिला-रायपुर छ.ग.
### आम सूचना

जारी दिनांक 29.03.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश कुमार देवांगन पिता ईतवारी देवांगन निवासी मुनगी द्वारा आवेदित ग्राम मुनगी प.ह.नं. 02 राजस्व निरीक्षक मंडल चंदखुरी स्थित भूमि खसरा नंबर 977/1 रकबा क्रमशः 0.0836 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद आदेश दिनांक 24.03.2025 के परिपालन में दिनांक 03.04.2025 को समय अपरान्ह 12 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतएव उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 2 के मंदिर हसौद स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

## शपथ-पत्र

मैं रोहित कुमार साहू पिता श्री श्याम लाल साहू निवासी प्रायमरी स्कूल के पास बोरियाखुर्द रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं:-

1. यह कि मेरा नाम रोहित कुमार साहू पिता श्री श्याम लाल साहू है तथा मुझे चन्द्रभानु साहू जो कि मेरा घरेलू नाम है।
2. यह कि मेरे समस्त शासकीय दस्तावेजों में रोहित कुमार साहू उल्लेखित है केवल राजस्व अभिलेख में मेरा नाम चन्द्रभानु साहू उल्लेखित है।
3. यह कि मुझे उक्त दोनों नामों से जाना पहचाना एवं पुकारा जाता है, उक्त दोनों नाम मेरे ही अर्थात एक ही व्यक्ति के है। भविष्य में मेरे उक्त नामों को लेकर किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो इसलिए यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

## न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-बालोद (छ.ग.)
### फार्म - अ
# सार्वजनिक सूचना

**(नियम-6 देखिये)**
**क्रमांक/1422/विवाह अधि./2025**
**बालोद, दिनांक 03.03.2025**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक रामकिशन आ. श्री नरेश, जाति कलार, आयु 23 वर्ष, निवासी ग्राम चिटौद, थाना पुरूर, तहसील गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका घटारानी आ. श्री संतोष, जाति कलार, आयु 18 वर्ष निवासी ग्राम व पो. बरही, थाना व तह. व जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 18/04/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
आगामी तिथि 18/04/2025

सील
**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
**जिला-बालोद (छ.ग.)**

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र-धमतरी
### आम सूचना

**क्रमांक/767/सं.अधि./सं.प्र.शा./2025**
**धमतरी, दिनांक 27/03/2025**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत श्यामतराई, जिला-धमतरी (छ.ग.) में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-94 श्रीमती विनेश्वरी साहू पति श्री किरण कुमार साहू को तत्कालीन कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग-02 रायपुर (छ.ग.) के नामांतरण आदेश (सेलडीड उपरांत) क्रमांक 84, दिनांक 23.07.2010 के माध्यम से आबंटित है। वर्तमान में भवन आबंटी श्रीमती विनेश्वरी साहू पति श्री किरण कुमार साहू द्वारा उक्त भवन को चुकता राशि रू. 12,50,000/- (अक्षरी बारह लाख पचास हजार रूपये मात्र) में नवीन क्रेता श्रीमती कामिनी साहू पति श्री कन्हैया लाल साहू, पता- हॉउसिंग बोर्ड कॉलोनी, श्यामतराई, धमतरी, तह. व जिला-धमतरी (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए विक्रय अनापत्ति/अनुमति पत्र (हह्रष्ट) प्रदान करने हेतु छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-धमतरी कार्यालय में बिक्री इकरारनामा की छायाप्रति, आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति के साथ दिनांक 20.03.2025 को आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तद्‌नुसार उक्त भवन का विक्रय अनापत्ति/अनुमति पत्र (हह्रष्ट) जारी किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति या शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन क्रमांक एल.आई.जी.-94 के विक्रय अनापत्ति/अनुमति पत्र (हह्रष्ट) के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र कार्यालय धमतरी, पता-परिजात हाईट्स, हॉउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हटकेशर, जिला-धमतरी (छ.ग.) में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा-आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात दावा-आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी एवं भवन का विक्रय अनापत्ति/अनुमति पत्र (हह्रष्ट) जारी करने हेतु मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

सील
**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**प्रक्षेत्र-धमतरी**

## कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड

CAPRI GLOBAL CAPITAL LIMITED

पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय :-502, टावर-ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013, सर्किल कार्यालय :-9बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली-110060

### परिशिष्ट प्ट कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को नीचे दिए विवरण के अनुसार मांग सूचना(एं) जारी की थीं, जिनमें उनसे सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्‌द्वारा कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को सामान्य रूप से इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार कर्जदारों पर सीजीसीएल की बकाया राशि तथा उस पर ब्याज का भुगतान करने के बाद ही किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) | मांग सूचना तिथि और राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (ऋण खाता संख्या स्छडम्त्‍।ࢣ000069327 (पुराना) 80300005790833 (नया) रायपुर शाखा) राजू यादव (कर्जदार), श्रीमती रीना यादव, बुधारू यादव, मैसर्स राजू यादव कॉन्टैक्टर (इसके स्वामी के माध्यम से) (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : भूमि एवं भवन खसरा नंबर 177/17, भूमि क्षेत्रफल परिमाप 1100 वर्ग फीट, स्थित : वार्ड नंबर 05, बंजारी माता वार्ड, पीएच नंबर 108 (पुराना)/नया नंबर 39, रामेश्वर नगर, ग्राम भानपुरी, आर.आई.सी. रायपुर, छत्तीसगढ़-493221, चौहद्दी निम्नानुसार : उत्तर : श्री वर्मा की भूमि, दक्षिण : रोड, पूरब : अन्य की भूमि, पश्चिम : रोड | 15-01-2025 रू. 23,62,150/- | 27-03-2025 |

स्थान : रायपुर
तिथि : 30-03-2025

हस्ता./- (प्राधिकृत अधिकारी)
वास्ते कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल)

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मैं अनिल कुमार राठी S/O राधेश्याम राठी निवासी मकान नंबर 162, मिलन चौक, न्यू खुर्सीपार, भिलाई यह शपथ पूर्वक घोषणा करता हु की मैने अपना पुराना नाम अनिल कुमार राधेश्याम राठी पुत्र राधेश्याम राठी त्याग कर नया नाम अनिल कुमार राठी S/O राधेश्याम राठी रख लिया है। अतः आज से मेरे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम अनिल कुमार राठी S/O राधेश्याम राठी से ही जाना पहचाना जावे।

**शपथकर्ता**
**अनिल कुमार राठी**
**घर नंबर 162, मिलन चौक, न्यू खुर्सीपार, भिलाई जिला-दुर्ग, पिन-490011**

## नाम सुधार सूचना

मैं शपथकर्ता अमित जावलकर पिता सुधीर कुमार जावलकर उम्र लग. 42 वर्ष, निवासी- एम.आई.जी.-2/93, एम.पी.हा.बोर्ड, वार्ड नं.51 बोरसी दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ. ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं। यह कि मेरा नाम व पता शीर्षानुसार है। यह कि मेरे शासन द्वारा जारी ड्राइविंग लायसेंस में मेरा नाम ए. जावलकर पिता एस.के. जावलकर अंकित किया गया है जो कि गलत है। मेरा सही व वास्तविक पूरा नाम अमित जावलकर पिता सुधीर कुमार जावलकर है। यह कि अमित जावलकर पिता सुधीर कुमार जावलकर एवं ए. जावलकर पिता एस.के. जावलकर दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं का नाम है जिस संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है। अतः उपरोक्त के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**अमित जावलकर**

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, PALAK BAKHTIYARPURI W/O VISHAL BAKHTIYAR resident of H.NO.-0113, WARD-23, NEAR MAHARASTRA MANDAL DEEPAK NAGAR, DURG, (C.G.) PIN-491001 have changed my old name PALAK BAKHTIYARPURI W/O VISHAL BAKHTIYAR so in future I should be recognized by my new name that is PALAK BAKHTIYAR W/O VISHAL BAKHTIYAR in all Government and other documents.

**PALAK BAKHTIYAR**
H.NO.-0113, WARD-23, NEAR MAHARASTA MANDAL DEEPAK NAGAR, DURG, (C.G.) PIN-491001

## कार्यालय-खुशी कलस्टर संगठन, भैंसा जनपद पंचायत आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
पता-ग्राम-भैंसा, पो.आ. भैंसा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

बिहान

क्रमांक/176/CLF/2024-25 — दिनांक 29.03.2025

### छ.ग. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ``बिहान''
### आई.एफ.सी. एंकर भर्ती हेतु विज्ञापन

एकीकृत फार्मिंग कलस्टर अंतर्गत IFC एंकर ग्रामीण क्षेत्रों के आजीविका संवर्धन हेतु फार्म, ऑफफार्म एवं नानफार्म, आजीविका को महिला स्व. सहायता समूह सदस्यों मुख्यतः महिला किसानों, पशुपालकों के आजीविका स्तर को बढ़ाने हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत कलस्टर संगठन के द्वारा IFC एंकर के आवेदन/बायोडाटा आमंत्रित है। यह भर्ती पूर्णतः अस्थाई रूप से की जावेगी एवं यह पूर्णतः कलस्टर संगठन के अधीन होगी। इसका किसी भी शासकीय, अर्धशासकीय एवं निजी संस्था से कोई संबंध नहीं है।

आवेदन की प्रारंभिक तिथि - 30.03.2025
आवेदन की अंतिम तिथि - 08.04.2025 को समय 03.00 बजे तक केवल ऑनलाइन/ऑफलाइन के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जायेंगे।

**Email id:-cluster.bhensa@gmail.com**

पता- खुशी कलस्टर संगठन भैंसा, ग्राम भैंसा, पोस्ट-भैंसा, विकासखण्ड आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

**IFC एंकर के चयन हेतु आवश्यक अर्हता एवं मापदंड -**

1. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि, उद्यानिकी एवं संबंधित विषय में स्नातक के साथ फील्ड स्तर पर कृषि एवं पशुपालन आधारित आजीविका कार्य का न्यूनतम 01 वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिये।
2. यदि बिन्दु 1 अनुसार उम्मीदवारों की अनुपलब्धता होती है तो शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से नियमित स्नातक डिग्री के साथ ग्रामीण स्तर एवं कृषि संबंधित कार्य का 02 वर्ष का अनुभव वांछित।
3. ग्रामीण परिप्रेक्ष्य एवं मार्केटिंग में कार्यानुभव को प्राथमिकता।
4. आयुसीमा-अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01 जनवरी 2024 की स्थिति में 21 वर्ष से अधिक एवं 45 वर्ष से कम।
5. निवासी- छ.ग. राज्य / जिले का मूल निवासी।

**टीपः**-मानदेय कार्यअनुभव के अनुसार।

अध्यक्ष
खुशी कलस्टर संगठन भैंसा

## बीएससीपीएल आरंग टोलवे लिमीटेड

छुहीपाली किमी 123.206 एवं ढांक किमी 182.636 टोल प्लाजा पर
दिनांक 01.04.2025 (00:00:01 घंटा) से लागु संशोधित उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) दर हेतु जाहिर सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि संशोधित उपयोगकर्ता शुल्क दरो का अनुमोदन स्वतंत्र अभियंता का पत्र दिनांक **18.03.2025** एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग के पत्र दिनांक **27.03.2025** किमी. 88.000 से किमी. 238.335 (उडीसा सीमा से आरंग खण्ड) की रा.रा.-6 (नया रा.रा.-53) के उपयोग के लिए उपयोगकर्ता शुल्क से प्रभावी छुहीपाली टोल प्लाजा पर दिनांक **01.04.2025 (00:00:01 घंटा)** के तहत संशोधित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य के छुहीपाली टोल प्लाजा (महासमुन्द जिले में छुहीपाली गांव के पास, 123.206 किमी पर) एवं ढांक टोल प्लाजा (महासमुन्द जिले में ढांक गांव के पास, 182.636 किमी पर) निम्न दरों से उपयोगकर्ता शुल्क लागू किया जा रहा है निम्न दरों से संशोधित उपयोगकर्ता शुल्क लागु किया जा रहा है:

1. छुहीपाली टोल प्लाजा के लिए उपयोगकर्ता शुल्क दर (किमी 88.000 से किमी 167.895 तक)

| वाहन का प्रकार | एकतरफा यात्रा भाल्क | एक दिवस में वापसी यात्रा भाल्क | पचास यात्राओं के लिए मासीक भाल्क [संदर्भपैरा 5 (ब)] | जिले में पंजीकृत व्यासायीक वाहनों के लिए भाल्क |
|---|---|---|---|---|
| कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन | 130 | 200 | 4405 | 65 |
| हल्के वाणिज्यिक वाहन, हल्के माल वाहक वाहन अथवा मिनी बस | 215 | 320 | 7120 | 105 |
| बस या ट्रक | 445 | 670 | 14915 | 225 |
| तीन धुरी वाले वाणिज्यिक वाहन | 490 | 730 | 16270 | 245 |
| भा.स.म. या अ.मू.उ. या ब.धु.व. (चार से छह धुरी वाले) | 700 | 1055 | 23390 | 350 |
| बड़े आकार वाले वाहन (सात या अधिक धुरी वाले) | 855 | 1280 | 28475 | 425 |

टोल प्लाजा से 20 किमी के अंदर स्थानीय रहवासियों के लिए निजी वाहनों के लिए वर्ष 2025-2026 के मासिक पास की दर रुपये **350/-** रहेगी।

2. उपरोक्त दर कुल पूर्ण लम्बाई किमी 79.895, जिसमें सड़क लम्बाई किमी 65.595 एवं 10 करोड़ अथवा अधिक मुल्य वाले उपमार्ग लम्बाई किमी 14.300 शामिल, के लिए लागू।

3. ढांक टोल प्लाजा के लिए उपयोगकर्ता शुल्क दर (किमी 167.895 से किमी 238.335 तक)

| वाहन का प्रकार | एकतरफा यात्रा भाल्क | एक दिवस में वापसी यात्रा भाल्क | पचास यात्राओं के लिए मासीक भाल्क [संदर्भपैरा 5 (ब)] | जिले में पंजीकृत व्यासायीक वाहनों के लिए भाल्क |
|---|---|---|---|---|
| कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन | 180 | 270 | 5990 | 90 |
| हल्के वाणिज्यिक वाहन, हल्के माल वाहक वाहन अथवा मिनी बस | 285 | 425 | 9450 | 140 |
| बस या ट्रक | 585 | 875 | 19465 | 290 |
| तीन धुरी वाले वाणिज्यिक वाहन | 640 | 955 | 21275 | 320 |
| भा.स.म. या अ.मू.उ. या ब.धु.व. (चार से छह धुरी वाले) | 900 | 1355 | 30065 | 450 |
| बड़े आकार वाले वाहन (सात या अधिक धुरी वाले) | 1130 | 1700 | 37735 | 565 |

टोल प्लाजा से 20 किमी के अंदर स्थानीय रहवासियों के लिए निजी वाहनों के लिए वर्ष 2025-2026 के मासिक पास की दर रुपये **350/-** रहेगी।

4. उपरोक्त दर कुल पूर्ण लम्बाई किमी 70.390, जिसमें सड़क लम्बाई किमी 55.900, 10 करोड़ अथवा अधिक मुल्य वाले उपमार्ग लम्बाई किमी 13.690 एवं 800मी लम्बाई महानदी मेजर ब्रिज (लागत रु. 132.15) शामिल, के लिए लागू। 5. उपरोक्त टोल प्लाजों पर निम्नलिखित रियायत उपलब्ध है।
(अ) सभी प्रकार के वाहनों के लिए भुगतान से 24 घन्टे के अंदर वापसी यात्रा (छुट 25 प्रतिशत)।
(ब) सभी प्रकार के वाहनों के लिए भुगतान दिनांक से एक माह के अंदर 50 या अधिक एकतरफा यात्रा (छुट 33 प्रतिशत
(स) टोल प्लाजा से 20 किमी के अंदर स्थानीय रहवासियों के लिए निजी वाहनों के लिए रुपये 350 के दर पर मासिक पास। (द) टोल प्लाजा के जिले में पंजीकृत वाणिज्यिक वाहन (राष्ट्रीय परमिट के अधीन चल रहे वाहनों को छोड़कर) एकतरफा यात्रा (छुट 50 प्रतिशत)।
6. शुल्क संदाय से छुट प्राप्त वाहनों की सूचि राजपत्र दिनांक 3 दिसम्बर 2010 के अनुसार।
7. निर्धारित भार से अधिक भारग्रहित वाहनों से लागू शुल्क दर का दस गुना वसुल किया जाएगा एवं राजमार्ग को उपयोग करने हेतु अतिरिक्त भार को हटाया जाएगा।
8. रियायत अनुबंध दिनांक 25 जनवरी 2012 के अनुसार रियायत की समय अवधि 25 अक्टूबर 2046 तक होगी।
9. राजपत्र में प्रकाशित शुल्क अधिसूचना दिनांक 17 फरवरी 2016, पूर्ण लम्बाई / व्यावसायीक परिचालन को प्रमाणित करने हेतु स्वतंत्र अभियंता का पत्र दिनांक 03.10.2019 भाराराप्रा द्वारा प्रमाणित शुल्क दर पत्र दिनांक 27.03.2025 एवं रियायत करार के प्रावधानों को वेबसाईट http://nhtis.org पर देखाउ जा सकता है।
10. किसी प्रकार की पूछताछ और / या शिकायातों / सुझावों के लिए नाम एवं पता निम्न प्रकार है।

| | रियायतग्राही | स्वतंत्र अभियंता | भाराराप्रा की इकाई. |
|---|---|---|---|
| प्रतिनिधि का नाम | मनोज कुमार तिवारी | खुर्शीद आलम | पंकज ओझा |
| पता | बीएससीपीएल आरंग टोलवे लिमीटेड | एम् यस वी इंटरनेशनल Inc. इन एसोसिएशन विथ डी एन कंसलटेंट | भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण |
| मोबाईल नम्बर | 8319195759 | 9503001134 | 8959931733 |

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मैं स्वाती राठी पति अनिल कुमार राठी निवासी मकान नंबर 162, मिलन चौक, न्यू खुर्सीपार, भिलाई यह शपथ पूर्वक घोषणा करती हुं कि मैने अपना पुराना नाम स्वाती पति अनिल कुमार राठी त्याग कर नया नाम स्वाती राठी पती अनिल कुमार राठी रख लिया है। अतः आज से मेरे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम स्वाती राठी पति अनिल कुमार राठी से ही जाना पहचाना जावे।

**शपथकर्ती**
**स्वाती राठी**
**घर नंबर 162, मिलन चौक, न्यू खुर्सीपार, भिलाई जिला-दुर्ग, पिन-490011**

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, VISHAL BAKHTIYARPURI S/O KISHANLAL BAKHTIYARPURI resident of H.NO.-0113, WARD-23, NEAR MAHARASTRA MANDAL DEEPAK NAGAR, DURG, (C.G.) PIN-491001 have changed my old name VISHAL BAKHTIYARPURI S/O KISHANLAL BAKHTIYARPURI so in future I should be recognized by my new name that is VISHAL BAKHTIYAR S/O KISHANLAL BAKHTIYARPURI in all Government and other documents.

**VISHAL BAKHTIYAR**
H.NO.-0113, WARD-23, NEAR MAHARASTRA MANDAL DEEPAK NAGAR, DURG, (C.G.) PIN-491001

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SHWETA / SHWETA DEVI GOYAL W/O NITIN AGRAWAL resident of HOUSE NO.-36A/6A, NEHRU NAGAR EAST BHILAI, DISTT.-DURG (C.G.) 490020 have changed my old name SHWETA / SHWETA DEVI GOYAL W/O NITIN AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is SHWETA AGRAWAL W/O NITIN AGRAWAL in all Government and other documents.

**SHWETA AGRAWAL**
HOUSE NO.-36A/6A, NEHRU NAGAR EAST BHILAI, DISTT.-DURG (C.G.) 490020

# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| कोटक बैंक | 1.88 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.01 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.87 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.82 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.75 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 3.57 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.45 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 2.20 प्रतिशत |
| मारुति | 2.10 प्रतिशत |
| जोमैटो | 2.07 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 91,000 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,05,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.95 | 90.38 |
| पौंड स्टर्लिंग | 100.90 | 117.04 |
| यूरो | 84.13 | 97.57 |
| चीन युआन | 8.33 | 13.54 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5450-5550 |
| दाल चना | 6450-6550 |
| मसूर काली | 7400-7500 |
| उड़द दाल | 8800-8900 |
| मूंग दाल | 9400-9500 |
| अरहर दाल | 8300-8400 |

## फलों के निर्यात में वृद्धि, नए बाजारों की तलाश में सरकार

**नई दिल्ली,** 29 मार्च (एजेंसियां)। पिछले पांच वर्षों में फलों के निर्यात में जबरदस्त वृद्धि देखने के बाद सरकार नए बाजारों की तलाश कर रही है।

वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के अनुसार, यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से यूएई और ऑस्ट्रेलिया को फलों के निर्यात में क्रमशः 27 प्रतिशत और 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि मुक्त व्यापार समझौते से भारत द्वारा यूएई को निर्यात बढ़ाने में मदद मिली है, जहां फलों के निर्यात में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और ऑस्ट्रेलिया को फलों के निर्यात में 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

पिछले पांच वर्षों में भारत के फलों के निर्यात में 47.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मंत्री ने कहा कि सरकार इन निर्यातों को बढ़ावा देने के लिए कोल्ड चेन इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करते हुए गुणवत्ता को लेकर आश्वासन और नए बाजारों की खोज पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

उन्होंने कहा कि देश से जाने वाला कोई भी उत्पाद ब्रांड इंडिया और भारत का नाम है, इसलिए विदेशों में भेजे जाने वाले उत्पादों और फलों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं



- एफटीए से भारत द्वारा यूएई को निर्यात बढ़ाने में मदद मिली
- देश के फलों की खेप पहली बार पश्चिमी देशों के बाजारों में पहुंची

छोड़ी गई है। वाणिज्य विभाग, एपीडा के माध्यम से, ताजे फलों के व्यापार को समर्थन देने के लिए संबंधित राज्य सरकारों के साथ सहयोग करता है।

भारत वर्तमान में 85 से अधिक देशों को ताजे फलों का निर्यात करता है। एपीडा ऑस्ट्रेलिया, यूरोप, यूएसए और उभरते नए बाजारों में प्रवेश करने के लिए कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय पौध संरक्षण संगठन (एनपीपीओ) के साथ मिलकर काम करता है। सरकार जल्दी खराब होने वाले उत्पादों, खासकर ताजे फलों के लिए समुद्री प्रोटोकॉल के विकास पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है, जिससे अधिक मात्रा में निर्यात संभव होगा, खासकर लंबी दूरी के बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर, जिससे किसानों सहित निर्यात सप्लाई चेन में सभी हितधारकों को अधिक लाभ मिल सकेगा। मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत ने नई ऊंचाईयों को छुआ है। देश के फलों की खेप पहली बार पश्चिमी देशों के आकर्षक बाजारों में पहुंची है।

## फूड प्रोसेसिंग पीएलआई में 171 कंपनियों को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई) के तहत कुल 171 फूड प्रोसेसिंग कंपनियों को मंजूरी दी गई है और 1,155.296 करोड़ रुपए के प्रोत्साहन वितरित किए गए हैं। इनमें से 28 फरवरी तक 20 पात्र मामलों में एमएसएमई को 13.266 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। पीएलआईएसएफपीआई योजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मार्च 2021 में 10,900 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ मंजूरी दी थी। यह योजना 2021-22 से 2026-27 तक छह साल की अवधि में लागू की जा रही है। योजना के लाभार्थियों द्वारा बताए गए आंकड़ों के अनुसार, 213 स्थानों पर 8,910 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। 31 अक्टूबर, 2024 तक इस योजना ने 2.89 लाख से अधिक रोजगार सृजित किए हैं। इस योजना ने घरेलू विनिर्माण, वैल्यू एडिशन और कच्चे माल के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देकर और रोजगार के अवसर पैदा किए हैं, जिससे देश के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के अनुसार, यह योजना बड़ी कंपनियों, बाजरा आधारित उत्पादों, इनोवेटिव और जैविक उत्पादों के साथ-साथ छोटे और मध्यम उद्यमों का समर्थन करती है और वैश्विक स्तर पर भारतीय ब्रांडों को बढ़ावा देती है

**2.89 लाख से अधिक रोजगार का हुआ सृजन**

## भारत की आर्थिक वृद्धि को रेटपेयर्स दें बढ़ावा : वित्त सचिव

**नई दिल्ली,** 29 मार्च (एजेंसियां)। नवनियुक्त वित्त सचिव अजय सेठ ने शनिवार को कहा कि देश की आर्थिक वृद्धि को करदाताओं और उधारी के अलावा रेटपेयर्स (यूटिलिटी के लिए शुल्क देने वालों) द्वारा बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। रेटपेयर्स से मतलब उन लोगों से है जो पानी, बिजली, बस-मेट्रो जैसे सार्वजनिक परिवहन के साधनों आदि का इस्तेमाल करते हैं और इसके लिए शुल्क देते हैं।

राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेठ ने कहा कि भारत के सेविंग पूल को फंड देने वाले तीन समूहों में से रेटपेयर्स को आगे आने की जरूरत है। सेठ ने बताया कि इस देश में सेविंग पूल सीमित हैं। हम आय उत्पन्न करते हैं। इसके बाद या तो हम इसे कहीं खर्च करते हैं या निवेश करते हैं। लेकिन सवाल यह है कि विकास को कौन फाइनेंस करेगा। केवल तीन समूह हैं - टैक्सपेयर्स, अगली पीढ़ी (की उधारी) और रेटपेयर्स। अब तक टैक्सपेयर्स और नेक्स्ट जनरेशन विकास को फाइनेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब तक रेटपेयर्स की भूमिका न के बराबर रही है, जबकि तीनों समूहों को भूमिका



देश एक कठिन वैश्विक भू-राजनीतिक व आर्थिक माहौल के बीच में हैं : **अजय सेठ**

निभाने की जरूरत है, जिसमें रेटपेयर्स सबसे अहम हैं।

स्कॉच ग्रुप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वित्त सचिव ने कहा कि निर्यात भारत के विकास के चार इंजनों में से एक है। केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कृषि, एमएसएमई और विनिर्माण, निवेश, और निर्यात को विकास के चार इंजन बताया था। अजय सेठ ने कहा कि हम एक कठिन वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक माहौल के बीच में हैं। उन्होंने कहा कि अन्य देशों के सामने आने वाली आर्थिक कठिनाइयां उनके भू-राजनीतिक रुख के कारण और भी बढ़ रही हैं। मुझे नहीं लगता कि मध्यम अवधि में अनिश्चितताएं कम होंगी।

## 100 करोड़ से अधिक के अल्ट्रा लक्जरी होम मार्केट में उछाल

**नई दिल्ली,** 29 मार्च (एजेंसियां)। देश के प्रमुख महानगरीय केंद्रों मुंबई और दिल्ली एनसीआर में पिछले तीन सालों में 100 करोड़ रुपए या उससे अधिक कीमत वाले 49 अल्ट्रा लग्जरी घर बेचे गए हैं, जो देश के लग्जरी रियल एस्टेट बाजार में मजबूत मांग का प्रतीक है।

प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी कंपनी जेएलएल ने शनिवार को यहां जारी एक रिपोर्ट में कहा कि घर खरीदने वालों के कुलीन वर्ग ने सामूहिक रूप से इन आलीशान घरों में 7,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिनमें से आधे लेन-देन-कुल 3,652 करोड़ रुपए - अकेले 2024 में हुए हैं। इसने कहा कि गति धीमी होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं,



क्योंकि 2025 के पहले दो महीनों में पहले ही चार अल्ट्रा-लक्जरी घरों की बिक्री हो चुकी है, जिनका कुल मूल्य 850 करोड़ रुपए है।

जेएलएल के मुख्य अर्थशास्त्री एवं अनुसंधान और आरईआईएस, भारत के प्रमुख सामंतक दास ने कहा कि पिछली धारणाओं के विपरीत बंगले और विला जैसे स्वतंत्र घर अब ट्रॉफी आवासीय निवास के पर्याय नहीं रह गए हैं। इस तरह के ऊंचे अपार्टमेंट इस विशिष्ट क्षेत्र में एक विशेष आवासीय अनुभव प्रदान करते हैं।

## फरवरी में कोर सेक्टर इंडस्ट्री में 2.9 प्रतिशत की वृद्धि : केंद्र

**नई दिल्ली,** 29 मार्च (एजेंसियां)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार, सीमेंट, उर्वरक, इस्पात, बिजली, कोयला और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में सकारात्मक वृद्धि दर्ज किए जाने के कारण इस साल फरवरी में आठ कोर इंडस्ट्री (आईसीआई) के संयुक्त सूचकांक में 2.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे पहले नवंबर 2024 के लिए आठ कोर इंडस्ट्री के सूचकांक की अंतिम वृद्धि दर 5.8 प्रतिशत देखी गई। मंत्रालय के अनुसार, अप्रैल से फरवरी, 2024-25 के दौरान आईसीआई की संचयी वृद्धि दर पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 4.4 प्रतिशत है।

फरवरी, 2024 की तुलना में इस बार फरवरी 2025 में कोयला उत्पादन में 1.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अप्रैल से फरवरी, 2024-25 के दौरान इसका



- फरवरी में इस्पात उत्पादन में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई

संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 5.6 प्रतिशत बढ़ा।

फरवरी में इस्पात उत्पादन में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई और अप्रैल से फरवरी, 2024-25 के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6.5 प्रतिशत बढ़ा।

फरवरी, 2025 में पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन में फरवरी, 2024 की तुलना में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अप्रैल से फरवरी, 2024-25 के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 3.1 प्रतिशत बढ़ा।

2024-25 के दौरान उर्वरक उत्पादन में पिछले महीने 10.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई तथा अप्रैल से फरवरी, 2024-25 के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2.4 प्रतिशत बढ़ा।

अप्रैल से फरवरी के दौरान सीमेंट उत्पादन में 10.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई तथा इसका संचयी सूचकांक 5.1 प्रतिशत बढ़ा। मंत्रालय के अनुसार फरवरी, 2025 में बिजली उत्पादन में फरवरी, 2024 की तुलना में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अप्रैल से फरवरी 2024-25 के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 4.9 प्रतिशत बढ़ा।

## ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में उभरेगा भारत : गोयल

**नई दिल्ली,** 29 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत को विनिर्माण क्षेत्र में विश्व के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करने लिए देश में वाणिज्यिक विवादों के समाधान की खातिर मध्यस्थ निर्णय (पंच निर्णय) और मध्यस्थता तंत्र की मजबूत व्यवस्था का होना जरूरी है।

श्री गोयल शनिवार को दिल्ली में यूनाइटेड इंटरनेशनल एडवोकेट कॉन्फ्रेंस के विशेष पूर्ण सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक मजबूत कानूनी और पंचनिर्णय व्यवस्था का ढांचा भारत को विनिर्माण उद्योग में एक वैश्विक ताकत बनाने में सहायक होगी। श्री गोयल ने कानूनी बिरादरी को कानूनी व्यवस्थाओं का ऐसा स्पष्ट, मजबूत और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी मसौदा तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया जो वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में भारत की आकांक्षाओं में सहायक हों। उन्होंने कहा कि एक मजबूत कानूनी ढांचा न केवल आर्थिक विकास को सुविधाजनक बनाएगा, बल्कि वैश्विक व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में भारत की प्रतिष्ठा को भी मजबूत करेगा।

उन्होंने कहा कि विवादों की न्यायिक प्रक्रिया में विलम्ब कम करने और एक स्थिर और पारदर्शी कारोबारी वातावरण सुनिश्चित करने में मध्यस्थता और मध्यस्थता तंत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने पंच निर्णय व्यवस्था में विश्वास की आवश्यकता पर बल दिया साथ ही यह बात भी स्वीकार की कि इस विषय में बड़ी कंपनियों के प्रभाव और अंतरराष्ट्रीय पूर्वाग्रहों को लेकर चिंताएं भी हैं।

श्री गोयल ने हितधारकों से भारत में मध्यस्थता




देश को विनिर्माण क्षेत्र में स्थापित करने के लिए मजबूत मध्यस्थ निर्णय-तंत्र का होना जरूरी : **पीयूष गोयल**

कार्यप्रणालियों को मजबूत करने का आग्रह किया ताकि उन्हें अधिक कुशल और निष्पक्ष बनाया जा सके, जिससे निवेशकों के लिए अधिक अनुकूल माहौल को बढ़ावा मिले। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि इस समय भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है और 2025-26 तक चौथी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने के पथ पर है। उन्होंने इस प्रगति का श्रेय महत्वपूर्ण नीतिगत सुधारों को दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यापार नियमों को सरल किया है और जन विश्वास अधिनियम के माध्यम से 180 से अधिक कानूनी प्रावधानों में जेल की सजा के प्रावधान खत्म किए हैं।

मंत्री महोदय ने जोर देकर कहा कि इन सुधारों ने एक विश्वसनीय निवेश गंतव्य के रूप में भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय विश्वास का निर्माण किया है। श्री गोयल ने कहा कि सरकार अब जन विश्वास 2.0 पर कार्य कर रही है, जिसका उद्देश्य कानूनी जटिलताओं को और कम करना है। उन्होंने कहा कि संयोग से, हम अब जन विश्वास 2.0 की ओर बढ़ रहे हैं। कम से कम, व्यवसायों और व्यक्तियों को अपने जीवन में हर छोटी-बड़ी कार्रवाई के बारे में चिंता करने वाले अनावश्यक तनाव और कठिनाइयों से मुक्ति मिलनी चाहिए।

हम कानूनी विशेषज्ञों के साथ सक्रिय रूप से वार्तालाप कर रहे हैं, लेकिन अब भी, हम किसी भी कानून पर सुझावों के लिए खुले हैं जो व्यवसायों और नागरिकों के जीवन को आसान बनाने में मदद कर सकता है। वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में भारत के लाभों पर चर्चा करते हुए, श्री गोयल ने युवा कार्यबल, तकनीकी प्रगति और विशाल घरेलू बाजार जैसे प्रमुख कारकों की ओर संकेत किया जो विनिर्माण प्रतिस्पर्धा को बढ़ाते हैं। मंत्री महोदय ने भारत के डिजिटल परिवर्तन का भी उल्लेख किया, जिसमें व्यापक 5जी कनेक्टिविटी ने पूरे देश में व्यापार संचालन को आसान बना दिया है।

उन्होंने प्रौद्योगिकी एकीकरण और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानक कानूनों के माध्यम से मध्यस्थता दक्षता बढ़ाने के लिए सरकार के संकल्प की पुष्टि की। श्री गोयल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कथन को उद्धृत करते हुए कहा कि न्याय स्वतंत्र स्वशासन का मूल है और न्याय के बिना, एक राष्ट्र का अस्तित्व भी संभव नहीं है।

## भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों का सकारात्मक रुख जारी : विशेषज्ञ

**मुंबई,** 29 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय शेयर बाजारों में यह सप्ताह मिलाजुला रहा। इस सप्ताह निफ्टी 50 और सेंसेक्स 30 सूचकांकों में मामूली बढ़त दर्ज की गई, जबकि बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों ने कमजोर प्रदर्शन किया और नकारात्मक दायरे में बंद हुए।




कमजोर वैश्विक संकेतों और आगामी अमेरिकी टैरिफ को लेकर चिंताओं के बावजूद, बाजार में विदेशी निवेशकों की सकारात्मक धारणा जारी रही।

विशेषज्ञों ने शनिवार को कहा कि हाल के महीनों में लगातार बिकवाली के बाद, पिछले कुछ सत्रों में एफआईआई शुद्ध खरीदार बन गए हैं। नई (अप्रैल) सीरीज के पहले दिन 28 मार्च को बाजार में उतार-चढ़ाव रहा। सेंसेक्स 191.51 अंक या 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,414.92 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 72.60 अंक या 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,519.35 पर बंद हुआ। बाजार सपाट खुला और पहले हाफ में सुस्त रहा, लेकिन ऑटो और आईटी शेयरों में बिकवाली के दबाव ने दूसरे हाफ में सूचकांकों को नीचे खींच लिया। हालांकि, आखिरी घंटे की खरीदारी ने निफ्टी को 23,500 अंक से ऊपर बंद होने में मदद की। चॉइस ब्रोकिंग के एक नोट के अनुसार, सप्ताह के लिए, सेंसेक्स और निफ्टी में 0.5 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई।

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 29 मार्च (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5450-5550, दाल चना 6450-6550, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300-8400 रुपए प्रति



क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और **चावल :** 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

**खाद्य तेल :** सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## ऊर्जा आपूर्ति व खपत दोनों में वृद्धि जारी

**नई दिल्ली,** 29 मार्च (एजेंसियां)। भारत ने 2047 तक विकसित बनने के स्वप्न को साकार करने के लिए वैश्विक महामारी पर नियंत्रण पाकर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान ऊर्जा आपूर्ति और खपत दोनों में स्थिर और स्वस्थ वृद्धि दर्ज किया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने वार्षिक प्रकाशन 'ऊर्जा सांख्यिकी भारत 2025' शनिवार को जारी किया जिसके अनुसार भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान ऊर्जा के मामले में स्वस्थ वृद्धि देखा है, जिसमें कुल प्राथमिक ऊर्जा आपूर्ति (टीपीईएस) में पिछले वर्ष की तुलना में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 9,03,158 केटीओई (किलो टन तेल समतुल्य) पर पहुंच गई।

भारत में अक्षय ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावना है जो 31 मार्च 2024 तक 21,09,655 मेगावाट है। पवन ऊर्जा से ऊर्जा उत्पादन की क्षमता में सबसे अधिक 11,63,856 मेगावाट (लगभग 55



पवन ऊर्जा से ऊर्जा उत्पादन की क्षमता में सबसे अधिक हिस्सेदारी

प्रतिशत) की हिस्सेदारी है, इसके बाद सौर ऊर्जा (7,48,990 मेगावाट) और बड़ी पनबिजली (1,33,410) का स्थान आता है। अक्षय ऊर्जा उत्पादन की आधी से ज़्यादा क्षमता भारत के चार राज्यों में केंद्रित है जिनमें राजस्थान (20.3 प्रतिशत), महाराष्ट्र (11.8 प्रतिशत), गुजरात (10.5 प्रतिशत) और कर्नाटक (9.8 प्रतिशत) शामिल है।

नवीकरणीय संसाधनों से बिजली उत्पादन (उपयोगिता और गैर-उपयोगिता सहित) की स्थापित क्षमता में भी पिछले वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 31 मार्च 2015 को 81,593 मेगावाट से बढ़कर 31 मार्च 2024 को 1,98,213 मेगावाट हो गई है, जो पिछले वर्षों में 10.36 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर है। नवीकरणीय संसाधनों (उपयोगिता और गैर-उपयोगिता दोनों को मिलाकर) से बिजली का सकल उत्पादन भी पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ गया है। वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान उत्पादित 2,05,608 जीडब्ल्यूएच बिजली की मात्रा से, यह वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान बढ़कर 3,70,320 जीडब्ल्यूएच हो गई है, जो पिछले कुछ वर्षों में 6.76 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर है।

भारत ने पिछले कुछ वर्षों में प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। यह वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान 14,682 मेगा जूल प्रति व्यक्ति से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 18,410 मेगा जूल प्रति व्यक्ति हो गई है।

## सार संक्षेप

### मस्क ने 33 अरब डॉलर में एक्स को एक्सएआई को बेचा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उद्योग पति एलन मस्क ने घोषणा की कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) को अपनी खुद की एआई कंपनी एक्सएआई को 33 अरब डॉलर के ऑल-स्टॉक सौदे में बेच दिया है। दोनों कंपनियां निजी स्वामित्व वाली हैं, इसलिए उन्हें अपने वित्तीय विवरणों को सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं है। मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अधिग्रहण एक्सएआई की उन्नत एआई क्षमताओं को एक्स की विशाल वैश्विक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को अनलॉक करेगा। इस सौदे में एक्सएआई का मूल्य 80 अरब डॉलर और एक्स का 33 अरब डॉलर है। श्री मस्क, जो टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ भी हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सलाहकार हैं, ने 2022 में ट्विटर के नाम से मशहूर इस प्लेटफॉर्म को 44 अरब डॉलर में खरीदा था।

### गुरुग्राम में एजीईजी का पहला स्टोर लांच

**गुरुग्राम।** अंतरा सीनियर केयर के डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर कारोबार अंतरा एजीईजी ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए यहां अपना पहला स्टोर खोलने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि यह स्टोर वरिष्ठ नागरिकों के लिए हेल्थ और वेलनेस से जुड़े समाधानों के लिए एक वन-स्टॉप डेस्टिनेशन होगा। अंतरा एजीईजी को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह वरिष्ठ नागरिकों को इनोवेटिव प्रोडक्ट और विशेषज्ञ सहायता के माध्यम से सुखद और सहज वृद्धावस्था का अनुभव करने में सक्षम बना सके। इस स्टोर का उद्घाटन अभिनेत्री शबाना आजमी ने किया, जिन्होंने सीनियर केयर क्षेत्र में एजीईजी द्वारा लाई गई इनोवेशन की सराहना की। एजीईजी के साथ, वरिष्ठ नागरिक अब एक बेहतर प्लेटफॉर्म का उपयोग कर सकते हैं जो क्रोनिक बीमारियों का सही तरह के देखभाल करने में उनकी मदद करेगा।

### घरेलू स्टार्टअप ने इस सप्ताह 150 मिलियन डॉलर जुटाए

**नई दिल्ली।** घरेलू स्टार्टअप इकोसिस्टम ने इस सप्ताह 150 मिलियन डॉलर से अधिक जुटाए, जो चालू वित्त वर्ष में मजबूत वृद्धि दर्शाता है। मार्च के अंतिम सप्ताह में, 23 भारतीय स्टार्टअप ने कुल 150 मिलियन डॉलर जुटाए, जिसमें पांच विकास-चरण और 17 प्रारंभिक-चरण सौदे शामिल हैं। सप्ताह के दौरान हुए फंडिंग सौदों की संख्या 16 रही। भारत के सबसे बड़े मॉडल पोर्टफोलियो प्लेटफॉर्म स्मॉलकेस ने अपने सीरीज डी फंडिंग राउंड में 50 मिलियन डॉलर जुटाए, जिसमें प्राथमिक और द्वितीयक दोनों तरह के निवेश शामिल हैं। इसे एलेव8 वेंचर पार्टनर्स ने लीड किया, जिसमें नए और मौजूदा निवेशकों की भागीदारी रही। लगभग 17 प्रारंभिक-चरण के स्टार्टअप ने कुल 54.09 मिलियन डॉलर जुटाए और फिनटेक स्टार्टअप एबाउंड ने 14 मिलियन डॉलर के राउंड में बढ़त हासिल की। सेगमेंट के हिसाब से, फिनटेक स्टार्टअप 6 सौदों के साथ टॉप पर रहा।

**मैं डाइटिंग नहीं करती, खाने की बहुत शौकीन हूं : शबाना आजमी**

नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। भारत की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में से एक शबाना आजमी ने अपनी उन आदतों के बारे में बताया है, जो उन्हें इतने सालों बाद भी एक्टिव और क्रिएटिव बनाए रखती हैं। हैरानी की बात यह है कि सख्त डाइट उनमें शामिल नहीं है। उन्होंने बताया कि वह खाने की बहुत बड़ी शौकीन हैं। शबाना आजमी ने अपनी आदतों का खुलासा करते हुए बताया, 'मैं अपनी सेहत के प्रति सजग रहती हूं, नियमित रूप से टहलती हूं, डाइटिंग नहीं करती, मैं खाने की बहुत शौकीन हूं। जब मुझे किसी रोल के लिए कुछ करना होता है, तो मैं करती हूं। इसलिए जो कुछ भी रोल के लिए जरूरी है, मैं उसके हिसाब से करती हूं।'

# कुम्हड़ा है बड़े काम का, किडनी से लेकर लीवर तक को रखता है दुरुस्त



**नई दिल्ली,** 29 मार्च (एजेंसियां)। कद्दू जैसा दिखने वाला कुम्हड़ा, जिसे आमतौर पर सफेद कद्दू, पेठा या खबहा भी कहा जाता है, सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है। यह न केवल स्वाद में हल्का और ताजगी देने वाला होता है, बल्कि इसके कई पोषक तत्व शरीर को लाभ पहुंचाते हैं। सफेद कद्दू में विटामिन ए, बी 6, सी, और ई, साथ ही मैग्नीशियम, आयरन, फास्फोरस, फोलेट, नियासिन और थायमिन जैसे तत्व भी पाए जाते हैं। इसके अलावा, इसमें फाइटोस्टेरॉल की भरपूर मात्रा होती है, जो शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह विशेष रूप से दिल की सेहत के लिए अच्छा है क्योंकि बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होने से हृदय रोगों का खतरा घटता है।

**सफेद कद्दू में विटामिन ए, बी 6, सी, और ई, साथ ही मैग्नीशियम, आयरन, फास्फोरस, फोलेट, नियासिन और थायमिन जैसे तत्व भी पाए जाते हैं**

कुम्हड़ा का एक और खास गुण यह है कि इसमें 95 प्रतिशत पानी होता है, जो शरीर को हाइड्रेटेड रखने और डिटॉक्स करने में मदद करता है। यही कारण है कि यह शरीर के भीतर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने का काम करता है। इसके सेवन से पाचन तंत्र को भी मजबूती मिलती है। सफेद कद्दू का सेवन पाइल्स जैसी समस्याओं के लिए भी फायदेमंद है, क्योंकि इसमें भरपूर फाइबर होता है, जो कब्ज और गैस जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। फाइबर की अधिकता भूख को नियंत्रित करने में मदद करती है और यह वजन घटाने में भी सहायक है, क्योंकि इसके सेवन से जंक फूड की क्रेविंग कम होती है। इसके अलावा, इसमें ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन जैसे तत्व भी होते हैं, जो आंखों के स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी होते हैं। यह तत्व आंखों को धूप की हानिकारक किरणों से बचाने, मोतियाबिंद को रोकने और दृष्टि सुधारने में मदद करते हैं। यदि आप नियमित रूप से सफेद कद्दू का सेवन करते हैं, तो इससे आपकी आंखें स्वस्थ रहती हैं और दृष्टि में सुधार होता है। कुम्हड़े (पेठा) का जूस खासकर खून की कमी से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए लाभकारी है। इसके जूस में आयरन की उच्च मात्रा होती है, जो खून की कमी को दूर करता है और शरीर में रेड ब्लड सेल्स की संख्या बढ़ाता है। यह शरीर में आयरन की कमी को पूरा करने में मदद करता है, जिससे खून की कमी से होने वाली परेशानियों से राहत मिलती है।

**कुम्हड़ा का एक और खास गुण यह है कि इसमें 95 प्रतिशत पानी होता है, जो शरीर को हाइड्रेटेड रखने और डिटॉक्स करने में मदद करता है**

इसके सेवन से शरीर को ठंडक मिलती है, जो गर्मियों में बहुत फायदेमंद होती है। इसका जूस शरीर के अंदर से ठंडा रखता है और शरीर को शांत बनाए रखता है। इसके सेवन से एसिडिटी की समस्या भी दूर होती है और पाचन तंत्र मजबूत रहता है। सफेद कद्दू का जूस एसिडिटी, गैस और अपच जैसी समस्याओं में राहत देता है और पेट के अंदर के बैक्टीरिया को संतुलित करता है। कुम्हड़े का सेवन मानसिक स्वास्थ्य को भी फायदा पहुंचाता है। इसमें एल-ट्रिप्टोफैन नामक अमीनो एसिड होता है, जो डिप्रेशन से निपटने में मदद करता है। यह शरीर के द्वारा खुद से नहीं बनाया जा सकता, इसलिए इसे आहार से प्राप्त करना जरूरी होता है। सफेद कद्दू का सेवन मानसिक स्थिति को बेहतर करता है और तनाव को कम करने में सहायक होता है। हालांकि, इसका सेवन सभी के लिए उचित नहीं होता। कुछ लोगों को इससे स्किन एलर्जी हो सकती है। यदि किसी व्यक्ति को कुम्हड़ा खाने के बाद त्वचा पर खुजली, जलन या दर्द महसूस हो तो उसे डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के लिए भी कुम्हड़ा के सेवन के बारे में चिकित्सीय सलाह ली जानी चाहिए, क्योंकि इसके पोषक तत्व कुछ मामलों में नुकसानदायक हो सकते हैं। यदि आप बढ़ते वजन या मोटापे से परेशान हैं, तो कुम्हड़ा आपके लिए सहायक साबित हो सकता है। इसमें एंटी-ओबेसिटी गुण होते हैं, जो वजन घटाने में मदद करते हैं।

# वजन घटाना है तो बच्चे बन जाएं!

**नई दिल्ली,** 29 मार्च (एजेंसियां)। मौसम करवट ले रहा है। सर्दी हमें बाय कह चुकी है और गर्मियां बाहें फैलाकर स्वागत कर रही हैं। मौसम के बदले मिजाज के साथ ही हमें अपनी कुछ आदतों पर भी विराम लगाना चाहिए। एक ऐसा डाइट प्लान बनाना चाहिए जो सेहत के लिए परफेक्ट हो। सेहत भी ठीक रहे और वजन भी न बढ़े।

प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद भी खान-पान पर विशेष फोकस करने की नसीहत देता है। खैर बच्चों की तरह खाकर कैसे वजन कम कर सकते हैं इस पर न्यूट्रिशनिस्ट डॉ अमित कुमार ने तीन सूत्र बताए जिससे रिजल्ट अच्छे आते हैं। खाने से परहेज या फिर डाइटिंग जैसी चीज इसमें शामिल नहीं है, बच्चों की तरह ऊंची कुर्सी पर बैठकर बिब भी नहीं लगाना है!

डॉक्टर मिश्रा कहते हैं, 'एक बच्चे से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं। यह बहुत ही आश्चर्यजनक है कि बिना किसी अनुभव के एक बच्चा हमें स्वस्थ रहने का रोडमैप दे सकता है।' सबसे पहले तो आपको दो डाइट्स के बीच में ज्यादा गैप नहीं लेना है। महज एक से तीन घंटे में कुछ ठोस और हेल्दी खाने की आदत डाल लेनी चाहिए। अंडे, पनीर या दही जैसे ठोस प्रोटीन स्रोत शामिल होने चाहिए, साथ ही साबुत अनाज जैसे रेशेदार कार्बोहाइड्रेट भी शामिल होने चाहिए। दिन की



**सिर्फ तीन आदतों से दिखने लगेगा बदलाव**

संतुलित शुरुआत के लिए इसमें फल या सब्ज़ियाँ शामिल करें।

तीन से चार घंटे बाद, सब्ज़ियों से बना सूप या सलाद लें। प्रोटीन में बीन्स और अनाज का शाकाहारी मिश्रण या मीट शामिल होना चाहिए। दोपहर में योजनाबद्ध तरीके से लिया गया छोटा-सा भोजन दोपहर के भोजन और रात के खाने के बीच के अंतराल को अच्छी तरह से फिल करता है, जिससे बाद में अत्यधिक भूख नहीं लगती।

न्यूट्रिशनिस्ट के मुताबिक 'यह एक छोटा लेकिन संतोषजनक विकल्प हो सकता है जैसे कि पनीर के साथ फल, हल्का एंट्री सलाद या प्रोटीन-मिश्रित स्मूदी।' रात का खाना स्मॉल स्नैक्स के लगभग चार घंटे बाद खाना चाहिए। पकी हुई सब्जियों की एक या दो सर्विंग और एक ताज़ा सलाद से शुरुआत बेहतर होता है।

डॉक्टर कहते हैं, 'सोया दूध या दही के साथ हाई फाइबर अन्न एक और विकल्प है, और कुछ गर्म के लिए, कोको या चाय आराम करने का एक शानदार तरीका हो सकता है। इसके अलावा दूध और केला भी डिनर के तौर पर लिया जा सकता है।' दूसरी सबसे जरूरी चीज खाते वक्त जल्दबाजी न करना है। ठीक वैसे जैसे बच्चे करते हैं। आराम से 10-15 मिनट खाने में लगाते हैं। व्यस्कों को भी ऐसा ही करना चाहिए। आयुर्वेद भी कहता है हर निवाले को चबाना चाहिए।

एक्सपर्ट के अनुसार इसके पीछे एक साइकॉलजी भी है। असल में जल्दी-जल्दी खाने से आपके मस्तिष्क के लिए यह समझना मुश्किल हो जाता है कि आपका पेट भर गया है, जिसके परिणामस्वरूप आप ज्यादा खा सकते हैं। तीसरी और सबसे जरूरी बात कुछ भी खाने से बचें। खाना तभी खाएं जब भूखे हों इसलिए नहीं कि आप ऊब गए हैं या तनाव में हैं। डॉक्टर कुमार कहते हैं- 'बच्चों की तरह, अपने शरीर के प्राकृतिक भूख संकेतों को सुनना जरूरी है।'

छोटे अंतराल पर आहार, जल्दबाजी से बचना और मूड के हिसाब से नहीं भूख के हिसाब से खाना ही वजन कम करने के तीन अहम सूत्र हो सकते हैं। हालांकि किसी भी तरह की आदत को अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाने से पहले एक्सपर्ट सलाह जरूर लेनी चाहिए।

# यामी गौतम धर ने नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की



***नई दिल्ली,** 29 मार्च (एजेंसियां)। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री यामी गौतम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की है। यामी गौतम धर प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में शुमार की जाती हैं, जो अपनी हर फिल्म से गहरी छाप छोड़ती हैं। पिछले कुछ सालों में उन्होंने बैक-टू-बैक दमदार फिल्में दी हैं, और उनकी फिल्म आर्टिकल 370 पूरे साल छाई रही। इस फिल्म को दर्शक और समीक्षक दोनों से खूब प्यार मिला। यामी गौतम के लिए गर्व और खुशी का पल था, जब उन्होंने दिल्ली में शुक्रवार को नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। यामी यहां एक कॉन्क्लेव का हिस्सा बनीं, जहां उन्होंने 'इंडियाज गॉट टैलेंट नाउ एट ए ग्लोबल स्टेज' टॉपिक पर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री और उसकी ग्लोबल पहचान को लेकर अपनी राय रखी।*

*यामी गौतम धर ने एक खास सेशन में अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराई, जहां देश के टॉप लीडर्स और विजनरीज़ एक साथ आए थे। इस दौरान यामी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का सम्मान मिला, एक ऐसा लम्हा जो उनके लिए गर्व और प्रेरणा से भरा रहा। यामी के लिये यह शानदार करियर और दमदार परफॉर्मेंस का ही नतीजा है कि वो आज इस मुकाम पर पहुंची हैं। खास बात ये है कि श्री मोदी पहले भी आर्टिकल 370 की तारीफ कर चुके हैं, और इस फिल्म में यामी की परफॉर्मेंस को हर तरफ से सराहना मिली थी। यामी गौतम धर ने हाल ही में धूम धाम में अपनी जबरदस्त परफॉर्मेंस से फिर साबित कर दिया कि वो कितनी वर्सेटाइल एक्ट्रेस हैं। अब फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि वो आगे क्या नया लेकर आने वाली हैं।*

# 'द भूतनी' में दिखाई देंगे अभिनेता सनी सिंह

## 'मैं हमेशा से हॉरर कॉमेडी करना चाहता था'

**मुंबई,** 29 मार्च (एजेंसियां)। अपनी आगामी फिल्म 'भूतनी' के ट्रेलर लॉन्च पर अभिनेता सनी सिंह ने कहा कि वह हमेशा से हॉरर कॉमेडी करना चाहते थे। सनी सिंह, मौनी रॉय, पलक तिवारी, संजय दत्त, निक और आसिफ खान 'द भूतनी' में नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर फैंस को पसंद आ रहा है। कॉमेडी और हॉरर का मिक्सअप इस फिल्म में देखने को मिलेगा।

फिल्म के बारे में अपनी उत्सुकता साझा करते हुए सनी ने कहा, 'मैं हमेशा से हॉरर कॉमेडी करना चाहता था। जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी और सिद्धांत सचदेव से मिला, तो मुझे पूरा कॉन्सेप्ट पसंद आया। संजू सर के साथ, मुझे पता था कि यह एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। सिद्धांत सचदेव द्वारा निर्देशित और दीपक मुकुट और संजय दत्त द्वारा बनाई गई यह हॉरर-कॉमेडी एक भरपूर मनोरंजन करने का वादा करती है।

सनी ने कहा कि लोगों को फिल्म का पोस्टर बहुत पसंद आया है और मुझे भी। हर हॉरर कॉमेडी अनोखी होती है, लेकिन यह कॉन्सेप्ट पहले देखी गई किसी भी चीज से अलग है। इसे खूबसूरती से शूट किया गया है, और मेरे दोस्त पहले से ही उत्साहित हैं। दर्शकों ने पहले भी मेरी फिल्मों में मुझे पसंद किया है, और मुझे लगता है कि इस बार भी वे मुझे उतना ही प्यार देंगे। यह फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज होगी।

सनी ने 2007 में धारावाहिक 'कसौटी जिंदगी की' टेलीविजन पर अपनी शुरुआत की, जिसमें उन्होंने कृतिका सेंगर द्वारा निभाए गए किरदार




के प्रेमी की भूमिका निभाई। इसके बाद, उन्होंने 2009 के धारावाहिक शकुंतला में करण की भूमिका निभाई। सिंह ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 2010 में पाठशाला से की थी, जिसमें उन्होंने शाहिद कपूर के साथ काम किया था। 2011 में उन्होंने मधुर भंडारकर की कॉमेडी फिल्म दिल तो बच्चा है जी में काम किया, जिसमें उन्होंने एक छोटी सी भूमिका निभाई थी। उनकी पहली प्रमुख भूमिका रोमांटिक ड्रामा आकाश वाणी में थी। उन्होंने प्यार का पंचनामा 2 में कार्तिक आर्यन के साथ काम किया। 2011 में फिल्म प्यार का पंचनामा रिलीज हुई थी। जिसमें कार्तिक, नुसरत, ओमकार कपूर, इशिता राज शर्मा और सोनाली सह-कलाकार थे। मुख्य अभिनेता के रूप में उनकी पहली रिलीज उजड़ा चमन थी, जो गंजेपन की अवधारणा पर आधारित थी। 2023 में उन्होंने रामायण पर आधारित फिल्म आदि पुरुष में लक्ष्मण की भूमिका निभाई।

# नौनिहालों में बढ़ रहा पुस्तकों के प्रति आकर्षण

**लखनऊ,** 29 मार्च (एजेंसियां)। एंड्रायड मोबाइल फोन और इंटरनेट गेम्स के बावजूद पुस्तकों और खिलौनों के प्रति नौनिहालों की दिलचस्पी का फिर से बढ़ना अभिभावकों और मनोचिकित्सकों के लिये राहत भरा अहसास लेकर आ रहा है।

इसका प्रमाण है कि मनोरंजन और शैक्षणिक सीखने पर केंद्रित खरीददारी ग्राहकों को भौतिक किताबों और इंटरएक्टिव खिलौनों में निवेश के लिए प्रेरित कर रही है। ऑनलाइन खरीदारी की सुविधा और सरलता के चलते लखनऊ एक विविध पाठन केंद्र के रूप में उभर रहा है, जिससे आज़मगढ़, जौनपुर, गाज़ीपुर और रायबरेली जैसे बढ़ते शहरों में नए ग्राहकों की संख्या में 20 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है।

अमेज़न इंडिया की किताबों और खिलौनों की श्रेणी के लिए उत्तर प्रदेश सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक बन गया है। राज्य में



- **बढ़ते शहरों में नए ग्राहकों की संख्या में 20 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई**

सीखने पर केंद्रित खरीददारी प्रवृत्तियों के चलते लगातार तीन वर्षों से साल-दर-साल दोहरे अंकों की प्रभावशाली वृद्धि हो रही है। अमेज़न इंडिया में किताबें और खिलौनों के निदेशक राजर्षि गुइन ने कहा, 'हमें खुशी है कि उत्तर प्रदेश के ग्राहक अमेजन.इन पर किताबों और खिलौनों को बड़े उत्साह से अपना रहे हैं। यह धारणा गलत साबित हो रही है कि आज की डिजिटल पीढ़ी ने पढ़ाई और भौतिक खेलों से दूरी बना ली है। उत्तर प्रदेश में हमारी वृद्धि इसकी एक अलग कहानी बयां करती है।'

उन्होने कहा कि ग्राहक सोच-समझकर उन संसाधनों का चयन कर रहे हैं, जो लंबे समय तक मूल्य प्रदान करते हैं, चाहे वह परीक्षा की तैयारी के लिए सामग्री हो, क्षेत्रीय भाषाओं के लोकप्रिय साहित्यिक शीर्षक हों या कौशल-विकास वाले खिलौने। खास बात यह है कि यह प्रवृत्ति अब पूरे उत्तर प्रदेश में फैल रही है, क्योंकि हमारे कई नए ग्राहक उभरते शहरों से भी जुड़ रहे हैं। इस भौगोलिक विस्तार को पूरे राज्य में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री और विकासात्मक खिलौनों की आसान उपलब्धता के माध्यम से संभव बनाया जा रहा है, जिससे अगली पीढ़ी के पाठकों और शिक्षार्थियों को बढ़ावा मिल रहा है।

# विल स्मिथ ने नए एल्बम में क्रिस रॉक के ऑस्कर स्लैप गेट के बारे में की बात



**लॉस एंजेलिस,** 29 मार्च (एजेंसियां)। हॉलीवुड स्टार विल स्मिथ ने अपने नए एल्बम 'बेस्ड ऑन ए ट्रू स्टोरी' में क्रिस रॉक के ऑस्कर स्लैप गेट का जिक्र करते हुए कुछ पुराने जख्मों को ताजा कर दिया है। 'वैरायटी' की रिपोर्ट के अनुसार, इस प्रोजेक्ट का पहला ट्रैक 'इंटरनेशनल बार्बर शॉप-डे' की शुरुआत 'विल स्मिथ इज कैंसिल्ड' के साथ होती है। इस गाने में स्मिथ के फ्रेश प्रिंस सहयोगी डीजे जैजी जेफ और बी. सिमोन शामिल हैं, जिसमें अलग-अलग आवाजें एक्टर और रैपर के बारे में अफवाहों और राय का आदान-प्रदान करती हैं। एक आवाज पूछती है, 'विल स्मिथ खुद को क्या समझते हैं?' इस पर दूसरी आवाज जवाब देती है, 'मैं उसे उसके किए के लिए कभी माफ नहीं करूंगी।'

'वैरायटी' के अनुसार, 2022 के ऑस्कर टेलीकास्ट के दौरान मंच पर रॉक को थप्पड़ मारने के बाद विल स्मिथ विवादों में घिर गए। कॉमेडियन प्रस्तुति दे रहे थे, जब उन्होंने विल स्मिथ की पत्नी, जाडा पिंकेट स्मिथ के बारे में मजाक किया। विल स्मिथ ने मंच पर जाकर रॉक के चेहरे पर थप्पड़ मारकर प्रतिक्रिया व्यक्त की। जब एक्टर अपनी सीट पर वापस लौटे, तो वह चिल्लाए, 'मेरी पत्नी का नाम अपने मुंह से मत निकालो।'

# धूम्रपान, अनियमित जीवनशैली बन सकती है कोलोरेक्टल कैंसर का कारण



**नई दिल्ली**, 28 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकन एसोसिएशन फॉर कैंसर रिसर्च हर साल मार्च महीने में 'कोलोरेक्टल कैंसर जागरूकता माह' मनाता है। इसके तहत लोगों को कोलोरेक्टल कैंसर के बारे में जागरूक किया जाता है। उन्हें बताया जाता है कि इसके शुरुआती लक्षण क्या हो सकते हैं और इसके लक्षण दिखने पर फौरन क्या कदम उठाना चाहिए।

**धूम्रपान से शरीर में सूजन और तनाव बढ़ता है, जिससे ट्यूमर बनने का खतरा 18-30 प्रतिशत तक बढ़ जाता**

फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट के डॉ. (प्रो.) अमित जावेद और सी.के. बिरला अस्पताल के डॉ. नीरज गोयल दोनों ही विशेषज्ञों का कहना है कि धूम्रपान और अनियमित जीवनशैली कोलोरेक्टल कैंसर का बड़ा कारण बन रही है। डॉ. गोयल ने बताया कि सिगरेट के धुएं में 70 से ज्यादा ऐसे जहरीले तत्व होते हैं, जो डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं और कोशिकाओं को कैंसर की ओर ले जाते हैं। धूम्रपान से शरीर में सूजन और तनाव बढ़ता है, जिससे ट्यूमर बनने का खतरा 18-30 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। जितना ज्यादा और लंबे समय तक धूम्रपान करें, खतरा उतना ही बढ़ता है। धूम्रपान छोड़ने के बाद भी यह जोखिम कई साल तक बना रहता है।

डॉ. जावेद ने कहा कि खराब खान-पान भी इस बीमारी को न्योता देता है। कम फाइबर, ज्यादा रेड मीट, प्रोसेस्ड फूड और शराब का सेवन इसके खतरे को कई गुना बढ़ा देता है। युवाओं में भी यह बीमारी बढ़ रही है, जिसके पीछे मोटापा, तनाव और कम व्यायाम जैसे कारण हैं। इसके लक्षणों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि पेट दर्द, मल में खून, मल त्याग की आदतों में बदलाव, कमजोरी, थकान और अचानक वजन घटना इसके शुरुआती संकेत हो सकते हैं। अगर ये लक्षण दो सप्ताह से ज्यादा रहें, तो तुरंत डॉक्टर से मिलें।

डॉ. गोयल ने सलाह दी कि धूम्रपान छोड़ना और नियमित कोलोनोस्कोपी कराना इस बीमारी से बचने के सबसे जरूरी कदम हैं। संतुलित आहार और व्यायाम भी खतरे को कम करते हैं।

डॉ. जावेद के अनुसार, 50 की उम्र के बाद स्क्रीनिंग जरूरी है, क्योंकि इस उम्र में जोखिम बढ़ता है। समय पर पहचान हो तो सर्जरी, कीमोथेरेपी और रोबोटिक तकनीकों से इलाज आसान और प्रभावी होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि पेट की खराबी, जैसे कब्ज या बार-बार सूजन भी आंतों को नुकसान पहुंचा सकती है। सही खान-पान और पानी पीने की आदत से इसे ठीक रखा जा सकता है।

# 'नागफनी' के इन चमत्कारिक लाभों से नहीं होंगे वाकिफ, खांसी और पेट समेत इन बीमारियों में है फायदेमंद

**नई दिल्ली,** 29 मार्च (एजेंसियां)। प्रकृति का चमत्कार ही है, जो धरती पर सदियों से ऐसे पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जिनका आयुर्वेद में इस्तेमाल होता आ रहा है। इन्हीं में से एक है 'नागफनी', जो दिखने में तो कांटेदार पौधा है, मगर गुणों की खान होता है। इसके कांटे समस्याओं को दूर भगाने में कारगर साबित होते हैं। यह न सिर्फ प्रकृति का एक चमत्कार है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी वरदान है।

'नागफनी' को आयुर्वेद में 'वज्रकंटका' कहते हैं और इसका वानस्पतिक नाम ओपुन्शिया इलेटीओर है, जो सूखे और बंजर स्थानों पर उगता है। इसके फल, पत्तियों और तने में ढेर सारे पोषक तत्व जैसे विटामिन, फाइबर और एंटीऑक्सिडेंट्स मौजूद होते हैं। इसे पाचन को बेहतर करने से लेकर डायबिटीज कंट्रोल, त्वचा की देखभाल और



वजन घटाने तक में फायदेमंद माना जाता है। इससे जुड़े फायदों को जानते हैं। जर्नल ऑफ फंक्शनल फूड्स में प्रकाशित (मार्च, 2022) एक शोध में इसके फायदों का जिक्र किया गया है। शोध के मुताबिक, भारत में नागफनी के नाम से पहचाने जाने वाले इस पौधे को चीन में खाने और दवा के लिए हजारों सालों से इस्तेमाल किया जा रहा है। यह पेट की समस्याओं को ठीक करने, भूख बढ़ाने, ब्लड शुगर और फैट को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसमें फ्लेवोनॉइड्स, फिनॉल, टेरपेनॉइड्स और पेक्टिन जैसे तत्व होते हैं,

- **'नागफनी' को आयुर्वेद में 'वज्रकंटका' कहते हैं और इसका वानस्पतिक नाम ओपुन्शिया इलेटीओर है, जो सूखे और बंजर स्थानों पर उगता है**
- **'नागफनी' में विटामिन ए, विटामिन बी 6, विटामिन सी और विटामिन के पाया जाता है**

जो इसे खाने और दवा दोनों के लिए खास बनाते हैं।

शोध बताते हैं कि नागफनी में मौजूद फिनॉल और फ्लेवोनॉइड्स फ्री रेडिकल्स को खत्म करने में मदद करते हैं। इसके छिलके में एंटीऑक्सिडेंट की ताकत गूदे से ज्यादा होती है। यह भी देखा गया है कि नागफनी को निकालने के तरीके से इसके गुण बदलते हैं- मेथनॉल और इथेनॉल से निकाले गए अर्क प्रोटीन और डीएनए को नुकसान से बचाते हैं, जबकि कुछ अन्य तरीकों से यह असर कम होता है। अलग-अलग किस्मों में भी इसके एंटीऑक्सिडेंट की मात्रा अलग होती है, जो इसके तत्वों पर निर्भर करती है।

'नागफनी' के कांटे बहुत मजबूत होते हैं, इसलिए पहले के समय में इसके कांटों का इस्तेमाल कान छेदने के लिए किया जाता था। इसके कांटे में एंटीसेप्टिक के गुण होने की वजह से न तो कान पकता था और न ही उसमें पस पड़ती थी। इसके अलावा, 'नागफनी' कफ को निकालने का काम करती है और दिल के लिए लाभकारी होती है। इतना ही नहीं, इसके इस्तेमाल से खून साफ होता है और दर्द-जलन जैसी समस्याओं में भी आराम मिलता है।

# खेल जगत

## ओलंपियन अंकिता ने जीता 3000 मीटर स्टीपलचेज का खिताब

**कैलिफोर्निया।** ओलंपियन अंकिता ध्यानी ने शनिवार को अमेरिका के कैलिफोर्निया में आयोजित मैंग्रम आमंत्रण 2025 एथलेटिक्स मीट में महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज का खिताब जीता। इस इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, अंकिता ने 9:44.05 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकाला, जो आगामी एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के 9:48.48 के क्वालीफाइंग मार्क को आसानी से पार कर गया। पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में भाग लेने वाली अंकिता ने 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में भाग लिया है। 26 वर्षीय धावक ने राष्ट्रीय खेलों 2025 में दर्ज अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 9:53.63 सेकंड से लगभग नौ सेकंड कम समय लिया। हालांकि, कोरिया गणराज्य के गुमी में इस साल होने वाली एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम के लिए उनका चयन एएफआई के विवेक पर निर्भर है।



### दिल्ली कैपिटल्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से विशाखापत्तनम में होगा

# जीत के पटरी पर लौटना चाहेगी हैदराबाद

**विशाखापत्तनम,** 29 मार्च (एजेंसियां)। रविवार को आईपीएल 2025 डबल हेडर के पहले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से विशाखापत्तनम में होगा। दोनों के बीच अब तक हुए 24 मुकाबले में एसआरएच को 13 जबकि डीसी को 11 मैचों में जीत मिली है। हालांकि विशाखापत्तनम में हुए दो मुकाबलों में दोनों में मेजबान टीम डीसी को ही जीत मिली है। वहीं हालिया रिकॉर्ड भी डीसी के नाम है और दोनों टीमों के बीच 2023 से हुए छह मुकाबलों में चार में डीसी को जीत मिली है। आइए डालते हैं इस मुकाबले से जुड़े ऐसे ही कुछ दिलचस्प आंकड़ों पर नजर।




**आशुतोष शर्मा को करना होगा काबू**

एसआरएच को दिल्ली के बल्लेबाज आशुतोष शर्मा को काबू करना होगा जिन्होंने पिछले मुकाबले में नाबाद 66 रन की जबरदस्त पारी खेलकर दिल्ली को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एक विकेट से रोमांचक जीत दिलाई थी। आशुतोष ने यह पारी ऐसे समय खेली थी जब दिल्ली ने 210 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने पांच विकेट मात्र 65 रन पर गंवा दिए थे। क्या हेड फिर से होंगे स्टार्क का डक पर शिकार

हां, आंकड़े तो यही कहते हैं। जहां ट्रैविस हेड ने आईपीएल 2024 की तरह आईपीएल 2025 में भी अपनी आतिशी बल्लेबाजी का जलवा बिखेरना शुरू किया है, वहीं मिचेल स्टार्क इस मैच में हेड का इलाज हो सकते हैं। बाएं हाथ से गेंदबाजी करने वाले स्टार्क ने बाएं हाथ के हेड को 10 टी20 पारियों में पांच बार आउट किया है। इसमें से भी चार बार वह डक और चार में से तीन बार गोल्डन डक पर आउट हुए हैं। हेड के जोड़ीदार अभिषेक शर्मा भी दो पारियों में एक बार स्टार्क का शिकार हुए हैं, जबकि अभिषेक उन पर सिर्फ 78 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। अक्षर के पास है एसआरएच के शीर्ष क्रम का तोड़

यू तो बाएं हाथ के स्पिनरों को बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ एक अच्छा विकल्प नहीं माना जाता है, लेकिन अक्षर पटेल के पास एसआरएच के बाएं हाथ के शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी तिकड़ी का तोड़ है। डीसी के कप्तान ने इशान किशन और अभिषेक को दो-दो बार जबकि हेड को तीन पारियों में एक बार आउट किया है। इसमें से किशन को छोड़कर दोनों आतिशी बल्लेबाज, अक्षर के खिलाफ 100 से कम के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

## राहुल दिल्ली कैपिटल्स की टीम में फिर से शामिल हुए



**विशाखापत्तनम।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल रविवार को आईपीएल 2025 सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले मैच से पहले शनिवार को विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स की टीम में शामिल हो गए। राहुल पिछले हफ्ते लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ डीसी के सीजन के पहले मैच में अपनी पत्नी अथिया शेट्टी के साथ पहले बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल पाए थे। अथिया ने 24 मार्च को एक बच्ची को जन्म दिया। दिल्ली कैपिटल्स ने एक्स पर जाकर राहुल के आगमन का वीडियो शेयर किया और लिखा, आप प्यारे हैं। आप हमारे हैं। आप घर पर हैं। दिल्ली में आपका स्वागत है, केएलआर। एक अन्य पोस्ट में, फ्रेंचाइजी ने डीसी की ट्रेनिंग जर्सी में राहुल की एक तस्वीर शेयर की और पोस्ट को कैप्शन दिया, खेल शुरू होने दें। राहुल के रविवार को विशाखापत्तनम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली के लिए पदार्पण करने की उम्मीद है, पिछले साल की मेगा नीलामी में उन्हें 14 करोड़ रुपये में फ्रेंचाइजी ने खरीदा था। अक्षर पटेल की अगुआई वाली टीम ने राहुल की पूर्व फ्रेंचाइजी लखनऊ पर एक विकेट से रोमांचक जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत जीत के साथ की।

## केकेआर और एलएसजी के बीच मुकाबले का शेड्यूल बदला, अब 8 अप्रैल को होगा मैच

**कोलकाता,** 29 मार्च (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेड्यूल में बदलाव किया गया है। बीसीसीआई ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच होने वाले मैच नंबर 19 की तारीख को बदल दिया है। यह मुकाबला पहले 6 अप्रैल 2025 को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाना था, लेकिन अब इसे 8 अप्रैल को दोपहर 3:30 बजे के लिए रीशेड्यूल किया गया है। आईपीएल की तरफ से जारी की गई प्रेस रिलीज में इस बदलाव की वजह कोलकाता पुलिस की ओर से की गई सिफारिश को बताया गया है। पुलिस ने क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) को सूचित किया था कि शहर में त्योहारों के कारण सुरक्षा बलों की तैनाती प्रभावित हो सकती है। इसी वजह से बीसीसीआई ने इस मैच को दो दिन आगे बढ़ाने का फैसला किया है। अब 6 अप्रैल को अब सिर्फ एक मैच खेला जाएगा, जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और गुजरात टाइटंस (जीटी) की टीमें शाम 7:30 बजे आमने-सामने होंगी। वहीं 8 अप्रैल को डबल हेडर होगा। पहले दोपहर 3:30 बजे कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला होगा, और फिर शाम 7: 30 बजे पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीमें न्यू चंडीगढ़ में भिड़ेंगी। गतविजेता कोलकाता नाइट राइडर्स को अपने पहले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन दूसरे मैच में उन्होंने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को हराकर शानदार वापसी की।

# नूपुर श्योराण का भिवानी में जोरदार स्वागत, गोल्ड मेडल के साथ घर वापसी

**भिवानी,** 29 मार्च (एजेंसियां)। हाल ही में ग्रेटर नोएडा में आयोजित राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप में हरियाणा की बेटियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कुल 10 वेट कैटेगरी थीं, जिनमें से 9 गोल्ड मेडल हरियाणा की बेटियों ने जीते और इनमें से 5 गोल्ड मेडल अकेले भिवानी की बेटियों के नाम रहे। इन विजेताओं में एक प्रमुख नाम था, नूपुर श्योराण, जिन्होंने 80+ वेट कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता और पांचवीं बार राष्ट्रीय चैंपियन बनीं। नूपुर श्योराण के भिवानी लौटने पर शनिवार को उनका शानदार स्वागत किया गया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए नूपुर ने कहा कि यह मेरी पांचवीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप है और मुझे इस उपलब्धि पर बहुत गर्व है। अब मेरी नजरें वर्ल्ड चैंपियनशिप पर हैं, जो सितंबर में इंग्लैंड में होगी। उन्होंने आगे कहा कि हरियाणा की बेटियां विशेष होती हैं, लड़ना और जीतना हमारे डीएनए में है। इस दौरान नूपुर ने सरकार द्वारा खिलाड़ियों के लिए की जा रही योजनाओं की सराहना की और कहा कि इस तरह की योजनाएं खेलों को बढ़ावा देती हैं और खिलाड़ियों को उनके सपने साकार करने का अवसर प्रदान करती हैं। वहीं, नूपुर के पिता और कोच संजय श्योराण ने कहा कि मेरे पिता, मैं और मेरी बेटी, तीन पीढ़ियां बॉक्सिंग में हैं और यह एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। इस चैंपियनशिप में नूपुर और उनकी दूसरी शिष्या पूजा बोहरा ने गोल्ड मेडल जीते हैं। अब नूपुर वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारी में जुटेंगी। भिवानी, जिसे मिनी क्यूबा के नाम से जाना जाता है, के बॉक्सिंग खिलाड़ियों ने हमेशा से ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है। इस बार भी भिवानी की बेटियां पूरी दुनिया में अपनी सफलता का परचम लहरा रही हैं। राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 गोल्ड मेडल जीते। इनमें से 5 गोल्ड मेडल अकेले भिवानी की बेटियों ने जीते हैं, जो इस इलाके की बॉक्सिंग के प्रति लगन और मेहनत को दर्शाता है। इस सफलता के बाद, नूपुर श्योराण समेत अन्य खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया।



- हरियाणा की बेटियां विशेष होती हैं, लड़ना और जीतना हमारे डीएनए में है : नूपुर श्योराण
- 9 गोल्ड 5 मेडल भिवानी की बेटियों ने जीते हैं

# मनीषा ने पहला स्वर्ण जीता, अंतिम ने वापसी पर कांस्य पदक जीता

**अम्मान (जॉर्डन),** 29 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय महिला पहलवानों ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा, क्योंकि मनीषा ने देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता, जबकि अंतिम पंघाल ने शुक्रवार को यहां 2025 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा में वापसी करते हुए कांस्य पदक जीता। जॉर्डन की राजधानी में आयोजित इस प्रतियोगिता का तीसरा दिन भारतीय कुश्ती के लिए ऐतिहासिक दिन साबित हुआ, क्योंकि भारतीय महिला कुश्ती टीम ने एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता, जिससे भारत के कुल पदकों की संख्या 1 स्वर्ण, 1 रजत और 5 कांस्य हो गई।



दिन का मुख्य आकर्षण मनीषा (62 किग्रा) रहीं, जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को चैंपियनशिप का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने कुछ सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल तक अपना दबदबा बनाया। कजाकिस्तान की टाइनिस डुबेक (विश्व रैंकिंग 9) को 11-0 से हराने के बाद, विश्व रैंकिंग में नंबर 10 भारतीय ने कोरिया की हनबिट ली को हराया, इसके बाद 2023 एशियाई चैंपियन कलमीरा बिलिमबेकोवा को 5-1 से हराया। एक करीबी मुकाबले में, मनीषा ने डीपीआर कोरिया की ओक जे किम को 8-7 से हराकर भारत को टूर्नामेंट का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इस बीच, 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वापसी कर रही अंतिम पंघाल (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीन की जिन झांग (2024 विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता) पर 10-6 से जीत के साथ जोरदार शुरुआत की। हालांकि, उन्हें सेमीफाइनल में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, जहां वह जापान की मो कियूका (विश्व चैंपियन) से 10-0 से हार गईं। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बयान में कहा कि कल से शुरू होने वाली फ्रीस्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता के साथ, भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को भारतीय दल से अधिक पदक और मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है।

**सीनियर एशियाई कुश्ती**

- भारत के कुल पदकों की संख्या 1 स्वर्ण, 1 रजत और 5 कांस्य हो गई

# आईपीएल 2025 'मेरा काम टीम पर से दबाव हटाना है' : फिल साल्ट

**चेन्नई,** 29 मार्च (एजेंसियां)। फिल साल्ट ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में विराट कोहली के साथ अपनी साझेदारी के बारे में बात की है और खुलासा किया है कि जब फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2025 की नीलामी में उन्हें खरीदा था, तब वह उनकी भूमिका को लेकर बहुत स्पष्ट था।

पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसिस के जाने के बाद आरसीबी को कोहली के लिए एक नए ओपनिंग पार्टनर की जरूरत थी और साल्ट के रूप में टीम को एक अच्छा पार्टनर मिला। इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज ने आरसीबी के शुरुआती दो मैचों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे दूसरे छोड़ पर कोहली भी खुलकर अपने शॉट्स खेलने में कामयाब हुए हैं। शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर जीत के दौरान, दोनों ने सिर्फ पांच ओवरों में 45 रन जोड़े।

कोहली के शुरू में तेजी से रन बनाने में संघर्ष करने के बावजूद, साल्ट ने अपनी भूमिका को बखूबी अंजाम दिया।







## आईपीएल 2025: टीम की हार के बावजूद नूर अहमद चमके

**नई दिल्ली,** 29 मार्च (एजेंसियां)। चेपॉक के मैदान पर शुक्रवार को 17 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के हाथों मात मिली। आरसीबी से मिली करारी हार के बावजूद सीएसके के लिए खेल रहे अफगानी मूल के क्रिकेटर नूर अहमद चमक उठे। नूर अहमद ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिए और इसके साथ ही वह टूर्नामेंट में पर्पल कैप की रेस में सबसे आगे निकल गए। टूर्नामेंट में नूर अहमद ने कुल दो मैच खेले हैं और उनके नाम 7 विकेट हैं। आरसीबी के खिलाफ उतरने से पहले उनके खाते में चार विकेट थे और वह पर्पल कैप की रेस में दूसरे नंबर पर थे। आरसीबी के खिलाफ नूर ने अच्छी गेंदबाजी की और महज 36 रन खर्च कर तीन कीमती विकेट अपने नाम किए। नूर अहमद के बाद पर्पल कैप की रेस में लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। शार्दुल ठाकुर के बाद तीसरे नंबर पर आरसीबी के गेंदबाज जोश हेजलवुड हैं, जिनके नाम दो मैच में 5 विकेट हैं। चौथे नंबर पर सीएसके के खलील अहमद हैं, जिनके नाम दो मैच में चार विकेट हैं।










प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

शराबी दरवाजे पे दस्तक देता है? उसकी बीवी दरवाजा खोलती है ।
शराबी-कौन हैं आप?
बीवी- मुझे भूल गए।
शराबी - नशा हर गम को भुला देता है बहन।

# रियासत कालीन जगन्नाथ मंदिर से रामनवमी की निकलेगी शोभायात्रा



## बटुकों का होगा निशुल्क उपनयन संस्कार

**जगदलपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। चैत्र शुक्ल पक्ष श्रीरामनवमी के शुभ अवसर पर 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज बस्तर संभाग के द्वारा शताब्दियों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 6 अप्रेल दिन रविवार को श्रीजगन्नाथ परिसर जगदलपुर स्थित रियासत कालीन श्रीराम मंदिर से संध्या 4 बजे श्रीरामजी की जीवंत झांकी एवं विशाल शोभायात्रा में समाज के 14 क्षेत्रिय समितियों के माध्यम से 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के 100 ग्रामों में निवासरत आरण्यक ब्राह्मण बड़ी संख्या में शामिल होंगे। 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वेदप्रकाश पांड़े ने बताया कि शनिवार को हुई समाज की बैठक में यह तय किया गया कि परंपरानुसार इस वर्ष भी श्रीरामनवमी की शोभायात्रा निकली जाएगी। श्रीजगन्नाथ मंदिर परिसर स्थित श्रीराममंदिर में सुंदरकांड रामायण पाठ किया जावेगा। श्रीरामनवमी के अवसर पर जगन्नाथ मंदिर परिसर में बटुकों का निःशुल्क सामुहिक उपनयन संस्कार संपन्न किया जायेगा। वहीं समाज की सामान्य सभा (महासभा) सुबह 11.30 बजे से प्रारंभ होगी। 6अप्रेल को संध्या 4 बजे श्रीराम जी डोली (पालकी) के साथ जीवंत झांकी एवं शोभायात्रा निकली जाएगी। समाज के अध्यक्ष वेदप्रकाश पांड़े ने उक्त कार्यक्रम में समाज के समस्त सम्मानित सदस्यों एवं श्रृद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया है। बैठक में पूर्व अध्यक्ष ईश्वर नाथ खम्बारी, हेमंत पाण्डे, सचिव देवशंकर पंडा, संतोष पात्र, विवेक पाण्डे, गजेंद्र पाणिग्राही, बनमाली पाणिग्राही, बिभाधर पाण्डे, पुरुषोत्तम जोशी, नरेंद्र पाणिग्राही एवं समाज के चौदह क्षेत्रों के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहित समाज प्रमुख उपस्थित थे।

# रामनवमी पर्व भव्य एवं आकर्षक ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा



- चैत्र प्रतिपदा से नवमी तक विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन
- रामनवमी के महा रैली में विख्यात बैंड पार्टी होगी शामिल

**जगदलपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। रामनवमी पर्व भव्य एवं आकर्षक ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने को लेकर शनिवार को स्थानीय सीताराम शिवालय मंदिर में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकार वार्ता में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता ने बताया कि वर्षों से महारैली निकालकर राम नवमी पर्व मनाते आ रहे है। इस वर्ष विश्व हिन्दू परिषद जगदलपुर श्री राम जन्मोत्सव समिति द्वारा हिन्दू नव वर्ष एवं श्री राम जन्मोत्सव भव्य एवं वृहद रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। 30 मार्च 25 चैत्र शुक्ल प्रतिपरा हिन्दू नव वर्ष के प्रथम दिन से लेकर नवमी तक प्रत्येक दिन विश्व हिन्दू परिषद, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी, बजरंग दल द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यकमांक का आयोजन जगदलपुर नगर में किया जायेगा तथा बस्तर जिल के सभी 7 प्रखण्डों (ब्लाकों) के सभी ग्रामों में श्री राम जन्मोत्सव मनाने हेतु कार्यकम किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि कार्यकम के प्रथम दिन मातृशक्ति द्वारा स्कूटी रैली का आयोजन सर्वहिन्दू समाज के साथ किया गया है। 30 मार्च चैत्र प्रतिपदा ग्राम बिलोरी, नानगुर, प्रखण्ड में श्री हनुमान मंदिर का भूमियूजन एवं आमंत्रण वाहन रैली होगी। इसी तरह 31 मार्च लोहण्डीगुड़ा प्रखंड, 1 अप्रैल दरभा प्रखंड, 2 अप्रैल बकावण्ड प्रखंड, 3 अप्रैल तोकापाल प्रखंड, 5 अप्रैल बस्तर प्रखंड मैं आमंत्रण रैली का आयोजन होगा। मातृशक्ति द्वारा चुनरी यात्रा 2 अप्रैल 3.00 बजे दोपहर से मां दुर्गामंदिर शांति नगर से निकलेगी एवं 5 अप्रैल को मातृशक्ति द्वारा भजन संध्या का कार्यकम रखा गया है। स्थान दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण।

बजरंग दल द्वारा 4 अप्रैल दोपहर 2.00 बजे से श्री राम जन्मउत्सव आमंत्रण की वृहद रैली मां दतेश्वरी मंदिर प्रांगण से निकलेगी जो जगदलपुर के सभी वार्डों से एवं आड़ावाल आसना से होते हुए वापस मां दंतेश्वरी प्रांगण में सम्पन्न होगी। चैत्र शुक्ल नवमी दिनांक 6 अप्रैल रविवार को प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव कार्यक्रम की सभा दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में दोपहर 3.00 बजे होगी तत्पश्चात् भव्य शोभा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर वापस मां दंतेश्वरी प्रांगण में सम्पन्न होगी। सभी सनातनी हिन्दूओं से आग्रह है कि प्रभु श्रीराम को समर्पित सभी कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में सपरिवार उपस्थित होकर कार्यकमों की शोभा बढ़ाये। योगेंद्र कौशिक ने कहा कि सभी सनातनी अपने-अपने घरों में भागवा ध्वज फहराएं, घर के आंगन में रंगोली डालें और तिलक लगाकर ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# नाबालिग को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म



## इंस्टाग्राम के माध्यम से किया था दोस्ती, जिला बरेली उत्तर प्रदेश का आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। जबरन भगा कर ले जाने व बलात्कार करने वाले आरोपी को पकड़ने में बस्तर पुलिस को सफ़लता मिली है। प्राथी ने 24 जनवरी को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसकी बेटी पीड़िता 13 जवानी को रात्रि 8-30 बजे करीब घर वापस आई रात्रि में प्रार्थी की बेटी घर पर नहीं थी। आस-पास पता तलाश पूछताछ कि कहीं पता नहीं चलने पर थाने आकर रिपोर्ट दर्ज करें अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। थाना प्रभारी कोतवाली शिवानंद सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही हेतु जिला बरेली उत्तर प्रदेश मोबाइल नंबर के लोकेशन के आधार पर रवाना किया गया। टीम के द्वारा वहॉ पहुंचकर, आरोपी संदेही को टीम द्वारा घेराबंदी कर, हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर नाबालिक को इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती कर अपने साथ शादी का झांसा देकर भगा कर ले जाना व जबरन शारीरिक संबंध बनकर बालात्कार करना काबुल करने पर वापस थाना लाया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 137 (2),87,64, 64(2) (एम) भारतीय न्याय संहिता, 06 पास्को एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, आरोपी को मामलें में गिरफ्तार कर, न्यायालय में प्रस्तुत किया।

# फर्जी सिम की धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



पीओएस एजेंट द्वारा नागरिकों के आधार कार्ड संबंधी दस्तावेजों का दुरूपयोग कर सिम जारी करने की शिकायत मिलने पर बस्तर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही

**जगदलपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। नोडल सायबर सेल उप पुलिस अधीक्षक गितिका साहू के पर्यवेक्षण में निरीक्षक विकेश तिवारी के नेतृत्व में सायबर सेल जगदलपुर द्वारा जाँच किया गया जिममें डॉट से प्राप्त जानकारी में फर्जी जारी किए गए करीबन 23 सीम एवं जारी कर्ता पीओएस एजेंट नकुल प्रसाद श्रीवास्तव धरमपुरा रोड जगदलपुर का उल्लेख किया गया था। आरोपी के द्वारा जारी किये गये अलग अलग मोबाईल नंबरो के धारकों से पुछताछ करने पर उन्हे उक्त नंबरों के सिम जारी होने की जानकारी नहीं होना बताये एवं उन्हें आशंका हुई कि वे जब दुकान में सीम लेने गये थे। उस समय नकुल प्रसाद श्रीवास्तव के द्वारा आधार कार्ड लेकर दो तीन बार फोटो एवं इलेक्ट्रानिक मशीन, थम्ब मशीन पर अंगुठा लगवाकर मोबाईल नंबर- 9009492479, 9009534957, 9009837397, 9009260362, 9009394852, 9977160731, 9977057826, 8959977390, 9977871976, 9009578169, 9977187634, 9977161884, 9977355983, 9977412329, 9977183403, 6269977376, 9977485836, 9009498837, 7909977405, 9009597403, 9009161724, 9009981390, 9009345749 को जारी कर सीम का दुरूपयोग किया जा रहा है।

जाँच में टेलीकॉम एजेंट नकुल प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि सर्विस मैनेजर सलीम खान के साथ मिलकर उसके द्वारा इलेक्ट्रानिक उपकरण/थम्ब मशीन का उपयोग कर मोबाईल धारकों का धोखा से थम्ब लगाकर मुल्यवान दस्तावेज आधार कार्ड की जानकारी प्राप्त कर, धारकों के बिना जानकारी एवं सहमति के बिना सिम निकालकर स्वंय उपयोग किया है। जाँच रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के विरूद्ध थाना बस्तर में (धारा 318(2), 318(4),336 (3) बीएनएस, 66-सी आई0टी0 एक्ट) का अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी नकुल प्रसाद श्रीवास्तव एवं सलीम खान से घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन जप्त किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर, विधिवत् कार्यावही करते हुये न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

# निगम क्षेत्र से अवैध मोबाइल टॉवर हटेंगे



## नवीनीकरण शुल्क जल्द जमा करें निगम को नहीं तो होगी कार्रवाई –

**जगदलपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम के अनुमति के बिना लगे मोबाइल टावरों पर कार्रवाई की जाएगी। अनुमति नहीं लेने पर अवैध मोबाइल टावरों को हटाया जाएगा। निगम ने मोबाइल टावरो की संख्या बताने के निर्देश जारी किए हैं। राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने जिओ टावर के अधिकारियों को नगर निगम में बुलाकर विस्तृत जानकारी ली जिसमें निगम क्षेत्र में लगे मोबाइल टावरों की सूची मांगी है। इसके साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि मोबाइल टावर लगाने की मंजूरी ली जाए। जरूरी शुल्क निगम में जमा की जाए। ऐसा नहीं करने पर निगम की ओर से सख्त कार्यवाही की जाएगी। निगम सभापति राजस्व संग्राम सिंह राणा ने कहा टेलीकॉम कंपनियों द्वारा लगाई गई टावरों की नवीनीकरण शुल्क निगम को तीन सालो से अप्राप्त है जो एक साल का नवीनीकरण शुल्क 30000 होता है ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है। ऐसी टेलीकॉम कंपनियां नवीनीकरण शुल्क जल्द से जल्द नगर निगम को जमा करवाए। नगर निगम क्षेत्र में मोबाइल टावर लगाने के लिए बेहद कम कंपनियों ने अनुमति ली है। आंकड़ों के मुताबिक 77 मोबाइल टॉवर के लिए ही अनुमति ली गई है जबकि निगम क्षेत्र में 137 से अधिक मोबाइल टावर लगे हुए हैं। राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा कि मोबाइल टावर लगाने के लिए केंद्र सरकार की टेलीकॉम मंत्रालय में नियम बनाए हुए हैं। बड़ा सवाल यह है कि निगम में इतनी बड़ी संख्या में मोबाइल टावर आखिर कैसे लग गए। अवैध टावरों को जल्द हटाया जाएगा।

# सेंट जेवियर स्कूल के गणित प्रदर्शनी में शामिल हुए महापौर



**जगदलपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। सेंट जेवियर्स हाई स्कूल चांदनी चौक में शनिवार को गणित की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाए गए थे, जिसका उद्घाटन जगदलपुर के महापौर संजय पाण्डे के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों के परिणाम की भी घोषणा की गई। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वालों को महापौर के हाथों प्रमाण पत्र दिया गया साथ ही उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में महापौर संजय पाण्डे के द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे प्रोत्साहित किया गया।

# फेसबुक के माध्यम से प्रेमजाल में फंसाया कॉल रिकॉर्डिंग वायरल करने की दी धमकी



## 1,56,000 रूपये की उगाही करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। फेसबुक के माध्यम से प्रेम जाल में फंसा कर 1,56,000/- रु. की उगाही करने वाले युवक को गिरफ्तार करनेयू में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। थाना बोधघाट में पीड़िता थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि कोटपाड़ निवासी अबरार खान पिता अताउल्ला खान उम्र 31 वर्ष के द्वारा मार्च 2025 के प्रथम सप्ताह में फेसबुक के माध्यम से फ्रेंडशिप करके पीड़िता के साथ फोन के माध्यम से लगातार प्यार भरी बातें करके बातो को रिकॉर्ड करके उक्त बातचीत को पीड़िता के परिजनों एवं सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म में वायरल करने की धमकी देकर आरोपी द्वारा पीड़िता को ब्लैकमेल करते हुए कुल 1,56,000/- रु. की उगाही किया है, और लगातार ब्लैकमेल कर रहा हैं। पीड़िता की रिपोर्ट पर पर थाना बोधघाट में धारा 308(2) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा आरोपी अबरार खान पिता अताउल्ला उम्र 31 वर्ष निवासी कोटपाड मस्जिद के पीछे जगदलपुर को उसके निवास स्थान से हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। आरोपी के द्वारा अपराध घटित करना कबूल करने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।

# आरडीसी परेड दिल्ली में चयन हेतु एनएसएस वालेनटीयर्स की तैयारी



## विषय पर बौद्धिक परिचर्चा गजेंद्र सिंह लेफ्टिनेंट एनसीसी के द्वारा दिया गया

**जगदलपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर छत्तीसगढ़ द्वारा सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर ग्राम पंचायत कविआसना में 24 से 30 मार्च तक आयोजित है। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा दैनिक गतिविधि के अंतर्गत प्रातः 5-00 बजे लक्ष्य गीत के साथ प्रभातफेरी व योग व्यायाम से दिनचर्या की शुरुआत की गई। प्रातः 8-00 से 12-00 तक परियोजना कार्य पंचम दिवस के अंतर्गत महादलनायक भुवन सिन्हा एवं महादलनायिका सुमन राठौर के निर्देशन में समस्त स्वयंसेवकों को तीन समूह में बांटा गया और सभी को तीन सामाजिक व शैक्षिक मुद्दों पर आधारित विषय दिए गए। इन विषयों पर स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक तैयार किया गया। समूह क्रमांक 1 विषय- नशा मुक्ति अभियान संबंधित नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन ग्राम कविआसना के मांझी पर में प्रस्तुत किया गया। समूह क्रमांक 2 विषय -नारी सशक्तिकरण पर आधारित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुतीकरण ग्राम कविआसना के शिव मंदिर चौक के पास किया गया। समूह क्रमांक 3 का विषय स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन ग्राम कविआसना के आंगनबाड़ी क्रमांक 2 में किया गया। इस प्रकार सभी समूह द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति देकर अभियान को सफल बनाया। परियोजना कार्य के पश्चात एनएसएस शिविर परिसर में सड़क सुरक्षा अभियान संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में संतोष जैन डीएसपी जगदलपुर, हेमंत ठाकुर यातायात सुरक्षा, मीडिया न्यूज़ रिपोर्टर, लीना पांडे शिक्षिका कविआसना, नीलेश साहू शिक्षक कविआसना, डॉक्टर बी एल साहू एनएसएस प्रभारी, डॉक्टर दुर्गेश डिक्सेना एनएसएस प्रभारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की कड़ी को आगे बढ़ते हुए एनएसएस प्रभारी द्वारा मुख्य अतिथि परिचय व स्वागत उद्बोधन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता ने बताया कि सड़क सुरक्षा हम सबके लिए एक महत्वपूर्ण विषय है। आज के समय में सड़क दुर्घटना की संख्या काफी बढ़ गई है, सड़क सुरक्षा का अर्थ यातायात दुर्घटनाओं को रोकने के लिए किए जाने वाले उपायों से हैं। सामान्यत: देखा जाता है कि माता-पिता बच्चो के शौक को पूरा करने के लिए महंगी महंगी गाड़ियां दिला देते हैं जबकि बच्चों की उम्र और समझ के अनुसार सुविधा दी जानी चाहिए, जो स्वयं परिवार तथा समाज के हित में हो, साथ ही लोगों में यह मानसिकता होती है की शासन द्वारा जो वहां नियम निर्धारित किया जाता है वह गलत है परंतु यह दुर्घटना से बचाव हेतु प्रयास का एक तरीका है। उन्होंने बताया कि सड़क संबंधी सावधानी न बरती जाए तो दुर्घटना हो सकती है इस दुर्घटना में व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है, जिससे केवल पीड़ित व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को दुख का सामना करना पड़ता है। दुर्घटना से बचाव हेतु हेलमेट पहनने की सलाह दी गई जिससे मस्तिष्क के आंतरिक भागों की सुरक्षा हो सके। हेलमेट के उपयोग के लाभ के बारे में( धुलकण से सीधा बचाव, बारिश व गर्मी में धूप से बचाव ) जानकारी दी। भारत में दुर्घटना से हर वर्ष 1.78 लाख लोग अपनी जान गवा देते है तथा लाइसेंस क़ी महत्व को बताया। साथ ही उन्होंने बताया क़ी बिना लाइसेंस के इंश्योरेंस क्लैम नहीं किया जा सकता। ड्राइविंग सिखाने की जरूरत को बताया।

डॉ. एपीजे कलाम च्च्हर असफलता से सफलता का द्वार खुलता है च्च। इस प्रकार डॉक्टर संतोष जैन ने अपना अनुभव और ज्ञान साझा कर एन एस एस छात्रों को अनुग्रहित किया। अपराह्न 2 बजे से बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में एनएसएस लेफ्टिनेंट डॉ गजेंद्र कुमार मरावी, एनएसएस अधिकारी डॉ संजीवन कुमार, एनएसएस प्रभारी डॉ भुवनेश्वर साहू, सहायक प्राध्यापिका शिक्षा अध्ययन शाला से प्रज्ञा तिवारी मैडम और लीलावती पटेल मैडम उपस्थित रहे। आज के बौद्धिक परिचर्चा का मुख्य विषय - एन एस एस कैंप आधारित था। कार्यक्रम का प्रारंभ युवाओ के प्रेरणाश्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मंचस्थ समस्त अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बौद्धिक परिचर्चा के पांचवे दिवस पर आज डॉ गजेंद्र कुमार द्वारा संबंधित विषय एनएसएस शिविर पर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा किया गया। डॉ. गजेंद्र कुमार ने अपने समस्त उद्बोधन के दौरान समय एवं अनुशासन पर अधिक बल दिए। साथ ही एनएसएस के माध्यम से करियर निर्माण की राह के बारे में भी बताया गया। उन्होंने संदेश दिया कि कैंप के बाद भी अपने आसपास स्वच्छता, सामाजिक सेवा को बढ़ावा दिया गया।

# जिले के सेजेस में रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु 11 अप्रैल तक आवेदन पत्र आमंत्रित

**जगदलपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देश के अनुपालन में बस्तर जिले के अंतर्गत संचालित स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जगदलपुर एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस्तर, तोकापाल, दरभा, करपावण्ड, किलेपाल, लोहण्डीगुड़ा, धरमपुरा, नानगुर, बकावण्ड, मानपुरी, माड़पाल, बास्तानार, करीतगांव, बड़ेचकवा, अलनार, करंजी एवं मांझीगुड़ा चिंगपाल के लिए शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय रिक्त व बैकलाग पदों पर संविदा नियुक्ति की जानी है। इस हेतु योग्य उम्मीदवारों से विज्ञापन में निहित शर्तों के अन्तर्गत निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र 11 अप्रैल 2025 तक आमंत्रित किये गए हैं। आवेदक अपना आवेदन पत्र कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जगदलपुर, हाता ग्राउंड के पास जगदलपुर, जिला-बस्तर पिनकोड-494001 के पते पर पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्रेषित कर सकते हैं। अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं किए जाएंगे। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार सांयकाल 5.30 बजे तक होगी। उक्त समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। विज्ञापन एवं आवेदन का प्रारूप बस्तर जिले की आधिकारिक वेबसाईट www.bastar.gov.in पर देखी जा सकती है।

## रिकेश ने स्पोर्ट्स कल्चर डेवलप के लिए केन्द्रीय मंत्री से की चर्चा



**भिलाईनगर**, 29 मार्च (देशबन्धु)। आज दिल्ली में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने श्रम, रोजगार, युवा मामले तथा खेल केंद्रीय मंत्री मनसुख लक्ष्मण भाई मंडाविया से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ की खेलधानी भिलाई में खेल संसाधनों के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की है। उन्होंने उत्कृष्ट शत प्रतिशत खिलाड़ियों को भिलाई इस्पात संयंत्र में नौकरी दिए जाने के आलावा नेहरू नगर के इएसआई हास्पीटल में सभी रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर की शीघ्र नियुक्ति की मांग भी मंत्री से की है। श्री सेन ने भिलाई से क्रिकेट, बालीवाल, हैंडबाल, हाकी सहित अन्य खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर चुके अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए बताया कि भिलाई की पहचान प्रदेश में खेलधानी के रूप में है। यहां अनेक खेलों के लिए पर्याप्त संसाधन मुहैया कराने से हजारों खिलाड़ियों को जहां बेहतर प्लेटफार्म मिलेगा वहीं ये खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रौशन करेंगे। भिलाई स्टील प्लांट में खिलाड़ियों की नौकरी सुविधा दिए जाने से युवाओं में शिक्षा के साथ साथ स्पोर्ट्स कल्चर भी डेवलप होगा। युवा व खेल मंत्री मनसुख मंडाविया से श्री सेन ने विभिन्न खेल सेटअप के लिए लगभग 100 करोड़ की योजना पर विचार से बातचीत की है। उन्होंने दुर्ग जिले के सभी उत्कृष्ट खिलाड़ियों को भिलाई इस्पात संयंत्र में नौकरी दिए जाने की मांग भी रखी।

## दिव्यांगों की सेवा में जुटा समाज कल्याण विभाग




**दंतेवाड़ा**, 29 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा के मंशानुरूप दंतेवाड़ा जिले में एक वर्ष के भीतर दूसरी बार दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के लिये कल्पतरु प्रोजेक्ट इंटर नेशनल लिमिटेड एवं भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर के सहयोग से विशेष जयपुर फूट कैम्प का आयोजन किया गया।

नगर पालिका बचेली के सामुदायिक/मंगल भवन में यह तीन दिवसीय शिविर लगाया गया था। विधायक चैतराम अटामी, नगर पालिका परिषद बचेली अध्यक्ष राजू जायसवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, नगर पालिका उपाध्यक्ष सतीश प्रेम चंदानी ने शिविर को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन और जिला प्रशासन दिव्यांगजनों और वृद्धिजनों की भलाई के लिए विभिन्न योजनाओं पर कार्य कर रहा है और समाज को भी इन प्रयासों में सहयोग देना चाहिए। जिससे की गाँव के अंतिम छोर तक शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। आप सभी को जिला मुख्यालय तक आने में होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए आपके क्षेत्र में शिविर आयोजित किये जाते हैं, जिसका फायदा आपको मिल रहा है। इस शिविर में जयपुर फूट की एक्सपर्ट टीम ने बहुत लगन से अपनी कार्य कुशलता का परिचय दिया और उच्च गुणवत्ता युक्त उपकरण तैयार किए। विधायक ने कार्यक्रम में कृत्रिम पैर – 25, कैलीपर्स – 30, व्हीलचेयर – 62, बैसाखी – 26, श्रवण यन्त्र – 103, छड़ी – 87, एल्बो क्रचेस – 9, सामान्य ट्रायसायकल – 2, सीपी चेयर – 1, वॉकर – 22 सहायक उपकरण एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र – 15 भी प्रदान किये। इसके अलावा समाज कल्याण उप संचालक संतोष टोप्पो ने बताया कि शिविर में कुल पंजीकृत – 462 तथा कुल लाभान्वित – 308 है। इस कैप में दंतेवाड़ा जिले के विकासखण्ड दंतेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण, कुआकोडा के अलावा सुकमा जिले के दिव्यांग हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कैम्प में दिव्यांगजनों/वृद्धजनों के लिये कृत्रिम हाथ–पैर का मापन, सहायक उपकरण, दिव्यांग प्रमाण पत्र आदि तत्काल मुहैया कराया गया। दिव्यांगजनों को कैम्प तक लाने एवं वापस उनके गंतव्य स्थल तक छोड़ने हेतु वाहन किराया समाज कल्याण विभाग द्वारा वहन किया गया। साथ ही चाय, नास्ता एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई। इस मौके पर जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

- बचेली में जयपुर फूट कैंप को भारी सफलता
- तीन दिवसीय शिविर में 308 हितग्राही लाभान्वित
- विधायक चैतराम सहित जन प्रतिनिधियों ने बांटे उपकरण

## धन्यवाद कहने से हमें दिल की मिलती है दुआएं



**भिलाईनगर**, 29 मार्च (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में बच्चों के लिए आयोजित 3 दिवसीय मेडिटेशन शिविर के पहले दिन बच्चों को फिजिकल एक्सरसाइज के पश्चात ध्वनि उच्चारण के साथ ज्योति बिंदु परमात्मा शिव पर मन को एकाग्रता के अभ्यास द्वारा बच्चों ने शिविर की उमंग उत्साह से भरपूर नई सकारात्मक ऊर्जा से शुरुआत की। ब्रह्माकुमारी शिखा दीदी और मयंक दीदी ने बच्चों को ट्री ऑफ थैंकफूलनेस के बारे में बताया कि जो भी हम सभी को वर्तमान में प्राप्तियां हो रही है। उसके लिए प्रकृति के 5 तत्वों धरती,गगन, जल, अग्नि, वायु परमात्मा को, पेरेंट्स को, किसान को, टीचर्स को दिल से धन्यवाद थैंक्यू कहना है। जिससे हमें सभी के दिल की दुआएं मिलती है। सामने वाले का व्यवहार हमारे प्रति सकारात्मक होता है। वो हमारे सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इसलिए श्रेष्ठ भावनाओं से सभी को थैंक्स बोले तब हमारे लाइफका ट्री पॉजिटिव ग्रो करेगा और सफल होंगे। मेडिटेशन कैंप में बच्चों को पजल्स, वैल्यूबल एक्टिविटी के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। इन बातों को बच्चे होमवर्क के रूप में नोट कर जीवन में धारण करने का दृढ़ संकल्प कर रहे है। इस मेडिटेशन शिविर में नए बच्चे भी भाग ले सकते है।

## केन्द्रीय मंत्री खट्टर से रिकेश की सार्थक चर्चा

**भिलाईनगर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत के वर्तमान केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर भिलाई टाउनशिप में प्रधानमंत्री आवास को लेकर चर्चा की है। श्री सेन ने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र की खाली जमीन पर वर्षों से लगातार अतिक्रमण होते रहे हैं, पिछले कुछ वर्षों में टाउनशिप के कई मकान और बिल्डिंग डिस्मेंटल होने से प्रभावित क्षेत्र में लोगों की आवाजाही लगातार घटने से यहां के मार्केट भी उजड़ते जा रहे हैं। ऐसे खंडहरनुमा आवासों और रिक्त भूमि को अतिक्रमण से बचाने तथा प्रभावित सेक्टर की रौनक को बनाए रखना बेहद जरूरी है। वर्तमान में डिस्मेंटल बिल्डिंग और वर्षों से खाली जमीन पर सेल मैनेजमेंट की कोई निर्माण योजना न होने से बीएसपी को ऐसी जगहों को अतिक्रमण से बचाने और कब्जेधारियों को बेदखल करने अतिरिक्त बल और श्रम लगाना पड़ता है। अगर ऐसी रिक्त और अनुपयोगी भूमि का उपयोग केंद्र सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए कर सके तो आवासहीन हजारों परिवारों को जहां आश्रय मिलेगा वहीं टाउनशिप के मार्केट की रौनक भी बढ़ेगी। श्री खट्टर ने विस्तार से विधायक रिकेश सेन के इस प्रस्ताव पर चर्चा कर विभागीय अधिकारियों से जानकारी भी ली है। उन्होंने आवासन और शहरी कार्य विभाग से प्रोजेक्ट तैयार कर केंद्रीय इस्पात मंत्री और सेल से मीटिंग कर इस विषय पर शीघ्र सार्थक पहल का आश्वासन वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन को दिया है। गौरतलब हो कि संयंत्र की टाउनशिप में डिस्मेंटल की गई बिल्डिंग में जहां अतिक्रमण की लगातार समस्या देखी जा रही है वहीं बड़ी संख्या में डिस्मेंटल खंडहरनुमा आवासों से संयंत्र कर्मियों के अन्यत्र आबंटन से सेक्टर 6 जैसे क्षेत्र की रौनक लगातार कम हुई है जिसका सीधा असर यहां के मार्केट और व्यवसाय पर पड़ा है। विधायक रिकेश सेन की इस पहल पर अगर आवासन और शहरी कार्य विभाग को सेल और इस्पात मंत्रालय से हरी झंडी मिलती है तो बीएसपी टाउनशिप में भी बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास का निर्माण हो सकेगा। वर्तमान में पीएम आवास के लिए वैशाली नगर, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में पर्याप्त जगह नहीं बची है।



## सेंट थामस में व्यवहारिक कार्यशाला आयोजित



**भिलाईनगर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। सेंट थॉमस कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी विभाग ने माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटीए इंडिया और बायोइन्नोवेल लाइफ साइंसेज बेंगलुरु के सहयोग से एक सप्ताह की व्यावहारिक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को व्यावहारिक ज्ञान और कौशल प्रदान करना था। जो जैव प्रौद्योगिकी के भविष्य को संचालित करने वाले दो प्रमुख क्षेत्र हैं। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार भूपेंद्र कुलदीप ने जीवन विज्ञान के क्षेत्र में करियर बनाने वाले छात्रों के लिए अनुप्रयुक्त अनुसंधान और व्यावहारिक अनुभव के महत्व पर जोर दिया। डॉ. देबाशीष साहू ने इन व्यावहारिक सत्रों को सुगम बनाया और छात्रों को एंजाइम अलगाव और विश्लेषण प्रक्रियाओं की जानकारी दी। सहायक प्रोफेसर डॉ. अनुभूति झा ने जटिल जैव सूचना विज्ञान डेटाबेस, डेटा माइनिंग तकनीकों और जैविक अनुसंधान में उनके अनुप्रयोगों के बारे में मार्गदर्शन दिया। भिलाई महिला महाविद्यालय की डॉ. रंजना साहू ने सॉफ्टवेयर से परिचित कराकर इन विषयों पर बताया। डॉ. पारख सहगल ने कंप्यूटर सहायता प्राप्त दवा डिजाइन पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। कॉलेज के प्रशासक फादर डॉ पी एस वर्गीस, प्राचार्य डॉ एम जी रोईमोन ने आयोजन की सराहना की।

## पर्यावरण प्रबंधन विभाग में राजभाषा कार्यशाला



**भिलाईनगर,** 29 मार्च (देशबन्धु) संयंत्र के पर्यावरण प्रबंधन विभाग द्वार मुख्य महाप्रबंधक पावर फेसिलिटी राजीव पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन इस्पात भवन सभागार में किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रभारी पर्यावरण प्रबंधन सुश्री उमा कटोच, महाप्रबंधक पर्यावरण संजय कुमार, महाप्रबंधक संपर्क व प्रशासन, सौमिक डे, सहायक महाप्रबंधक पर्यावरण सुश्री बित्रा अनुराधा, वरिष्ठ प्रबंधक पर्यावरण मोहित कुमार, कनिष्ठ प्रबंधक पर्यावरण अंगद लाल श्रीवास्तव उपस्थित थे। मुख्य अतिथि राजीव पाण्डेय ने कहा किए हिंदी समूचे भारत देश को एकता के सूत्र में पिरो कर रखने में सहायक है। हमें हिंदी भाषा पर केन्द्रित आयोजन नियमित रूप से करना है। हम अपने भय, उत्साह और प्रेम आदि मूल भावनाओं का प्रदर्शन अपनी मातृभाषा में ही करते हैं। क क्षेत्र के निवासी हम सब की मातृभाषा हिंदी है और हिंदी में कार्यालयीन कामकाज हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य भी ह। हमें हिंदी में ही संपूर्ण कार्य करना चाहिए। हिंदी हमारे राष्ट्र की प्रगति में सहायक है। सुश्री उमा कटोच ने कहा किए पर्यावरण प्रबंधन विभाग का अधिकांश कार्य राज्य शासन व केन्द्र शासन के साथ समन्वय में होता है। मूल पत्र हिंदी में ही भेजे जाते हैं तथा पत्रोत्तर भी हिंदी में ही दिए जाते हैं। विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सहायक महाप्रबंधक सुश्री बित्रा अनुराधा ने बताया कि विभाग में अधिकांश कार्य हिंदी में किए जा रहे हैं और हिंदी में शत.प्रतिशत कार्यालयीन कार्य के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। उप प्रबंधक संपर्क व प्रशासन जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने एवं सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी एवं गूगल ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग एवं नोटशीट प्रणाली सैप में हिंदी में नोटशीट बनाने का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सामान्य ज्ञान पर केन्द्रित प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें प्रथम पुरस्कार राजीव पाण्डेय, मुख्य महाप्रबंधक पावर फेसिलिटी, द्वितीय पुरस्कार सुरेश कुमार सोनी, जूनियर इंजीनियर तृतीय पुरस्कार अंगद लाल श्रीवास्तव, कनिष्ठ प्रबंधक, प्रोत्साहन पुरस्कार सुश्री उमा कटोच, महाप्रबंधक प्रभारी एवं ज्ञान सिंह त्रिपुरेए जूनियर इंजीनियर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री जॉली सेन नेव आभार प्रदर्शन सुश्री बित्रा अनुराधा ने किया।

## एसोसिएशन ने किया सेवानिवृत्ति कर्मियों का सम्मान



**भिलाईनगर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। संयंत्र एससी एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के महासचिव विजय कुमार रात्रे ने जानकारी दी कि एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सेल एससी एसटी फेडरेशन के उपाध्यक्ष कोमल प्रसाद की अध्यक्षता में कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के श्रमवीरों का मार्च 2025 में सेवानिवृत्ति होने के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन एसोसिएशन के अस्थाई कार्यालय 56 बी, जी पॉकेट, मरोदा सेक्टर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद सहित उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने बाबा साहब अंबेडकर जी की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कोमल प्रसाद ने कहा कि हमारे एसोसिएशन 20 वर्ष का हो गया है। इन 20 वर्षों में कई समस्याओं का सामना करते आए हैं, और आज भी कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं जिसके कारण ही इस कार्यक्रम को हमारे एसोसिएशन को प्रदत्त भवन के बावजूद हमें यहां पर करना पड़ रहा है, लेकिन आप लोगों की सहभागिता से अवश्य ही हमारा एसोसिएशन बहुत जल्दी ही अपने भवन में गरिमा पूर्ण आयोजन कर पाएगा। आप लोगों ने अपने जीवन के 60 बसंत संयंत्र की सेवा करते हुए बीताये हैं और तन मन धन से स्वस्थ सेवानिवृत्त हो रहे हैं। हम आपको इस सेवानिवृत्त के अवसर पर सम्मान कर स्वयं को सम्मानित महसूस कर रहे हैं। आगे भी यह सिलसिला आप सभी के सहयोग से जारी रहेगा। महासचिव विजय कुमार रात्रे ने कहा कि प्लांट मे सभी विभाग मे सदस्यता अभियान पुरे जोर शोर से चल रहा है आप सभी लोग ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाये कोई छूट न जाय इसका ध्यान रखें। आगामी 14 अप्रेल को बाबा साहेब आम्बेडकर जयंती एसोसिएशन व प्रवंधन के द्वारा संयुक्त रूप से बृहद स्तर पर मनाई जाएगी। इसकी भी तैयारी मे लग जाना है स इस अवसर पर कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के दयाराम धुर्वे, इंजीनियरिंग एसोसिएटए सीसीडी ऑपरेशन ओमप्रकाश, जूनियर इंजीनियर सीबीसी ऑपरेशनए लीलाधर मंडावी, इंजीनियरिंग एसोसिएटए सीबीसी ऑपरेशन, राजू लाल इंजीनियरिंग एसोसिएटए सीसीडी ऑपरेशन का एसोसिएशन की ओर से शाल, श्रीफल, एसोसिएशन की पत्रिका नया सवेरा और यादगार शुभकामनाएं पत्रक के साथ मिठाई भेंट कर सम्मान किया गया। एसोसिएशन के नवगठित उप समितियों में कोक ओवन जोन के जोनल अध्यक्ष हेमंत कुमार भुआर्य, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी, जोनल सचिव सेवक राम जांगड़े एवं जोनल कोषाध्यक्ष लेख राम घरेंद्र, ओ एच पी. । के जोनल अध्यक्ष जय किशोर ब्रम्हे, जोनल सचिव संजय गलपांडे, जोनल कोषाध्यक्ष ललित कुमार उईके, एसएमएस–2 के जोनल अध्यक्ष राधेश्याम खांडेकर, जोनल सचिव रमेश कुमार महलवार, जोनल कोषाध्यक्ष हेम प्रसाद नेताम एवं एसोसिएशन के समस्त सदस्यों के सार्थक प्रयासों से समारोह का सफल आयोजन संपन्न हुआ। समारोह एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद, चेतन लाल राणा, कुमार भारद्वाज, वेद प्रकाश सूर्यवंशी, विजय कुमार रात्रे, अनिल कुमार खेलवार, परमेश्वर लाल कुर्रे, कालिदास बघेल, विशंभर रात्रे, सालिक राम धुन, ललित कुमार ठाकुर, चंद्रहास ठाकुर, चिमन लाल तारम, जगत राम रावटे, जय सिंह ठाकुर, सुरेश कुमार बनवासी, नरेश कुमार चंद्रवंशी, खुमान सिंह घरेंद्र, अखिलेश कुमार, भोपाल सिंह ब्रहेन, राजकुमार चतुर्वेदी, बलराम सिंह गोंड, हेमलाल धलेंद उपस्थित थे।

## घर–घर जाकर देवांगन समाज ने दिया आमंत्रण पत्र



**भिलाईनगर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई ने चैत्र नवरात्रि एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा में आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए परमेश्वरी मंदिर प्रगति नगर रिसाली से आमंत्रण रैली निकाली। रैली में शामिल देवांगन समाज के लोगों ने बाजे.गाजे के साथ हाथों में झंडे लेकर माता परमेश्वरी की जयकारा लगाते हुए प्रगति नगर एवं आशीष नगर की गलियों में घर घर जाकर नवरात्रि एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा का आमंत्रण पत्र दिया। रैली का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने की। आमंत्रण पत्र पाकर लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। सभी ने देवांगन समाज के इस प्रयास की सराहना की। समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने बताया कि परमेश्वरी मंदिर में नवरात्रि की शुरुआत प्रतिपदा के दिन 30 मार्च को प्रातः 8 बजे कलश यात्रा से होगी। इसके बाद मां परमेश्वरी की विधिवत पूजा के बाद मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किया जाएगा। प्रतिदिन अपराह्न 3.30 बजे से 6.30 बजे तक प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य डॉ नीलेश शमा श्रीमद् देवी भागवत कथा सुनाएंगे। 2 अप्रैल को पंचमी के दिन माता का विशेष श्रृंगार कर संध्या समय गंगा आरती के तर्ज पर विशेष सामूहिक आरती, 5 अप्रैल को अष्टमी की विशेष पूजा एवं 6 अप्रेल रामनवमी को प्रातः 10 बजे हवन, राम जन्मोत्सव, आरती, कन्या भोज एवं विशाल भोग भंडारा का आयोजन किया जाएगा। नवरात्रि में प्रतिदिन परमेश्वरी मंदिर में संध्या समय जस गीत, भजन एवं भक्ति संगीत का आयोजन होगा एवं भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आमंत्रण रैली में समिति के पदाधिकारी गण घनश्याम कुमार देवांगन अध्यक्ष, विनोद देवांगन सचिव, कोषाध्यक्ष गजेन्द्र देवांगन, उपाध्यक्ष टेसू राम देवांगन, रेशमलाल देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, जनार्दन, जीतेन्द्र बांकुरे, होमलाल देवांगन, गोवर्धन देवांगन, सत्यपाल देवांगन, श्रवण देवांगन, हेम कैलाश देवांगन, सुमन देवांगन, जयश्री देवांगन, गायत्री, दामिनी आदि सहित बड़ी संख्या में देवांगन समाज के लोग उपस्थित थे। रेली में अभिषेक स्पोर्ट्स एवं कराटे एकेडमी के स्टूडेंट्स विशेष रूप से शामिल हुए, जो आकर्षण का केंद्र रहे। उन्होंने घर घर जाकर निमंत्रण पत्रो की वितरण किया।

## कल एक शाम श्रीराम खाटूश्याम के नाम कार्यक्रम सेक्टर–7 में



**भिलाईनगर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। एक शाम श्री राम खाटूश्याम के नाम का आयोजन भिलाई कैन डु फाउंडेशन द्वारा 31 मार्च को सेक्टर 7 स्कूल ग्राउंड में शाम 7 बजे से संपन्न होगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष अतुल पर्वत ने प्रेस वार्ता मे बताया कि इस बार आयोजन पहले से अधिक भव्य होगा, क्योंकि इसमें कई प्रसिद्ध कलाकार शिरकत कर रहे हैं। इस विशेष आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भोजपुरी सुपरस्टार, फिल्म गायकए अभिनेता और पूर्व लोकसभा सांसद दिनेश लाल यादव (निरहुआ) शामिल होंगे। इनके साथ सुप्रसिद्ध भजन गायक हेमंत बृजवासी, खाटूश्याम जगत के प्रसिद्ध भजन गायक प्रमोद त्रिपाठी, बाबा श्याम भजन गायक बजरंग बावरा, भजन गायिका आरू साहू भी अपनी प्रस्तुतियां देंगी। जिसमें श्रद्धालु श्रीराम और खाटूश्याम के भजनों का आनंद ले सकेंगे। भिलाईवासियों के लिए यह एक अविस्मरणीय संध्या होने वाली है। जहां भक्तिमय संगीत से वातावरण गुंजायमान रहेगा। आयोजकों अतुल पर्वत ने बताया की यह चौथा वर्ष है प्रवेश नि शुल्क है उन्होंने भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भजनों का लाभ लेने की अपील की है।

## छापामार कार्रवाई के विरोध में कांग्रेसियों का प्रर्दशन



**भिलाईनगर,** 29 मार्च (देशबन्धु। केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई द्वारा राजनैतिक दबाव से प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा भिलाई विधायक देवेंद्र यादव सहित पार्टी के विभिन्न कार्यकर्ताओं के निवास कार्यालय म कार्यवाही के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में सुपेला घड़ी चौक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार व सीबीआई का पुतला दहन किया गया। मुकेश चंद्राकर ने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ओर विधायक देवेंद्र यादव सहित कांग्रेस नेताओं के निवास पर सीबीआई की कार्यवाही भाजपा की हताशा को दिखाता है। भाजपा की राजनीति अब जांच एजेंसियों के सहारे चल रही है। भाजपा बौखला गई है क्योंकि वह राजनीतिक रूप से मुकाबला नहीं कर पा रही हैं। बदरुद्दीन कुरेशी ने कहा कि अपनी राजनैतिक विफलता से तथा देश के मूल मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने भाजपा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और कांग्रेस के नेताओं के घर सीबीआई को भेजा हैए ये जांच नहीं है राजनीतिक प्रतिशोध हैं। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, नंदकुमार कश्यप, रामा विश्वकर्मा, प्रमोद प्रभाकर, मुकुंद भाऊ, केशव चौबे, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवाई, जोहन सिन्हा, संजीत चक्रवर्ती, मनीष तिवारी, विभोर दुरकर, शोएब मोहम्मद खान, आकाश कनौजिया, रविंद्र सिंह, संजीव यादव, अजय, भारतगीरी यादव, विनोद यादव, बद्रीनाथ बघेल, समय लाल साहू, प्रमोद यादव, कीर्ति सिंह, संगम यादव, अकबर कुरेशी, सुरेश वर्मा, बलदाऊ पिपरिया, देव कुमार बंजारे, यूंवराज चौरसिया, दुर्गा प्रसाद साह, मोहम्मद रफीक, मंगल राम साहू, खमन सिंह, नीलांबर सिंह, नरसिंह नाथ, अजय सिवरकर सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## प्रवास आंध्र प्रजा नाट्य मंडली द्वारा नाट्य कर्म पर चर्चा



**भिलाईनगर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। प्रवास आंध्र प्रजा नाट्य मंडली द्वारा विश्व रंग मंच दिवस के अवसर पर नेहरू सांस्कृतिक भवन सेक्टर 1 के प्रांगण में, नाट्य कर्म पर विशेष चर्चा का आयोजन हुआ। उपस्थित सदस्यों ने पिछले दशक से नाटकों की गतिविधियों पर आ रही कमियों पर बात रखी गई। रंगमंच से सरोकार रखने वालों के लिए 27 मार्च को एक विशेष दिन माना जाता रहा है। इस दिन भी भिलाई का रंगकर्म शांत रहा, यह एक भारी चिंतन का विषय है। भिलाई का रंगमंच अपने आप में एक उच्च स्तरीय समग्र प्रभाव वाला रंगमंच माना जाता रहा है। भिलाई की रंग संस्थाओं ने अखिल भारतीय मंचों पर अपनी योग्यता का लोहा मनवाया है। विगत कई वर्षों से भिलाई का रंगमंच अपनी एक विशेष पहचान खोता जा रहा है जबकि हाल ही में वजूद में आई संस्थाए कला साहित्य मित्र समूह ने जरूर कुछ पहल करने की कोशिश की। हालात यह कि आज के दिन भी रंगकर्म की रंगभूमी कहे जाने वाले नेहरू सांस्कृतिक भवन में सन्नाटा छाया रहा। प्रवास आंध्र प्रजा नाट्य मंडली यह आह्वान करती है कि भिलाई रंग संस्थाओं को मिलकर रंगमंच के विस्तार पर पहल करनी चाहिए ताकि हम आने वाली पीढ़ी को अपनी गौरवशाली विरासत सौंप कर जाये। कार्यक्रम में सी.एच. श्रीनिवास, हरजिंदर सिंह मोटिया, एल. रुद्र मूर्ति, के. हरिकृष्णा राव, एम. धर्माराव, के.जगदीश, एल.चैतन्या, कृष्णमूर्ति, बी.के. दीवाना आदि रंगकर्मियों उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### रामनवमी पर्व भव्य एवं...

पर्व की शोभा बढ़ाएं। रवि ब्रह्मचारी ने कहा कि सभी सनातनी इस पर्व में सम्मिलित हो सकते हैं इसमें किसी भी तरह का कोई जाति बंधन नहीं है। पत्रकार वार्ता के दौरान अनिल अग्रवाल, पवन सिंह राजपूत,नवीन देवांगन, मुन्ना बजरंगी ,प्रेम चालकी ,पंकज मिश्रा के साथ विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जनजातीय लोक संस्कृति के रंग में सराबोर बस्तर पंडुम का आयोजन

**कोण्डागांव**, 29 मार्च (देशबन्धु)। जनजातीय संस्कृतियों और परंपराओं से सजी बस्तर पण्डुम के जिला स्तरीय आयोजन का समापन 28 मार्च को स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रमुखजनों की उपस्थिति में हुआ। कोंडागांव के स्थानीय ऑडिटोरियम में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृतियों और परंपराओं को सभी विकास खंड से आए कलाकारों ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुतियों के साथ प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में केशकाल विकास खंड के प्रतिभागियों ने जनजातीय नाट्य विधा में बस्तर की लोक संस्कृति को दर्शाती आमा जोगानी त्योहार को बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया, वहीं फरसगांव विकास खंड के प्रतिभागियों ने धनकुल गीत के माध्यम से पुरातन वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन किया। इसी तरह कोंडागांव विकास खंड के कलाकारों ने बस्तर के जनजातीय समाज के पारंपरिक परिधान और आभूषणों को दिखाया। साथ ही विलुप्त हो रहे वाद्य यंत्र विधा में कई वाद्य यंत्रों का स्थानीय बोली में परिचय के साथ प्रदर्शन किया गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि जनजातीय समाज में जन्म से लेकर मृत्यु तक हर अवसर में लोक संस्कृति की झलक दिखाई देती है। इस परंपरा और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए राज्य शासन लगातार प्रयासरत है और इसके संरक्षण में युवा पीढ़ी की भागीदारी भी आवश्यक है।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष हीरा सिंह नेताम तथा नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्य मंत्री



## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

विष्णु देव साय की दूरदर्शी सोच के तहत बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से 'बस्तर पण्डुम' का आयोजन किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि आधुनिकता के इस युग में हमारी युवा पीढ़ी जनजातीय संस्कृति और परंपराओं से दूर होती जा रही है और आधुनिकता की चकाचौंध में खो रही है। ऐसे में छत्तीसगढ़ सरकार, मुख्य मंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर पंडुम जैसे आयोजन के माध्यम से जनजातीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। यह आयोजन न केवल हमारी विलुप्त होती लोककला, नृत्य, गीत और संगीत को संजोने का अवसर प्रदान कर रही है, बल्कि हमारी युवा पीढ़ी को भी अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित करा रही है, जिससे वे गर्व की अनुभूति कर सकें। इस आयोजन में पहली बार कई ऐसी जनजातीय परंपराएँ और लोक कला देखने को मिल रहे हैं, जो लुप्त होने के कगार पर हैं। हमें अपनी इन अमूल्य धरोहरों को सहेजने की आवश्यकता है, ताकि हमारी समृद्ध जनजातीय संस्कृति और परंपराएँ पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती रहें और समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखें।

समापन समारोह में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जनजातीय लोक नृत्य विधा में फरसगांव विकास खंड, पारंपरिक वेशभूषा एवं आभूषण, जनजातीय लोक गीत, लोक नाट्य और वाद्ययंत्र विधा में केशकाल, पेयपदार्थ एवं व्यंजन, शिल्पकला एवं चित्रकला विधा में कोंडागांव विकास खंड के उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, समाज के प्रमुख, मांझी मेंबर, गायता पुजारी उपस्थित रहे।

# घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग रोकने में नाकाम नजर आ रहा विभाग

**कोण्डागांव**, 29 मार्च (देशबन्धु)। जिले के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में उपयोग में लाए जा रहे घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की तस्वीर यह बताने के लिए काफी है कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरो के व्यवसायिक उपयोग को रोकने में सम्बन्धित विभाग नाकाम नजर आ रहा है।

ज्ञात हो कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग करना कानूनन अपराध है। लेकिन इसके बावजूद जिले में घरेलू सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है और यह भी नहीं कि विभाग को इसकी जानकारी न हो। जानकारी होने के बाद भी संबंधित विभाग के अधिकारीगण नजरअंदाज करते आ रहे हैं। विभागीय अमला कभी कभार कुछ जगहों पर कार्यवाही के नाम पर महज खानापूर्ति कर देती है, ताकि सम्बन्धित विभाग के ईमानदार अधिकारीगण पर कोई, कार्यवाही नहीं करने का आरोप न लगा सके।



जिले में संचालित हलवाई, होटल, ढाबे से लेकर खोमचों पर चाय, समोसा आदि खाद्य सामग्री बेचने वाले व्यवसायीगण घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करते नजर आ रहे हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि घरेलू गैस की अपेक्षा व्यवसायिक गैस महंगी रहती है, जबकि नियमानुसार व्यवसायिक उपयोग के लिए अलग से पंजीकरण और आंवटन होता है। ऐसे भी तमाम दुकानदार हैं, जिन्होंने गैस कंपनियों से कर्मिशयल पंजीकरण तो ले रखे हैं, लेकिन घरेलू गैस सिलेंडर उपयोग करते हैं। जिला मुख्यालय सहित जिले भर में कई होटल, ठेले वाले हैं जो घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग कर रहे हैं। विभाग की अनदेखी से नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

वर्तमान में व्यवसायिक और घरेलू गैस की कीमतों में काफी अंतर है। घरेलू सिलेंडर का मूल्य 891 रूपये है और गैस की मात्रा 14 किलो है। जबकि 19 किलो के व्यवसायिक गैस सिलेंडर का मूल्य 2043 रूपये है। वर्तमान में घरेलू गैस से व्यवसायिक गैस महंगी पड़ रही है। कारोबारी इसी कारण घरेलू सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग कर रहे हैं।

गैस कंपनी संचालक ने नाम न छापने की शर्त बताया कि शहर में ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी घरेलू गैस का उपयोग व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। इसकी शिकायत अधिकारी से करके अभियान चलाकर कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन नतीजा शून्य रहा। इससे कंपनी संचालकों को घाटा हो रहा है और व्यवसायिक सिलेंडर हमको कीमत घटाकर बेचना पड़ता है।

पूछे जाने पर उक्त मामले में नवीन श्रीवास्तव जिला खाद्य अधिकारी ने कहा विभागीय टीम समय-समय पर उन संस्थानों में दबिश देकर कार्यवाही करती है।

# गर्मियों में सुचारू जल प्रदाय सुनिश्चित करने पंप चालकों की ली गई बैठक



**कोण्डागांव**, 29 मार्च (देशबन्धु)। गर्मियों में सुचारू रुप से जल प्रदाय सुनिश्चित करने के लिए पंप चालकों की ली गई बैठक के सम्बन्ध में जानकारी देते बताया गया है कि नगर पालिका कोंडागांव में अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी और सीएमओ ने जल प्रदाय शाखा एवं पम्प चालकों की बैठक ली। बैठक में गर्मियों में पंप चालू कर पूरे वार्ड का भ्रमण करते रहने तथा कहीं भी पाईप टूटा नजर आए तो उसका तत्काल मरम्मत करने के निर्देश दिए गए हैं। वार्ड में जहां पानी नहीं पहुंच रहा है, वहां पर पानी टैंकर से सप्लाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पम्प चालकों को वार्डों में नागरिकों के द्वारा लगाए गए मोटर पंप की जांच कर जप्त करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान कहीं से भी शिकायत आने पर चालकों के विरुद्ध करवाई करने की चेतावनी दी गई है।

# जिला कांग्रेस पहुंची पंचायत सचिव संघ के धरना स्थल, किया समर्थन

**कोण्डागांव**, 29 मार्च (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पंचायत सचिव संघ के धरना स्थल पर पहुंच कर आंदोलन का समर्थन किए जाने के सम्बन्ध में कांगेस ने जानकारी दिया है कि ग्राम पंचायत सचिव संघ शासकीयकरण किए जाने की मांग को लेकर 17 मार्च से धरना पर बैठा है और लगातार आंदोलनरत हैं। उनकी मांगों को जायज ठहराते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष बुधराम नेताम के साथ टीम धरना स्थल पर पहुंची तथा सचिवों की मांगों का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी आपकी मांगों का समर्थन करती है। भाजपा अपने घोषणा पत्र पर अमल करते हुए तत्काल मांग को पूरा करे। क्योंकि मोदी की गारंटी के तहत 100 दिनों में मांग पूरी होनी थी, आज 400 दिनों से अधिक हो गए हैं। क्या यही है मोदी की गारंटी? भाजपा के कथनी और करनी में यही अंतर है, सत्ता में आने से पहले घोषणाएँ बड़ी बड़ी करते हैं और सत्ता में आने के बाद भूल जाते हैं, यही भाजपा की असलियत है। कांग्रेस पार्टी, आपकी लड़ाई में आपके साथ है, आपकी मांग का सम्पूर्ण समर्थन करती है और मांग के पूरा होते तक हम आपके साथ रहेंगे। समर्थन देने पहुंचे कांग्रेसियों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष बुधराम नेताम, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष झूमूकलाल दीवान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम, पीसीसी सचिव सकुर खान, जिला कांग्रेस महामंत्री रितेश पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा यादव, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सह पार्षद श्रीमती हेमा देवांगन, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, प्रवक्ता प्रीति भदौरिया सहित अन्य कांग्रेस जन शामिल रहे।



# फोर्स का दबाव, 15 नक्सलियों का समर्पण

**दंतेवाड़ा**, 29 मार्च (देशबन्धु)। नक्सलियों के खिलाफ फोर्स का आक्रामक अभियान जारी है। आज दक्षिण बस्तर के सुकमा में 17 नक्सली फोर्स ने मार गिराए। इसमें 25 लाख का ईनामी नक्सली कमांडर जगदीश भी मारा गया। वहीं दंतेवाड़ा जिले में 15 नक्सलियों ने आज आत्म समर्पण किया। यह समर्पण लोन वर्राटू अभियान के तहत हुआ। आत्म समर्पित नक्सलियों में सिक्का उर्फ भीमा मंडावी, आशमती पोयाम, मंगल ओयाम, लक्ष्मण उर्फ कर्मा पूनेम, राजेश ओयाम, गजलू कुंजाम, सनकू कड़ती, दुनारू ओयाम, रूपा राम बेंजाम, घासी लेकाम, भीमा तेलाम, मनकू माड़वी, बोटी पदाम, सन्नू ओड़ी और मनकू ओयाम शामिल हैं। ये सभी नक्सली जनताना सरकार अध्यक्ष, सीएनएम सदस्य, भूमकाल मिलिशिया सदस्य, आरपीसी मिलिशिया सदस्य, डॉक्टर टीम सदस्य, डीएकेएमएस सदस्य, जैसे पदों पर सक्रिय थे। ये सभी बीजापुर जिले के बेचापाल, तिमेनार, निराम, तमोड़ी गांव के रहने वाले थे। समर्पित नक्सलियों को पुनर्वास नीति के तहत 25-25 हजार रूपए की सहायता प्रदान की गई। इन्हें राज्य शासन की ओर से मिलने वाली अन्य सुविधाएं मिलेंगी। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 221 ईनामी सहित 927 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है। आत्म समर्पण के दौरान डीआईजी कमलोचन कश्यप, एसपी गौरव राय, कमांडेंट सीआरपीएफ 111वीं वाहिनी नीरज यादव, कमांडेंट 195 वाहिनी राजीव कुमार, कमांडेंट 230 वाहिनी अनिल कुमार प्रसाद व अन्य अफसर मौजूद थे।




- बीजापुर के नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में डाले हथियार
- हिंसा छोड़ समाज की मुख्यधारा में शामिल
- लोन वर्राटू में अब तक 221 सहित 927 नक्सलियों का समर्पण

# कमिश्नर ने लिया बस्तर पंडूम की तैयारियों का जायजा



**दंतेवाड़ा**, 29 मार्च (देशबन्धु)। जनजातीय विरासतों, कला एवं संस्कृति के धरोहरों का संरक्षण,संवर्धन और उन्हें एक नवीन मंच देने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय के हाई स्कूल ग्राउंड में बस्तर पंडुम-2025 की तैयारियां पूरे जोरो पर चल रही है।

बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह और आईजी सुंदरराज पी. ने आज संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम-2025 की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। कमिश्नर श्री सिंह ने कहा कि मुख्य अतिथि के आगमन से लेकर स्टॉल, पेयजल, टॉयलेट, सुरक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को आयोजन स्थल पर सभी व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने आगे कहा कि बस्तर पंडुम, बस्तर क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, कलाकार और प्रशासनिक अधिकारी होंगे। इस उत्सव के माध्यम से बस्तर की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा दिया जायेगा।

इस मौके पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा कमिश्नर एवं आईजी को कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में विस्तार पूर्वक अवगत कराया। इसमें पार्किंग व्यवस्था, अति विशिष्ट अतिथियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था, बाहर से आने वाले प्रतिभागियों के रहवास खान-पान के अलावा कार्यक्रम स्थल में विभागों द्वारा प्रदर्शित किये जाने वाले स्टालों के संयोजन जैसे विभिन्न बिन्दु शामिल रहें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एडिशनल एसपी आर.के.बर्मन सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

- आईजी के साथ पहुंचकर देखी व्यवस्था
- बस्तर की समृद्ध संस्कृति व परम्परा को मिलेगा बढ़ावा
- 3 अप्रैल से प्रारंभ होगा बस्तर पंडूम, 5 को समापन

# बरसात में और निखरेगा चितालंका तालाब



**दंतेवाड़ा**, 29 मार्च (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में सौन्दर्यीकरण की लगातार कोशिश हो रही है। चितालंका सरोवर को सजाने कई प्रयास हुए और अब यह नये स्वरूप में नजर आने लगा है। सरोवर हमारी धरोहर के संकल्प के साथ इसकी सुन्दरता बढ़ रही है, हालांकि भीषण गर्मी के चलते तालाब सूखा हुआ है। बारिश में जब प्राकृतिक रूप से इसमें पानी भरेगा तब इसकी खुबसुरती और बढ़ेगी।

चितालंका का यह तालाब पुजारी तालाब के नाम से भी जाना जाता है। इसका सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व भी है। इसे नया कलेवर देने एक बड़ी योजना के तहत इसमें काम शुरू हुआ था, लेकिन वह प्रोजेक्ट पूरा नहीं हो सका। तालाब की दलदली मिट्टी के चलते इस पर पिलर खड़ा कर फूट ब्रिज जैसा स्ट्रक्चर बनाने की योजना पूरी नहीं हो पायी। इसके बाद तालाब को मार्निंग वाक करने के हिसाब से व्यवस्थित किया गया। इसकी चारों तरफ जाली का घेरा है। घाट पर आकर्षक पेंटिंग की गई है। सीढ़ियों में रंग लगाया गया है। पेवर ब्लाक के जरिये इसे व्यवस्थित किया गया है। पेड़-पौधे भी इसके किनारे लगाए गए हैं।

इस तालाब को उसका पूर्ण स्वरूप देने इसमें पानी भरने की कोशिश भी संबंधित ठेकेदार और प्रशासन की ओर से की गई, लेकिन भीषण गर्मी में यहां बोर सफल नहीं हुआ। लगभग साढ़े चार सौ से पांच सौ फीट तक खुदाई के बाद भी बूंद भर पानी नही निकला। बारिश के नेचुरल वाटर का इंतजार हो रहा है। अभी इसके पिलर में लाईटिंग भी की गई है, जिससे इस तालाब का सौन्दर्य बढ़ा है। यह पूरी सुंदरता बरसात में और निखर कर आयेगी जब यह पानी से लबालब भरा होगा। दंतेवाड़ा प्रवेश करते ही इस तालाब की ओर सबकी निगाहे जाने लगी हैं। पहले यह तालाब व्यवस्थित नहीं था। इसकी मेढ़ टूटी हुई थी। रिटनिंग वाल का हिस्सा भी धसा हुआ था। नया स्वरूप देने, यहां कार्य होने के बाद चितालंका सरोवर बेहद आकर्षक नजर आने लगा है।

- भीषण गर्मी में बोर से तालाब भरने की कवायद विफल
- प्राकृतिक पानी ही तालाब को देगा बेहतर स्वरूप
- सौन्दर्यीकरण के चलते सरोवर बना धरोहर

# इस बार 8 दिन की होगी नवरात्रि

## दंतेश्वरी शक्तिपीठ में भक्तों के लिए पूरी व्यवस्था



**आज से चैत्र नवरात्र प्रारंभ**

**दंतेवाड़ा**, 29 मार्च (देशबन्धु)। चैत्र नवरात्र यानि वासंतिक नवरात्र पर्व रविवार 30 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। दंतेश्वरी शक्ति पीठ में इसकी तैयारी पूरी हो गयी है। सुबह 9 बजे से ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे। इस बार नवरात्रि 8 दिन की है। चतुर्थी और पंचमी तिथि बुधवार 2 अप्रैल को एक साथ पड़ रही है। 5 अप्रैल को महाष्टमी पूजन और हवन होगा। वहीं 6 अप्रैल रविवार को राम नवमी यानि श्री महानवमी पूजन तथा हवन और पूर्णाहुति होगी। इसी दिन नव कन्या पूजन होगा। भण्डारा प्रसाद वितरण के बाद ज्योति कलश विसर्जित होंगे। प्रति दिन चण्डी पाठ और हवन भी होगा। मांई दंतेश्वरी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त दंतेवाड़ा पहुंचते हैं। हालांकि भीषण गर्मी की वजह से श्रद्धालुओं की संख्या इस नवरात्र में कम होती है। टेम्पल कमेटी की ओर से भक्तों को पूरी सुविधा मिलेगी। भीषण गर्मी से राहत देने पंडाल लगाए गए हैं, साथ ही नीचे मेट भी बिछाये गए हैं। पेयजल का भी इंतजाम होगा। इसके साथ ही डॉक्टरों की टीम भी मौजूद रहेगी। नवरात्र के लिए मांई दंतेश्वरी का दरबार सज चुका है। मांई दंतेश्वरी शक्ति पीठ की ख्याति प्रदेश ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्य आन्ध्र, उड़ीसा, महाराष्ट्र तक भी है, इस वजह से नवरात्र में दंतेश्वरी दर्शन के लिए काफी भक्त पहुंचते हैं।

# तुमनार घाट पर रेकी करते 5 नक्सली गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा**, 29 मार्च (देशबन्धु)। जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं गोविन्द दीवान एसडीओपी बारसूर के पर्यवेक्षण में लगातार कार्रवाई हो रही है।


थाना प्रभारी विजय पटेल के नेतृत्व में गीदम पुलिस के द्वारा लगातार नक्सली प्रकरणों के आरोपियों के विरूद्ध गिरफ्तारी की कार्यवाही की जा रही है। थाना गीदम क्षेत्र में प्रतिबंधित माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्यों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी तथा बस्तर फाइटर की टीम के द्वारा नियमित गस्त एवं चेकिंग की जा रही थी। सूचना के आधार पर तुमनार नदी घाट के पास कुछ नक्सलियों की उपस्थिति की तस्दीक करने हेतु दंतेवाड़ा डीआरजी तथा बस्तर फाइटर की टीम रात्रि गस्त में मौके पर रवाना हुई थी। वापसी के दौरान सुबह नेलगोड़ा तुमनार के नदी घाट की पगडंडी के पास जैसे ही टीम पहुंची पुलिस बल को देखकर कुछ लोग छिपने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर मौके पर ही दो महिलाओं सहित पांच लोगों को पकड़ा गया। इनसे कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना नाम कुमारी रमशिला ओयाम उम्र 22 वर्ष निवासी बोडगा थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर, कुमारी कोल्लो ओयाम उम्र 27 वर्ष निवासी बोडगा थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर, रामू ओयाम उम्र 38 वर्ष निवासी बोडगा थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर, बुधरु ओयाम उम्र 28 वर्ष निवासी बोडगा थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर तथा लखमू ओयाम उम्र 45 वर्ष निवासी बोडगा थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर बताया।



इन्होंने नक्सली संगठन में सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य करना बताया। इनके कब्जे से प्रेशर कुकर बम, वायर, बैटरी, पटाखा, माचिस, सबल, फावड़ा आदि सामग्री बरामद की गई। इसके संबंध में आरोपियों ने बताया कि सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईडी लगाने के लिए उपयुक्त स्थान की रेकी कर रहे थे। पुलिस टीम को आता देख मौके से भागने का प्रयास कर रहे थे, परंतु पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर इन्हें पकड़ लिया। इस प्रकरण में थाना गीदम में विधिक कार्यवाही करते हुए अपराध दर्ज कर दोनों महिला सहित 5 नक्सलियों की गिरफ्तारी कर न्यायालय के समक्ष रिमांड पर पेश किया गया।

- गीदम पुलिस की कार्रवाई
- डीआरजी तथा बस्तर फाइटर्स निकली थी सर्चिंग पर
- सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने लगाने वाले थे विस्फोटक

# दुपहिया पर सवार तीन की सड़क हादसे में हुई मौत



**कोण्डागांव**, 29 मार्च (देशबन्धु)। प्रशासन की ओर से लगातार जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद भी सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसे सड़क हादसों के लिए सड़कों की तकनीकी खामियों के साथ-साथ वाहन चालकों की लापरवाही लोगों की जान ले रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मांझीआठगांव के पास शुक्रवार दोपहर को एक सड़क हादसा हुआ और इस सड़क हादसे में मोटर सायकल पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद सड़क पर दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने यातायात बहाल करने के साथ ही टैंकर चालक को अपने कब्जे में ले लिया है और वैधानिक कार्यवाही करते हुए शवों को शव परीक्षण के लिए भेजा गया।

उल्टा पुल्टा

एक शराबी एयरपोर्ट के बाहर खड़ा था। एक वर्दीधारी युवक उधर से गुजरा। शराबी ने उससे कहा- एक टैक्सी ले आओ।

युवक - मैं पायलट हूं, टैक्सी ड्राइवर नहीं।

शराबी- नाराज क्यों होते हो भाई? तो एक हवाई जहाज ले आओ।

# सीएम ने उद्यमिता और नवाचार पर दिया जोर

## तकनीक से तालमेल ही सफलता की कुंजी : विष्णुदेव

**रायपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। उद्यम के लिए बदलती हुई तकनीक से तालमेल बहुत जरूरी है। समय के साथ तकनीक में बहुत तेजी से बदलाव हो रहा है। जो उद्यम तकनीक के साथ खुद को अपडेट नहीं करते, वे पीछे रह जाते हैं। आज नई तकनीक को अपनाकर ही सफलता के मानदंडों पर खरा उतरा जा सकता है। विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में भी टेक्नोलॉजी की बड़ी भूमिका होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर में आयोजित आईआईटी भिलाई एंड छत्तीसगढ़ इंडस्ट्री कान्क्लेव - विजन विकसित भारत 2047 में उद्यमियों, प्रोफेसर्स और आईआईटी भिलाई के छात्रों को संबोधित करते हुए यह बात कही।



रिसर्च पार्क के लिए आईआईटी भिलाई और दंतेवाड़ा जिला प्रशासन के मध्य एमओयू

**दंतेवाड़ा में रिसर्च पार्क की स्थापना के लिए एमओयू सम्पन्न :** आईआईटी भिलाई एंड छत्तीसगढ़ इंडस्ट्री कान्क्लेव में दंतेवाड़ा में रिसर्च पार्क की स्थापना के लिए आईआईटी भिलाई और दंतेवाड़ा जिला प्रशासन के मध्य एमओयू भी संपादित किया गया। यह कॉन्क्लेव शिक्षा जगत के सहयोग से क्षेत्रीय उद्योगों की तकनीकी उन्नति और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

**विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने में छत्तीसगढ़ की भूमिका अहम :** मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मुझे हार्दिक खुशी है कि आईआईटी भिलाई द्वारा 'विजन विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ इंडस्ट्रीज कान्क्लेव किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का जो सपना देखा है, उसे साकार करने में छत्तीसगढ़ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम सबको मिलकर विकसित छत्तीसगढ़ के लिए योगदान देना है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ हर लिहाज से समृद्ध है। यहां वन संपदा और खनिज संसाधन भरपूर हैं। हमारा प्रदेश 'धान का कटोरा' कहलाता है और यहां के किसान मेहनतकश हैं।

**विजन 2047 डॉक्यूमेंट और नई औद्योगिक नीति 2024-30 लागू :** मुख्यमंत्री साय ने बताया कि विकसित छत्तीसगढ़ के लिए राज्य सरकार ने विजन डॉक्यूमेंट 2047 तैयार किया है और नई औद्योगिक नीति 2024-2030 लागू की गई है।

इस नीति में सभी वर्गों को विकास में भागीदार बनाया गया है, जिसमें अनुसूचित जाति, जनजाति, दिव्यांगजन सहित अन्य वर्गों को विशेष सहूलियत दी गई है। उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन पर सरकार का विशेष फोकस है। बीस्पोक पॉलिसी और सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस नई नीति को लेकर निवेशकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

**निवेशकों की बढ़ती रुचि, मिले 3700 करोड़ के प्रस्ताव :** मुख्यमंत्री साय ने कहा कि निवेशक अब छत्तीसगढ़ की ओर आकर्षित हो रहे हैं। हाल ही में बंगलुरु में आयोजित इन्वेस्ट कनेक्ट मीट में छत्तीसगढ़ को 3700 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। नई दिल्ली और मुंबई में भी इन्वेस्ट कनेक्ट मीट आयोजित की गई, जिनमें निवेशकों ने छत्तीसगढ़ में निवेश को लेकर उत्साह दिखाया है।

**ग्रीन एनर्जी, टेक्सटाइल और आईटी सेक्टर में बढ़ते कदम :** मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रीन एनर्जी पर विशेष जोर दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार भी इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। इसके साथ-साथ टेक्सटाइल और आईटी क्षेत्र में भी निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि औद्योगिक विकास के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ तीव्र गति से आगे बढ़ेगा।

**स्किलिंग पर विशेष ध्यान, युवाओं को मिलेगा रोजगार :** मुख्यमंत्री साय ने कहा कि उद्योगों को बढ़ावा देने के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कोरबा की खदानों से एक हजार करोड़ की कोयला चोरी, रायल्टी का नुकसान

**रायपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर ने कोरबा की खदानों से एक हजार करोड़ से अधिक की कोयला चोरी का आरोप लगाया है। उन्होंने इसकी शिकायत राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग में की है। शिकायत में उन्होंने यह भी बताया कि अनुसूचित जनजाति के गांवों के विकास के लिए देय राशि का भी नुकसान हो रहा है। इस पूरे मामले में आयोग ने एसईसीएल, कलेक्टर कोरबा, और एसपी को जवाब तलब कर 15 दिनों के भीतर कार्रवाई कर रिपोर्ट मांगी है।



कंवर की शिकायत पर अजजा आयोग ने कलेक्टर-एसपी, एसईसीएल से जवाब मांगा

श्री कंवर ने आयोग को अपनी शिकायत में बताया कि कोरबा जिले में एसईसीएल की कोयला खदानें हैं। वहां निवास करने वाले आदिवासी, और अन्य समाज के लोगों की जमीन को अधिग्रहित कर उनकी जमीनों के अंदर से कोयले का उत्खनन करने से देश और प्रदेश को अत्यधिक राजस्व की प्राप्ति होती है। राजस्व का कुछ अंश डीएमएफ के जरिए खदान क्षेत्र की गांवों में आदिवासियों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए अस्पताल, सडक़, स्वच्छ पेयजल आदि पर खर्च करने का प्रावधान है।

पूर्व गृह मंत्री ने बताया कि देश की सबसे बड़ी कोयला खदान छत्तीसगढ़ के कुसमुंदा, दीपिका, गेवरा में एक हजार करोड़ से अधिक की कोयला चोरी हो रही है, और इसमें एसईसीएल और जिला प्रशासन के अफसर संलिप्त हैं। उन्होंने बताया कि एसईसीएल की खदानों से जहां पर रेक लोडिंग होती है, वहीं से लोड अरेजमेंट का बहाना बनाकर एसईसीएल के माईंस से रेलवे साइडिंग पर कोयले से भरी रेक को रोककर लोड अरेजमेंट के नाम पर एसईसीएल की विभिन्न खदानों से सभी अधिकारी-कर्मचारी कोल माफियाओं से मिलकर गिरोह बनाकर राष्ट्रीय संपत्ति की चोरी करा रहे हैं।

कंवर ने कहा कि एक हजार करोड़ से अधिक की चोरी हो रही है, और इस वजह से डीएमएफ में राजस्व नहीं आ रहा है। जिसके कारण खान प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी समाज के लोगों का विकास कार्य उनका जीवन स्तर ऊपर उठाने का कार्य और उनके आय के स्त्रोत नहीं बढ़ पा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने एसईसीएल और जिला प्रशासन के एक दर्जन अफसरों के नाम गिनाए हैं। इस पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने एसईसीएल के चेयरमैन डॉ. पीएस मिश्रा, कलेक्टर कोरबा और एसपी सिद्धार्थ तिवारी को नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर कार्रवाई कर जवाब मांगा है।



### प्रधानमंत्री मोदी दोपहर ढाई बजे रायपुर आकर बिलासपुर जाएंगे

**रायपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 30 मार्च को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे छत्तीसगढ़ को कई बड़ी सौगात देंगे। पीएम मोदी सीजीडी, वीआरपीएल परियोजना और 7 रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। पीएम दोपहर 2.30 बजे नागपुर से रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। जहां हेलीकाप्टर से वो बिलासपुर जाएंगे और आमसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद शाम 5.30 बजे वो वापस दिल्ली के रवाना हो जाएंगे

## सीए एग्जाम ने बड़ा बदलाव

# साल में 3 बार आयोजित होगी सीए फाइनल परीक्षा

आईसीएआई ने लिया निर्णय

**रायपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। इंस्टीट्यूट ऑफचार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफइंडिया आईसीएआई ने साल में तीन बार सीए फइनल परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है। फ्लिहाल यह परीक्षा साल में दो बार आयोजित की जाती है। अब परीक्षा जनवरी मई और सितंबर में होंगी। पिछले साल आईसीएआई ने इंटरमीडिएट और फउंडेशन कोर्स की परीक्षाएं साल में तीन बार आयोजित करने का फैसला किया था अब सी.फइनल परीक्षाएं भी उसी शेड्यूल के अनुसार होंगी।

**2025 नोटिस के बाद 26 स्कूलों ने कराया आरटीई पोर्टल में पंजीयन, यहां शुरू हुई आवेदन प्रक्रिया:** आईसीएआई के सेंट्रल काउंसिल मेंबर सीए अभय छाजेड़ ने बताया कि आईसीएआई ने अमेंनमेंट लेकर आ गई है। अब स्टूडेंट्स जो एक एग्जाम देने के बाद 6 माह इंतजार करते थेए उन्हें अब केवल तीन माह के अंतराल में ही एग्जाम देने का मौका मिलेगा। पेपर टफहो रहा तो तीन बार परीक्षा होना स्टूडेंट्स के लिए अवसर हैए वे जल्द एग्जाम क्लियर कर सकेंगे। इससे पास होने वाले स्टूडेंट्स की संख्या में भी फ्र्क पड़ेगा। अभी हर साल 25 हजार पास होते हैं। जिसमें 15 से 20 प्रतिशत का इजाफ होगा। वहींए मेंबर्स को जॉब के अवसर भी पहले मिलेंगे। आईसीएआई ने बताया वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ तालमेल बिठाने और छात्रों को अधिक अवसर प्रदान करने के लिए आईसीएआई की 26वीं परिषद ने सीए फइनल परीक्षा को साल में तीन बार आयोजित करने का निर्णय लिया है। वहींए अब सीए फइनलए इंटरमीडिएट और फउंडेशन में हर साल बराबर संख्या में होंगे।

**पोस्ट क्वॉलिफिकेशन कोर्स में बदलाव:** आईसीएआई ने कहा कि सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा में पोस्ट क्वॉलिफ्केशन >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# छत्तीसगढ़ कॉलेज के लिए सांसद बृजमोहन की अहम घोषणाएं

**रायपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। उच्च शिक्षा में शोध का अत्यधिक महत्व है क्योंकि यह न केवल ज्ञान के विस्तार में सहायक होता है, बल्कि समाज, उद्योग और विज्ञान में नवाचार को भी बढ़ावा देता है। शोध से प्राप्त निष्कर्ष नए सिद्धांतों, तकनीकों और समाधानों के विकास में मदद करते हैं, जिससे न केवल शिक्षाविद बल्कि आम जनता भी लाभान्वित होती है। यह कहना है सांसद बृजमोहन अग्रवाल का जो शनिवार को शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने इस अवसर उत्कृष्ट शोध, शिक्षा, शिक्षण, खेल एवं एनसीसी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्मानित किया।



अग्रवाल ने सम्मानित प्रतिभाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जो लोग किसी भी क्षेत्र में अच्छा कार्य करते हैं, उनका सम्मान करने से समाज को प्रेरणा मिलती है। दूसरे लोग भी अपना बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करते है

उन्होंने कहा कि, आज की शिक्षा प्रणाली पहले से काफी बदल गई है। अब मात्र परसेंटेज ही नहीं, बल्कि ज्ञान और कौशल अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में वही विद्यार्थी सफल होते हैं, जो ज्ञान और मेहनत को प्राथमिकता देते हैं। इतिहास गवाह है कि कई ढ्ढस्, ढ्ढक्कस् अधिकारी साधारण अंक प्राप्त करने के बावजूद कठिन परिश्रम से उच्च पदों पर पहुंचे हैं।

सांसद श्री अग्रवाल ने उच्च शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन प्राप्त करने और रुचि के अनुरूप विषयों का चयन करने की सलाह दी। उन्होंने विशेष रूप से शोध कार्यों पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया।

बृजमोहन अग्रवाल ने इस अवसर पर महाविद्यालय के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। अतिरिक्त हॉल निर्माण हेतु सांसद निधि से ?10 लाख और विधायक निधि से ?10 लाख की स्वीकृति। वर्तमान हॉल को वातानुकूलित करने के लिए विधायक निधि ?5 लाख की सहायता। नवनिर्मित भवन का नाम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम रखा जायेगा। नया रायपुर में नवीन कैंपस के लिए 10 एकड़ भूमि दिलाई जाएगी।

कार्यक्रम में विधायक सुनील सोनी, विकास समिति अध्यक्ष राम नारायण व्यास, पार्षद अम्बर अग्रवाल, पूर्व पार्षद मृत्युंजय दुबे, प्राचार्य डॉ. तपेश गुप्ता, डॉ. डी.के. पांडे सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

इस आयोजन के माध्यम से उच्च शिक्षा और शोध को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सार्थक पहल की गई, जिससे महाविद्यालय के विद्यार्थियों को बेहतर अवसर मिल सकेंगे।

### छुट्टी के दिनों में खुले रहेंगे स्टेट जीएसटी कार्यालय

**रायपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों छुट्टी के दिन भी स्टेट जीएसटी कार्यालय खुले रहेंगे। रविवार और सोमवार को स्टेट जीएसटी दफ्तर खुले रहेंगे। सोमवार को ईद के दिन भी दफ्तर में कामकाज होगा। इसके लिए राज्य कर आयुक्त ने सभी संभागों के राज्य कर संयुक्त आयुक्त को आदेश जारी किया है। आदेश में लिखा है कि वित्त मंत्रालय भारत सरकार ने एक सर्कुलर में कहा है कि 29, 30 और 31 मार्च को सीजीएसटी के दफ्तर खुले रहेंगे और इनमें सामान्य कामकाज होगा। राज्य कर (जीएसटी) विभाग के अंतर्गत सभी संभागीय एवं अधीनस्थ वृत्त कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 29, 30 और 31 मार्च को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना

# प्रदेश में हिट वेव को लेकर अलर्ट जारी

**रायपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी और हीट वेव का अलर्ट जारी किया गाय है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों तक प्रदेश में तीखी धूप पड़ेगी। शुक्रवार को रायपुर में दिन का तापमान 40.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य तापमान से 3.2 डिग्री ज्यादा था। इसके अलावा, न्यूनतम तापमान 23.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो औसत से 0.5 डिग्री अधिक था।

मौसम विभाग के मुताबिक छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में खास परिवर्तन नहीं होगा। मौसम विभाग ने रायपुर जिले में अगले 2 दिनों के लिए गर्म दिन (॥श्रह्ल ष्ठड्ड4) की चेतावनी जारी की है। शुक्रवार को प्रदेश में सबसे गर्म राजनांदगांव रहा। यहां तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जबकि अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा। यहां रात का तापमान



अगले दो दिन आग उगलेंगे सूर्य देव

16.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा. जबकि कुछ स्थानों पर हल्की वृद्धि देखने को मिल सकती है. वहीं, 30 मार्च को तापमान में मामूली गिरावट होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, एक पश्चिमी विक्षोभ 5.8 किलोमीटर की ऊँचाई पर 70 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में स्थित है, लेकिन इसका प्रदेश के मौसम पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**रायपुर में हॉट डे का अलर्ट**

मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायुपर में अगले दो दिनों के लिए हॉट डे का अलर्ट जारी किया है। बता दे कि रायपुर में इस समय लगातार तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। शुक्रवार को रायपुर में दिन का तापमान 40.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य तापमान से 3.2 डिग्री ज्यादा था वहीं न्यूनतम तापमान 23.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक था। अगले दो दिन यानी राजधानी में अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

# एमनेस्टी योजना के तहत कर भुगतान की तिथि 31 मई तक बढ़ाने की मांग

**रायपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। प्रदेश के वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी, केन्द्रीय जीएसटी एवं उत्पाद शुल्क कमिश्नर, मोहम्मद अबू शमॉ, एवं आयुक्त, राज्य जीएसटी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा से सीजीएसटी अधिनियम की धारा 128ए (जीएसटी की एमनेस्टी योजना) के तहत कर भुगतान की तिथि 31 मार्च से बढ़ाकर 31मई तक करने का अनुरोध किया गया। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि इस योजना का लाभ उठाने में व्यापार और उद्योग के सामने आने वाली निम्नलिखित चुनौतिया है।

एमनेस्टी योजना के तहत कर के भुगतान की अंतिम तिथि 31मार्च है। मार्च वर्ष का समापन महीना है, इच्छुक करदाता इस योजना का लाभ उठाना चाहता है, लेकिन उसके पास 3आर्च तक कर का भुगतान करने के लिए पर्याप्त धनराशि नहीं है। दूसरा कारण यह है कि आयकर अधिनियम की धारा 43बी(एच) के अनुसार, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को आपूर्ति की गई वस्तुओं या दी गई सेवाओं के लिए देय किसी भी राशि को उसी वर्ष काटा जा सकता है। यदि इसका भुगतान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास (एमएसएमईडी) अधिनियम, 2006 द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाता है। इसलिए, करदाता का यह बड़ा दायित्व है कि वह सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के खातों का निपटान करे। वित्तीय वर्ष की >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## सौगात-ए-मोदी को लेकर छग वक्फ बोर्ड अध्यक्ष ने कहा

# भाजपा संतुष्टिकरण और कांग्रेस तुष्टिकरण की करती है राजनीति : सलीम राज

**रायपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में सौगात-ए-मोदी अभियान के तहत रमजान के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के जरूरतमंद परिवारों को विशेष किट वितरित की गई. छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज ने सौगात-ए-मोदी को लेकर करते हुए कहा कि पीएम मोदी की सौगात से समाज का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है और भाजपा संतुष्टीकरण की राजनीति करती है. डॉ. सलीम राज ने कहा कि तुष्टिकरण की नीति के कारण कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई, जबकि भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के हित में कार्य कर रही है.



**जनता को मिल रहा योजनाओं का लाभ:** वक्फ बोर्ड अध्यक्ष ने आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी केंद्र सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि इससे आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है. उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना और आयुष्मान योजना से मुस्लिम समाज के भाई-बहनों को भी फायदा हो रहा है. यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण संभव हो पाया है.

**हम संतुष्टीकरण की राजनीति करते हैं, तुष्टिकरण की नहीं:** डॉ. सलीम राज ने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाना है. उन्होंने कहा, हम संतुष्टीकरण की राजनीति करते हैं, तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करते हैं.

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल सौगात-ए-मोदी के तहत मुख्यमंत्री साय ने गरीब महिलाओं को गिफ्ट पैकेट वितरित किए जिसमें लेडीज़ सूट का कपड़ा, सेवइयां, खजूर और मिठाइयां शामिल थीं. शुक्रवार को रायपुर में अल्प संख्यक मोर्चे और छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 500 महिलाओं को गिफ्ट पैकेट वितरित किए गए.

# संतों की आशीर्वाद से जनसेवा का संकल्प : साय

**रायपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। भारत की सनातन परंपरा में 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना रची-बसी है। यही वह सोच है जो भारत को विश्व में अद्वितीय बनाती है ङ्क जहाँ विविध आराध्य और परंपराएँ एक ही परिवार की तरह सह-अस्तित्व में रहती हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के गॉस मेमोरियल ग्राउंड में आयोजित त्रिदिवसीय 'विश्व शांति अखण्ड ब्रह्म यज्ञ' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही।

'विश्व शांति अखण्ड ब्रह्म यज्ञ' का आगाज

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संतों एवं भक्तों का छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर स्वागत किया और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि व कल्याण की कामना की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारतवर्ष संतों, ऋषियों और तपस्वियों की तपोभूमि रहा है। प्राचीन काल से ही सनातन परंपरा पर समय-समय पर अनेक आघात हुए, लेकिन यह परंपरा कभी नहीं टूटी। सत्य सनातन आलेख महिमा धर्म विकास समिति द्वारा आयोजित यह यज्ञ, उसी परंपरा को और भी सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आलेख महिमा के संतों से उनका विशेष आत्मीय संबंध रहा है। उनका आशीर्वाद ही है जिसने उन्हें जनसेवा का सौभाग्य दिलाया। उन्होंने बताया कि जशपुर के इला गाँव, रायगढ़ के सरिया, हिमगिर आदि में संतों के आश्रम स्थापित हैं। रायपुर में भी आश्रम के लिए स्थान उपलब्ध कराने का आश्वासन मुख्यमंत्री ने संतों को दिया।



मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' को दोबारा शुरू कर दिया है, जो विगत सरकार के कार्यकाल में पूरी तरह बंद हो चुकी थी। उन्होंने कहा कि कल ही मैंने 780 श्रद्धालुओं को तीर्थयात्रा पर रवाना किया, जो रामेश्वरम, मदुरई और तिरुपति के दर्शन कर रहे हैं। उन्हें विदा करते समय जो आत्मसंतोष मिला, वह अवर्णनीय था। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की भूमि और प्रभु श्रीराम का ननिहाल है। यहाँ के जन-जन में श्रवण कुमार जैसे संस्कार आज भी जीवित हैं। तीर्थ यात्रा करवाना केवल एक योजना नहीं, बल्कि हमारे मूल्यों और परंपराओं का सम्मान है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 'श्रीरामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना' के तहत अब तक 22,000 से अधिक श्रद्धालु भगवान श्रीराम और काशी विश्वनाथ के दर्शन कर चुके हैं। साथ ही उन्होंने राजिम कुंभ के आयोजन की भी चर्चा की, जो प्रदेश की अध्यात्मिक पहचान बन चुका है।

कार्यक्रम को संत किशोर चंद्र बाबा, संत वासुदेव बाबा, संत उदयनाथ बाबा एवं विधायकगण पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू और संपत अग्रवाल ने भी संबोधित किया और आयोजन की सराहना की।

# चैत्र नवरात्रि आज से



**रायपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। कल से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो रही है। इसे लेकर सभी देवी मंदिरों में नवरात्रि की तैयारियां पूरी हो गई है। इसके लिए विशेष सजावट की गई है। कुछ देवी भक्त घरों में भी जवारा ज्योति कलश की स्थापना करते है। इस बार माता पंचग्राही मुहूर्त में हाथी पर सवार होकर आ रही है। जो कि भक्तों की मनोकामना पूरी करने वाला होगा। आठ दिनों की नवरात्रि में द्वितीया और तृतीया तिथि एक ही दिन पड़ रहा है। कलश स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त 30 अप्रैल को सुबह 6 बजकर 13 मिनट से शुरू होगा। जो सुबह 10 बजकर 22 मिनट पर समाप्त होगा। घटस्थापना की शुभ अवधि 4 घंटे 8 मिनट की है। राजधानी के ऐतिहासिक महामाया मंदिर में 11,000 ज्योति कलश काली मंदिर में 4,001 कंकाली मंदिर में 1,100, और दंतेश्वरी मंदिर में 1,500 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करने का लक्ष्य रखा गया है। पंडित मनोज शुक्ला ने बताया कि भगवती महामाया देवी मंदिर ज्योत माचिस की तीलियों से नहीं बल्कि चकमक पत्थर की चिंगारी से प्रज्वलित की जाती है। प्रधान ज्योत प्रज्वलित करने से पहले मंदिर प्रांगण में 2 से 10 वर्ष की कन्या की विशेष पूजा की जाती है। पूजन के बाद कन्या के हाथों से यह ज्योत प्रज्वलित कराई जाती है। कलश स्थापना का अभिजित मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 01 मिनट पर प्रारंभ होगा और दोपहर 12 बजकर 50 मिनट मिनट पर समाप्त होगी। अभिजित मुहूर्त की कुल अवधि 50 मिनट रहेगी।

**देवी मंदिरों में तैयारियां पूरी**

## निगम जोन 10 ने बोरियाखुर्द श्रीराम वाटिका के सामने तीन एकड़ भूमि में अवैध प्लाटिंग पर लगाई रोक

### 5 हाईवा मुरूम जप्त



**रायपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार और जोन 10 जोन कमिश्नर श्री राकेश शर्मा के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 10 क्षेत्र के तहत कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड नम्बर 54 के क्षेत्र में श्रीराम वाटिका के सामने बोरियाखुर्द में लगभग 3 एकड़ भूमि पर सहायक अभियंता सुशील अहीर, योगेश यदु, उप अभियंता रविप्रभात साहू की उपस्थिति में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की गयी अवैध प्लाटिंग के प्रकरण पर कार्यवाही करते हुए स्थल पर पहुंचकर जेसीबी वाहन की सहायता से भूमि विच्छेदन / मार्ग विच्छेदन करके लगभग 5 हईवा मुरुम को जप्त करने की कार्यवाही कर कारगर रोक लगायी गयी है।

# 2 अप्रैल को 201 बेटियों के माता-पिता का होगा सम्मान

**रायपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। चैत्र नवरात्रि के पवन अवसर पर आदि शक्ति की आराधना के साथ सामाजिक संस्था नवसृजन मंच द्वारा बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करने प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बिटिया जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।संस्था द्वारा यह आयोजन पिछले 10 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। 2 अप्रैल को वृंदावन हाल सिविल लाइन में सम्पन्न होने वाले बिटिया जन्मोत्सव के आयोजन में 201 ऐसी बेटियों का सम्मान किया जाएगा जो 6 माह के अंदर जन्मी है बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करने बेटियों के माता पिता को सम्मान पत्र के साथ बेटियों के लालन पालन की प्रारंभिक चीजे बेबी किट जिसने फ्रॉक व अन्य उपयोगी वस्तुएं होंगी उपहार स्वरूप भेंट की जाएगी।साथ ही 201 कन्याओं का पूजन भी आदि शक्ति के रूप में किया जाएगा।बिटिया के जन्म के बाद माता का आहार पोषण कैसा हो इसकी जानकारी भी आहार विशेषज्ञ डॉ शिल्पी अनुभूति द्वारा कार्यक्रम के दौरान दी जाएगी। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बेटियों के जन्म से लेकर आजीवन मिलने वाली शासन की योजनाए जैसे नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना मातृत्व सुरक्षा योजना की जानकारी भी कार्यक्रम दौरान महिला बाल विकास विभाग द्वारा दी जाएगी और हेल्प डेस्क लगाकर उन्हें कार्यक्रम स्थल में ही जिन योजनाओ से जोड़ा जा सकता है उन योजनाओं से जोड़ा भी जाएगा। जिसके लिए महिला एवं बाल विकास के सहयोग से सम्बंधित अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकाश मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े और विशिष्ट अतिथि महापौर मिनल चौबे की उपस्थिति में बेटियों का सम्मान कार्यक्रम होगा। नवसृजन मंच के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने बताया संस्था बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करने विगत कई वर्षों से यह आयोजन करती आ रही है।वर्ष में दो बार शरद नवरात्रि और चैत्र नवरात्रि में वृहद आयोजन होता है।साथ ही बीच बीच में सरकारी अस्पतालों में बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करने आयोजन साल भर होते रहता है

बिटिया जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान नन्ही माताओं का कन्या पूजन और कन्या भोज का कार्यक्रम भी होगा। संस्था नवसृजन मंच के सदस्य अमरजीत सिंह छाबड़ा डॉ देवाशीष मुखर्जी कांतिलाल जैन किशोर महानन्द डा प्रीति सतपथी, मनीषा सिंह, डा रश्मि चावरे, विनय शर्मा, मनोज जैन, नरेश नामदेव डॉ यूलेन्द्र राजपूत, श्रध्दा राजपूत राजेश साहू सहित राजधानी की प्रतिष्ठित संस्थाओं से जुड़े प्रमुखजन इस आयोजन को सफल बनाने अपना योगदान दे रहे है।

**केंद्र + राज्य सरकार की योजना का भी लाभ दिलाया जाएगा**

# ऑटो डीलर पर धारा 420 के तहत एफआईआर

**रायपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। राजधानी में सेकेंड हैंड गाड़ियों की खरीदी बिक्री का काम करने वाले एक ऑटो डीलर ने एक ग्रामीण की कार यह आश्वासन देकर खरीदी कि वह फाइनेंस की बकाया किस्तों का भुगतान खुद कर देगा लेकिन जब फाइनेंस कंपनी से कार मालिक के पास नोटिस पहुंची तब पता चला कि ऑटो डीलर ने राशि जमा ही नहीं कराई है पुलिस ने मामले में नीरज मोटर्स लालपुर के संचालक दीपक वाधवानी के खिलाफ धारा 420, 294 के तहत केस दर्ज किया है रिपोर्ट सरसींवा निवासी रतन लाल साहू ने लिखाई है पीड़ित ने 2022 में पुरानी ईको वाहन को चन्द्रभान बाघ से खरीदा और पुनावाला फिनकार्प लिमिटेड से दो लाख 2 हजार 585 रुपए फाइनेंस कराया एक वर्ष बाद एक लाख 20 हजार रुपए का भुगतान शेष था तब उसने यह गाड़ी नीरज मोटर्स लालपुर के संचालक दीपक वाधवानी के पास बेच दिया किस्त की राशि आरोपी दीपक वाधवानी ने जमा करने की बात कही थी लेकिन पुनावाला फिनकार्प लिमिटेड से रकम जमा नहीं होने की नोटिस मिली जांच में पता चला कि आरोपी ने किसी और को यह गाड़ी बेच दी जबकि उसका नामांतरण तक नहीं कराया गयाण् मतलब विक्रय के बाद गाड़ी तो रतन लाल के नाम पर ही रही लेकिन उसका इस्तेमाल खरीदार व्दारा किया जाता रहा इस मामले में चर्चा करने नीरज मोटर्स में जाने पर आरोपी ने गाली.गलौज और धमकी.चमकी भी की पुलिस ने जुर्म दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# उत्कल समाज एक अप्रैल को मनाएगा उत्कल दिवस : पुरंदर

### डॉ. मधु बाबु के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया जाएगा

**रायपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के मधुसुदन चौक में 1 अप्रैल को उत्कल दिवस के अवसर पर उत्कल गौरव डॉ. मधु बाबु के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, मोतिलाल साहू, सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे, नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी व पार्षद उपस्थित रहेंगे। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया कि उड़ीसा प्रान्त को 01 अप्रैल 1936 में पृथक राज्य के रूप में मान्यता मिली। तब आज के छत्तीसगढ़ का एक बड़ा भू-भाग उड़ीसा से पृथक हो गया। ये उड़िया भाषा-भाषी के लोग जिसमें विभिन्न जाति के लोगों का समावेश है छत्तीसगढ़ में ही रह गए। आज पूरे छत्तीसगढ़ में उड़िया समुदाय की कुल जनसंख्या 35 लाख से भी ज्यादा है। छत्तीसगढ़ में पहली बार 1994 में 1 अप्रैल को उत्कल दिवस मनाया गया। तब पुरन्दर मिश्रा महज 30-32 साल के थे और इन्कम टैक्स की प्रैक्टिस किया करते थे। यहीं से उन्होंने उड़िया समाज के लोगों को एक जुट करने का प्रयास किया। नतीजन आज वे उसी समाज का प्रतिनिधित्व करते प्रदेश की राजधानी उत्तर विधानसभा से विधायक हैं। हर साल 1 अप्रैल को उत्कल दिवस मनाया जाता है जिसे ओडिशा दिवस के नाम से भी जाना जाता है। क्योंकि इस दिन 1936 को बिहार और उड़ीसा प्रांत से अलग होकर ओडिशा राज्य का गठन हुआ था यह दिन ओडिशा की संस्कृति और इतिहास के जश्न का दिन है। यह ओडिशा की समृद्ध संस्कृति, कला, साहित्य और इतिहास का जश्न मनाने का अवसर है।



# देवी लक्ष्मी हॉस्पिटल में लेप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा दो दिवसीय वर्कशाप आयोजित



**रायपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। देवी लक्ष्मी हॉस्पिल रायपुर में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सहयोग से दो दिवसीय इंटेसिव लेप्रोस्कोपी वर्कशाप एवं हैण्ड्स ऑन ट्रेनिंग का आयोजन दिनांक 28 एवं 29 मार्च को किया गया जिसमें क्षेत्र के करीब 60 गायनोकोलॉजिस्ट ने भाग लिया। इस वर्कशाप के कोर्स डायरेक्टर मुंबई के प्रख्यात एडवांस एण्डोस्कोपिक सर्जन डा. प्रशांत भामरे थे जिन्होने विगत 20 वर्षों में न केवल देश बल्कि विदेशों मे भी अनेक सफल आपरेशन्स एवं वर्कशॉप्स किये हैं। इस वर्कशाप में आपरेटिंग फैकल्टी डा. मोनिका अग्रवाल प्रख्यात एवं सीनीयर स्त्रीरोग एवं इनफर्टीलिटी विशेषज्ञ तथा डा. मृणालिनी अग्रवाल एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जन ने भी इस वर्कशाप में भाग लिया। अंचल के प्रख्यात सीनीयर लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ.सुभाष अग्रवाल इस वर्कशाप के चेयर पर्सन रहे। इस वर्कशाप का आयोजन युवा गायनेकोलॉजिस्ट को इस विधि में प्रवीण करने हेतु किया गया था, जिससे कि वे बाद में अंचल की जनता को अपनी बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकें।

## साइंस कॉलेज मैदान में आज जुटेंगे स्वयंसेवक

**रायपुर,** 29 मार्च। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायपुर महानगर इकाई ने स्वयंसेवकों के शारीरिक प्रकटोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया है। यह कार्यक्रम कल 30 मार्च को शाम 6 बजे राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में प्रस्तावित है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संघ के सहसरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर होंगे। इस प्रकटोत्सव कार्यक्रम में संघ के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल होंगे और विभिन्न शारीरिक कौशल, व्यायाम, दंड, नियुध, सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन करेंगे। बताया गया कि कार्यक्रम में रायपुर महानगर इकाई के सैकड़ों स्वयंसेवक भाग लेंगे। संघ ने रायपुर महानगर को 14 नगरों में बांटा है। संघ के रायपुर महानगर संघचालक महेश बिड़ला ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति का आग्रह किया है।

इसी कड़ी में लोकमाता अहिल्या देवी होल्कर की स्मृति में " एक युग की गाथा" सुप्रसिद्ध संगीतमय नृत्य नाटिका का आयोजन भी राजधानी के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में शाम 4 बजे रखा गया है। इस कार्यक्रम में भी संघ के सहसरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर का उद्बोधन होगा। यह आयोजन लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जयंती आयोजन समिति छत्तीसगढ़ के बैनर तले किया जा रहा है।

## निधन

### हुसैन कुरैशी



**महासमुंद,** 29 मार्च। स्थानीय स्टेशन रोड निवासी जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी व कोडार फटाका के संचालक हुसैन कुरैशी 76 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार शनिवार 29 मार्च को स्थानीय कब्रिस्तान में किया गया। वे क्रिकेट कोच शबाब कुरैशी के पिता व अधिवक्ता सलीम कुरैशी, रिजवान कुरैशी, इरफान कुरैशी के चाचा थे।

# प्रधानमंत्री आज करेंगे अभनपुर-रायपुर मेमू स्पेशल सेवा का शुभारंभ

**रायपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मोहभट्ठा, बिलासपुर कार्यक्रम स्थल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अभनपुर-रायपुर मेमू स्पेशल सेवा का शुभारंभ किया जाएगा। यह मेमू ट्रेन अत्याधुनिक थ्री-फेज़ मेमू रेक से सुसज्जित है।

भारतीय रेलवे की रोलिंग स्टॉक में आधुनिकता लाने और यात्रियों के अनुभव को और बेहतर बनाने की दिशा में तीन-फेज़ मेमू (मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) रेक की शुरुआत की गई है। यह अत्याधुनिक ट्रेन ऊर्जा दक्षता, उच्च गति और बेहतर आराम के साथ यात्रियों को एक नया अनुभव प्रदान कर रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी कई रेल सेक्शनों में थ्री-फेज़ मेमू ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जिससे यात्रियों को तेज, आरामदायक और सुरक्षित रेल यात्रा का अनुभव मिल रहा है।

**थ्री-फेज़ मेमू के तकनीकी विशेषताएं**

नया थ्री-फेज़ मेमू रेक कई आधुनिक सुविधाओं से लैस है, जिसमें शामिल हैं-

एयरोडायनामिक डिज़ाइन- ड्राइविंग मोटर कोच में वायुगतिकीय डिज़ाइन के साथ एयर-कंडीशन्ड ड्राइवर केबिन और एर्गोनॉमिक ड्राइवर डेस्क है।

ऊर्जा दक्षता- पारंपरिक रेक की तुलना में यह कम ऊर्जा की खपत करता है और अधिक तेज़ी से गति पकड़ने और रोकने की क्षमता रखता है।

न्यूनतम रखरखाव- पारंपरिक रेक की तुलना में इसका रखरखाव कम लागत वाला और आसान है।

**यात्री सुविधाएं**

आरामदायक यात्रा- प्रत्येक कोच में सौंदर्यपूर्ण इंटीरियर, कुशन वाली सीटें, बड़ी खिड़कियाँ, स्लाइडिंग दरवाजे और मोबाइल चार्जिंग सॉकेट उपलब्ध हैं। सुरक्षा और जानकारी- जीपीएस-आधारित पीएपीआईएस (पब्लिक एड्रेस और यात्री सूचना प्रणाली) के तहत डिस्प्ले स्क्रीन और लाउडस्पीकर प्रत्येक कोच में लगाए गए हैं, जिससे यात्रियों को स्टेशन की जानकारी मिलती रहेगी।

सुरक्षा प्रणाली- यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली भी उपलब्ध कराई गई है।

स्वच्छता और पर्यावरण अनुकूलता- प्रत्येक ट्रेलर कोच में पर्यावरण-अनुकूल बायो-टॉयलेट्स प्रदान किए गए हैं।

अधिक यात्री क्षमता, बेहतर अनुभव

बेहतर सीट व्यवस्था और चौड़े गैलरी क्षेत्र- यात्रियों की सुविधा के लिए कोच के अंदर बेहतर लेआउट प्रदान किया गया है।

उच्च यात्री क्षमता- प्रत्येक ड्राइविंग मोटर कोच में 226 और प्रत्येक ट्रेलर कोच में 325 यात्री यात्रा कर सकते हैं, जिससे कुल यात्री क्षमता लगभग 30% तक बढ़ गई है।

थ्री-फेज़ मेमू रेक भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह ट्रेन ऊर्जा दक्षता, उच्च संरक्षा मानकों के साथ यात्रियों को बेहतर यात्री अनुभव प्रदान कर रही है।

**अभनपुर-रायपुर के बीच चलेगी अत्याधुनिक थ्री-फेज़ मेमू ट्रेन**

# बिना तलाक दिए लुटेरी दुल्हन ने कर डाली चार शादियां, केस दर्ज

**रायपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। लुटेरी पूजा ने मौका देख बैंक के लाकर में रखे जेवर निकालकर अपनी मां को दे दिया। इसके बाद पैसों की मांग करने लगी। पैसे नहीं देने पर झूठे केस में फंसा देने की धमकी देने लगी। डाकेश्वर के अनुसार पूजा ने पूर्व में जिन लोगों से शादी की थी उन लोगों से भी पूजा और उसकी मां ब्लैकमेल कर उगाही कर रही थी। राजधानी में लुटेरी दुल्हन का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश के बाद मुजगहन थाना पुलिस ने पूजा देवांगन उर्फ गितांजली और उसकी मां गायत्री देवांगन के खिलाफठगी और ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि महिला ने बिना तलाक लिए, चार लोगों से शादी की उनके जेवर चुराए और झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर पैसों की उगाही की। थाने में बोरियाकला निवासी डाकेश्वर देवांगन ने आरंग निवासी पूजा देवांगन उर्फगितांजली और उसकी मां गायत्री देवांगन के खिलाफप्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट आकांक्षा बेक की कोर्ट में परिवाद दायर किया था। प्रार्थी ने कोर्ट में बताया कि उसने पूजा के साथ शादी किया था। उसकी पत्नी ज्यादातर समय अपने मायका में रहती थी। ससुराल में रहने से बचती थी। डाकेश्वर को पत्नी के चरित्र पर संदेह हुआ और उसने अपनी पत्नी के बारे में जानकारी एकत्रित की। डाकेश्वर पूजा और सास गायत्री के बारे में जानकारी एकत्रित कर रहा था। उसकी मुलाकात पुरुषत्तम देवांगन से हुई। पुरुषोत्तम ने बताया कि पूजा के साथ उसकी 15 जनवरी 2016 को संजयनगर टिकरापारा के आर्यसमाज की मंदिर में हुई है। प्रमाण के रूप में मैरिज सर्टिफिकेट भी दिखाया। इसके बाद पता चला कि पूजा इसी तरह से चार से पांच लोगों से शादी कर चुकी है। किसी को तलाक नहीं दिया था। बैंक लॉकर में रखे जेवर निकाले और मां को दे दिए पूजा के साथ शादी करने के बाद डाकेश्वर ने परिवार के अन्य सदस्यों के सोने के जेवर बैंक के लॉकर में रखा दिए थे। लुटेरी पूजा ने मौका देख बैंक के लॉकर में रखे जेवर निकालकर अपनी मां को दे दिया। इसके बाद पैसों की मांग करने लगी। पैसे नहीं देने पर झूठे केस में फंसा देने की धमकी देने लगी। डाकेश्वर के अनुसार पूजा ने पूर्व में जिन लोगों से शादी की थी उन लोगों से भी पूजा और उसकी मां ब्लैकमेल कर उगाही कर रही थी।

## कैपिटल जोन का शेष...

### सीएम ने उद्यमिता और ...

साथ-साथ कौशल उन्नयन पर भी राज्य सरकार सक्रिय रूप से काम कर रही है, ताकि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें।

इस अवसर पर आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रोफेसर राजीव प्रकाश, सीआईआई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष संजय जैन, अमर परवानी, आईआईटी भिलाई के प्रोफेसर व छात्रगण सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

### साल में 3 बार ...

कोर्स में भी बदलाव किया जाएगा। इस कोर्स के लिए मूल्यांकन परीक्षा पहले साल में दो बार जून और दिसंबर में आयोजित की जाती थीए अब यह साल में तीन बार फरवरीए जून और अक्टूबर में आयोजित की जाएगी। जिससे सदस्यों के लिए पहुंच और सुविधा और बढ़ जाएगी।

### एमनेस्टी योजना के तहत ...

समाप्ति के समय करदाताओं को होने वाली वित्तीय कठिनाई को ध्यान में रखते हुए एमनेस्टी योजना के तहत भुगतान की तिथि को बढ़ाकर 31 मई कर दिया जाए। यदि विस्तार दिया जाता है तो करदाताओं को योजना का लाभ उठाने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। जिससे सरकार को अधिक राजस्व प्राप्त होगा और करदाता को राहत मिलेगी।

# भाजपा को मुस्लिम विरोधी बताने की साजिशें नाकाम हुई : जमाल सिद्दीकी

**रायपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा ने केन्द्रीय नेतृत्व के आहवान पर शुक्रवार को भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में च्सौगात-ए-मोदीज्ज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि आज मुसलमान जागरूक हो गया है। भाजपा को मुस्लिम विरोधी बताने की साजिशें नाकाम हुई हैं। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी पार्टियों का साथ पहले ही आदिवासी, अनुसूचित जाति, और पिछड़ा वर्ग ने छोड़ा, अब मुस्लिम भी भाजपा के साथ जुड़ गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विकास कार्यों और जनकल्याणकारी नीतियों की चर्चा करते हुए श्री सिद्दीकी ने कांग्रेस को विकास विरोधी बताया। श्री सिद्दीकी ने कहा कि भाजपा पार्टी विथ डिफ्रेंस इसीलिए है क्योंकि यह च्सेवा ही संगठनज्ज के मूलमंत्र पर समाज के हर वर्ग के कल्याण का काम सतत् करती है। हम सत्ता नहीं, सेवा के लिए राजनीति करते हैं। इसीलिए तमाम विपक्षी दल आज बेचौन हैं और लगातार अफवाहों व साजिशों के जरिये मुस्लिमों को गुमराह कर रहे हैं लेकिन वे अपनी बदनीयती में कतई कामयाब नहीं होंगे।

अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा है कि मोर्चा के तत्वावधान में आगामी बैशाखी, गुड फ्राईडे, ईस्टर आदि पर्वों पर भी हर घर जाकर उन्हें त्यौहार की बधाई और भेंट देकर मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उनकी खुशियों में शरीक होंगे। श्री सिद्दीकी ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमने भारत मां की गोद में जन्म लिया है और इसलिए हम सारे त्यौहार मिल-जुलकर मनाते हैं।उन्होंने कहा कि देश में नरेन्द्र मोदी की सरकार में सभी वर्गों के लिए बिना किसी भेदभाव के कार्य हो रहे है। कांग्रेस ने हमेशा देश को गुमराह करने का काम किया है। आज देश के मुस्लिम जागरूक हो गए है उन्हें देश का विकास करने वाला चाहिए इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे है। इससे पहले भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य नजमा अजीम ने च्सौगात-ए-मोदीज्ज कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों तक सभी योजनाएं पहुंचे इसके लिए लगातार कार्य कर रही है। आज केन्द्र सरकार द्वारा सौगात के रूप में मुस्लिम बहनों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, सहित कई योजनाओं की सौगात दे रही है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार मुस्लिम बहनों को बिना किसी भेदभाव के महतारी वंदन योजना का लाभ दे रही है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दे रही है।


**भाजपा समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए काम करती है**

## नवरात्रि पर नो नॉनवेज

# रायपुर में आज बंद रहेंगी मांस-मटन की दुकाने

**रायपुर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। कल से चैत्र नवरात्री की शुरुआत हो रही हैं. इसी के चलते राजधानी में रविवार को मीट बिक्री पर रोक लगाई गई है। 30 मार्च चैत्र नवरात्र और चैट्री चंड्र पर्व के मौके पर छत्तीसगढ़ में नॉनवेज की बिक्री पर रोक रहेगी। सभी मीट दुकानों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। बिक्री किए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

आदेश के मुताबिक, रायपुर नगर निगम के संपूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशु वध गृह और सभी मांस बिक्री दुकानों को बंद रखे जाने का रखा जाएगा। वहीं, किसी भी दुकान में मांस बिक्री करते पाए जाने पर जब्ती और कार्रवाई की जाएगी।



**निरीक्षण करने के निर्देश**

रायपुर नगर निगम ने मांस-मटन विक्रय करने वाले लोगों से दुकान बंद रखने की अपील की है। इसके साथ ही निगम स्वास्थ्य अधिकारी और सभी जोन के स्वास्थ्य अधिकारी और स्वच्छता निरीक्षकों को आदेश का पालन करने के लिए कहा है। वहीं, संबंधित क्षेत्र में लगातार निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

**नवरात्रि पर्व पर मंदिरों के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान**

रायपुर महापौर मीनल चौबे ने नवरात्रि पर्व को देखते हुए आदेशित किया है कि 30 मार्च से 6 अप्रैल तक चैत्र नवरात्रि पर्व के मौके पर मंदिरों के आसपास के क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। साथ ही मंदिरों के आसपास अतिक्रमण न हों और मवेशियों के कारण मंदिरों के आसपास ट्रैफिक जाम की स्थिति ना रहे ।

महापौर ने सभी जोन कमिश्नर को सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने भी कहा है। जिससे श्रद्धालुओं को नवरात्रि पर विशेष आराधना पर्व के दौरान मंदिरों के आसपास स्वच्छ वातावरण मिले।

**नियम तोड़ने पर होगी कानूनी कार्रवाई**

# चैत्र नवरात्र, हिन्दू नववर्ष एवं चेट्रीचण्ड्र की बहुत-बहुत शुभकामनाएं...


चेट्रीचण्ड्र की लख-लख बधाई
Wholesale of Men's & Kids Wear
JEANS SHIRT T-SHIRT TROUSER
S.M. CORPORATION
27, Shoppers Paradise, Near City Centre Mall, Pandri, Raipur (C.G.), Mo. 9425505795

विक्रम संवत -2082
मा. श्री विष्णु देव साय जी
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
हिंदू नव वर्ष, चैत्र नवरात्रि एवं रामनवमी की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं
मनमोहन सिंह चावला
पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भारतीय जनता युवा मोर्चा
युवा प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय सिक्ख संगत छत्तीसगढ़

चैत्र नवरात्रि एवं चेट्रीचंड्र की हार्दिक शुभकामनाएं
SURYA USHA Fans HAVELLS wipro RR KABEL
CITYSHINE
Its all about lights.
Near SBI ATM, M.G. Raod, Raipur (C.G)
Mo:. 98934-10001

हिन्दू नववर्ष एवं चेट्रीचण्ड्र जूं लख-लख वाधायूं
मारूति डेयरी एवं जनरल स्टोर्स
कटोरा तालाब, रायपुर (छ.ग.)
दूध, घी, दही, पनीर, मक्खन, व फ्रेश क्रीम, खोवा आदि दैनिक वस्तुओं के लिए भरोसेमंद नाम
Mob. 7400701000, 9827127390

चैत्र नवरात्रि एवं चेट्रीचंड्र की हार्दिक शुभकामनाएं
WHOLE SALE OF
Copier Paper, Writting Boards Notice Board, Asian LPF, Toner Cartridge, Butter Paper, Packing Tapes, Lamination Pouch.
नंद किशोर भाटिया
रंजन मार्केटिंग
भाटिया बिल्डींग, होटल मिडटाउन के पास, गली नं. 04, एम.जी.रोड, रायपुर
Call: 4030447, 9886561074

चैत्र नवरात्र एवं चेट्रीचण्ड की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहनलाल खटुजा मो. 8319379818
प्रताप राय खटुजा मो. 9425208861
हितेश खटुजा मो. 9425208862
इंडियन इलेक्ट्रिकल्स
INDIAN ELECTRICALS
Near Gurunanak Chowk, Beside Ganj Maidan
Ganj Dabri, Station Road, Raipur (C.G.)

चेट्रीचण्ड्र पर्व एवं चैत्र नवरात्र की हार्दिक बधाई...
Avani Avenue
3 BHK DUPLEX BUNGALOWS
PCGRERA130718000524
Rera Website: rera.cgstate.gov.in
WELL PLANNED HOMES FOR A Perfect Lifestyle
SITE: NEAR AVANI VIHAR, DALDAL SEONI, RAIPUR (C.G.) CREDAI
Indoor Badminton Court
Play Area for Children
Swimming Pool
Gymnasium
Club House
VGR REAL ESTATE Building happiness
GET IN TOUCH +91 7725 005 500 | 9981 716 961
HEAD OFFICE: AT MADHU PILLAI CHOWK, NEAR RAM MANDIR, SHANTI NAGAR, RAIPUR (C.G.)
vgrrealestate@gmail.com www.vgrrealestate.com

चैत्र नवरात्रि एवं चेट्रीचंड्र की हार्दिक शुभकामनाएं
Shutter Patti
Faiwar Roll
C.N.C. Sheet
ईन्दर कुमार ड़ोड़ानी मो. 98271 68310
कपील ड़ोड़ानी मो. 91746 57810
SH संजय हार्डवेयर स्टोर्स
एम.जी.रोड़, गुरूनानक चौक रायपुर (छ.ग.) 492001

चेट्रीचंड्र ज्यूं लख-लख वाधायूं
ZING super Free to Air
KTI Free To Air DTH
HD CRYSTAL CCTV CAMERA
dishtv WISH KARO, DISH KARO.
airtel Digital TV
TATA PLAY
CAT VISION
PERFECT PICTURE PERFECT SOUND
i-Vision
KONARK ELECTRONICALS
B-3, R.D.A., BUILDING, SHARDA CHOWK RAIPUR (C.G.),
Ph. 0771-4700055 Mob. 9300012233

चैत्र नवरात्र एवं चेट्रीचण्ड की हार्दिक शुभकामनाएं
पतंजलि
सुपरमार्केट (मेगा स्टोर)
हरिद्वार से प्रशिक्षित वैद्य द्वारा निःशुल्क परामर्श
फ्री होम डिलीवरी
पतंजलि मेगा स्टोर
कुणाल इंटरप्राइजेज
डी.के.एस हास्पिटल के सामने, शास्त्री चौक, रायपुर
मो. 7693912000, 0771 2998866

**उल्टा पुल्टा**

एक शराबी एयरपोर्ट के बाहर खड़ा था। एक वर्दीधारी युवक उधर से गुजरा। शराबी ने उससे कहा- एक टैक्सी ले आओ।
युवक - मैं पायलट हूं, टैक्सी ड्राइवर नहीं।
शराबी- नाराज क्यों होते हो भाई? तो एक हवाई जहाज ले आओ।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह : 171 जोड़े बंधे विवाह बंधन में

## उप मुख्यमंत्री साव ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया साथ ही सुखी दाम्पत्य जीवन की शुभकामना भी दी





**बेमेतरा**, 29 मार्च (देशबन्धु)। कन्या का विवाह एक पवित्र संयोग मन कहा जाता है। आज शनिवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 171 गरीब परिवारों के बेटा-बेटियां विवाह बंधन में बंधे। इन परिवारों के 171 वर-वधू एक ही मंडप में विवाह बंधन में बंधे और सुखमय जीवन जीने और बाल विवाह नहीं करने कराने की भी शपथ ली।

इस भव्य समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया साथ ही सुखी दाम्पत्य की शुभकामना भी दी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत कन्यादान राशि 35 हज़ार रुपये का चेक, विवाह की तस्वीर व उपहार भेंट किए। उन्होंने कहा कि विवाह जीवन का एक पवित्र बंधन है. पति-पत्नी का संबंध दुनिया का सबसे विश्वसनीय संबंध होता है। सुख-दुख में वे एक-दूसरे का कंधे से कंधा मिलाकर साथ निभाते है। चाहे हो सामाजिक दायित्व का मामला हो या पारिवारिक मसला वो हर परिस्थिति में खरे उतरते हैं। आयोजन ज़िला मुख्यालय बेमेतरा के कंतेली इंडोर स्टेडियम में संपन्न हुआ। सबसे पहले पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ बारात निकाली। यह बारात टाउन हॉल से रवाना होकर इंडोर स्टेडियम पहुंची, जहां सभी वर-वधू एक ही मंडप में विवाह के पवित्र बंधन में बंधे। विवाह संस्कार विधिवत रूप से पुरोहितों द्वारा संपन्न कराया गया, जिसमें हिंदू विवाह परंपराओं का पूरी तरह पालन किया गया। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। कलेक्टर ने स्वागत भाषण में छत्तीसगढ़ के विवाह संबंधी रीत-रिवाज बताए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि मुख्य मंत्री श्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की शुरुआत का काम किया। आज गरीब परिवार की 171 बेटियों का कँटेली स्टेडियम में विवाह हो रहा है। स्टेडियम और उपस्थितजन इसका प्रमाण है, 342 परिवार आज एक हो रहे हैं एक साथ 342 परिवार आपस में उनके संबंध आज बने है। उन्होंने सभी मेहमानों को भी बहुत बधाई दी। साथ ही जिला प्रशासन की टीम को महिला बाल विकास विभाग की टीम को भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खाद्य मंत्री दयाल दास ने वर-वधू आशीर्वाद और अपनी शुभकामना दी। मंत्री श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है। इसमें वधू को गृहस्थी शुरू करने के लिए सरकार हर जोड़े को विवाह सहायता के रूप में निश्चित राशि भी प्रदान करती है, पहले यह राशि 25000 रुपये थी जिसे बढ़ाकर 50000 रुपये किया गया है। जिससे उन्हें अपने नए जीवन की शुरुआत करने में मदद मिलती है।

उप मुख्य मंत्री श्री साव ने कहा कि आदमी का सपना होता है कि उसका स्वास्थ्य अच्छा हो, एक मकान हो बेटियों की अच्छी शादी हो। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जानता के स्वास्थ्य के लिए 5 लाख रुपये तक फ्री इलाज और प्रधान मंत्री आवास योजना बनाकर यह सपना पूरा किया। वही मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से बेटियों की शादी की भी चिंता दूर कर दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जनता की बेहतरी के लिए कई बेहतर योजनाएं बनाई है जिनमे से एक है मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना जिनका फायदा राज्य के हर वर्ग के गरीब व्यक्ति को मिल रहा है।

दुर्ग लोकसभा सांसद सांसद विजय बघेल भी बाद में पहुंचे। उन्होंने भी वर-वधु को आशीर्वाद दिया। अपने आशीर्वचन में कहा कि भारतीय संस्कृति में विवाह महत्वपूर्ण संस्कार है। इसमें सिर्फ दो जोड़े ही एक बंधन में नहीं बनते हैं बल्कि विवाह के साथ दो परिवार का मिलन होता है और जिंदगी की नई शुरुआत होती है. बेमेतरा में आज का यह क्षण, हम सबके लिए ऐतिहासिक क्षण है. यहां नवदंपतियों को उनके माता-पिता, अभिभावकों के साथ एक विशाल जन समूह आशीर्वाद देने के लिए उमड़ पड़ा है। हम सभी की प्रार्थना है कि अपनी जिंदगी के नई शुरुआत करने वाले यह नवदंपति, सदैव सुखी रहे और उनके परिवार हमेशा मजबूती के साथ जुड़ रहे।

कार्यक्रम को विधायक श्री दीपेश साहू और विधायक श्री ईश्वर साहू ने भी संबोधित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष श्री विजय सिन्हा, जनपद पंचायत बेमेतरा की अध्यक्ष श्रीमती हेमा दिवाकर, अजय साहू, ओमप्रकाश जोशी, राजेन्द्र शर्मा सहित कई अन्य जन प्रतिनिधि, गणमान्य जन इस समारोह में नवदंपतियों को आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित थे।

# सनातन जागरण व गौरक्षा को लेकर निकली मशाल यात्रा में उमड़े सनातनी





**दुर्ग**, 29 मार्च (देशबन्धु)। धार्मिक व सामाजिक संगठन अजेय भारत के बैनरतले हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य पर सनातन जागरण एवं गौरक्षा के उद्देश्य को लेकर भव्य मशाल पदयात्रा निकाली गई। यह मशाल पदयात्रा पाटेश्वर धाम के संत रामबालक दास के सानिध्य में शाम 6 बजे केलाबाड़ी चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर में महाआरती कर प्रारंभ हुई। यात्रा में सनातनी अपने हाथों में मशाल लेकर केलाबाड़ी से कसारीडीह चौक, आजाद चौक, कन्हैयापुरी चौक, मुक्तनगर बोरसी रोड का भ्रमण करते हुए छत्रपति शिवाजी चौक आदर्शनगर (महाराजा चौक) पहुंचे। जहां यह मशाल पदयात्रा भव्य धर्मसभा के रुप में तब्दील हुई। धर्मसभा को पाटेश्वर धाम के संत रामबालक दास, आचार्य अजय आर्य व आरएसएस के धर्म प्रांत प्रचारक राजकुमार चंद्रा ने संबोधित कर सनातनियों का सनातन जागरण व गौरक्षा को लेकर मार्गदर्शन कर एकजुट रहने का आव्हान किया गया।

**धर्मसभा का संत बालकदास ने किया मार्गदर्शन**

धर्मसभा में दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, समाजसेवी डॉ. मानसी गुलाटी, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, एमआईसी सदस्य शशि साहूए भाजपा नेता विनायक नातू, अजय तिवारी, विहिप के महेश यादव, रामलोचन तिवारी, हिन्दू युवा मंच के संयोजक गोविंदराज नायडु, शैलेन्द्र धोटे, पार्षद भास्कर कुंडल, प्रकाश गीते, सविता साहू, मनीष कोठारी, पोषण साहू के अलावा विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनो के प्रमुख विशेष रुप से मौजूद रहे। धर्मसभा का संचालन अखिलेश मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन अजेय भारत संगठन के संचालक संजय डहरवाल ने किया।

मशाल पदयात्रा का क्षेत्र में जगह.जगह विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान जयश्री राम के जयघोष गुंजायमान रहे। मशाल पदयात्रा में अजेय भारत संगठन के संचालक संजय डहरवाल, सदस्य अखिलेश मिश्रा, कंचन शुक्ला, संजय मंडावी, ऋषिकांत तिवारी, भारतेन्दू गौतम, प्रकाश देवांगन, सुरेश साहू, राधेश्याम कोसरे, बाबा चौहान, दिलीप देशमुख, देवेन्द्र वर्मा, कृष्ण यादव, दीपक उमरे संजय चौहान, दीपक यादव, श्रवण यादव, शिवाकांत तिवारी, सुनील साहू, रामेश्वर अग्रवाल, अजय तिवारी, आनंद श्रीवास्तव, प्रफुल्ल यादव, खिलेन्द्र चौहान, धन्ना सिंह राजपूत, अरुण मिश्रा, योगेश बघेल के अलावा बड़ी संख्या में सनातनी शामिल हुए।

# चिखली के ढाबे में युवक की चाकू मारकर हत्या



**हत्या में शामिल नकाबपोश आरोपियों की पुलिस द्वारा तलाश जारी**

**संदेह के आधार पर कतिपय लोगों से की जा रही है पूछताछ**

**दुर्ग**, 29 मार्च (देशबन्धु)। जेवरा सिरसा चौकी के अंतर्गत ग्राम चिखली स्थित इंदर ढाबा के पास अवतार मरकाम की कतिपय नकाबपोश लोगों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी। जेवरा सिरसा पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार इस मामले में कतिपय अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। आज जिन लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है उनमें एक आकाश मजूमदार, कुख्यात गैंगस्टर तपन सरकार का भांजा बताया जाता है। पुलिस हत्या का अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

इस संबंध में जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी पुरूषोत्तम कुर्रे ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि करीब सवा 10 बजे हिस्ट्रीशीटर अवतार मरकाम निवासी सिकोला भाठा को उसके दोस्त आकाश सोना ने फोन करके इंदर ढाबा चिखली बुलाया इस पर अवतार, ढाबा पहुंचा और दोस्तों के साथ पार्टी करने लगा। इसके बाद चार-पांच लोग वहां पहुंचे। इन सभी ने चेहरे ढंके हुए थे। इन नकाबपोश लोगों ने वहां पहुंचते ही अवतार मरकाम पर चाकू से वार कर दिया। इस हमले में अवतार के गले, सिर व कान के पास चोट लगी जिससे लहूलुहान होकर वह वहीं गिर पड़ा। हमलावर तत्काल वारदात करके भाग निकले।

पुलिस के अनुसार अवतार के साथियों ने उसे तत्काल शंकराचार्य हास्पिटल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। इधर पुलिस को दी जानकारी में मृतक अवतार की मां ने बताया कि होली के दिन अवतार का मोहल्ले के कुछ युवकों से विवाद हुआ था। उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। इस मामले में मोहन नगर थाने को एक आवेदन भी अवतार की ओर से दिया गया था। उसकी मां ने इस मामले में घर के आसपास के लोगों पर ही संदेह जताया है। इसके अलावा पुलिस ने भी बताया कि करीब 2 वर्ष पूर्व अवतार मरकाम व दीपक ठाकुर के बीच किसी मामले को लेकर झगड़ा हुआ था। दीपक पर जानलेवा हमला भी किया गया था। इस पूरी घटना में आकाश मजूमदार, मुकेश चीरा, दीपक ठाकुर के नाम संदेहियों के तौर पर लिये जा रहें और इनसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अभी तक पुलिस ने किसी की गिरफ्तारी नहीं की है।

# फिल्टर प्लांट के मोटर पंप में खराबी के कारण एक दर्जन वार्डों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित

**शुक्रवार रात से प्रभावित व्यवस्था शनिवार शाम के बाद सामान्य होने का दावा**

**दुर्ग**, 29 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग के 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में शुक्रवार दोपहर अचानक 110 हार्स पावर मोटर पंप के बेरिंग टूटने के कारण आई खराबी के चलते शहर के डेढ़ दर्जन से अधिक वार्डों में शुक्रवार रात्रि एवं शनिवार सुबह की सप्लाई बुरी तरह प्रभावित रही। महापौर अलका बाघमार के निर्देश पर जलगृह विभाग ने सुबह से ही टैंकर की व्यवस्था के माध्यम से प्रभावित वार्डों में स्थिति नियंत्रित करने का प्रयास किया वहीं फिल्टर प्लांट में आई मोटर खराबी को दूर करने के लिए बाहर से पार्ट्स मंगाकर विशेषज्ञ कर्मचारियों के माध्यम से दोपहर तक सुधार कार्य पूर्ण कराया। पंप हाउस में मोटर खराबी की सूचना मिलते ही जल विभाग की प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने अधिकारियों से संपर्क कर इसकी जानकारी महापौर अलका बाघमार को देकर स्वयं टैंकर व्यवस्था के लिए वाहन शाखा से 2 अतिरिक्त ट्रेक्टर व 2 अन्य टैंकर लारी मंगवाकर गर्मी को देखते हुए जनता को पानी के लिए परेशान न होना पड़े इसके लिए प्रभावित वार्ड के पार्षदों से संपर्क कर व्यवस्था सामान्य बनाने के लिए सूचित किया। पार्षदों व नागरिकों की मांग पर लगभग 50 से अधिक स्थानों पर टैंकर से पानी की सप्लाई की गई।



जलगृह के कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम सहायक अभियंता गिरीश दीवान सब इंजीनियर मोहित मरकाम जल कार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे। 24 एम एल डी फिल्टर प्लांट से शहर के मध्य व पुराने वार्ड जिसमे शंकर नगर मोहन नगर, आमा पारा गंज पारा, आपापुरा, शक्ति नगर, शांति नगर, केलाबाड़ी, कसारीडीह, घासीदास वार्ड व पदमनाभपुर क्षेत्र में पानी सप्लाई होती है जिसके लिए संबधित टंकियों में पानी भरा जाता है लेकिन गत रात्रि व शनिवार सुबह नल नहीं खुलने से लोगों को परेशानी हुई।

# निगम कर्मचारियों को नवरात्रि से पहले मिली पेंशन राशि की सौगात

**दुर्ग**, 29 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग के सभी नियमित कर्मचारियों के लिये यह नवरात्रि विशेष खुशियां लेकर आई है। उनके पिछले दो वर्षो से लंबित ओल्ड पेशन स्कीम एवं न्यू पेंशन स्कीम की राशि लगभग 4 करोड़ रूपये कर्मचारियों के खाते में जमा करा दी गई है। ओल्ड पेंशन स्कीम की राशि जिसंबर 24 तक तथा न्यू पेंशन स्कीम की राशि फरवरी 25 तक जमा कराई गई है।



बजट बैठक तथा इससे एक दिन पूर्व उक्त निर्णय लेकर राशि जमा कराई गई। नगर निगम के इस बड़े कदम से नगर निगम कर्मचारियों में भारी उत्साह है और उन्होंने महापौर अलका बाघमार तथा नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल को पुच्छ गुच्छ भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। कर्मचारियों ने उम्मीद जताई है कि अब उन्हें प्रतिमाह समय पर वेतन भुगतान के साथ पेंशन की राशि नियमित रूप से जमा होगी। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने प्रतिमाह जीपीएफ व सीपीएफ की राशि नियमित रूप से जमा करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये है। महापौर एवं आयुक्त को धन्यवाद देने वालों में प्रमुख तौर पर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री अनिल सिंह, शशि यादव, राजू चंद्राकर, ईश्वर वर्मा, साक्षी वर्मा, रेखा कुर्रे, प्रिंसी शर्मा, गंगाधर ठाकरे प्रमुख थे।

# राज्यस्तरीय युवा संसद महोत्सव प्रतियोगिता में साइंस कॉलेज के दीपांशु प्रथम

**दुर्ग**, 29 मार्च (देशबन्धु)। युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आयोजित युवा संसद महोत्सव 2025 का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन विधान सभा में संपन्न हुआ। इस आयोजन में विभिन्न जिलों से 140 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। इस प्रतियोगिता का विषय संविधान के 75 वर्ष अधिकार कर्तव्य और प्रगति की यात्रा था।




इस विषय पर प्रत्येक प्रतिभागी को 3 मिनट में अपने विचार प्रस्तुत करना था। दीपांशु ने बड़ी प्रखरता के साथ अपनी बात रखी जिसके कारण उन्हें इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह ने उनके इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी अग्रिम शुभ कामनाएं प्रदान की।

कार्यक्रम समन्वयक प्रो जनेन्द्रकुमार दीवान एवं जिला नोडल अधिकारी प्रो तरुण कुमार साहू ने बताया कि छ.ग. वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी सर एवं पद्मश्री अनुज शर्मा और खेल और युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ एवं विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा दीपांशु को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

दीपांशु राष्ट्रीय स्तर संसद भवन में होने वाले युवा संसद महोत्सव 2025 में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। दीपांशु ने इस सफ्लता का श्रेय अपने अभिभावकों तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकों को दिया है। समस्त महाविद्यालय परिवार सहित वरिष्ठ प्राध्यापकों डॉ एस एन झा, डॉ अभिनेष सुराना, डॉ. जगजीत कौर सलूजा, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, डॉ ए के पाण्डेय, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ राकेश तिवारी, डॉ ज्योति धारकर, सुदेश कुमार साहू ने दीपांशु को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# 3 किलो गांजे के साथ 6 आरोपी गिरफ्तार



**दुर्ग**, 29 मार्च (देशबन्धु)। मोहन नगर पुलिस द्वारा चलाये जा रहे नशे के सौदागरों के खिलाफ अभियान के तहत नई गंजमंडी सिकोला भाठा के पास 6 लोगों को पकड़कर उनके पास से 33 हजार रूपये मूल्य का गांजा बरामद किया गया। इनमें 3,195 किलोग्राम गांजा मूल्य लगभग 32 हजार रूपये एवं गांजा बिक्री से प्राप्त रकम 1 हजार रूपये शामिल है। पकड़े गये सभी 6 आरोपियों को 20 (ख), 27 (क) एनडीपीएस एक्ट के तहत आज न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन सभी को जेल भेज दिया गया है।

मोहन नगर पुलिस के अनुसार गत रात्रि मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने नई गंजमंडी सिकोला भाठा में जाकर छापा मारकर 6 लड़कों को रंगे हाथ गांजा बेचते पकड़ा। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी ग्रीन चौक के है। ये आरोपी महेश नागवंशी (21), नितेश साहू (19), दुर्गेश यादव (21), विकास उर्फ लाशा (19), आकाश यादव (28), कृष्णा उर्फ कान्हा नागवंशी (29) को मौके पर गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 3.195 किलोग्राम अवैध गांजा कीमती 32 हजार रूपये एवं गांजा बिक्री से प्राप्त रकम 1 हजार रूपये कुल मिलाकर 33 हजार रूपये जब्त किये गये। इन सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई मोहन नगर थाना प्रभारी शिव प्रसाद चंद्रा, सहायक उपनिरीक्षक राजेन्द्र देशमुख, प्रधान आरक्षक लक्ष्मी नारायण पात्रे द्वारा की गई।

# पोटिया में 2 जगह बनेगा भवन, विधायक ने किया भूमिपूजन, डोमशेड का लोकार्पण

**दुर्ग**, 29 मार्च (देशबन्धु)। दुर्ग की जनता को राज्य सरकार से मिले विकास कार्य सौगात की नींव रखने विधायक गजेन्द्र यादव ने पोटियाकला वार्ड 54 में पार्षद एवं नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। इस दौरान नवनिर्मित डोमशेड का लोकार्पण भी हुआ। विधायक गजेन्द्र यादव ने वार्ड में 20-20 लाख की लागत से बनने वाले दो भवन की सभी को शुभकामनायें देते हुए कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में दुर्ग संवर रहा है, राज्य सरकार दुगुनी गति से प्रदेश को विकास की दिशा में आगे ले जा रही है।



ज्ञातव्य है कि वार्ड भ्रमण के दौरान वार्ड 54 पोटियाकला के निवासियों ने विधायक गजेन्द्र यादव से वार्ड में विकास कार्य के लिए आग्रह किया था। भूमिपूजन के साथ ही जनता की लंबित माँगों को पूरा करने विकास कार्यों की नींव रखी गई है।

दुर्ग शहर के 6 स्थानो पर किसान भवन बनाया जाना है। इसी कड़ी में किसानों व वार्डवासियों की उपस्थिति में भूमिपूजन हुआ। लगभग 20 लाख की लागत से बनने वाले किसान भवन में बड़ा हॉल एवं कक्ष रहेगा, जहाँ किसानो के बैठने उठने के लिए उपयुक्त स्थल मिलेगा। इसके अलावा वार्ड में एक और सामुदायिक भवन बनेगा जहाँ क्षेत्र के नागरिकों को आयोजन के उपयुक्त स्थल मिल जायेगा। इस दौरान सभापति श्याम शमा, पार्षद हीरौंदी चंदानीया, कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, शिवेंद्र परिहार, साजन जोसफ मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, कमलेश फेकर, बंटी चौहान, दशरथ निर्मलकर, ठाकेश साहू, भूपेंद्र साहू, भोजराम यादव सहित बड़ी संख्या वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

# ओलेक्स पर एड डाला, ग्राहक बाईक लेने पहुंचा तो 80 हजार की लूट, तीनों नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग**, 29 मार्च (देशबन्धु)। मोहन नगर थाना क्षेत्र में तीन नाबालिगों ने ओएलएक्स में बाइक बेचने का ऐड डालकर लूट की योजना बनाई। एड देखकर बिलासपुर का शख्स बाइक लेने पहुंचा। प्लान के अनुसार तीनों नाबालिगों ने शख्स को चाकू की नोक पर 80 हजार रुपए की लूट की और फरार हो गए। घटना की शिकायत मिलने के बाद मोहन नगर पुलिस ने एक्शन लिया और तीन नाबालिगों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

दरअसल इस संबंध में जयराम नगर थाना मस्तुरी तु जिला बिलासपुरपु लव कुमार जांगडे (23) ने शिकायत दर्ज कराई। प्रार्थी ने अपनी शिकायत में बताया कि 27 मार्च को ओएलएक्स पर गाडी बेचने का विज्ञापन देखा। दिए गए नंबर पर चैटिंग के जरिए बात करने पर 80 हजार रुपए में सौदा तय हुआ। 28 मार्च को युवक गाड़ी खरीदने बिलासपुर से ट्रेन के जरिए दुर्ग पहुंचा। ओएलएक्स पर दिए नंबर पर कॉल करने पर एक लड़का बाइक से उसे लेने पहुंचा।

इसके बाद प्रार्थी उस लड़के की बाइक पर बैठकर गाड़ी देखने निकल पड़ा। लड़के ने एक जगह रुक कर पान ठेला से सिगरेट लिया उसके बाद नहर किनारे सिगरेट पीने के लिए रुक गया। इस दौरान और दो लड़के वहां पहुंचे और चाकू दिखाकर प्रार्थी को डराने लगे और रुपए मांगे। प्रार्थी चाकू देखकर डर गया और गाडी खरीदने के लिए जो 80 रुपए जेब से तीनों लड़कों ने निकाले और वहां से फरार हो गए। मामले में मोहन नगर पुलि ने धारा 309(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। प्रकरण की विवेचना दौरान तीनों लड़कों की पतासाजी कर उन्हें पकड़ा गया। तीनों नाबालिग निकले और पुलिस की पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने नाबालिग आरोपियों के पास से लूट की रकम, घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकल व चाकू जब्त किया। अपचारी बालकों के विरूद्ध अपराध सिद्ध पाये जाने से को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय से रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी मोहन नगर निरीक्षक शिव प्रसाद चन्द्रा, सहायक उप निरीक्षक राजेश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक दिनेश सोनी एवं स्टाफकी विशेष भूमिका रही।

# देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्रि की तैयारियां जोरो पर

**आज से जप तप का व्रत प्रारंभ होगा**

**दुर्ग**, 29 मार्च (देशबन्धु)। नगर में कल सुबह से सभी देवी मंदिरों में ज्योतिकलश प्रज्जवलित करने के साथ ही चैत्र नवरात्रि पर्व प्रारंभ हो जायेगा। मां चंडिका मंदिर और शीतला मंदिर बैगापारा स्थित सभी मंदिरों में नवरात्रि की तैयारियां लगभग पूर्णता की ओर है। मां चंडिका मंदिर में इस वर्ष 26 सौ तथा मां शीतला मंदिर बैगापारा में 15 सौ ज्योतिकलश प्रज्जवलित किये जा रहे है। कई मंदिरों में ज्योतिकलश की दक्षिणा राशि आज रात्रि तक स्वीकार की जा रही थी।

नगर के उक्त दो प्रमुख मंदिरों मां चंडिका मंदिर मठपारा, मां शीतला मंदिर बैगापारा के अलावा मां सतरूपा शीतला मंदिर सिविल लाईन कसारीडीह, मां दुर्गा मंदिर सत्ती चौरा दुर्गा मंदिर, लंगूरवीर मंदिर शनिचरी बाजार, मां संतोषी मंदिर संतोषी पारा, मां गायत्री मंदिर गायत्री मंदिर वार्ड, पुलगांव कांदम्बरी नगर, सहित विभिन्न मंदिरों में ज्योतिकलश की तैयारियां चल रही है। कल सुबह ब्रम्हमुहूर्त में मंत्रोच्चार के मध्य ज्योतिकलश प्रज्जवलित किये जायेगें। इसके बाद 9 दिनों तक जप तप भक्ति अनुष्ठानों का पर्व प्रारंभ हो जायेगा।

कल 30 मार्च की सुबह नवरात्रि प्रारंभ होगी। पंचमी बुधवार 2 अप्रेल को तथा अष्टमी 5 अप्रेल शनिवार को तथा दुर्गानवमी 6 अप्रेल रविवार को मनाई जायेगी।

# रिकेश ने स्पोर्ट्स कल्चर डेवलप के लिए केन्द्रीय मंत्री से की चर्चा



**भिलाईनगर**, 29 मार्च (देशबन्धु)। आज दिल्ली में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने श्रम, रोजगार, युवा मामले तथा खेल केंद्रीय मंत्री मनसुख लक्ष्मण भाई मंडाविया से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ की खेलधानी भिलाई में खेल संसाधनों के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की है। उन्होंने उत्कृष्ट शत प्रतिशत खिलाड़ियों को भिलाई इस्पात संयंत्र में नौकरी दिए जाने के आलावा नेहरू नगर के इएसआई हास्पीटल में सभी रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर की शीघ्र नियुक्ति की मांग भी मंत्री से की है। श्री सेन ने भिलाई से क्रिकेट, बालीवाल, हैंडबाल, हाकी सहित अन्य खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर चुके अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए बताया कि भिलाई की पहचान प्रदेश में खेलधानी के रूप में है। यहां अनेक खेलों के लिए पर्याप्त संसाधन मुहैया कराने से हजारों खिलाड़ियों को जहां बेहतर प्लेटफार्म मिलेगा वहीं ये खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रौशन करेंगे। भिलाई स्टील प्लांट में खिलाड़ियों की नौकरी सुविधा दिए जाने से युवाओं में शिक्षा के साथ साथ स्पोर्ट्स कल्चर भी डेवलप होगा। युवा व खेल मंत्री मनसुख मंडाविया से श्री सेन ने विभिन्न खेल सेटअप के लिए लगभग 100 करोड़ की योजना पर विचार से बातचीत की है। उन्होंने दुर्ग जिले के सभी उत्कृष्ट खिलाड़ियों को भिलाई इस्पात संयंत्र में नौकरी दिए जाने की मांग भी रखी।

# पेयजल को लेकर डायरेक्टर ने ली चार महापौर व सभापतियों की बैठक

**भिलाईनगर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। बढ़ती गर्मी को देखते हुए संचनालय नगरी प्रशासन एवं विकास छत्तीसगढ़ रायपुर के डायरेक्टर रिमिजियुस एक्का द्वारा नगर निगम भिलाई के सभागार में बैठक ली गई। जिसमें नगर निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल, दुर्ग की श्रीमती अलका बाघमार, रिसाली श्रीमती शशि सिन्हा, भिलाई तीन चरोदा निर्मल कोसरे के साथ अपने क्षेत्र के नागरिकों के लिए जल समस्या को लेकर चर्चा की। चर्चा के दौरान उनके द्वारा पूछा गया पिछले बार गर्मी में पेयजल पर क्या खर्च किया गया। इस बार का क्या प्रपोजल है। अभी क्या हो सकता है। जिसकी प्रतिपूर्ति कर देने से सभी नागरिकों को गर्मी में पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा। दुर्ग जिले के सभी निगम के आयुक्त द्वारा पहले से जानकारी बनाकर के संचनालय को भेजा गया था। इस आधार पर जनप्रतिनिधियों से स्थानी पेयजल के प्रतिपूर्ति के लिए बिंदुवार चर्चा किया। निगम के सभापति, जल विभाग के प्रभारी अध्यक्ष, नगर निगम भिलाई के महापौर परिषद के सदस्य गणों ने भी अपने वार्ड एवं क्षेत्र की समस्याओं के बारे में बताया। डायरेक्टर श्री एक्का ने सबको प्रस्ताव के अनुसार कार्य को पूरा करने के लिए कहे। नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, दुर्ग सुमित अग्रवाल, भिलाई तीन चरोदा दशरथ राजपूत, एवं रिसाली के मोनिका वर्मा ने अपने निगम के संबंध जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में चर्चा के दौरान नगर निगम भिलाई सभापति गिरवर बंटी साहू, रिसाली केशव बंछोर, भिलाई तीन चरोदा कृष्णा चंद्राकर के साथ नगर निगम के महापौर परिषद के सदस्य जल से संबंधित अधिकारी अभियंता गण आदि सभी उपस्थित रहे। महापौर नीरज पाल ने कहा शासन की बहुत अच्छी पहल है, कि गर्मी के दिन में डायरेक्टर आकर के सभी निगम से पेयजल समस्या के बारे में जनप्रतिनिधियों एवं अध्यक्षों के साथ बात कर रहे हैं। समस्या का शीघ्र निराकरण करने के लिए आयुक्त आयुक्तयो एवं अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं।



# धन्यवाद कहने से हमें दिल की मिलती है दुआएं



**भिलाईनगर**, 29 मार्च (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में बच्चों के लिए आयोजित 3 दिवसीय मेडिटेशन शिविर के पहले दिन बच्चों को फिजिकल एक्सरसाइज के पश्चात ध्वनि उच्चारण के साथ ज्योति बिंदु परमात्मा शिव पर मन को एकाग्रता के अभ्यास द्वारा बच्चों ने शिविर की उमंग उत्साह से भरपूर नई सकारात्मक ऊर्जा से शुरुआत की। ब्रह्माकुमारी शिखा दीदी और मयंक दीदी ने बच्चों को ट्री ऑफ थैंकफूलनेस के बारे में बताया कि जो भी हम सभी को वर्तमान में प्राप्तियां हो रही है। उसके लिए प्रकृति के 5 तत्वों धरती,गगन, जल, अग्नि, वायु परमात्मा को, पेरेंट्स को, किसान को, टीचर्स को दिल से धन्यवाद थैंक्यू कहना है। जिससे हमें सभी के दिल की दुआएं मिलती है। सामने वाले का व्यवहार हमारे प्रति सकारात्मक होता है। वो हमारे सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इसलिए श्रेष्ठ भावनाओं से सभी को थैंक्स बोले तब हमारे लाइफका ट्री पॉजिटिव ग्रो करेगा और सफल होंगे। मेडिटेशन कैंप में बच्चों को पजल्स, वैल्यूबल एक्टिविटी के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। इन बातों को बच्चे होमवर्क के रूप में नोट कर जीवन में धारण करने का दृढ़ संकल्प कर रहे है। इस मेडिटेशन शिविर में नए बच्चे भी भाग ले सकते है।

# केन्द्रीय मंत्री खट्टर से रिकेश की सार्थक चर्चा

**भिलाईनगर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत के वर्तमान केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर भिलाई टाउनशिप में प्रधानमंत्री आवास को लेकर चर्चा की है। श्री सेन ने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र की खाली जमीन पर वर्षों से लगातार अतिक्रमण होते रहे हैं, पिछले कुछ वर्षों में टाउनशिप के कई मकान और बिल्डिंग डिस्मेंटल होने से प्रभावित क्षेत्र में लोगों की आवाजाही लगातार घटने से यहां के मार्केट भी उजड़ते जा रहे हैं। ऐसे खंडहरनुमा आवासों और रिक्त भूमि को अतिक्रमण से बचाने तथा प्रभावित सेक्टर की रौनक को बनाए रखना बेहद जरूरी है। वर्तमान में डिस्मेंटल बिल्डिंग और वर्षों से खाली जमीन पर सेल मैनेजमेंट की कोई निर्माण योजना न होने से बीएसपी को ऐसी जगहों को अतिक्रमण से बचाने और कब्जेधारियों को बेदखल करने अतिरिक्त बल और श्रम लगाना पड़ता है। अगर ऐसी रिक्त और अनुपयोगी भूमि का उपयोग केंद्र सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए कर सके तो आवासहीन हजारों परिवारों को जहां आश्रय मिलेगा वहीं टाउनशिप के मार्केट की रौनक भी बढ़ेगी। श्री खट्टर ने विस्तार से विधायक रिकेश सेन के इस प्रस्ताव पर चर्चा कर विभागीय अधिकारियों से जानकारी भी ली है। उन्होंने आवासन और शहरी कार्य विभाग से प्रोजेक्ट तैयार कर केंद्रीय इस्पात मंत्री और सेल से मीटिंग कर इस विषय पर शीघ्र सार्थक पहल का आश्वासन वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन को दिया है। गौरतलब हो कि संयंत्र की टाउनशिप में डिस्मेंटल की गई बिल्डिंग में जहां अतिक्रमण की लगातार समस्या देखी जा रही है वहीं बड़ी संख्या में डिस्मेंटल खंडहरनुमा आवासों से संयंत्र कर्मियों के अन्यत्र आबंटन से सेक्टर 6 जैसे क्षेत्र की रौनक लगातार कम हुई है जिसका सीधा असर यहां के मार्केट और व्यवसाय पर पड़ा है। विधायक रिकेश सेन की इस पहल पर अगर आवासन और शहरी कार्य विभाग को सेल और इस्पात मंत्रालय से हरी झंडी मिलती है तो बीएसपी टाउनशिप में भी बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास का निर्माण हो सकेगा। वर्तमान में पीएम आवास के लिए वैशाली नगर, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में पर्याप्त जगह नहीं बची है।



# सेंट थामस में व्यवहारिक कार्यशाला आयोजित



**भिलाईनगर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। सेंट थॉमस कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी विभाग ने माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटीए इंडिया और बायोइन्नोवेल लाइफ साइंसेज बेंगलुरु के सहयोग से एक सप्ताह की व्यावहारिक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को व्यावहारिक ज्ञान और कौशल प्रदान करना था। जो जैव प्रौद्योगिकी के भविष्य को संचालित करने वाले दो प्रमुख क्षेत्र हैं। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार भूपेंद्र कुलदीप ने जीवन विज्ञान के क्षेत्र में करियर बनाने वाले छात्रों के लिए अनुप्रयुक्त अनुसंधान और व्यावहारिक अनुभव के महत्व पर जोर दिया। डॉ. देबाशीष साहू ने इन व्यावहारिक सत्रों को सुगम बनाया और छात्रों को एंजाइम अलगाव और विश्लेषण प्रक्रियाओं की जानकारी दी। सहायक प्रोफेसर डॉ. अनुभूति झा ने जटिल जैव सूचना विज्ञान डेटाबेस, डेटा माइनिंग तकनीकों और जैविक अनुसंधान में उनके अनुप्रयोगों के बारे में मार्गदर्शन दिया। भिलाई महिला महाविद्यालय की डॉ. रंजना साहू ने सॉफ़्टवेयर से परिचित कराकर इन विषयों पर बताया। डॉ. पारख सहगल ने कंप्यूटर सहायता प्राप्त दवा डिजाइन पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। कॉलेज के प्रशासक फादर डॉ पी एस वर्गीस, प्राचार्य डॉ एम जी रोईमोन ने आयोजन की सराहना की।

# पर्यावरण प्रबंधन विभाग में राजभाषा कार्यशाला



**भिलाईनगर,** 29 मार्च (देशबन्धु) संयंत्र के पर्यावरण प्रबंधन विभाग द्वार मुख्य महाप्रबंधक पावर फेसिलिटी राजीव पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन इस्पात भवन सभागार में किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रभारी पर्यावरण प्रबंधन सुश्री उमा कटोच, महाप्रबंधक पर्यावरण संजय कुमार, महाप्रबंधक संपर्क व प्रशासन, सौमिक डे, सहायक महाप्रबंधक पर्यावरण सुश्री बित्रा अनुराधा, वरिष्ठ प्रबंधक पर्यावरण मोहित कुमार, कनिष्ठ प्रबंधक पर्यावरण अंगद लाल श्रीवास्तव उपस्थित थे। मुख्य अतिथि राजीव पाण्डेय ने कहा किए हिंदी समूचे भारत देश को एकता के सूत्र में पिरो कर रखने में सहायक है। हमें हिंदी भाषा पर केन्द्रित आयोजन नियमित रूप से करना है। हम अपने भय, उत्साह और प्रेम आदि मूल भावनाओं का प्रदर्शन अपनी मातृभाषा में ही करते हैं। क क्षेत्र के निवासी हम सब की मातृभाषा हिंदी है और हिंदी में कार्यालयीन कामकाज हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य भी ह। हमें हिंदी में ही संपूर्ण कार्य करना चाहिए। हिंदी हमारे राष्ट्र की प्रगति में सहायक है। सुश्री उमा कटोच ने कहा किए पर्यावरण प्रबंधन विभाग का अधिकांश कार्य राज्य शासन व केन्द्र शासन के साथ समन्वय में होता है। मूल पत्र हिंदी में ही भेजे जाते हैं तथा पत्रोत्तर भी हिंदी में ही दिए जाते हैं। विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सहायक महाप्रबंधक सुश्री बित्रा अनुराधा ने बताया कि विभाग में अधिकांश कार्य हिंदी में किए जा रहे हैं और हिंदी में शत.प्रतिशत कार्यालयीन कार्य के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। उप प्रबंधक संपर्क व प्रशासन जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने एवं सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी एवं गूगल ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग एवं नोटशीट प्रणाली सैप में हिंदी में नोटशीट बनाने का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सामान्य ज्ञान पर केन्द्रित प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें प्रथम पुरस्कार राजीव पाण्डेय, मुख्य महाप्रबंधक पावर फेसिलिटी, द्वितीय पुरस्कार सुरेश कुमार सोनी, जूनियर इंजीनियर तृतीय पुरस्कार अंगद लाल श्रीवास्तव, कनिष्ठ प्रबंधक, प्रोत्साहन पुरस्कार सुश्री उमा कटोच, महाप्रबंधक प्रभारी एवं ज्ञान सिंह त्रिपुरेए जूनियर इंजीनियर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री जॉली सेन नेव आभार प्रदर्शन सुश्री बित्रा अनुराधा ने किया।

# एसोसिएशन ने किया सेवानिवृत्ति कर्मियों का सम्मान



**भिलाईनगर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। संयंत्र एससी एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के महासचिव विजय कुमार रात्रे ने जानकारी दी कि एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सेल एससी एसटी फेडरेशन के उपाध्यक्ष कोमल प्रसाद की अध्यक्षता में कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के श्रमवीरों का मार्च 2025 में सेवानिवृत्ति होने के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन एसोसिएशन के अस्थाई कार्यालय 56 बी, जी पॉकेट, मरोदा सेक्टर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद सहित उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने बाबा साहब अंबेडकर जी की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कोमल प्रसाद ने कहा कि हमारे एसोसिएशन 20 वर्ष का हो गया है। इन 20 वर्षों में कई समस्याओं का सामना करते आए हैं, और आज भी कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं जिसके कारण ही इस कार्यक्रम को हमारे एसोसिएशन को प्रदत्त भवन के बावजूद हमें यहां पर करना पड़ रहा है, लेकिन आप लोगों की सहभागिता से अवश्य ही हमारा एसोसिएशन बहुत जल्दी ही अपने भवन में गरिमा पूर्ण आयोजन कर पाएगा। आप लोगों ने अपने जीवन के 60 बसंत संयंत्र की सेवा करते हुए बीताये हैं और तन मन धन से स्वस्थ सेवानिवृत्त हो रहे हैं। हम आपको इस सेवानिवृत्त के अवसर पर सम्मान कर स्वयं को सम्मानित महसूस कर रहे हैं। आगे भी यह सिलसिला आप सभी के सहयोग से जारी रहेगा। महासचिव विजय कुमार रात्रे ने कहा कि प्लांट मे सभी विभाग मे सदस्यता अभियान पुरे जोर शोर से चल रहा है आप सभी लोग ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाये कोई छूट न जाय इसका ध्यान रखें। आगामी 14 अप्रेल को बाबा साहेब आम्बेडकर जयंती एसोसिएशन व प्रवंधन के द्वारा संयुक्त रूप से बृहद स्तर पर मनाई जाएगी। इसकी भी तैयारी मे लग जाना है स इस अवसर पर कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के दयाराम धुर्वे, इंजीनियरिंग एसोसिएटए सीसीडी ऑपरेशन ओमप्रकाश, जूनियर इंजीनियर सीबीसी ऑपरेशनए लीलाधर मंडावी, इंजीनियरिंग एसोसिएटए सीबीसी ऑपरेशन, राजू लाल इंजीनियरिंग एसोसिएटए सीसीडी ऑपरेशन का एसोसिएशन की ओर से शाल, श्रीफल, एसोसिएशन की पत्रिका नया सवेरा और यादगार शुभकामनाएं पत्रक के साथ मिठाई भेंट कर सम्मान किया गया। एसोसिएशन के नवगठित उप समितियों में कोक ओवन जोन के जोनल अध्यक्ष हेमंत कुमार भुआर्य, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी, जोनल सचिव सेवक राम जांगड़े एवं जोनल कोषाध्यक्ष लेख राम घरेंद्र, ओ एच पी. । के जोनल अध्यक्ष जय किशोर ब्रम्हे, जोनल सचिव संजय गलपांडे, जोनल कोषाध्यक्ष ललित कुमार उईके, एसएमएस-2 के जोनल अध्यक्ष राधेश्याम खांडेकर, जोनल सचिव रमेश कुमार महलवार, जोनल कोषाध्यक्ष हेम प्रसाद नेताम एवं एसोसिएशन के समस्त सदस्यों के सार्थक प्रयासों से समारोह का सफल आयोजन संपन्न हुआ। समारोह एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद, चेतन लाल राणा, कुमार भारद्वाज, वेद प्रकाश सूर्यवंशी, विजय कुमार रात्रे, अनिल कुमार खेलवार, परमेश्वर लाल कुर्रे, कालिदास बघेल, विशंभर रात्रे, सालिक राम धुन, ललित कुमार ठाकुर, चंद्रहास ठाकुर, चिमन लाल तारम, जगत राम रावटे, जय सिंह ठाकुर, सुरेश कुमार बनवासी, नरेश कुमार चंद्रवंशी, खुमान सिंह घरेंद्र, अखिलेश कुमार, भोपाल सिंह ब्रहेन, राजकुमार चतुर्वेदी, बलराम सिंह गोंड, हेमलाल धलेंद उपस्थित थे।

# घर-घर जाकर देवांगन समाज ने दिया आमंत्रण पत्र



**भिलाईनगर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई ने चैत्र नवरात्रि एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा में आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए परमेश्वरी मंदिर प्रगति नगर रिसाली से आमंत्रण रैली निकाली। रैली में शामिल देवांगन समाज के लोगों ने बाजे.गाजे के साथ हाथों में झंडे लेकर माता परमेश्वरी की जयकारा लगाते हुए प्रगति नगर एवं आशीष नगर की गलियों में घर घर जाकर नवरात्रि एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा का आमंत्रण पत्र दिया। रैली का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने की। आमंत्रण पत्र पाकर लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। सभी ने देवांगन समाज के इस प्रयास की सराहना की। समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने बताया कि परमेश्वरी मंदिर में नवरात्रि की शुरुआत प्रतिपदा के दिन 30 मार्च को प्रातः 8 बजे कलश यात्रा से होगी। इसके बाद मां परमेश्वरी की विधिवत पूजा के बाद मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित किया जाएगा। प्रतिदिन अपराह्न 3.30 बजे से 6.30 बजे तक प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य डॉ नीलेश शमा श्रीमद् देवी भागवत कथा सुनाएंगे। 2 अप्रैल को पंचमी के दिन माता का विशेष श्रृंगार कर संध्या समय गंगा आरती के तर्ज पर विशेष सामूहिक आरती, 5 अप्रैल को अष्टमी की विशेष पूजा एवं 6 अप्रेल रामनवमी को प्रातः 10 बजे हवन, राम जन्मोत्सव, आरती, कन्या भोज एवं विशाल भोग भंडारा का आयोजन किया जाएगा। नवरात्रि में प्रतिदिन परमेश्वरी मंदिर में संध्या समय जस गीत, भजन एवं भक्ति संगीत का आयोजन होगा एवं भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आमंत्रण रैली में समिति के पदाधिकारी गण घनश्याम कुमार देवांगन अध्यक्ष, विनोद देवांगन सचिव, कोषाध्यक्ष गजेन्द्र देवांगन, उपाध्यक्ष टेसू राम देवांगन, रेशमलाल देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, जनार्दन, जीतेन्द्र बांकुरे, होमलाल देवांगन, गोवर्धन देवांगन, सत्यपाल देवांगन, श्रवण देवांगन, हेम कैलाश देवांगन, सुमन देवांगन, जयश्री देवांगन, गायत्री, दामिनी आदि सहित बड़ी संख्या में देवांगन समाज के लोग उपस्थित थे। रैली में अभिषेक स्पोर्ट्स एवं कराटे एकेडमी के स्टूडेंट्स विशेष रूप से शामिल हुए, जो आकर्षण का केंद्र रहे। उन्होंने घर घर जाकर निमंत्रण पत्रो की वितरण किया।

# कल एक शाम श्रीराम खाटूश्याम के नाम कार्यक्रम सेक्टर-7 में



**भिलाईनगर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। एक शाम श्री राम खाटूश्याम के नाम का आयोजन भिलाई कैन डु फाउंडेशन द्वारा 31 मार्च को सेक्टर 7 स्कूल ग्राउंड में शाम 7 बजे से संपन्न होगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष अतुल पर्वत ने प्रेस वार्ता मे बताया कि इस बार आयोजन पहले से अधिक भव्य होगा, क्योंकि इसमें कई प्रसिद्ध कलाकार शिरकत कर रहे हैं। इस विशेष आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भोजपुरी सुपरस्टार, फिल्म गायकए अभिनेता और पूर्व लोकसभा सांसद दिनेश लाल यादव (निरहुआ) शामिल होंगे। इनके साथ सुप्रसिद्ध भजन गायक हेमंत बृजवासी, खाटूश्याम जगत के प्रसिद्ध भजन गायक प्रमोद त्रिपाठी, बाबा श्याम भजन गायक बजरंग बावरा, भजन गायिका आरू साहू भी अपनी प्रस्तुतियां देंगी। जिसमें श्रद्धालु श्रीराम और खाटूश्याम के भजनों का आनंद ले सकेंगे। भिलाईवासियों के लिए यह एक अविस्मरणीय संध्या होने वाली है। जहां भक्तिमय संगीत से वातावरण गुंजायमान रहेगा। आयोजकों अतुल पर्वत ने बताया की यह चौथा वर्ष है प्रवेश नि शुल्क है उन्होंने भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भजनों का लाभ लेने की अपील की है।

# छापामार कार्रवाई के विरोध में कांग्रेसियों का प्रदर्शन



**भिलाईनगर,** 29 मार्च (देशबन्धु। केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई द्वारा राजनैतिक दबाव से प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा भिलाई विधायक देवेंद्र यादव सहित पार्टी के विभिन्न कार्यकर्ताओं के निवास कार्यालय म कार्यवाही के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में सुपेला घड़ी चौक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार व सीबीआई का पुतला दहन किया गया। मुकेश चंद्राकर ने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ओर विधायक देवेंद्र यादव सहित कांग्रेस नेताओं के निवास पर सीबीआई की कार्यवाही भाजपा की हताशा को दिखाता है। भाजपा की राजनीति अब जांच एजेंसियों के सहारे चल रही है। भाजपा बौखला गई है क्योंकि वह राजनीतिक रूप से मुकाबला नहीं कर पा रही हैं। बदरुद्दीन कुरेशी ने कहा कि अपनी राजनैतिक विफलता से तथा देश के मूल मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने भाजपा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और कांग्रेस के नेताओं के घर सीबीआई को भेजा हैए ये जांच नहीं है राजनीतिक प्रतिशोध हैं। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, नंदकुमार कश्यप, रामा विश्वकर्मा, प्रमोद प्रभाकर, मुकुंद भाऊ, केशव चौबे, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवाई, जोहन सिन्हा, संजीत चक्रवर्ती, मनीष तिवारी, विभोर दुरकर, शोएब मोहम्मद खान, आकाश कनौजिया, रविंद्र सिंह, संजीव यादव, अजय, भारतगीरी यादव, विनोद यादव, बद्रीनाथ बघेल, समय लाल साहू, प्रमोद यादव, कीर्ति सिंह, संगम यादव, अकबर कुरेशी, सुरेश वर्मा, बलदाऊ पिपरिया, देव कुमार बंजारे, यूंवराज चौरसिया, दुर्गा प्रसाद साह, मोहम्मद रफीक, मंगल राम साहू, खमन सिंह, नीलांबर सिंह, नरसिंह नाथ, अजय सिवरकर सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# प्रवास आंध्र प्रजा नाट्य मंडली द्वारा नाट्य कर्म पर चर्चा



**भिलाईनगर,** 29 मार्च (देशबन्धु)। प्रवास आंध्र प्रजा नाट्य मंडली द्वारा विश्व रंग मंच दिवस के अवसर पर नेहरू सांस्कृतिक भवन सेक्टर 1 के प्रांगण में, नाट्य कर्म पर विशेष चर्चा का आयोजन हुआ। उपस्थित सदस्यों ने पिछले दशक से नाटकों की गतिविधियों पर आ रही कमियों पर बात रखी गई। रंगमंच से सरोकार रखने वालों के लिए 27 मार्च को एक विशेष दिन माना जाता रहा है। इस दिन भी भिलाई का रंगकर्म शांत रहा, यह एक भारी चिंतन का विषय है। भिलाई का रंगमंच अपने आप में एक उच्च स्तरीय समग्र प्रभाव वाला रंगमंच माना जाता रहा है। भिलाई की रंग संस्थाओं ने अखिल भारतीय मंचों पर अपनी योग्यता का लोहा मनवाया है। विगत कई वर्षों से भिलाई का रंगमंच अपनी एक विशेष पहचान खोता जा रहा है जबकि हाल ही में वजूद में आई संस्थाए कला साहित्य मित्र समूह ने जरूर कुछ पहल करने की कोशिश की। हालात यह कि आज के दिन भी रंगकर्म की रंगभूमी कहे जाने वाले नेहरू सांस्कृतिक भवन में सन्नाटा छाया रहा। प्रवास आंध्र प्रजा नाट्य मंडली यह आह्वान करती है कि भिलाई रंग संस्थाओं को मिलकर रंगमंच के विस्तार पर पहल करनी चाहिए ताकि हम आने वाली पीढ़ी को अपनी गौरवशाली विरासत सौंप कर जाये। कार्यक्रम में सी.एच. श्रीनिवास, हरजिंदर सिंह मोटिया, एल. रुद्र मूर्ति, के. हरिकृष्णा राव, एम. धर्माराव, के.जगदीश, एल.चैतन्या, कृष्णमूर्ति, बी.के. दीवाना आदि रंगकर्मियों उपस्थित थे।

# मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ चैत्र नवरात्रि मेला में 1100 से अधिक पुलिसकर्मी होंगे तैनात



**राजनांदगांव/डोंगरगढ़**, 29 मार्च (देशबन्धु)। राजनांदगांव यात्रियों को सुचारू रूप से दर्शन कराने एवं सुरक्षा प्रदान करने हेतु - 1- ऊपर मंदिर गर्भगृह, 2- रोपवे नीचे एवं ऊपर, 3- ऊपर मंदिर से नीचे तक सीढ़ी में सुरक्षा व्यवस्था, 4- क्षीरपानी में प्रवेश द्वारा से ड्रापगेट एवं रोपवे तक, 5- गोताखोर पार्टी, 6- बुढादेव मंदिर सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ क्षीरपानी में पुलिस कन्ट्रोल रूम बनाया गया है दिनांक 30.03.2025 से 06.3.2025 तक मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ चैत्र नवरात्रि का पर्व मनाया जायेगा। इस दौरान डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु श्रद्धालुगण लाखों की संख्या में आने की संभावना है। इस दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं सम्पूर्ण नवरात्रि पर्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अलग-अलग जिलों का बल बुलाया गया है जिसमें पुलिस जिला बल, सीएएफ, होम गार्ड, यातायात पुलिस शामिल हैं। सम्पूर्ण मेला व्यवस्था को 04 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें लगभग 1100 से अधिक पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों का ड्यूटी लगाया गया है, जिसे क्षीरपानी परिसर में एसओआरओ मंडावी, सेनानी पीटीएस जगदलपुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा मेला ड्यूटी पर लगे बल को ब्रीफ कर ड्यूटी वितरण किया गया। यातायात पुलिस द्वारा अंजोरा बाईपास से रामदरबार, सुकुलदैहान, मुसरा होते हुए डोंगरगढ़ तक पैदल यात्रियों के लिए जगह-जगह बैरिकेट व पुलिस जवान तैनात किया गया है। उपर मां बम्लेश्वरी मंदिर से निचे मां बम्लेश्वरी मंदिर तक पुलिस जवानों को तैनात किया गया है ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार का परेशानियों का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर अति0पु0अधी0 (ऑप्स) रा0 मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुल देव शर्मा, श्रीमति प्रज्ञा मेश्राम, उप सेनानी, 07वीं वाहिनी, छसबल भिलाई, श्री बी0 आर0 भगत, उप सेनानी, 16वीं वाहिनी छसबल नारायणपुर, सुश्री अनिता सागर, सहायक सेनानी, 03री छसबल अम्लेश्वर, भरत लाल ध्रुव, सहायक सेनानी, 08वीं वाहिनी छसबल, अजीत सिंह यादव, सहायक सेनानी, 14वीं वाहिनी छसबल बालोद, श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक अजाक राजनांदगांव, दिलीप सिसोदिया, पु0अ0अ0 डोंगरगढ़, संदीप मोरे, सहायक सेनानी, 07वीं वाहिनी छसबल भिलाई, किशोरीलाल वर्मा, सहायक सेनानी, 14वीं वाहिनी छसबल बालोद, अखिलेश कौशिक, उपुअ कबीरधाम, प्रशांत पैकरा, उपुअ एमएमएसी, एलेक्जेण्डर किरो, उपुअ दुर्ग, कमल नारायण शर्मा, उपुअ बेमेतरा, सुश्री प्रतिभा लहरे, उपुअ कांकेर, सुश्री लितेश सिंह, उपुअ कोण्डागांव, संगम राम, उपुअ जगदलपुर एवं जिले एवं अन्य जिले से आये अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# सत्ताईस लाख की मध्यप्रदेश की शराब पकड़ने में डोंगरगढ़ पुलिस को मिली कामयाबी, आरोपी फरार

**राजनांदगांव/डोंगरगढ़**, 29 मार्च (देशबन्धु)। मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम करवारी लतमर्रा जाने वाली कच्ची रोस्ते में स्थित रोहित नेताम उर्फ सोनू का फार्म हाउस में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की शराब अवैध रूप से डंप कर रखा है एवं उसी शराब को शीशी में डालकर छ0ग0 का लेबल व सील लगाकर पौवे के रूप में अवैध रूप से विक्रय करने की नियत से अपने फार्म हाउस में डंप कर रखा है कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारी पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग अति0पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम को सूचना से अवगत कराकर दिशा-निर्देश प्राप्त कर थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा द्वारा थाना डोंगरगढ़ से टीम तैयार कर आवश्यक दिशा-निर्देश देकर सूचना तस्दीक हेतु टीम रवना किया गया।

गठित टीम द्वारा ग्राम करवारी लतमर्रा जाने वाली कच्ची रोस्ते में स्थित रोहित नेताम उर्फ सोनू का फार्म हाउस में पंहुचकर रेड कार्यवाही किया जहां रोहित उर्फ सोनू नेताम के खेत में बने फार्म हाउस को चेक करने पर मकान अन्दर स्थित दोनों कमरे में भारी मात्रा में दारू की पेटी छल्ली कर रखे हुए मिला कमरे के अन्दर तल



घर बना हुआ है जिसके अन्दर बहुत मात्रा में खाली शीशी जिसमें कोई स्टीकर व ढक्कन नहीं लगा हुआ है, बहुत मात्रा में गोवा व्हीस्की शराब का स्टीगर जिसे 180 एम0एल0 पौवा में लगाया जाता है व एक बंडल सील करने का रोल रखा हुआ मिला है। जिसे देखकर प्रतीत होता है कि दीगर राज्य की शराब को लाकर खाली शीशी मे छ0ग0 का लेबल और सील लगाकर अवैध रूप से बेचने का काम किया जाता था। दोनों कमरे से शराब बहार निकालकर कर चेक करने पर 1. म्प्र का सील लगा हुआ 350 नग पेटी गोवा स्पेशल व्हिस्की शराब प्रत्येक बोतल में 750 एमएल शराब भरी हुई, प्रत्येक पेटी मे 12 बॉटल कुल 4200 बाटल शराब, मात्रा 3150 बल्क लीटर शराब कीमती 2289000/-रू, 2. म्प्र0 का सील लगा हुआ है, की 14 नग पेटी बाम्बे स्पेशल व्हिस्की शराब प्रत्येक बोतल में 750 एमएल शराब भरी हुई, प्रत्येक पेटी मे 12 बॉटल कुल 168 बाटल शराब, मात्रा 126 बल्क लीटर शराब कीमती 68670/-रू, 3. व म्प्र0 का सील लगा हुआ 48 नग पेटी गुलशन देशी मदिरा मसाला का पौवा प्लास्टिक, प्रत्येक पौवा में 180 एमएल शराब भरी हुई, प्रत्येक पेटी मे 50 पौवा कुल 2400 पौवा शराब, मात्रा 432 बल्क लीटर शराब कीमती 240000/-रू, 4. म्प्र0 का सील लगा हुआ 20 नग पेटी, बाम्बे स्पेशल व्हिस्की शराब प्रत्येक पौवा में 180 एमएल शराब भरी हुई, प्रत्येक पेटी मे 50 पौवा कुल 1000 पौवा शराब, मात्रा 180 बल्क लीटर शराब कीमती 135000/-रू, जुमला 3888 बल्क लीटर शराब कीमती 27,32670/-रू मिला जिसे गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया है। आरोपी रोहित नेताम उर्फ सोनू पिता रमेश नेताम निवासी थाना चौक डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव छ.ग. फरार है। जिसके विरूद्ध धारा-34(2), 59-क आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर फरार आरोपी का पता तलाश की जा रही है। आरोपी रोहित उर्फ सोनू नेताम आदतन है आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरगढ़ व अन्य थाना में आबकारी अधिनियम एवं अन्य धारा के अन्तर्गत निम्न अपराध एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही दर्ज होना पाया गया है-

# चेट्रीचंड महोत्सव पर होंगे विविध कार्यक्रम

**राजनांदगांव**, 29 मार्च (देशबन्धु) राजनांदगांव में 28 मार्च से 30 मार्च तक शानदार भव्य रूप से मनाने की तैयारी पूर्ण हो गई 28 मार्च को भगवान झूलेलाल जयंती की 1075 वीं जयंती आप सब के सहयोग से धूमधाम से मनाई जाएगी,



समाज के मिडिया प्रभारी अर्जुन गंगवानी ने जानकारी दी। कार्यक्रम -28 मार्च 2025 शुक्रवार को श्री अखंड पाठ साहब झूलेलाल नगर व हेमू कालाणी नगर के झूलेलाल मंदिर में सुबह 9 बजे और रात्रि 9 बजे आचार्य स्वामी द्वारा भजन भक्ति कार्यक्रम तत्पश्चात प्रसादी।

29 मार्च शाम 4 बजें महिलाओं की स्कूटर रैली जो शहर भ्रमण करते हुए 7.30 बजे झूलेलाल घाट पर समाप्त होगी + रात्रि 9 बजे झूलेलाल नगर में एक शाम झूलेलाल सांई के नाम का आयोजन और 30 मार्च को सुबह भोग साहब झूलेलाल नगर और हेमू कालानी नगर में 30 मार्च को ही युवाओं की भव्य मोटरसाइकिल रैली सुबह 11 बजे से जो झूलेलाल नगर में 1 बजे पहुंचेगी 30 मार्च को ही दोपहर को 1:00 बजे भंडारा साहब की व्यवस्था रखी गई है पूरे समाज के लोग एक साथ भंडारा लेंगे एवं शाम 4 बजें भव्य शोभा यात्रा को नगर भ्रमण करते झूलेलाल घाट पर पहुंचेगी घाट पर ही सबसे बड़ा प्रोग्राम होता है वह झूलेलाल घाट में रात्रि 8:00 बजे से 10:00 बजे तक के झूलेलाल घाट में विशेष सजावट और बहराणा साहब का विसर्जन वहीं पर रात में भंडारा और हमारे समाज के सबसे प्यारे सिंगर विशाल कटटर इनकाविशाल म्यूजिक ग्रुप के नाम से है यह अपना प्रोग्राम देंगे और रात्रि में ही महा आरती और भंडारा साहब का विसर्जन कर प्रसादी भंडारा भंडारा की व्यवस्था झूलेलाल घाट में रखी गई है विशाल रैली में युवाओं की इसमें भी कोड वर्ड है सफेद कलर का पजामा और सफेद कुर्ता आवश्यक विनतियां सभी सिंधी भाई अपने व्यावसायिक संस्थाएं दुकान फैक्ट्री ऑफिस इत्यादि पूरी तरह बंद रखें शोभायात्रा में प्रत्येक घर में काम से कम दो व्यक्ति अंत तक अवश्य शामिल रहे सिंधी समाज परिवार से निवेदन चेटीचंड के दिन अपने-अपने घरों में पांच दीपक अनिवार्य रूप से प्रचलित करें विनीत पूज्य सिंधी समाज सिंधी पंचायत राजनांदगांव जय झूलेलाल वरिष्ठ सलाहकार अर्जुन दास पंजवानी, आवत राम तेजवानी, अध्यक्ष मनूमल मोटलानी ब्रह्मानंद बजाज, चंदन रुचंदानी, राजा माखीजा, अर्जुन वाधवानी, संजय तेजवानी, नितिन बत्रा, अर्जुन वाधवानी, अशोक पंजवानी एवं युवा विंग के सदस्य उपस्थित रहे।

# नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य हरीश साहू ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बेमेतरा**, 30 मार्च (देशबन्धु)। जिले से गुजरने वाली शिवनाथ नदी से लगे विभिन्न बस ग्रामों में बने एनीकट को बिना अनुमति खोलकर पानी बहाकर अवैध रेत खनन करने वाले उखनन माफिया पर कार्यवाही की मांग को लेकर नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य हरीश साहू ने शनिवार कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। श्री साहू ने ज्ञापन में कहा कि बेमेतरा क्षेत्र में रेत माफियाओ के कारण आम जनता को पेयजल एवं निस्तारी के पानी के लिए भारी संकट का सामना करना पड रहा है, जिसके लिए जिला प्रशासन एकमात्र जिम्मेदार है। रेत माफिया शिवनाथ नदी का सीना चीर बेधड़क रेत चोरी कर अवैध खनन के चलते ही पूरे बेमेतरा क्षेत्र में वर्तमान में जल संकट की गंभीर स्थिति निर्मित हो गई है। क्षेत्र में जल संकट पर हाहाकार मचा हुआ है वही स्थानीय प्रशासन मुकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कलेक्टर शर्मा से अविलंब अवैध खनन पर रोक लगाया जाने ओर दोषियो पर कडी कार्रवाई किए जाने



की मांग रखी। इसके अलावा श्री साहू ने यह भी कहा कि अगर प्रशासन इस पर रोकथाम करने कदम नहीं उठाएगा तो लोकतांत्रिक तरीके से अंचल की जनता के साथ जहां जहां चल रहे अवैध खनन स्थल पर मौन धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

**शिवनाथ नदी में रेत माफियाओं का अड्डा, आगे पेयजल आपूर्ति होगी गंभीर : हरीश**

जिला पंचायत सदस्य हरीश साहू ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जिस तरह से मौजूदा समय में पेयजल का संकट उत्पन्न हुआ है, अगर प्रशासन व पावर फूल जनप्रतिनिधि समय रहते जागरूकता नहीं दिखाए तो आगामी माह में ओर भी गंभीर स्थिति बन जाएगी। श्री साहू ने आगे बताया कि बेरला ब्लाक में जीवनदायिनी शिवनाथ नदी स्थित है जो इन दिनों रेत माफियाओं का अड्डा बना हुआ है। रेत माफिया बेधड़क बेदर्दी से शिवनाथ का सीना चीरते हुए अवैध रेत उखनन एवं परिवहन कर रहे हैं। शिवनाथ नदी में रेत परिवहन के लिए दर्जनों ट्रैक्टर ट्रालीओं का रेला लगा हुआ है जो दिन रात अवैध तरीके से चल रहे खनन पर परिवहन का कार्य कर रही है। लगातार अवैध रूप से चल रहे रेत उखनन कार्य से जहां शासन को करोड़ों रुपए की रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है। तो वही दूसरी ओर पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। इसके साथ ही नदियों के अस्तित्व पर संकट गहराता जा रहा है। और जनजीवन पर इसका बुरा असर दिखने लगा है। जिसका उदाहरण गांव गांव में जल संकट का आना शुरू हो गया है। जिसे प्रशासन को रोक लगाने की जरूरत है।

# पंचायत सचिव संघ ने अपनी मांग को लेकर जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से की मुलाकात

**खैरागढ़**, 30 मार्च (देशबन्धु)। केसीजी जिला पंचायत सचिव संघ खैरागढ़ ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के समक्ष अपनी मांग को लेकर शासकीयकरण करने को लेकर अवगत कराया कि विधानसभा चुनाव 2023 के समय भाजपा ने



अपने घोषणा पत्र में शामिल कर पंचायत सचिवों का शासकीयकरण करने की बात कही गई थी जिसके चलते भारी बहुमत से सरकार बना है। एवं 480 दिन बीत जाने के बाद भी आदेश नहीं होने से नाराज पंचायत सचिव संघ हड़ताल पर है। ग्राम पंचायत में संचालित समस्त योजनाएं पूरी तरह ठप हो चुका है। और कई ग्राम पंचायत के नव निर्वाचित सरपंच प्रभार नहीं लिए है जिसके चलते सरपंच को कार्य करने में परेशानी हो रही है। विक्रांत सिंह ने कहा कि पंचायत सचिव संघ के हड़ताल में चले जाने से लोग ग्राम पंचायत का विकास कार्य रुक गया है। ग्राम पंचायत का कार्य बाधित हो रहा है, जल्द हड़ताल को समाप्त कर वापस काम पर लौटे मै आप लोगो की मांग को पंचायत मंत्री और मुख्यमंत्री तक लेकर जाऊंगा और मैं आप लोगों की मांग को लेकर पूरा निवेदन करूंगा। सचिव संघ के जिला अध्यक्ष लोकेश जंघेल ने यह भी बताया कि अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर प्रदेश पंचायत पदाधिकारियों और जिला अध्यक्ष व पंचायत मंत्री विजय शर्मा के बीच गहन चर्चा की गई जिसमें मंत्री ने कहा कि आप लोगो की जो मांग है वे मोदी की गारंटी में है तो निश्चित रूप से पूरा होगा। उसके लिए पांच सदस्यों की टीम के साथ समिति का गठन कर दिया है। रिपोर्ट आने के बाद आप लोगो के पक्ष में आदेश होगा, आप लोग अपने काम पर लौट जाए।

# उप मुख्य मंत्री साव ने ली जीवनदीप समिति की साधारण सभा की बैठक



**बेमेतरा**, 30 मार्च (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव की अध्यक्षता में आज यहां जिला अस्पताल के एमसीएच मीटिंग हॉल में जीवनदीप समिति की साधारण सभा की बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने उप मुख्य मंत्री और अतिथियों का स्वागत किया।

बैठक में विधायक बेमेतरा श्री दीपेश साहू, विधायक साजा श्री ईश्वर साहू, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव जीवनदीप समिति साधारण सभा की उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी, अध्यक्ष नगर पालिका श्री विजय सिन्हा पार्षद नीतू कोठारी, सदस्य, सहित जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री साव ने समिति के आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्राप्त किया और पूर्व बैठक के कार्यो व उसकी समीक्षा की। उन्होंने समिति द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति और बजट के उपयोग पर संतोष जताया। इसके साथ ही, उन्होंने समिति को निर्देश दिए कि आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने अस्पताल सहित स्वास्थ्य केन्द्रों में साफ़-सफ़ाई और चिकित्सक सहित स्वास्थ अमले को समय पर स्वास्थ्य केंद्रों पर आने और इसकी सतत मानिटरिंग करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि जिला स्वास्थ्य केंद्रों को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने समिति को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि बजट का सही उपयोग हो और हर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

बैठक के दौरान सदस्यों ने स्वास्थ्य केंद्र में आ रही समस्याओं और चुनौतियों पर भी चर्चा की, जिसमें

**हर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिले : साव**

प्रमुख रूप से स्टाफ की कमी, दवाइयों की उपलब्धता और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से जुड़े मुद्दे शामिल थे।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने इन समस्याओं को जल्द से जल्द हल करने का आश्वासन दिया और स्वास्थ्य केंद्र की समग्र स्थिति को सुधारने की दिशा में ठोस प्रयास करने पर बल दिया। उन्होंने हर तीन-चार माह में बैठक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में एक फार्मासिस्ट, परिसर में स्थित धर्मशाला, मातृ एवं शिशु चिकित्सालय भवन ड्रेनेज सुधार मरम्मत, चिकित्सालय परिसर में गार्ड रूम, बाउंड्री बाल फेंसिंग, डाटा एंट्री ऑपरेटर, मरीजों को सुविधा हेतु जन सुविधा केंद्र की स्थापना, दस्ता वेजों के रख रखाव आदि कार्यों का अनुमोदन किया गया। कुछ प्रस्ताव शासन को भेजने पर सहमति हुई।

# पेट्रोल पंप के कर्मचारी पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**खैरागढ़**, 30 मार्च (देशबन्धु)। जिले के रश्मि देवी पेट्रोल पंप में कार्यरत कर्मचारी पर हुए जानलेवा हमले के आरोपी अनिकेत मेश्राम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के तुरंत बाद पुलिस ने



आरोपी को सबक सिखाने की मंशा से उसके हाथों में हथकड़ी पहनाकर अपराधी को मुख्य मार्ग पर जुलूस निकाला। ज्ञात हो कि रश्मि देवी फ्यूल के एक कर्मचारी पर यह हमला उस वक्त हुआ था जब वह अपने रोजमर्रा के काम में व्यस्त था। अचानक हुये इस हमले से न केवल पेट्रोल पंप कर्मी बल्कि वहां मौजूद ग्राहक और आसपास के लोग भी सकते में आ गये थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आई और महज कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया लेकिन इस बार पुलिस ने सिर्फ गिरफ्तारी तक मामला सीमित नहीं रखा बल्कि अन्य अपराधियों में खौफ पैदा करने के लिये अनिकेत मेश्राम को हथकड़ी लगाकर नगर के मुख्य मार्ग में पैदल घुमाया। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान लोग सड़कों पर जमा हो गये और पुलिस की इस सख्त कार्रवाई को देखने लगे।

# सेवा सहकारी समिति हाटरांका में खाद गोदाम व सीमेंटीकरण का भूमिपूजन



**थानखम्हरिया**, 29 मार्च (देशबन्धु)। भूमि पूजन समारोह खाद गोदाम व सीमेन्टीकरण सेवा सहकारी समिति हाटरांका में मुख्य अतिथि मान विजय बघेल जी सांसद दुर्ग लोकसभा विशिष्ट अतिथि मान ईश्वर साहू विधायक कल्पना तिवारी अध्यक्ष जिला पंचायत बेमेतरा, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी चंदन अग्रवाल अनिल सिंघानिया थानखम्हरिया, प्रिति पटेल सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा देवी वर्मा सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा, पुष्पा देवी सांसद प्रतिनिधि, देवराज वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत हाटरांका गोवर्धन पटेल अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति हाटरांका दिलीप देवांगन सांसद प्रतिनिधि, गणेश वर्मा विधायक प्रतिनिधि, केशव पटेल मंडल अध्यक्ष थानखम्हरिया ओम प्रकाश जोशी पूर्व अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि साय साय छत्तीसगढ़ में चल रहा क्यो ऐसी घोषणा पत्र घोषणा पत्र समिति के संयोजक ने बनाई विजय बघेल जी ने और बीरपुर की जनता ने न्याय दिलाया और ईश्वर साहू को विधायक बनाया ये डबल इंजन की सरकार में 48 लाख रुपए का भूमिपूजन किया गया ईश्वर साहू विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी सरकार ने जितने भी वादे किए एक एक कर उसे पूरा कर रही है हमने वादा किया था 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को पूरा किया आज ही मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत एक सौ इक्कर जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया सांसद विजय बघेल जी ने कहा कि हमारे विष्णु देव जी की सोच है किसी को कोई भी परेशानी न हो आज पचास लाख रुपए तक का भूमिपूजन किया गया सांसद और विधायक के रूप में हम सब का कर्तव्य है जो भूमिपूजन कार्य पूर्ण किया गया किसान अस्सी प्रतिशत है हल के बीना अधूरा है किसान सम्मान निधि चल रहा पुरे देश में 31 सौ रुपए क्विंटल में लिया जा रहा है प्रधानमंत्री मोदी जी कहते हैं सबका साथ सबका विकास सबका सम्मान होना चाहिए इस अवसर पर ज्वाला सिंह राजपूत, रेवाराम पाल, ललित गौतम, शाखा प्रबंधक, आशीष राजपूत, सोनू पटेल, परमेश्वर वर्मा, पुनित पटेल, रामअवतार सिंह राजपूत, चन्द्रशेखर राजपूत, परमेश्वर सिन्हा उपस्थित थे।

# कबीरधाम जिले में पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए टोल फ्री नंबर जारी

**कवर्धा**, 29 मार्च (देशबन्धु)। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव अब्दुल कैसर हक़ के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम आगामी आदेश तक संचालित रहेगा, जिससे जिले में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता डी.एस. राजपूत ने बताया कि जिला स्तर पर कंट्रोल रूम के प्रभारी ओम प्रकाश साहू को बनाया गया है। नागरिकों की सुविधा हेतु टोल फ्री नंबर 180002330008 जारी किया गया है, जिस पर पेयजल संबंधी किसी भी समस्या की सूचना दी जा सकती है।

विकासखंडवार प्रभारी अधिकारी एवं संपर्क नंबर

विकासखंड कवर्धा: उप अभियंता सुधीर श्रीवास्तव (मो. 9754001401)

विकासखंड सहसपुर लोहारा: उप अभियंता भोला राम सिन्हा (मो. 9302701549)

विकासखंड पंडरिया: उप अभियंता आई. पी. श्याम (मो. 8889163931)

विकासखंड बोड़ला: उप अभियंता टोमन लाल कुंजाम (मो. 6264238686)

नागरिकों से अपील की गई है कि वे जल आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान हेतु उपरोक्त अधिकारियों या टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते है।

## साजा नपं पार्षद रानी डेनिस यादव को 6 वर्ष के लिये निष्कासित

**साजा**, 29 मार्च (देशबन्धु)। नवनिर्वाचित पार्षद रानी डेनिस यादव साजा नगर पंचायत वार्ड क्र. 04 से विजयी घोषित हुआ था द्य किंतु नगर पंचायत अध्यक्ष के चुनाव के समय बीजेपी के पक्ष में एक क्रॉस वोटिंग हुआ था द्य शिकायतकर्ता जनार्दन सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष कांग्रेस के द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी ललित विश्वकर्मा बेमेतरा को शिकायत प्राप्त हुआ जिसमें पार्टी विरोधी कार्य करने से पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासन की कार्रवाई की गई।



# आनंद शर्मा बने भाजपा मंडल गुरुर के नए अध्यक्ष

**गुरूर**, 29 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व ने गुरुर के निवासी आनंद शर्मा को भाजपा मंडल गुरुर के लिए अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है।

आनंद शर्मा को इस तरह मंडल में नई जिम्मेदारी मिलने के बाद भाजपा के वरिष्ठों के अलावा कार्यकर्ताओं में भी हर्ष व्याप्त है।

जानकारी मुताबिक आनंद शर्मा सरस्वती शिशु मंदिर से स्कूल शिक्षा बाल स्वम सेवा के अलावा धमतरी से कंप्यूटर में स्नातक तथा चार बार विभिन्न क्षेत्रों में स्नातकोत्तर उत्तीर्ण है जिसमें कुशाभाव ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय से समाज कार्य में मेरिट स्थान पर, क्लीनिक साइकोलॉजी में एमए रवि शंकर विश्वविद्यालय रायपुर से, महिला कानून एवं लैंगिक कानून में तथा ग्रामीण विकास में स्नातकोत्तर शामिल है।



इसके अलावा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में ब्लॉक लेवल गुरुर एवं रायपुर कुशाभाव ठाकरे विश्वविद्यालय में कार्य कर चुके हैं। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव के समय कंपस एम्बेसडर का पद में कुशाभाउ ठाकरे विश्वविद्यालय रायपुर में काम कर चुके हैं, तथा जिला युवा मोर्चा में जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कार्य कर रहे थे। आनंद शर्मा को नई जिम्मेदारी मिलने के बाद गुरुर सहित क्षेत्र वासियों ने उन्हें बधाई दी है।

## निधन

**हुसैन कुरैशी**

**महासमुंद**, 29 मार्च। स्थानीय स्टेशन रोड निवासी जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी व कोडार फटाका के संचालक हुसैन कुरैशी 76 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार शनिवार 29 मार्च को स्थानीय कब्रिस्तान में किया गया। वे क्रिकेट कोच शबाब कुरैशी के पिता व अधिवक्ता सलीम कुरैशी, रिजवान कुरैशी, इरफान कुरैशी के चाचा थे।





॥ जल झूलेलाल ॥

# झूलेलाल जयंती जूं लख-लख वाधांयु.....

# चेट्रीचंड्र

हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि पर्व की समस्त नगरवासियों को

## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

तरुण लहरवानी
प्रदेश मंत्री, छग चेम्बर्स ऑफ कामर्स

मारूती हॉलीडेस
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा, आर्थिक प्रकोष्ठ
रूपचंद नितिन भीमनानी

कोषाध्यक्ष
पूज्य सिंधी पंचायत, हेमू कालाणी नगर राजनांदगांव
विजय गंगवानी

संजय ब्रदर्स
यशराज इंटरप्राईजेश
राजकुमार डुलानी

मेयर ईन कॉन्सिल, राजस्व विभाग
पार्षद, वार्ड नं.-23
राजा माखीजा

paapiपेट
कैफे एण्ड रेस्टोरेंट
वीआईपी रोड, राजनांदगांव
नितिन बत्रा

Kamal Opticals
कमल गंगवानी

सागर ट्रेडर्स
अर्जुन वाधवानी

गुरूजी भुजिया
गठुला राजनांदगांव
घनश्याम वाधवानी

वेलकम शूज
कमल ऑप्टिकल
मनोज गंगवानी
वरूण गंगवानी

Nirankari Jewellers
अमित पंजवानी

श्री दूध सागर स्वीट्स
कौशल शर्मा

सांस्कृतिक प्रभारी, पूज्य सिंधी पंचायत
अध्यक्ष, संस्कारधानी मोबाईल एसोसिएशन, राजनांदगांव
अरूण डुलानी

दिनेश गारमेंट्स
अग्रसेन भवन पुराना बस स्टैण्ड रोड, राजनांदगांव
भोजराज बजाज

विजय पोहा उद्योग
गोविंद सिंग वाधवानी

सोना इलेक्ट्रीकल
कुणाल आहूजा

श्री कृष्णा डेवलपर्स
दिपक पंजवानी
रोमिल पंजवानी

वीरजी फटाखा
राजनांदगांव

श्री सांई जी ऑटो एण्ड प्रोपर्टिज
प्रेम रूचंदानी

आनंद ट्रेडर्स
गंज लाईन, राजनांदगांव
सुरेश वाधवानी

आकर्षण स्टोर्स
गोल बाजार, राजनांदगांव
नंदलाल पंजवानी

नैतिक कैटर्स
इनडोर एण्ड ऑण्टडोर कैटरिंग सर्विस
विनोद लुल्ला

सिंग कम्प्यूटर
नया बस स्टैण्ड कॉम्पलेक्स राजनांदगांव
डॉ.करतार सिंग कंजवानी

सी.पी.ट्रेडर्स
राजनांदगांव
सागर लालवानी

सूरज ट्रैक्टर एण्ड फाईनेंस
मनोहर तोतवानी

बजाज प्लास्टिक
संजीव बजाज

Kanwar
झूलेलाल जयंती की शुभकामनाएं।
ManPari

श्री कृष्णा फुटवेयर
गुरूद्वारा रोड, राजनांदगांव
ईश्वर खेमानी

पूर्व पार्षद वार्ड नं. 23
दुर्गेश यादव
जया यादव

अशोक कुमार पंजुमल
किराना मर्चेंट
गोल बाजार राजनांदगांव
शक्ति वाधवानी

श्री लक्की वेजिटेबल कंपनी
सब्जी मंडी, बसंतपुर
लक्की रूपवानी

आस्था स्टील
मोहारा रोड
राजेश मोटवानी
मनोज मोटवानी

Regeneration
दिलीप ललवानी

Kanwar Palace
नरेश मोटलानी

शांति स्टोर्स
गांधी चौक, शीतला मंदिर रोड,राज.
भरत माखीजा

नंदलाल बिल्डकॉन
जी.ई. रोड राजनांदगांव
नरेश तलरेजा

ए.जी. मार्ट
हर सामान में डिस्कॉउट
जगदीश कटियारा

अधिवक्ता राजनांदगांव
जयराज चौथवानी

राज रेडिमेंट
कपड़े के थोक विक्रेता
जी.ई.रोड, राज.
उद्धव नारायण

पवन गृह उद्योग
लक्की वाधवानी

राज भुजिया भण्डार
कंचनबाग, राजनांदगांव
नवीन निहलानी

Foot Wear
राकेश लेखवानी

प्रिया मेडिकल स्टोर्स
बाजार चौक मुसरा
लालचंद रूचंदानी

जय अम्बे ऑटो डिल
पवन तोतवानी

गिरीराज इंडस्ट्रीज
बृजलाल वाधवानी

वाहेगुरूजी प्रॉपटीज
श्रीचंद मंगवानी

BC बजाज ट्रेड सेन्टर
मनोहर बजाज

शिव-शक्ति इंटरप्राईज
पुराना रेस्ट हाऊस, राजनांदगांव
SUWIN UPVC DOORS & WINDOWS

एस.एस. फायर वर्क्स
गठुला, राजनांदगांव
गोविंद सिहानी

हरिओम ऑटो फाईनेंस एण्ड ई-व्हीकल
गुरूनानक चौक, राजनांदगांव
ब्रांच बालोद-खैरागढ़
अजय दिनेश ज्ञानचंदानी

अधिवक्ता एवं कर सलाहकार
रमेश मंगवानी

वर्षा नमकीन
नमकीन के विक्रता
राजनांदगांव,(छ.ग.)
योगेश पंजवानी

Shivay fashion
आकाश जगवानी

जयराम फ्रूट प्रोडक्ट्स
ग्राम बरगा, राजनांदगांव
दिनेश माखीजा
रोहित माखीजा

लालामल जी दलाल
कन्हैया रूपवानी

Avi Flower
जय स्तंभ चौक, राजनांदगांव
अवि ललवानी

शक्ति ट्रेड हाउस
विजय गिडवानी

Pintoo Mobile's
गुड़ाखू लाईन, राजनांदगांव
रोशन वीरवानी

DHARA DEVELOPERS
रवि ज्ञानचंदानी

गणेश ट्रेडिंग
ई-रिक्शा शोरूम
रामाधीन मार्ग, नंदईरोड एवं धमधा रोड खैरागढ़
अमर लालवानी

**विनित- सिंधी समाज, राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)**

उल्टा पुल्टा

शराबी दरवाजे पे दस्तक देता है? उसकी बीवी दरवाजा खोलती है ।
शराबी-कौन हैं आप?
बीवी- मुझे भूल गए।
शराबी - नशा हर गम को भुला देता है बहन।

# नशीली टेबलेट के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, सोशल मीडिया से चलाता था कारोबार

**राजिम/गरियाबंद**, 29 मार्च (देशबन्धु)। राजिम और पांडुका पुलिस ने अवैध नशे के कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नशीली टेबलेट के साथ 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास 59 स्ट्रीप कुल 590 नग नशीली टेबलेट जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफनारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

दरअसल, गरियाबंद पुलिस द्वारा अवैध नशे के कारोबारियों पर नजर रखी जा रही थी। इस दौरान पांडुका थाना में 2 मार्च को नशीली दवाई बिक्री करने वाले आरोपी भुनेश्वर साहू उर्फराजा निवासी ग्राम नवागांव थाना मगरलोड को 90 नग नशीली टेबलेट के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

इधर राजिम पुलिस ने 27 मार्च को 240 नग नशीली टेबलेट के साथ को एक युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम पीयूष गोस्वामी निवासी खरियार रोड बताया। पीयूष ने पुलिस को बताया कि उसे रायपुर निवासी निखिल फुले ने नशीली टेबलेट खपाने के लिए राजिम बुलाया था। इसके बाद पुलिस की स्पेशल टीम ने निखिल फुले को हिरासत में लिया। निखिल की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 350 नग नशीली टेबलेट और एक धारदार चाकू बरामद हुआ।



**राजिम पुलिस की कार्रवाई**

एक चर्चा में निखिल ने बताया कि उसने कुरियर के माध्यम से लक्की से नशीली टेबलेट मंगवाया था। पुलिस ने पीयूष और निखिल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। दोनों के कब्जे से 590 नग नशीली टेबलेट (छपजत्रंमचंउ ज्ंइसमजे प्च् छपजतवेनद 10) जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

पुलिस पूछताछ में आरोपी भुनेश्वर साहू ने बताया की आरोपी लक्की कुमार (बिहार) के द्वारा नशीली टेबलेट पहुंचाई जाती थी। इसके बाद पुलिस ने बिहार पहुंचकर लक्की को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी लक्की ने बताया कि उसके द्वारा यूट्यूब एवं इंस्टाग्राम में अपना नंबर शेयर किया हुआ है। इसी माध्यम से वह नशीली टेबलेट का अवैध कारोबार चलाता था। उसने भुनेश्वर साहू को कुरियर के माध्यम से नशीली टेबलेट पहुंचाया था। पुलिस ने लक्की को भी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

लक्की कुमार से पुछताछ करने के दौरान प्राप्त जानकारी और मोबाइल नम्बर के आधार पर अन्य जिलों में भी नशीली टेबलेट सप्लाई करने वालों पर लगातार नजर रखी जा रही थी। जानकारी के आधार पर ज्ञात हुआ की रायपुर निवासी आरोपी निखिल फुले भी कुरियर के माध्यम बिहार के लक्की कुमार से नशीली टेबलेट मंगवाता था। इसलिए रायपुर निवासी निखिल फुल के उपर नजर रखी जा रही थी।

# गर्मी के शुरुआत में ही गहराने लगा जलसंकट

**अमेरा/बलौदाबाजार**, 29 मार्च (देशबन्धु)। ठंड का असर कम होने के बाद भीषण गर्मी ने दस्तक दे दी हैं। दिन में तेज धुप से लोग जहां परेशान हो रहे हैं, वहीं पानी की समस्या भी बढ़ती जा रही है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे पानी की समस्या भी बढ़ रही है। ग्राम अमेरा में नल जल योजना प्रारंभ नही होने के चलते पेय जल संकट और गहराते जा रहा है। विभाग द्वारा गांव के सभी तरफपाईप लाईन का विस्तार करते हुए पानी सप्लाई हेतु प्लांट देकर टोटी लगाया गया है लेकिन पाईप लाईन से पानी सप्लाई प्रारंभ ही नही हुआ है। जबकि एक वर्ष पूर्व से उक्त व्यवस्था ग्राम के सभी वार्डो में किया जा चुका है।



अमेरा में बस्ती पारा से सुबह से लेकर शाम तक लोग हैंडपंप, गली में लगे बोर के पानी के लिए लाईन लगाए रहते हैं, कोई सायकल से डब्बा बांधकर पानी ला रहा है, तो वही बच्चे युवतियां भी सिर पर बरतन लेकर पानी लाती नजर आती है। गांवों में कुंआ, घरों में लगे बोर भी ज्यादातर लोगों के यहां पानी निकलना बंद हो गया। किसी किसी के घर निकल रहा है तो वो कुछ समय के लिए जिससे मुश्किल से गुजारा चल रहा है। हैंडपंप में भी पानी हुआ कम गांव के कई ऐसे हैंडपंप है जिनमें गर्मी के आहट के साथ ही जलस्तर गिरने लगा है। बमुश्किल लोगों को पानी मिल रहा है।

# लाइन काटने के बाद 29 उपभोक्ताओं ने जमा किए 3 लाख 14 हजार

**महासमुंद**, 29 मार्च (देशबन्धु)। विद्युत विभाग ने बकाया बिलों की वसूली के लिए लाइन काटने की कार्रवाई तेज कर दी है। इसी सिलसिले में वीबीएस कंवर अधीक्षण अभियंता महासमुंद वृत्त के निर्देशन में टीम गठित कर राजस्व वसूली हेतु महासमुंद संभाग के कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा के नेतृत्व में महासमुंद शहर के अंतर्गत 29 मार्च को बिजली बिल हेतु लंबित बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं का सामूहिक रूप से लाइन विच्छेदन किया गया है। जिसमें कुल बकाया राशि 7 लाख 37 हजार वाले 71 उपभोक्ताओं का बिजली बिल हेतु लाइन विच्छेदन किया गया। जिसमें नारायन चंद्राकर, नीलकंठ साहू, सीताराम यादव, शालिक राम, कंचन गुप्ता और सावित्री निषाद एवं अन्य उपभोक्ताओं का लाइन विच्छेदन किया गया। विच्छेदन उपरांत 29 उपभोक्ताओं का कुल राशि 3 लाख 14 हजार 350 रुपए भुगतान प्राप्त हुआ है। राजस्व वसूली की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। लाइन विच्छेदित उपभोक्ताओं द्वारा यदि अनाधिकृत लाइन जोड़ी जाती है तो विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के तहत कार्रवाई किया जाएगा ।



# छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का दो दिवसीय महाधिवेशन रायपुर में

**बलौदाबाजार**, 29 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के 79वें दो दिवसीय महाधिवेशन की तैयारियाँ रायपुर के इंडोर स्टेडियम में जोरों पर हैं। केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने स्थल निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस संबध में श्री कश्यप ने कहा कि महाधिवेशन हमारे समाज के लिए ऐतिहासिक महत्व रखता है। जिसमें समाज में कई नए नियम बनाए जाते है, और पुराने नियमों में संशोधन भी किया जा सकता है, अधिवेशन से समाज की एकता, संस्कार और प्रगति को नई दिशा मिलता है। हमारा लक्ष्य युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाना, शिक्षा को बढ़ावा देना और सामाजिक न्याय को मजबूती प्रदान करना है।




इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, विजय बघेल जैसे गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति हमारे समाज के लिए गर्व की बात होगी। हम सभी से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हैं। केंद्रीय अध्यक्ष ने बताया कि दो दिवसीय महाधिवेशन 13-14 अप्रैल को रायपुर के इंडोर स्टेडियम में होगा। इसकी तैयारियों में समाज के पदाधिकारी जुटे हुए हैं। जिसका आज में स्थल निरीक्षण कर तैयारी का जायजा लिया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व राज्यपाल रमेश बैस सहित कई गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होंगे, वही महाधिवेशन को लेकर 10 अप्रैल केंद्रीय व राज कार्यकारिणी की बैठ आयोजित किया गया है। वही 13-14 अप्रैल को युवा एवं महिलाओ का बाइक रैली तथा महाधिवेशन में सामूहिक विवाह पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा, कोषाध्यक्ष जोगेश्वर बघेल, राज प्रधान जगेश्वर वर्मा, सचिव संतोष आडील, केंद्रीय महाविद्यालय अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह वर्मा केंद्रीय महिला अध्यक्ष सरिता बघेल युवा अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा और केंद्रीय सलाहकार के.पी. नायक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहें। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी शेखर वर्मा ने दी।

# ग्रामों में गंभीर जल संकट व्याप्त, क्षेत्र में नही पहुंचा नहर का पानी

**अर्जुनी/बलौदाबाजार**, 29 मार्च (देशबन्धु)। मार्च में अभी बस गर्मी प्रारम्भ ही हुआ है और पुरा अर्जुनी क्षेत्र पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। घरों के बोरवेल सुख गए हैं गांव के अधिकांश हैण्डपम्प सुख चुके है और सरकारी नलजल योजनाओं के नल भगवान भरोसे है, ऐसे में भीषण गर्मी से लोग पानी के लिए तरस रहे है। पूरा अर्जुनी क्षेत्र के विशेषकर महिलाएँ पेयजल पानी एवं निस्तारी पानी के लिए दर-दर भटक रही हैं।

जल संसाधन विभाग के द्वारा गंगरेल बांध से नहर नाली में निस्तारी पानी छोड़ गया है। लेकिन नहर का पानी आज दिनांक तक अर्जुनी के नहर नाली क्रमांक 13 के अंतर्गत ग्राम डमरू, सोनाडीह, मोपर, देवरानी, मल्दी, अर्जुनी, टोपा, गोढी आदि गांवो में गंगरेलबांध का पानी आज दिनांक तक नहीं पहुंचा है। तलाब, नरवा, डबरा, सभी सुख चुका है तथा जलस्तर नीचे जा चुका है आज 300-400 फीट के नीचे पानी का जल स्तर पहुंच गया है। कई हैंडपंप एवं बोरवेल सुखने व पानी नहीं होने के कारण काम नहीं कर रहे है। ग्रामीणों ने बलौदाबाजार की जल संसाधन विभाग से मांग किया है कि तत्काल नहर नाली पर पानी छोड़ने की व्यवस्था करें क्योंकि चार दिन पूर्व जल संसाधन विभाग के एसडीओ ए. के नगपुरा ने बताया कि सेम्हराडीह के पास नहर नाली में पुल निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसके कारण इस क्षेत्र में नहर का पानी बंद कर दिया गया है जैसे ही पुल का काम बंद होगा उसके बाद अर्जुनी, डमरू क्षेत्र में पानी छोड़ा जाएगा जबकि ग्रामीण ने शीघ्र नहर नाली में पानी छोड़ने की मांग प्रशासन से कर रहे है ताकि गांव के सुख चुके तालाब और डबरों को भर सके और भीषण जल संकट से ग्राउंड वाटर रिचार्ज से थोड़ी राहत मिले।



# अनियंत्रित बोलेरो वाहन नाले में घुसा, 10 लोग घायल

**धमतरी**, 29 मार्च (देशबन्धु)। सगाई कार्यक्रम से लौट रहा वाहन अनियंत्रित हो कर नाला में जा घुसा, जिससे उसमें सवार लगभग 10 लोग घायल हो गए। जिसमें से दो लोगों को ज्यादा चोट आई थी। बताया जा रहा है कि ड्राइवर नशे में धुत था।



मिली जानकारी के अनुसार पाटन क्षेत्र के ग्राम चूलगहन से वहां में कुछ लोग सगाई कार्यक्रम में ग्राम ढिमरटीकुर नवागांव गए हुए थे। 28 मार्च की रात सगाई कार्यक्रम से वापस ग्राम चूलगहन लौट रहे थे। तभी भोथली से कंडेल के बीच नाला के पास अनियंत्रित होकर बोलेरो वाहन नाले में घुस गई। तत्काल रक्तदान ग्रुप के शिवा प्रधान को सूचना मिलते ही नमेश साहू, डोमन साहू घायलों को एंबुलेंस को लेकर जिला अस्पताल लाए। मौके पर अर्जुनी पुलिस पहुंची। कुछ लोगों को 108 एंबुलेंस से भी लाया गया। बोलेरो गाड़ी का ड्राइवर नशे में था। घायल रजनी निषाद को निजी अस्पताल में रेफर किया गया। पायल निषाद 10 वर्ष जिला अस्पताल में भर्ती है। बाकी लोगों को प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई।

# पथ प्रदर्शक का काम करते हैं गुरु : ऋषभसागर

**नवापारा राजिम**, 29 मार्च (देशबन्धु)। अच्छी पर्सनाल्टी यानि क्या ? केवल हाइट अच्छी होने से व्यक्ति ऊंचा नहीं होता उसे ऊंचा बनाते है उसके सदगुण और उसका व्यवहार एवं उसके संस्कार जोकि बचपन में गुरु एवं परिवार में पालकों से सीखा जाता था स्थानीय श्वेताम्बर जैन मंदीर प्रांगण में चल रहे सत्संग समारोह में पू0 ऋषभ सागर जी म सा0 ने उक्त बाते कही वर्तमान में संस्कार विहीन शिक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए आपने कहा कि वर्तमान में शिक्षा किताबी हो गई है और संस्कृति पर पाश्चात्य हावी हो गया है। पहले राजा महाराजाओं के उपर गुरु का नियंत्रण होता था प्रशासन में गुरु से सलाह मशविरा किया जाता था वर्तमान में गुरू का नियंत्रण हटते ही स्वच्छंद का वातावरण स्थापित हो गया है। पूज्य श्री ने आगे कहा कि माता पिता के बिना व्यकि अनाथ कहलाता है वैसे ही गुरु के बिना परम अनाथ हो जाता है। गुरु के हाथों जीवन की राह मिलती है जीने की रीत मिलती है यही कारण है कि गुरु का स्थान जीवन में सर्वोच्च माना गया है जीवन का सारा भौतिक वैभव एक दिन बिखर जाता है अत: गुरू के माध्यम से चिरन्तन प्रकाश मिले उससे समय रहते जीवन घन्य कर लेने मै ही समझदारी है। संघ समाज को भी आपने गुरु के मार्गदर्शन में कार्य करने की सलाह दी जिससे समाज में फैल रही भ्रांतियाँ दूर हो और हम आगे बढ़ सके। आज की साधर्मिक भक्ति का लाभ ऋषभचन्द राजेश कुमार बोथरा परिवार ने लिया।



**संस्कार विहीन शिक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा वर्तमान में शिक्षा किताबी हो गई और संस्कृति पर पाश्चात्य हावी हो गया है**

# कांस्य पदक विजेता अभिषेक ने की विधायक से मुलाकात

**महासमुंद**, 29 मार्च (देशबन्धु)। 19वीं नेशनल वुडबॉल चैंपियनशिप 2024.25 में महासमुंद के अभिषेक पांडे ने पुरुष सिंगल्स में कांस्य पदक जीता है। शनिवार को अभिषेक पांडे विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात करने पहुंचे। विधायक श्री सिन्हा ने उनको इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रौशन करे इसके लिए हमारी राज्य सरकार सदैव तत्पर है। खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इसके चलते ही अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश साहू, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा उपस्थित थें। बता दें कि वुडबॉल चैंपियनशिप 22 से 26 मार्च तक नागपुर में आयोजित की गई थी। देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए महासमुंद के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अभिषेक पांडे ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि पर पूरे छत्तीसगढ़ और महासमुंद जिले में खुशी की लहर है। उनके परिवार, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों ने उनकी मेहनत और लगन की सराहना की। अभिषेक की इस सफलता ने महासमुंद का नाम राज्य स्तर पर गौरवान्वित किया है।



# नागरिकों की समस्या सुन समाधान कर रहे नपाध्यक्ष

**महासमुंद**, 29 मार्च (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू प्रतिदिन पालिका दफ्तर में नागरिकों की समस्याएं सुन रहे हैं। विभिन्न वार्डों के लोग अध्यक्ष कक्ष में श्री साहू से मुलाकात कर समस्याएं बता रहे हैं। जिस पर समस्याओं से संबंधित विभाग के अधिकारियों को अध्यक्ष द्वारा त्वरित निराकरण के निर्देश जा रहे हैं। श्री साहू ने कहा कि नगर के समस्त वार्डों में मूलभूत सुविधाओं को लेकर पालिका द्वारा संजीगदी से कार्य किया जा रहा है। नागरिकों की समस्याओं का प्रमुखता से समाधान होगा। किसी भी प्रकार की समस्या हो तो नागरिक उनसे पालिका दफ्तर में आकर मुलाकात कर सकते हैं।



# अल्ट्राटेक रावन द्वारा किया गया 83 सफल प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदत्त

**बलौदाबाजार**, 29 मार्च (देशबन्धु)। स्वावलम्बन एवं आर्थिक आत्मानिर्भरता को बढावा देने हेतु अल्ट्राटेक रावन सी एस आर द्वारा तीन माह के ब्युटीशियन, सिलाई तथा कम्प्युटर के प्रशिक्षण आयोजित कर सफ्ल प्रशिक्षणार्थियों को इस समारोह मे प्रमाण पत्र वितरित किया गया। जिसमें कुल कम्प्युटर में 39, सिलाई में 33, ब्युटीशियन में 11 सफ्ल प्रशिक्षणार्थी शामिल थें।




इस कार्यक्रम का आयोजन संयंत्र प्रमुख श्री नुगुरी केशव एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर एचआर डिपार्टमेंट से अनमोल जोशी एव इआर डिपार्टमेंट प्रमुख पिताम्बर पुरुसेठ, शशिकांत तथा हरिश वर्मा की गरीमामयी उपस्थिति रही तथा उनके द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं और कैरियर के अवसरों पर विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम मे सी एस आर हेड विनोद श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण उपरान्त इन तकनिकी कोर्सो को ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिस करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा आगे कहा कि निरन्तर प्रयास से दक्षता की अग्रसर होगें और प्रभावी रुप से आय अर्जन >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मिडिल स्कूल कोसमंदी में न्योता भोज का आयोजन



**अमेरा/बलौदाबाजार**, 29 मार्च (देशबन्धु)। पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोसमंदी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में शुक्रवार को न्यौता भोज का आयोजन किया गया। शाला प्रबंधन विकास समिति के शिक्षाविद दिलीप कुमार वर्मा ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर बच्चों को खीर, पूड़ी, सब्जी और फ्ल का वितरण किया। साथ ही उन्हें पौष्टिक भोजन परोसा गया। इस दौरान स्कूल के प्रधानपाठक ओसराम साहू, बिहारीलाल पटेल आभा घृतलहरे सहित स्कूल स्टॉफने भी भोजन का आनंद लिया।

# सनातन हिन्दू धर्म का भारतीय नववर्ष आज से प्रारम्भ : पं. ब्रह्मदत्त शास्त्री

**नवापारा राजिम**, 29 मार्च (देशबन्धु)। आज रविवार से हिन्दू नवर्ष प्रारम्भ हो रहा है, पण्डित ब्रह्मदत्त शास्त्री ने कहा कि यह सिद्धार्थी नामक नूतनवसंवतसर चैत्र मास की प्रतिपदा तिथि से शुरू हो रहा है और आज से ही इस सन्मुखी तिथि से चौत्र नवरात्र या बासंतिक नवरात्र का भी प्रारंभ हो रहा है, 9 दिनों तक शक्ति और शक्तिधर की इसमें उपासना की जाती है, शास्त्री जी ने बताया कि आज मध्याह्न 11.36 से 12.24 के मध्य अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना, ज्योत, जवारा आदि की प्रतिष्ठा के लिए यह श्रेष्ठ मुहूर्त है, आज की तिथि का बड़ा ही ऐतिहासिक महत्व है, यह सृष्टि के सृजन की तिथि, सतयुग का प्रारंभ और भगवान का मत्स्यावतार भी इसी तिथि को हुआ था, विक्रम संवत् भी इसी दिन प्रारंभ हुआ था, इसलिए आज नवसंवत्सर का पूजन, पंचांग पूजन भी किया जाता है, उन्होंने बताया कि इस नव वर्ष के राजा सूर्य हैं, उनके और उनकी मंत्री परिषद के प्रभाव और फ्ल का श्रवण भी आज करना चाहिए, संभव हो तो ब्राम्हणों को पंचांग भेंट करनी चाहिए, यथा संभव प्याऊ लगानी चाहिए, >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# घटारानी, जतमई और झरझरा देवी मंदिर में इस नवरात्रि रहेगी धूम

**राजिम**, 29 मार्च (देशबन्धु)। हिन्दू नववर्ष के साथ प्रारंभ होने वाली इस चौत्र नवरात्रि में आज से रामनवमी तक राजिम-गरियाबंद अंचल के प्रसिद्ध तीर्थस्थलो में शुमार मॉ घटारानी, माँ जतमई और माँ झरझरा के पावन दरबार में माता के सानिध्य प्राप्त करने का यह शुद्धि पर्व साधकों के साथ-साथ माता के भक्तों के लिए खास रहने वाला है. क्योकि उपरोक्त सभी दरबार में इसकी व्यापक तैयारी पूरी कर ली गई है. ज्योति-कलश प्रज्जवलित होने के साथ भक्ति भाव पूर्ण मनोकामना पूर्ति यज की शुरुआत हो जाएगी. जिसमे माता के दरबार तक हाजिरी लगाने आने वाले भक्तों और श्रद्धालुओं की मिन्नते पूर्ण होने की कामना साधक मंडली द्वारा किया जाकर यह नौ दिनी महायज्ञ पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो जाएगी.

राजिम गरियाबंद क्षेत्र के पांडुका अंचल में विराजित माता का यह भव्य दरबार लाखों भक्तों के आस्था का केंद्र भी है. जिसे शासन के सहयोग से पर्यटन स्थल के अनुरूप विकसित किया जाना प्रस्तावित है. स्थानीय समूहों दद्वारा अपने स्तर पर नवरात्रि के इस आयोजन को भव्य और दिव्य रूप देने कोई कसर बाकी नहीं रखा जाता है जिससे श्रद्धालुओं को यहाँ आने और माता के आशीर्वाद प्राप्त करने किसी भी प्रकार का कोई कठिनाई ना हो इसका ख्याल रखा जाता है जिसमे स्थानीय प्रशासन और पुलिस महकमे का सहयोग अपेक्षित रहता आया है ताकि व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके.

जतमई और घटारानी को शासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से काफी हद तक व्यवस्थित किया जा सका है. लेकिन झरझरा देवी का प्रांगण जो उससे भी ज्यादा असीमित संभावनाओं को अपने में समेटे हुये है और धार्मिक रूप से काफी समृद्ध भी है. जिसे उपेक्षित छोड़ दिया गया है जो जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ जैसा प्रतीत होता है. यहाँ पहुंचने सुगम रास्ते की मांग ग्रामीण निरंतर करते आ रहे है बावजूद स्थानीय प्रशासन अनेकों निवेदन के बाद भी लोहर्सी गाँव में नया पुल से महज दो किलोमीटर का संपर्क और एप्रोच रोड की स्वीकृति अब तक नहीं दे पाया है जो शासन और प्रशासन की कर्मठता की पोल खोलने काफी है.

मुरमुरा के ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधि ही नहीं बल्कि माँ झरझरा के दर्शन लाभ के लिए आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की मांग को दरकिनार कर जिला और स्थानीय प्रशासन के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का उदासीन रुख से सभी हैरान है. क्षेत्र के समाजसेवी गणेश >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## सरपंच संघ का चुनाव 9 अप्रैल को

**महासमुंद** 29 मार्च (देशबंधु)। सरपंच संघ का चुनाव 9 अप्रैल को कोडार रेस्ट हाउस में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। दोपहर 1 बजे के बाद मतों की गिनती होगी। जानकारी देते हुए जनपद पंचायत महासमुंद के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सरपंच संघ के विरेंद्र चंद्राकर ने बताया कि इसके लिए 1 अप्रैल से जनपद पंचायत महासमुंद में सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक फार्म भरा जाएगा। दोपहर 1 से डेढ बजे तक जांच पश्चात चुनाव चिन्ह का आबंटन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए चुनाव अधिकारी पूर्व सरपंच बावनकेरा बसंत सिन्हा, सहायक निर्वाचन अधिकारी पूर्व सरपंच बेलसोंडा राजेंद्र चंद्राकर, सहयोगी वरूण साहू होंगे। इसके लिए सरपंचों को सरपंच संघ की सदस्यता राशि 100 रुपए जमा करना होगा। आमानत राशि 20 हजार रुपए रखी गई है।



# वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा नवरत्न कंपनी भिलाई स्टील प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण

**सरायपाली,** 29 मार्च (देशबन्धु)। स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा प्राचार्य पी के भोई के मार्गदर्शन एवं विभाग अध्यक्ष देवेंद्र मांझी, सहायक प्राध्यापक डॉ. गायत्री प्रसाद पटेल गजपति पटेल सहायक ग्रेड 1 एवं भूमिका वर्मा सहायक प्राध्यापक कंप्यूटर साइंस के नेतृत्व में विगत दिनों भारत का पहला इस्पात उत्पादक संयंत्र भिलाई स्टील प्लांट भिलाई का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। भिलाई स्टील प्लांट की स्थापना सोवियत संघ रूस की मदद से सन 1955 में हुआ था जो की अक्टूबर 2023 में कंपनी को नवरत्न का दर्जा दिया गया था तथा वर्तमान में इसका क्षेत्रफल लगभग 20 किलोमीटर तक फैला हुआ है।जिसमें सैफुद्दीन फैज अली सहायक मैनेजर और प्रकाश नायक अधिकारी के ब्रीफ एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी उपरांत प्रथम गाइड के साथ महामाया धमन भट्टी क्रमांक 8 रेलपांत और विभिन्न मशीनों एवं संयंत्र का निरीक्षण किया गया जिसमें विद्यार्थियों को




बताया गया कि कच्चा माल दल्लीराजहरा और ऑस्ट्रेलिया एवं अन्य देशों से कोयला प्राप्त करके कंटेनर के माध्यम से प्रोसेस किया जाता है तथा धमन भट्टी का तापमान लगभग 1800 सेंटीग्रेड होता है तथा रेलपांत की लंबाई 130 मीटर होती है जो प्रत्येक रेलपांत में बीएसपी का ट्रेडमार्क लगाया जाता है और उसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 31 लाख 53000 टन विक्रय इस्पात की है यह भारत के सभी स्थानों में भिलाई स्टील प्लांट से निर्मित रेलवे पटरी बिछी हुई है जो भारत में रेल ट्रैक का एकमात्र निर्माता है। इस शैक्षणिक भ्रमण में स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने भिलाई स्टील प्लांट के संयंत्र का बारीकी से अध्ययन पर अपने विषय के प्रति परियोजना कार्य के अंतर्गत महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त किया जिससे भारत के व्यापार एवं वाणिज्य की स्थिति को सुधारने का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बहुत ही आनंदित एवं प्रसन्न चित्र।

# विकासखंड सरायपाली के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के रसोइयों का प्रशिक्षण

**सरायपाली,** 29 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत कार्यरत रसोइयों का प्रशिक्षण मा.स.गो.शा.उ.मा.वि.सरायपाली में दो पालियों में आयोजित किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी,सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी. एन. दीवान एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (समग्र शिक्षा) सतीश स्वरूप पटेल के मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर कैलाश चंद्र पटेल,लाल भूषण पाढ़ी, किशोर पटेल, नरेश नायक ,प्रभात मांझी, कामता पटेल, सुशील कुमार चौधरी, ऋषि कुमार प्रधान संकुल समन्वयकों के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा रसोइयों को विभिन्न प्रकार की सावधानियां के साथ साफ- सफाई के बारे में बताया गया। जिसमें परिसर की सफाई,बर्तन की सफाई, भंडारण कक्ष की सफाई,स्थल में लकड़ी का रखरखाव, खाद्य सामग्री के साथ लकड़ी नहीं रखना, खाद्य सामग्री परीक्षण,चावल की सफाई, निगरानी में चावल रखना, मौसम के अनुसार पौष्टिक भोजन, मीनू के



आधार पर उपलब्धता के अनुसार,भोजन बैठकर बनाना, बच्चों को एक साथ कतार में बिठाना, बच्चों को निगरानी में भोजन करना रसोईयों को सामग्री घर ना ले जाना, प्रधानमंत्री पोषण राशि के आधार पर पोहा नहीं खिलाने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के सुव्यवस्थित संचालन हेतु राजेश कुमार पटेल, रूपेश कुमार महापात्र संकुल समन्वयकों का सहयोग सरहनीय रहा। जन सहयोग लेकर नेवता भोज का आयोजन करना आदि। विभिन्न बातों पर दिशा निर्देश दिए गए। रसोइयों द्वारा भी प्रशिक्षण से जाकर कार्य स्थल पर पालन करने की बात कही गई।

## नपा अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने किया बस स्टॉप निर्माण कार्य का भूमि पूजन



**बागबाहरा,** 29 मार्च (देशबन्धु)। श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बागबाहरा एवं श्री देवेश साहू, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बागबाहरा द्वारा निकाय अंतर्गत वार्ड क्रमांक 02 में बस स्टॉप निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया । इस कार्यक्रम में श्री रमेश ठाकुर, पार्षद वार्ड नं 6, श्री मिथुन अमीर,पार्षद वार्ड नं 9, मंता यादव,पार्षद वार्ड नं 7, ताम्रध्वज बघेल,युवा कांग्रेस खल्लारी एवं वार्ड वासी अवध चंद्राकर,बंशी चंद्राकर,प्रकाश पाणिग्रही,राहुल यादव,नरेश यादव,बाबू राम कौसरे, पंकज यादव, सुमित सिंह एवं अन्य मोहल्ला वासी तथा निकाय के कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# भक्त माता कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई, निर्वाचित प्रतिनिधियों का किया सम्मान

**नगरी,** 29 मार्च (देशबन्धु)। ग्रामीण साहू समाज पंडरपानी के तत्वाधान में तैलिक वंश की आराध्य देवी, संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी पापमोचिनी पर गांव मे कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान समाज के मातृ शक्ति एवं बालिकाओं सिर पर कलश धारणकर शोभायात्रा निकली गई ग्राम के समस्त देवी देवताओं का आह्वान किया गया।



मुख्य कार्यक्रम स्थल पहुंचकर माता कर्मा की पूजा अर्चना के पश्चात मंचीय कार्यक्रम हुआ। कर्मा जयंती कार्यक्रम के मुख्यअतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा थे, विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश कुमार साहू, हृदय लाल साहू, लक्षमण सिंह साहू, श्याम लाल साहू, दानसाय साहू, विजय कुमार साहू, बलदाऊ लाल साहू, शिवलाल साहू, तुकाराम साहू, बरतिया राम साहू, नोमेश कुमार साहू उपस्थित थे।

इस दौरान मुख्य अतिथि अरुण सार्वा जिला पंचायत अध्यक्ष धमतरी ने कहा कर्मा जयंती हम सभी के लिए एक प्रेरणा का अवसर है, यह पर्व हमें परिश्रम, सेवा और समर्पण की सीख देता है, भक्त शिरोमणि कर्मा माता सदा भक्ति और शक्ति की प्रतीक रही है,अपने तन, मन और धन से सामाजिक और धार्मिक कार्यों में लगी रहने वाली मां कर्मा देवी से हमें त्याग और धार्मिकता की

शिक्षा मिलती है। कार्यक्रम को युवा व्यवसायी एवं समाजसेवी नोमेश साहू ने भी संबोधित किया कहा समाज को आगे बढ़ाने के लिए एक अच्छी शिक्षा बहुत जरूरी है, आज के समय में हमें समाज को एकजुट कर अपने अपने घरों में एक अच्छे संस्कार की सृजन करने की आवश्यकता है, तभी हमारा पीढ़ी और समाज उन्नति के शिखर तक पहुंचेगा। उन्होंने भक्त माता कर्मा की जीवन गाथा पर प्रकाश डालते हुए उनके मार्गदर्शन पर चलने की बात कही। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में ग्रामीण साहू समाज पंडरी पानी के द्वारा मुख्य अतिथि अरुण सार्वा को अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के पदाधिकारियों सहित समाज के महिला पुरूष का सराहनीय प्रयास रहा। कार्यक्रम के अंत में शाल श्रीफल एवं प्रतिक चिन्ह देकर सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। उमराव साहू, मन्नू लाल साहू, भगवान दीन साहू, रामकुमार साहू, राधाबाई साहू, सुशीला साहू, कमलेश कुमार साहू, भोजराज साहू स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

## नपा अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने किया हाई मास्क लाइट स्थापना कार्य का भूमि पूजन



**बागबाहरा,**29 मार्च (देशबन्धु)। श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बागबाहरा एवं श्री देवेश साहू, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बागबाहरा द्वारा निकाय अंतर्गत वार्ड क्रमांक 06 में हाई मास्क लाइट स्थापना कार्य का भूमि पूजन किया गया । इस कार्यक्रम में श्री रमेश ठाकुर, पार्षद वार्ड नं 6, श्री मिथुन अमीर,पार्षद वार्ड नं 9, मंता यादव,पार्षद वार्ड नं 7, श्री शैलेश साहू, पार्षद वार्ड नं. 4,ताम्रध्वज बघेल,युवा कांग्रेस खल्लारी, लोकेश उईके सन्नी दुआ एवं वार्ड वासी डेमन साहू,राजू यादव, लक्ष्मी ध्रुव,डेमन ठाकुर एवं अन्य मोहल्ला वासी तथा निकाय के कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## एक दिवसीय शतरंज का प्रशिक्षण विज्ञान आश्रम में आज

बागबाहरा, 29 मार्च (देशबन्धु)। शतरंज के राष्ट्रीय खिलाड़ी, अविभाजित मध्यप्रदेश शतरंज संघ के पूर्व सचिव और इंटरनेशनल आर्बिटर श्री पी एन राव द्वारा 30 मार्च की सुबह 7.30 बजे से 10.00 बजे तक विज्ञान आश्रम कसेकेरा में नए शतरंज खिलाड़ियों को शतरंज की मूलभूत अवधारणाओं और ओपनिंग्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया है कि वे पुराने शतरंज खिलाड़ियों को चुनिंदा एंडगेम और जीतने के मनोवैज्ञानिक दबाव के बीच सहज कैसे रहें ? के बारे में भी जानकारी देंगे। प्रशिक्षण के बाद सभी शतरंज खिलाड़ियों के साथ उनके द्वारा एक साइमलटेनियस मैच भी खेला जाएगा जिसमें वे एक साथ सभी खिलाड़ियों के साथ शतरंज खेलेंगे। इस प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को चेस क्लॉक चलाने के बारे में भी बताया जाएगा।

विज्ञान आश्रम कसेकरा के कोऑर्डिनेटर और छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के उपाध्यक्ष श्री विश्वास मेश्राम द्वारा क्षेत्र के शतरंज खिलाड़ियों और स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों से इस नि:शुल्क प्रशिक्षण में भागीदारी की अपील की है।

# सर्जरी के बाद नन्ही सिद्धि पूरी तरह स्वस्थ, आयुष्मान योजना बनी जीवन संवारने वाली संजीवनी

**महासमुंद** 29 मार्च (देशबंधु)। महासमुंद ब्लॉक के ग्राम बरोंडाबाजार में 11 जनवरी 2024 को कार्तिक ध्रुव के घर नन्ही सी प्यारी बच्ची सिद्धि का जन्म हुआ। उनके आगमन से पूरे परिवार में अपार हर्ष और उल्लास का वातावरण छा गया। लेकिन जन्म के तुरंत बाद ही परिजनों ने सिद्धि के सिर पर असामान्य सूजन देखी, जिससे सभी चिंतित हो गए। परिवार ने तुरंत स्थानीय मितानिन और चिरायु टीम महासमुंद से संपर्क किया। डॉ रूही नाज और सहयोगी डॉक्टर ने स्थिति को गंभीर मानते हुए बिना समय गंवा उन्हें रायपुर के हायर सेंटर रेफर किया। रायपुर के डीकेएस अस्पताल में जांच के दौरान पता चला कि सिद्धि न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट और ऑब्स्ट्रक्टिव हाइड्रोसिडेलस नामक गंभीर समस्या से ग्रसित है। डॉक्टरों ने तुरंत सर्जरी करने का निर्णय लिया और उनके स्कल में स्टंट डालकर ऑपरेशन किया गया।



सर्जरी अत्यंत संवेदनशील थी, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों की कड़ी मेहनत और सही इलाज से यह पूरी तरह सफल रही। इस पूरे इलाज में 1.50 लाख रुपये का खर्च आया, जिसमें आयुष्मान योजना के तहत 1.20 लाख रुपये की वित्तीय सहायता ने परिवार को राहत प्रदान की। सर्जरी के बाद सिद्धि जब अपने घर लौटी तो भी उनकी नियमित देखभाल जारी रही। चिरायु टीम महासमुंद सीएमएचओ डॉ कुदेशिया और आरबीएसके कंसल्टेंट अनुपम शर्मा के मार्गदर्शन में उनका सही इलाज हुआ। डॉक्टर अनिरुद्ध कसार की निगरानी में सिद्धि की सेहत में लगातार सुधार आता गया। आज सिद्धि पूरी तरह स्वस्थ है। वह हंसती, खेलती और अपनी मासूमियत से सभी को आनंदित कर रही है। माता.पिता की आँखों में संतोष और खुशी झलक रही है। आयुष्मान योजना ने जीवन संवारने वाली योजना को चरितार्थ कर दिया।

## आज से चैत्र नवरात्रि के साथ हिंदू नववर्ष प्रारंभ

**बागबाहरा,** 29 मार्च (देशबन्धु)। चैत्र नवरात्रि के साथ ही हिंदू धर्म का नये वर्ष आज से आरंभ हो रहा है। इस अवसर पर सर्व हिंदू समाज और रामराज परिवार बागबाहरा के द्वारा शाम 4.30 बजे दुर्गा मंदिर परिसर से विशाल बाइक रैली निकाली जाएगी जो नगर भ्रमण पश्चात वापस दुर्गा मंदिर पहुंचेगी जहां महाआरती और महाप्रसादी का वितरण होगा ।



आप सभी सनातनी बंधुओ से अपील है कि सपरिवार हिंदू नववर्ष के इस आयोजन में सहभागी बनें. आप और हम सभी मिलकर उत्साहपूर्वक, हर्षोल्लास के साथ सनातन संस्कृति के अनुसार हिंदू नववर्ष का अभिनंदन करे।

## राजस्व समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत में तीन चरणों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन

**महासमुंद** 29 मार्च (देशबंधु)। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु राजस्व पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। यह अभियान तीन चरणों में संपन्न होगाए अप्रैल माह में 07 से 21 अप्रैल तक,मई माह में 13 से 27 मई तक और जून माह में 16 से 30 जून तक आयोजित होगा। इस विशेष अभियान के दौरान भूमि संबंधी विवाद, नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, ऋण पुस्तिका जारी करने, भू.अधिकार पत्र, जाति, निवास व आय प्रमाण पत्र सहित अन्य राजस्व मामलों का समाधान किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा के दौरान ग्रामीणों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करने के लिए राजस्व अधिकारियों की टीमें गांवों का दौरा करेंगी। शासन की मंशा है कि नागरिकों को अपने राजस्व संबंधी कार्यों के लिए भटकना न पड़े और उन्हें अपने ही ग्राम पंचायत में त्वरित सेवाएं मिल सकें। इस अभियान से गांवों में राजस्व मामलों के निपटारे की प्रक्रिया को सुगम एवं पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी लंबित समस्याओं का निराकरण करवाएं।

## नपा अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल ने बैंकों में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था हेतु वाटर फिजर लगाने के लिए निर्देश दिया



**बागबाहरा,** 29 मार्च (देशबन्धु)। श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बागबाहरा एवं श्री देवेश साहू, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बागबाहरा द्वारा निकाय क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न बैंकों में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था हेतु वाटर फ्रिजर लगाने के लिए निर्देश दिया गया गया जिससे कि बैंक के हितग्राहियों एवं बागबाहरा नगरवासियों तथा राहगीरों को पेयजल हेतु किसी भी प्रकार की समस्या न हों। उक्त अवसार पर श्री रमेश ठाकुर, पार्षद वार्ड नं 6, श्री मिथुन अमीर,पार्षद वार्ड नं 9, मंता यादव,पार्षद वार्ड नं 7, श्री शैलेश साहू, पार्षद वार्ड नं. 4,ताम्रध्वज बघेल,युवा कांग्रेस खल्लारी, श्री शशि प्रताप सिंह, उप-अभियंता नगर पालिका परिषद बागबाहरा तथा निकाय के कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# संकुल कसेकेरा में मूल्यांकन आधारित प्रदर्शनी में विभिन्न आयोजन में शरीक हुए वैज्ञानिक

**बागबाहरा,** 29 मार्च (देशबन्धु)। शिक्षा के अधिकार के अनुरूप समग्र शिक्षा पर आधारित नैतिक शिक्षा, शारीरिक,मानसिक शिक्षा के लिए सत्रांत गतिविधियों एवं प्रदर्शनी का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला बिरोड़ा में संकुल केंद्र कसेकेरा के कसेकेरा, टोंगोपानीकला, खुर्द, विरोडा, कोसमर्रा कछारडीही प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रथम चरण में विद्यार्थियों के रिकॉर्ड पंजी की जांच प्रभारी प्रमोद चंद्राकर, खगेश्वर राजपूत, राकेश ठाकुर प्रधान पाठकों द्वारा किया गया। पश्चात विद्यार्थियों द्वारा हस्त कला, मिट्टी एवं गत्ते से निर्मित मॉडल, उपकरण निर्माण कलाओं की प्रदर्शनी में गणित, विज्ञान, भाषा के गतिविधियों को कबाड़ से जुगाड के माध्यम से प्रदर्शन किया गया इस अवसर पर बच्चो ने प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल करते हुए ईको संरक्षण का संदेश दिया।कार्यक्रम में अन्वेषक विज्ञान शिक्षक श्रीमती कामाक्षी चंद्राकर,श्रीमती दामिनी हरपल, नंदलाल यादव, पवन कुंजाम ,खेमू प्रसाद दीवान ने बच्चो के मॉडल निरीक्षण किया ,प्रतियोगिता में प्रथम नागेश चंद्राकर,प्राथमिक शाला बिंडोरा,द्वितीय भूपेश पटेल प्राथमिक साल कोसमर्रा , तृतीय स्थान की संगीता विश्वकर्मा प्रा शाला कछार डीही रही।

दूसरे चरण में व्यवहारिक शिक्षा के तहत प्रधान पाठक सनत साहू, महादेव देवांगन ने साग भाजी की निमराई,कटाई में गणितीय प्रयोग, भोजन बनाने में हमारी उपयोगिता के साथ आटे से रोटी, बड़ा में आकृति बना कर रसोइयों के साथ कार्यशाला सलाद सजाना, भोजन परोसना एवं खाने के विधियों पर कार्यशाला के प्रतिभागी बने।




समापन अवसर के मुख्यातिथि छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष मा विश्वास मेश्राम, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी श्री पी एन राव जी भिलाई, बडिंग ग्राफ्टिंग गार्डनिग विशेषज्ञ डा बी एस बघेल कांकेर एवं डा विजय शर्मा प्रधान पाठक पू मा शाला कसेकेरा रहे। शाला समिति के अध्यक्ष श्रीमती वंदना पटेल, सरपंच प्रतिनिधि किशन ठाकुर, व्याख्याता कुसुमलता साव , कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य पवन चक्रधारी एवं प्रतिवेदन समन्वयक मनीष अवसरिया ने किया।

युवा ईको क्लब की गतिविधियों के बारे में उद्यानिकी विशेषज्ञ डा बघेल ने पोषण वाटिका कैसे तैयार करे, विद्यालय में विद्यार्थियों पालकों को किस तरह जोड़कर पोषक तत्वों को कैसे दिनचर्या में शामिल करे पर व्याख्यान दिया। राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी, अंतराष्ट्रीय कोच राव ने बच्चो के खेल के प्रति रुचि को जीवन के लक्ष्य में बदलने, प्रतिभा आगे लाने के प्रयासों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए शतरंज कार्यशाला में भाग लेने आमंत्रित किया। डा विजय शर्मा ने खेल खेल में नवाचारी तरीके से गतिविधि आधारित शिक्षा पर बल दिया। मुख्यातिथि वैज्ञानिक विश्राम मेश्राम ने रोचक तरीके से , प्रश्नोत्तर आधारित व्याख्यान में उत्तर कैसे दे, अवकाश की योजना, मुझे क्या अच्छा लगता है और लक्ष्य कैसे हासिल करे जैसे प्रश्न का उत्तर पर बच्चो की सहभागिता की सराहना की गई। प्राचार्य पवन चक्रधारी ने नवाचारी कार्यक्रम की सफलता के लिए संकुल के समस्त विद्यार्थियों शिक्षकों एवं पालकों को शुभकामनाएं दी। विशेष सहयोग जितेंद्र साहू, श्रीमती लक्ष्मी साहू, लेखराम वनवासी, पंकज सिंह, डा अजय भतपहरी ,संजय अग्रवाल,मुरली प्रसाद यादव एवं राहुल ध्रुव का रहा। कार्यक्रम का शानदार संचालन विजय कुमार जगत ने किया।

## श्री मावली माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि आज से



**भाटापारा,** 29 मार्च (देशबन्धु)। चैत्र नवरात्रि का पर्व 30 मार्च से। श्री मावली माता मंदिर सिंगारपुर में तैयारी पूर्ण। विशेष बात यह कि इस बार चैत्र नवरात्रि आठ दिवस की होगी।

30 मार्च से शुरू हो रही चैत्र नवरात्रि के लिए अंचल की सभी देवी मंदिरों में तैयारी लगभग पूरी हो चली है। अंचल के प्रसिद्ध श्री मावली माता मंदिर सिंगारपुर में आस्था एवं विश्वास का यह पर्व विशेष पूजा- अर्चना के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर व्यावसायिक गतिविधियों के अलावा मेला एवं सर्कस जैसे मनोरंजक आयोजन का भी लाभ उठा सकेंगे भक्त एवं पर्यटक।

चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 30 मार्च से हो रही है। विशेष पूजा-अर्चना के बीच प्रात: 11 बजकर 38 मिनट से दोपहर 12 बजकर 24 मिनट के मध्य घट स्थापना की जाएगी। श्री मावली माता मंदिर प्रबंधन समिति ने इसके लिए विशेष तैयारी पूरी कर ली है।

शनिवार 5 अप्रैल की संध्या 6 बजे से रात्रि 9 बजे के मध्य हवन एवं पूर्णाहुति की व्यवस्था भी पूरी हो चुकी है। इसके बाद दूसरे दिवस याने 6 अप्रैल को महानवमी एवं कन्या भोज के बाद विधिवत नवरात्रि पर्व का समापन होगा।

चैत्र नवरात्रि के लिए आवश्यक तैयारियां लगभग पूरी की जा चुकी है। निर्धारित तिथि एवं शुभ मुहूर्त में पर्व का आयोजन होगा।

**- संजय अग्रवाल, अध्यक्ष, श्री मावली माता मंदिर प्रबंधन समिति, सिंगारपुर**

## आपदा पीड़ित 4 परिवारों के लिए 16 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार,** 29 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 4 परिवार के लिए 16 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं।



# अदाणी के नवोदय कोचिंग केन्द्र की बड़ी सफलता, दस विद्यार्थियों का चयन

### चयनित दस में से छह बालिकाएं भी अब नवोदय विद्यालय में ग्रहण करेंगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



**तिल्दा नेवरा,** 29 मार्च (देशबन्धु)। जिले के तिल्दा ब्लॉक में अदाणी नवोदय कोचिंग सेंटर ने शिक्षा के क्षेत्र में एक और शानदार उपलब्धि हासिल की है। अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2024-25 में इस कोचिंग सेंटर के 10 छात्रों ने सफलता प्राप्त कर जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी), माना, रायपुर में प्रवेश सुनिश्चित किया है। यह उपलब्धि न केवल छात्रों और उनके माता-पिता के लिए गर्व की बात है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक भी है।

अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायपुर की सामाजिक सहभागिता के तहत आसपास के ग्रामों में चलाए जा रहे नवोदय कोचिंग केंद्र से इस वर्ष चयनित 10 छात्रों में चार लड़के और छह लड़कियां शामिल हैं। खास बात यह है कि इस बार ग्राम खमरिया से भी पहली बार नवोदय विद्यालय के लिए किसी बच्चे का चयन हुआ है, जबकि ग्राम चिचोली से दो छात्रों को सफलता मिली है।

**अदाणी समूह के शीर्ष नेतृत्व ने दी प्रतिक्रिया**

अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, च्च्हमारा उद्देश्य केवल व्यावसायिक सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग को समान अवसर प्रदान करना भी है। शिक्षा के माध्यम से बदलाव संभव है, और यह उपलब्धि उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें गर्व है कि अदाणी फाउंडेशन इस पहल का हिस्सा है।

अदाणी फाउंडेशन की अध्यक्षा डॉ. श्रीमती प्रीति अदाणी ने कहा, च्च्हमारी पहल का मुख्य उद्देश्य समाज और ग्रामीण इलाकों के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर अवसर प्रदान करना है। अदाणी नवोदय कोचिंग सेंटर के इन छात्रों ने यह साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन और कठिन परिश्रम से सफलता प्राप्त की जा सकती है।

अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायपुर के स्टेशन प्रमुख श्रीकांत वैद्य ने इस सफलता पर कहा, च्च्हमारा प्रयास हमेशा यही रहता है कि अच्छी शिक्षा के अवसर उन बच्चों तक भी पहुंचे, जो संसाधनों के अभाव में पीछे रह जाते हैं। इन सभी छात्रों की सफलता इस बात का प्रमाण है कि सही दिशा में किया गया प्रयास सार्थक परिणाम देता है।

**गांवों के सरपंचों और अभिभावकों ने जाहिर की प्रसन्नता**

नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2024-25 में मिली इस सफलता पर विभिन्न गांवों के सरपंचों ने भी अपनी खुशी जाहिर की है। ग्राम चिचोली की सरपंच, श्रीमती रामप्यारी रामनिवास ध्रुव ने कहा कि उनके गांव से दो छात्रों का नवोदय में चयन होना पूरे गांव के लिए गर्व की बात है।

ग्राम खमरिया और कोनारी की सरपंच श्रीमती सरोज क्षत्रिय ने बताया कि खमरिया से पहली बार नवोदय में किसी बच्चे का चयन हुआ है, जो हमारे लिए ऐतिहासिक क्षण है। हम आगे भी बच्चों को प्रेरित करते रहेंगे। ग्राम तराशिव की सरपंच, श्रीमती पूर्णिमा मनीष वर्मा ने गांव के छात्रों के चयन को उनकी शानदार सफलता बताया और भविष्य में बच्चे इस राह पर इसके सतत रूप से आगे बढ़ते रहने कमाना की। इसके साथ ही ग्राम छतौद के सरपंच, ओमप्रकाश ध्रुव, ग्राम गौरखेड़ा की सरपंच, श्रीमती तुलेश्वरी रोशन यादव और ग्राम खपरी की सरपंच, श्रीमती दुर्पती चंद्रवंशी ने नवोदय विद्यालय में गांव के बच्चों के चयन को गांव के लिए सम्मान की बात बताते हुए समर्पण और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकने की बात की है।

# निर्माण कार्यों में लापरवाही पर कलेक्टर सख्त, दो अफसरों को नोटिस

**गरियाबंद,** 29 मार्च (देशबन्धु)। शनिवार को कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे विकास और निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने साईं गार्डन, स्टेडियम, वीर सुरेन्द्र साय कॉलेज, देवरनीन तालाब, नया तालाब, ऑडिटोरियम और गांधी मैदान का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। कहा कि किसी भी हालत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कार्य तय मापदंडों के अनुसार पूरे हों। इस दौरान एसडीएम कार्यालय परिसर में बन रहे नए तहसील कार्यालय में घटिया निर्माण देख कलेक्टर नाराज हुए। ठेकेदार को ईंट, रेत, सीमेंट सही उपयोग करने को कहा। विभाग को नोटिस जारी करने और सुधार नहीं होने पर ठेकेदार को टर्मिनेट करने के निर्देश दिए। वन विभाग को लकड़ी हटाने को कहा। तहसील कार्यालय की सफाई और पुताई के निर्देश तहसीलदार को दिए।



कन्या शाला के पास बन रहे सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर ठेकेदार की लापरवाही पर नाराजगी जताई। समय पर कार्य नहीं करने पर नोटिस देने को कहा। शासकीय भवनों के निर्माण में धीमी प्रगति पर पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता को नोटिस देने के निर्देश दिए। निर्माण स्थल पर पेड़ काटने के बाद अवशेष नहीं हटाने पर एसडीओ फॉरेस्ट को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने साईं मंदिर परिसर में बन रहे गार्डन का निरीक्षण कर कलेक्टर ने 15 अप्रैल तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गार्डन में सीसीटीवी कैमरे, पेड़-पौधे, ग्रीन घास, लाइटिंग, पेंटिंग, सफाई, नाली निर्माण के निर्देश दिए। गार्डन के अंदर-बाहर पड़ा मलबा हटाने और सामने लगी गुमटियों को अन्यत्र शिफ्ट करने के निर्देश दिए। स्टेडियम में साफ-सफाई, पुताई, लाइटिंग, ट्रांसफार्मर, रात्रिकालीन चौकीदार, पोल पॉलिशिंग, डस्टबिन, स्विमिंग पूल, दरवाजे की मरम्मत और लैंडस्केपिंग के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। वीर सुरेन्द्र साय कॉलेज में निर्माण कार्यों की जानकारी ली। कॉलेज परिसर के बाहर यात्री प्रतीक्षालय और सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। लाइब्रेरी में वाटर कूलर लगाने को कहा।

**तालाब किनारे से अतिक्रमण हटाने के निर्देश**

छिंद तालाब, देवरनीन तालाब और नया तालाब का निरीक्षण कर गहरीकरण, सफाई और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। तालाब किनारे मकान बनाने वालों को नोटिस देने को कहा। गांधी मैदान में प्रस्तावित 55 व्यावसायिक परिसरों के लिए स्थल का निरीक्षण किया। कहा, निर्माण ऐसा हो कि नागरिकों को पार्किंग और आवागमन में परेशानी न हो। सिविल लाइन में 55 लाख की लागत से बन रहे ऑडिटोरियम, सांस्कृतिक भवन और कमार भवन का निरीक्षण कर कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत, नवीन भगत, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता रामेश्वर सिंह, एसडीओ टी.एन. दीवान, सीएमओ गिरीश चंद्राकर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# खैरझीटी में छापामार कार्रवाई कर 1 शराब कोचिया को किया गिरफ्तार



**बिलाईगढ़,** 29 मार्च (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे अनुभागीय अधिकारी पुलिस विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप. निरीक्षक शिव कुमार धारी के नेतृत्व में आज दिनांक 27,03,25 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम खैरझीटी मे रेड कार्यवाही कर अवैध महुआ शराब, हाथ भठ्ठी का,बिक्री करने हेतु रखे रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी रामनारायण रात्रे पिता रामेश्वर रात्रे उम्र 40 वर्ष साकिन खैरझीटी थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से कुल 25 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 2500 ? को मुताबिक जब्ती पत्रक समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया ,जिसे मा,न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। प्रकरण की सम्पूर्ण कार्यवाही में स्ढ्ढ शिव कुमार धारी,स्ढ्ढ अंजन सिंह कंवर ॥ष्ट निशांत दुबे आरक्षक राजेश सायतोड़े राजेंद्र दीक्षित अमृत खूंटे समस्त थाना स्टाफ विशेष योगदान रहा।

# होली मिलन समारोह सामाजिक समरसता के साथ संपन्न

**राजिम,** 29 मार्च (देशबन्धु)। नगर साहू संघ राजिम द्वारा होली मिलन एवं सम्मान समारोह नगर साहू संघ भवन राजिम में संपन्न हुआ ।समारोह की मुख्य अतिथि नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव प्रमुख अतिथि जितेंद्र राजू सोनकर कृषक सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष एवं राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू की अध्यक्षता में भगवान श्री राजीव लोचन एवं राजिम भक्तिन माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। सर्वप्रथम नगर पंचायत राजिम के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश यादव को साल श्रीफल एवं फूल माला पहनकर समाज की ओर से उपस्थित सभी सदस्यों ने अभिनंदन किया उसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित नगर पंचायत राजिम के समस्त पार्षदों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित नगर पंचायत राजिम के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि साहू समाज के द्वारा सामाजिक समरसता की भावना को प्रगाढ़ बनाने के लिए सभी समाज के लोगों का हमेशा सम्मान करता रहा है और यह समाज साहू समाज के लोगों की बड़प्पन है। एवं साहू समाज का राजिम नगर के विकास में सदैव सकारात्मक भूमिका रही है विशेष अतिथि के रूप संघ के संरक्षक चमरू राम साहू झाडू राम साहू मंदिर समिति के उपाध्यक्ष नूतन साहू किसान सेवा समिति के अध्यक्ष भागवत साहू एवं नवनिर्वाचित पार्षद तुषार कदम जानकी पटेल नरोत्तम ठाकुर भारत यादव उत्तम निषाद बलराम यादव सुरेश पटेल टैंको सोनकर अजय पटेल निराला मंसाराम कुर्रे कुलेश्वर साहू एवं रेखा साहू के प्रतिनिधि कुलेश्वर साहू उपस्थित रहे, ।नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष भवानी साहू सचिव राजू साहू उपाध्यक्ष चोवाराम साहू के नेतृत्व में समस्त अतिथियों को शाल श्रीफल और किसान गमछा से सम्मानित किया गया। । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजिम भक्तिन माता समिति के महामंत्री रामकुमार साहू संगठन मंत्री तरुण साहू नगर साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष भोले साहू कोषाध्यक्ष देवलाल साहू, रामजीवन साहू, तरुण साहू पीलू राम साहू, किशन साहू ईश्वर साहू संजय साहू हरिनाथ साहू वेदराम साहू पीलू राम साहू गजानंद साहू एवं महिला प्रकोष्ठ के सीमा साहू राम बाई साहू, उमा साहू, मनीषा साहू, बृज कुमारी साहू, सुशीला साहू, सुनीता साहू, मीना साहू, सुमन साहू एवं सैकड़ो की संख्या में समाज के लोगों की उपस्थित रही। कार्यक्रम में जगन्नाथ पटेलद्वारा फाग गीतों का भी गायन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजिम भक्तिन माता समिति के महासचिव श्याम साहू द्वारा किया गया।



# पीने की पानी को लेकर अध्यक्ष व पार्षद की नई पहल



**भाटापारा,** 29 मार्च। भाटापारा तहसील कार्यालय में सबसे अहम एवं महत्वपूर्ण बुनियादी सुविधा पीने का पानी को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं वार्ड पार्षद कुंज राम कोसले और लक्ष्मीकांत टंडन बंटी के द्वारा आसपास गांव से ग्रामीण आम जनमानस को पीने के लिए पानी को ध्यान में रखते हुए उक्त बोर में नया बोर पंप लगाकर पीने के पानी की व्यवस्था की जा रही है जिसके लिए अध्यक्ष एवं पार्षद गण धन्यवाद के पात्र है एवं वहां पर शौचालय का अभाव है खासकर महिलाओं को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है, दीर्घशंका एवं लघुशंका के लिए संसाधन अभाव के चलते तहसील कार्यालय में यह यह समस्या का भी समाधान जल्द से जल्द पूरा कर दिया जावेगा कहां है। उक्त बोर में पंप डालने से वहां के आसपास कार्यालय एवं निवासी को इसका लाभ मिलेगा तहसील कार्यालय में पार्किंग की व्यवस्था बैठने की छाया दार स्थान होना अतिआवश्यक है जिसे शासन और प्रशासन को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए।



**सिमगा।** शक्ति माता अवतरण दिवस के अवसर पर सोनकर समाज के युवकों के द्वारा निकाली भव्य शोभायात्रा नगरपालिका अध्यक्ष ने शक्ति माता की पूजा-अर्चना।

## भारत माता सैनिक एकेडमी द्वारा अग्निवीर में चयनित होने पर खिलेन्द्र साहू का सम्मान



**भाटापारा,** 29 मार्च। भारत माता सैनिक फिजिकल एकेडमी, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद बलौदा बाजार- भाटापारा के तत्वाधान में संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र भाटापारा से कठिन प्रतिक्षण प्राप्त कर अग्नि वीर थल सेना में खिलेंद्र साहू,पिता- श्री महेश साहू ग्राम - डाबाड़ीहा से चयन हुआ, जिसमें मुख्य प्रशिक्षक पूर्व सैनिक सुनील कुमार तिवारी ने ग्राउंड में आकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया जी जिसमें एकेडमी के सदस्य मोगरा यदु सरस्वती साहू , मंजू टंडन चंद्रिका साहू, नागेश्वरी निषाद ,राधिका, देवेंद्र आशीष, मुकेश सम्मिलित रहे। अग्नि वीर में चयनित विद्यार्थी नाम -खिलेंद्र साहू ,पिता- महेश साहू ग्राम - डाबाड़ीहा।

# चेमनलाल का अग्निवीर आर्मी जीडी में चयन



**नवापारा राजिम,** 29 मार्च देशबंधु ।नगर के एक मात्र महाविद्यालय के पूर्व छात्र एवं एनसीसी आर्मी कैडेट चेमनलाल विश्वकर्मा का चयन अग्नि वीर आर्मी जीडी में हुआ है जिससे महाविद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। महा.एनसीसी आर्मी प्रभारी डॉ विकास बंजारे ने बताया कि छात्र चेमनलाल विश्वकर्मा ने पढ़ाई के साथ साथ सोशल वर्क एवं एनसीसी की सभी गतिविधियों में पूरी तत्परता के साथ अग्रणी भूमिका निभाते हुए सदैव जागरूक छात्र के रूप में अपनी पहचान बनाई है। इसी का परिणाम है कि उनका चयन अग्नि वीर में हुआ है ।छात्र की इस उपलब्धि पर शासी. निकाय के प्राचार्य डॉ. शोभा गावरी, उपप्राचार्य डॉ मनोज मिश्रा के साथ-साथ महा.परिवार ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## बकली से हर्षित मिरी का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन

**राजिम,** 29 मार्च (देशबन्धु)। जवाहर नवोदय विद्यालय का कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है ,जिसमें राजिम तहसील के ग्राम बकली से जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिसमें कक्षा पांचवी के छात्र हर्षित मीरी निवासी बकली तहसील राजिम में शहरी क्षेत्र अनु .जाति वर्ग में छात्र हर्षित पिता श्री हरिशचंद मिरी (व्याख्याता ) माता श्रीमती नीलेश्वरी मिरी (व्याख्याता)निवासी बकली (राजिम) ने शेड्यूल कॉस्ट शहरी क्षेत्र से 'जिले में तृतीय स्थान' और राजिम तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त किया है ।गरियाबंद जिले में कुल 80 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।



# छग मिडिया एसोसिएशन का होली मिलन समारोह



**खरोरा,** 29 मार्च। छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।उक्त आयोजन के मध्य कुमारी अर्चना वर्मा ने छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन की सदस्यता ग्रहण किया , तिल्दा-नेवरा के वि ?श्राम गृह में आयोजित होली मिल ?न समारोह में पत्रकारों ने एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दिया ,वहीं पर कुमारी अर्चना वर्मा ने छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन की सदस्यता ग्रहण किया ।कुमारी अर्चना वर्मा को प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह राजपूत ने सदस्यता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया ।साथ ही उपस्थित पत्रकारों ने नव सदस्य अर्चना वर्मा का स्वागत किया ।होली मिलन समारोह में प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह राजपूत, जिला सचिव चंद्रशेखर यदू, जिला मिडिया प्रभारी अजय नेताम , विधानसभा कोषाध्यक्ष प्रेम कोशले विधानसभा धरसीवां अध्यक्ष रोहित वर्मा , ब्लांक अध्यक्ष हरिराम मार्कंडेय, ब्लांक महासचिव सौरभ सिंह यादव, सिमगा ब्लांक अध्यक्ष थानेश्वर साहू , ब्लांक उपाध्यक्ष दिलिप वर्मा, ब्लांक कोषाध्यक्ष। ओंकार साहू, ब्लांक महासचिव मनीषा टंडन , शिवा निर्मलकर, अमजद खांन सहित अन्य पत्रकार गण शरीक हुए।

# भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत व पार्षद रवि आयुष्मान कार्ड योजना का घर-घर दे रहे जानकारी

**कुरुद,** 29 मार्च (देशबन्धु)। नगर पंचायत कुरूद के वार्ड क्रमांक 8 में आयुष्मान कार्ड योजना की जानकारी देने के लिए भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू एवं पार्षद रवि मानिकपुरी ने वार्ड में घर घर जाकर जानकारी दे रहे है , इसकी उपयोगिता के बारे में बताया कृष्णकांत साहू ने कहा कि आयुष्मान कार्ड, जिसे प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जारी किया जाता है, जिसका उद्देश्य देश के गरीब और वंचित परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिसमें प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज शामिल है ।इसका उद्देश्य उन लोगों को स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच प्रदान करता है जो पहले स्वास्थ्य सेवाओं तक नहीं पहुंच पाते थे, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग। यह योजना लोगों को वित्तीय रूप से भी सुरक्षित करती है, क्योंकि इलाज के खर्च का भुगतान सरकार करती है, जिससे लोगों को भारी आर्थिक नुकसान से बचाया जा सकता है ।गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से, लोग सरकारी और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। कैशलेस इलाज आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों को सूचीबद्ध अस्पतालों में इलाज कराने के लिए कोई भी पैसा खर्च नहीं करना पड़ता है, क्योंकि इलाज का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाता है। स्वास्थ्य बीमा यह एक स्वास्थ्य बीमा कार्ड है जो आपको सूचीबद्ध अस्पतालों में 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा देता है। इस योजना का लाभ सभी परिवार को मिले और लोग अपना आयुष्मान कार्ड बनवाए और सरकार की योजनाओं का लाभ ले सके इसके लिए सुलोचना साहू, अहिल्या निषाद,रेणुका देवगन,रामजी निषाद, प्रेमसिंग साहू, सुंदर साहू सहित नगर पंचायत के कर्मचारीगण आयुष्मान कार्ड की उपयोगिता और बनाने की प्रक्रिया की जानकारी दे रहे है।



## मृत्यु उपरांत दी गई सहायता राशि

**पलारी** 29 मार्च (देशबन्धु) विकास खण्ड के ग्राम पंचायत बिनौरी के हीरा लाल मनहरे का पुत्र स्व , हेमकुमार मनहरे का आकस्मिक निधन होने पर सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू के द्वारा 25 किलो चावल 500 रूपया का सहयोग प्रदान किया गया । इस अवसर पर डॉ संदीप साहू उप सरपंच राजू डहरिया पंच भारत सेन पुरुषोत्तम चेलक नारायण मनहरे बाला राम चेलक सुभाष चंद्र चेलक आदि शामिल रहे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### अल्ट्राटेक रावन द्वारा किया...

कर पायेंगें। वही सी एस आर अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय ने इस ट्रेड मे रोजगार के अवसर के विभिन्न अवसर को परिचित करा कर प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए बोले कि यह पाठ्यक्रम का अंत नहीं है बल्कि यह अवसरों से भरी नयी अध्याय का शुरुवात है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सी एस आर टीम से द्वारिका वर्मा, सुरेन्द्र कुमार यादव, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, ताराचंद वर्मा, रमा वर्मा तथा टोपेश्वर मानिकपुरी की उपस्थिति रही।

### घटारानी, जतमई और झरझरा...

साहू ने तत्संबंध में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और पीडब्लूडी मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर माता झरझरा संपर्क मार्ग को लोहर्सी नया पुल से जोड़ने की मांग पत्र तक सौप चुके है जिसमे उन्हें माननीय मंत्री महोदय से पुख्ता आश्वासन मिला था की एप्रोच रोड जल्द से जल्द बनवा दी जायेगी. बावजूद आज तक माता के दरबार जाने के लिए एप्रोच रोड नहीं बनाया जा सका है जिससे श्रद्धालुओं में रोष और नाराजगी देखा गया है.

दुर्भाग्य से इस नवरात्रि भी श्रद्धालुओं और माता के भक्तों को और तकलीफउठाने मजबूर रहना होंगा और यह सब विभागीय उदासीनता की पराकाष्ठा का एक नायाब नमूना कहा जा सकता है. लोहर्सी सरगी नाला पर बना नया पुल की सार्थकता तभी है जब उसे किसी गाँव से जोड़ा जावे. अब तक इस पुल को किसी गाँव से जोड़ा ही नहीं गया है जो गौर करने वाली बात है.

### सनातन हिन्दू धर्म का भारतीय...

ताकि गर्मियों में राहगीरों की प्यास बुझाई जा सके, आयुर्वेद के अनुसार आज नीम व तुलसी के कोमल पत्तों, काली मिर्च, हींग, जीरा, मिश्री, अजवाइन, सेंधा नमक का मिश्रण बनाकर सेवन करना चाहिए, ऐसा करने से शरीर की प्रतिरोधक शक्ति बढ़ती है, रुधिर विकार नहीं होता और आरोग्य की प्राप्ति होती है, ब्रह्मदत्त ने बताया कि कुमारी कन्या के पूजन का भी विधान है, इससे देवी जगदम्बा की प्रसन्नता प्राप्त होती है नवरात्रियो के इन दिनों में नियमित रूप से श्रीमद देवी भागवत, कालिका पुराण, मार्कण्डेय पुराण में उल्लेखित दुर्गा सप्तशती का पाठ, वाल्मीकिय रामायण, श्री रामचरित मानस, आध्यात्म रामायण का पाठ भी करना चाहिए और धर्म पूर्वक संयम के साथ सात्विक जीवन जीना चाहिए, आज से ही हमारे अंचल में एक नया अध्याय भी लिखा जा रहा है, हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी रायपुर से अभनपुर के लिए नई रेलवे बड़ी लाइन का उद्घाटन करने जा रहे हैं और आने वाले दिनों में राजिम की लाइन भी शीघ्र शुरू होगी ऐसी आशा करते हैं, हम सर्वे भवन्तु सुखिन की मंगल कामना करते है।

# रामचरित्र मानस जीवन जीने की कला सिखाती है : पटेल



**पिथौरा,** 29 मार्च (देशबन्धु)। रामचरित्र मानस जीवन जीने की कला सिखाती है समीपस्थ ग्राम अरण्ड में आयोजित त्रिदिवसीय अखंड रामचरित्र मानस समारोह में संचालक कौतुक पटेल ने कहा ।उन्होंने बताया कि अरण्ड में राम चरित्र मानस गान समारोह का आयोजन विगत 58 वर्ष से निरंतर एक ही तिथि चैत्र माह के कृष्ण पक्ष के एकादशी से 3 दिन का होता है इस वर्ष यह आयोजन 25 मार्च से 28 मार्च 25 तक हुआ ।इस वर्ष कुल 34 मंडलियों ने भाग लिया जिसमे से रेशमी मानस परिवार बिरकोनी साई कृपा मानस मंडली जीवतरा जय बजरंग मानस मंडली उतेकेल सत्संग मानस मंडली साल्हेभाठा श्री शिवराम कृष्ण मानस परिवार बोरगांव पूर्णिमा मानस परिवार बसूलडीह राधा कृष्ण मानस परिवार गडबेडा सत्संग मानस मंडली बोइरलामी शारदा बालिका मानस मंडली खैरा डेरा बड़गांव भिथिडीह आदि मंडलियों ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम की अमृतमयी कथा सुनाये समापन में भगवान राम की भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। डीगम्बर पटेल सरपंच, शिव चरण ध्रुव अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, गंगाधर निर्मलकर, कौतुक पटेल, हुशन निर्मलकर ,शोभा राम मांझी देवराज ठाकुर पूर्व सरपंच देवानंद पटेल, हेमलाल ध्रुव अमर सिंह पटेल, जयराम पटेल भरत दिवान भोज राज ध्रुव कन्हैया ध्रुव मन्नू लाल ध्रुव पार्षनाथ पिहूल ध्रुव युवराज पटेल उप सरपंच बृज लाल ध्रुव तिरिथ राम साहू ,प्रीतम पटेल रामावतार ध्रुव, रेखा पटेल अमृत राणा दसरौतीं जीरा ध्रुव मथुरा बाई आदि का विशेष योगदान रहा।

# लालसोठ ब्राह्मण महिला मंडल द्वारा गणगौर की जेगड़ व गोठ का भव्य आयोजन



**भाटापारा,** 29 मार्च (देशबन्धु)। लालसोट महिला मंडल द्वारा पारंपरिक लोक संस्कृति एवं आस्था से जुड़े पर्व गणगौर की जेगड़ व गोठ का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में बैंड बाजे के साथ गणगौर माता की जेगड़ यात्रा निकाली, जो महाकाल मंदिर से प्रारंभ होकर नारायणी नवल धाम तक पहुंची। कार्यक्रम में विशेष रूप से विभिन्न समाजों के अध्यक्षों की उपस्थिति रही। जिसमें गौड़ ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष बबीता भृगु,अखंड ब्राह्मण समाज प्रमुख उषा मिश्रा, अध्यक्ष कविता शर्मा,गुजराती समाज की अध्यक्ष प्रीति शाह, केशरवानी समाज की अध्यक्ष बबीता केशरवानी, गुप्ता समाज की अध्यक्ष माधुरी गुप्ता, छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज की अध्यक्ष विंध्या अग्रवाल साथ ही अंजू भृगु,भावना शुक्ला, ममता दीवान, सरिता शर्मा, सीमा तिवारी तथा लालसोट महिला मंडल की सभी मातृशक्तियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस अवसर पर लालसोट महिला मंडल के पदाधिकारियों आशा पुरोहित,कमला जोशी,वंदना शर्मा, मीता शर्मा, रेखा शर्मा, उमा पटाक, यामिनी शर्मा,ज्योति शर्मा प्रियंका शर्मा, रेखा शर्मा,पदमा तिवाड़ी, योगिता शर्मा, ममता शर्मा,आभा व्यास,साक्षी जोशी व साक्षी शर्मा ने गणगौर पर्व के विभिन्न गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया ।गणगौर के इस नृत्य प्रस्तुति की शब्दात्मक अभिव्यक्ति महिला मंडल की अध्यक्ष नेहा शर्मा द्वारा गणगौर पर्व के रीति-रिवाजों का वर्णन करते हुए दी गयी ।कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं के लिए पारंपरिक गोठ (भोजन) का आयोजन किया गया ।जिसमें सभी ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस प्रकार हर्षोल्लास के साथ लालसोट महिला मंडल का गणगौर उत्सव संपन्न हुआ।

## निधन

### हुसैन कुरैशी



**महासमुंद,** 29 मार्च । स्थानीय स्टेशन रोड निवासी जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी व कोडार फटाका के संचालक हुसैन कुरैशी 76 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार शनिवार 29 मार्च को स्थानीय कब्रिस्तान में किया गया। वे क्रिकेट कोच शबाब कुरैशी के पिता व अधिवक्ता सलीम कुरैशी, रिजवान कुरैशी, इरफान कुरैशी के चाचा थे।

# चैत्र नवरात्रि एवं चेट्रीचण्ड्र पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


चेट्रीचण्ड्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
हीरा आडवानी, भाटापारा

चेट्रीचण्ड्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
खुशी
दाल मील
धनेश माधवानी
भाजपा मंडल, भाटापारा

चेट्रीचण्ड्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
सतनाम साक्षी ट्रेडर्स
उच्च कोटि दाल के निर्माता, खोखली रोड, भाटापारा

चेट्रीचण्ड्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश उद्योग
शुभाकांक्षी- सुरेश भाई
खोखली रोड, भाटापारा

चेट्रीचण्ड्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
हेम कामरी
प्रापर्टी डीलर, भाटापारा
९८२६५.४२५३७

चेट्रीचण्ड्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
मा. शिवरतन जी शर्मा
विधायक, भाटापारा
अश्वनी शर्मा
नरेन्द्र उपाध्याय
भक्त शेरावाली का, भाटापारा

चेट्रीचण्ड्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
जय दुर्गा राईस मील
ओव्हर ब्रीज के नीचे, भाटपारा
प्रो. रूपा थारानी

चेट्रीचण्ड्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश पोहा उद्योग
खोलवा रोड, भाटापारा
राजेश थारानी, भाटापारा

चेट्रीचण्ड्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
WAHEGURU INDUSTRIES
Meera Industries
Mfg. of Sortex Pulses
Khokhli Road, Bhatapara
Prop. Prakash Gehani

चेट्रीचण्ड्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
अभिलाषा ट्रेडर्स
माता देवालय वार्ड, भाटापारा

चेट्रीचण्ड्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
अश्वनी शर्मा
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
भाटापारा

चेट्रीचण्ड्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश मंधान
पूर्व एल्डरमेन
न.पा.प. भाटापारा

चेट्रीचण्ड्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
छाबड़िया बीज भण्डार
हटरी बाजार, भाटापारा
प्रोप. दिलीप छाबड़िया

चेट्रीचण्ड्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
शिवरतन शर्मा
विधायक, भाटापारा
सुरेश मंधान
पार्षद सदर बाजार, भाटापारा

चेट्रीचण्ड्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
शिवरतन शर्मा
विधायक, भाटापारा
डॉ. रामेश्वर वर्मा
जनपद सदस्य, भाटापारा

चेट्रीचण्ड्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय सचदेव
भाटापारा

चेट्रीचण्ड्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
रंजीत दवानी
अध्यक्ष पोहा, मुरमुरा निर्माता
कल्याण समिति, भाटापारा

हिन्दू नववर्ष, नवरात्रि एवं
चेट्रीचण्ड्र पर्व की हार्दिक बधाई
गुरूकृपा
दाल मिल
मातादेवालय वार्ड, खोखली रोड, भाटापारा

चेट्रीचण्ड्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
नरेश आर्य
अध्यक्ष दाल मील एसोशियन
भाटापारा

हिन्दू नववर्ष, नवरात्रि एवं
चेट्रीचण्ड्र पर्व की हार्दिक बधाई
फुटकर किराना
व्यापारी संघ
भाटापारा
दयालदास गोविंदानी संरक्षक | श्रीचंद छाबड़िया अध्यक्ष | राम काकेला सचिव | शिवनारायण गुप्ता उपाध्यक्ष